श्री बंसीलाल के खिलाफ गंभीर आरोप हैं, ठोस आरोप हैं। उनकी जांच नहीं हो रही है। श्री ललित नारायण मिश्र के विरुद्ध जो लांछन लगाए गए हैं उनकी जांचपड़ताल का कोई प्रबन्ध नहीं किया गया है। भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच अगर नहीं होगी तो फिर लोकतंत्र के बारे में जनसाधारण की भावनाओं को विकृत होने से नहीं रोका जा सकेगा।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : अब तिवारी जी को क्या कहना है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : तिवारी जी की स्थिति वह है जो कौरवों की सभा में द्रोणाचार्य की थी।

मेरा निवेदन है कि हमारे कांग्रेसी मित्र कम्युनिस्ट पार्टी के बहकावे में न आएं। वह आपकी निन्दा भी करती है आन्दोलन का विरोध भी करती है।

सभापति जी, अब आपको जरा धैर्य से सुनना होगा। आपकी उंगली कहीं घंटी की तरफ न बढ़ जाए।

सभापति महोदय : इस वक्त में चेयर में हूं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं आशा करता हूं कि आप मुझे कम से कम उतना समय तो देंगे ही जितना आपने श्री इंद्रजीत गुप्त को दिया। दो चार मिनट कम कर दें तो

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

मुझे एतराज नहीं क्योंकि हमारी संख्या कम है ।

कम्यूनिस्ट क्या करते रहे है ? आन्दोलन की निन्दा और सरकार की भी निन्दा । वे दो घोड़ों पर सवार हैं । अगर प्रधान मंत्री की जय प्रकाश जी से बातचीत होती है तो हर लोकतंत्रवादी को और देश भक्त को प्रसन्नता होती है । कौन है जो जय प्रकाश जी की देशभक्ति पर सन्देह कर सकता है और जो सन्देह करता है उसकी देशभक्ति स्वयं संदिग्ध है ।

जय प्रकाश नारायण के विचारों से किसी का प्रामाणिक मतभेद हो सकता है । हम भी उन के दल विहीन लोकतंत्र की बात नहीं मानते । संसदीय लोकतंत्र दलों के आधार पर ही चलेगा । हां दो बड़े दल बनें इस दिशा में प्रयत्न आवश्यक हैं । लेकिन जय प्रकाश नारायण ने स्पष्ट कह दिया है कि वह बिहार के आन्दोलन में से पार्टीलेस डेमोक्रेसी नहीं निकालना चाहते हैं ?

एक माननीय सदस्य : वह क्या निकालना चाहते ह ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वह क्या निकालना चाहते हैं यह जग जानता है लेकिन आप अपने दिमाग़ से क्या निकाल रहे हैं, यह समझ में नहीं आता है । हमें अभी जय प्रकाश नारायण को उन के शब्दों के आधार पर लेना है । जो राजनैतिक दल उन के साथ हैं वे भी पार्टीलेस डेमोक्रेसी की बात से सहमत नहीं हैं ।

लेकिन एक बात स्पष्ट है कि देश में आज बुनियादी परिवर्तन की आवश्यकता है भले ही हमारे कम्यूनिस्ट मित्र इस से सहमत हों या न हों और भले ही वे हमें प्रतिक्रियावादी कहें और अपने आप को प्रगतिवादी कहें । आज इन शब्दों का कोई अर्थ नहीं रह गया है । जो पूंजीवादी सरकारें हैं वे आम जनता के लिए जीवन की बुनियादी आवश्यकतायें जुटाना अपना धर्म समझती हैं । और जो समाजवादी सरकारें हैं वे व्यक्तिगत लाभ की तरफ़ जा रही हैं । किसान को खेती के लिए अधिक जमीन दे रही हैं । वे अपना शिकंजा ढीला कर रही हैं—और अगर ढीला नहीं कर रही हैं तो नोबेल पुरस्कार विजेता सोलजिनिट्सिन को उन्हें रूस से निकालना पड़ता है । क्या हम रुस जैसा ढांचा चाहते हैं ? हमें न अमरीका जैसा ढांचा चाहिए और न रूस जैसा ढांचा चाहिए । हमें आर्थिक समता और व्यक्तिगत स्वाधीनता का समन्वय करना होगा । भारत दुनिया को एक रास्ता दिखा सकता है । यह भारत का मिशन है । मगर मुश्किल यह है कि कांग्रेस के पास मैन्डेट है लेकिन मिशन नहीं है—संख्या है मगर लक्ष्य नहीं है । इतना भारी-भरकम बहुमत होते हुए देश में बुनियादी परिवर्तन के लिए उस को और कौनसा अधिकार चाहिए ? प्रधान मंत्री को कौनसी शक्ति देने में जनता ने संकोच किया है ? बंगला देश के संघर्ष के बाद भारत की जो तस्वीर उभरी थी, अगर प्रधान मंत्री नीतिमत्ता दिखातीं, अगर वह राष्ट्र निर्माण की शक्ति का परिचय देतीं, तो भारत का नक्शा बदल जाता, कोई विरोध नहीं होता ।

आज स्वीकार किया जा रहा है कि देश में बुनियादी परिवर्तन होना चाहिए लेकिन बुनियादी परिवर्तन की दिशा क्या होनी चाहिए हम चाहते हैं कि भूमिहीनों को जमीन मिले । हम चाहते हैं कि भूमि सुधारों को दृढ़ता से लागू किया जाये । हम चाहते हैं कि हर एक व्यक्ति के लिए रोजगार का प्रबन्ध हो । आप कहते हैं कि हम कहते हैं, मगर करना नहीं चाहते हैं । तो आप कर के दिखाइये । आप कहते भी हैं और करना भी चाहते ह । आप को कौन रोकता है ?

आज फ़ौज तैयार खड़ी है और पुलिस सड़कों पर है। मीसा को काम में लाया जा रहा है। मुझे भी बिहार में मीसा में पकड़ लिया गया और मुझ पर आरोप यह लगाया गया कि मोतीहारी के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के घर के सामने में लाउड स्पीकर पर कविता पढ़ रहा था। कविता पढ़ने वाले दूसरे सज्जन थे, मगर आरोप मुझ पर लगा दिया गया।

मोतीहारी जिले के जनसंघ के अध्यक्ष पिछले चार महीने में चार बार मीसा के अन्दर पकड़े जा चुके हैं। वह पेशे से वकील हैं। उन पर एक आरोप यह लगाया गया कि आप अदालत में उन लोगों की पैरवी करते हैं, जो कानून तोड़ कर जेल जाते हैं। यह लिखा हुआ आरोप है। दूसरा आरोप यह लगाया गया कि इस तारीख से उस तारीख तक आप फ़रार थे, जब कि सच्चाई यह है कि उन तारीखों के बीच में वह भागलपुर की जेल में बन्द थे। क्या मीसा का इस तरह अन्धा-धुन्ध प्रयोग होगा? और मीसा में हाजी मस्तान को भी पकड़ा जा रहा है और अटल बिहारी वाजपेयी को भी पकड़ा जा रहा है। हमारी यह समाजवादी सरकार कोई फ़र्क नहीं करती है। "सब धान बाईस पसेरी!" पार्लियामेंट के मेम्बर के लिए भी वही मीसा और हाजी मस्तान के लिए भी वही मीसा। मुझे पकड़ लिया और फिर छोड़ भी दिया। अगर छोड़ना था, तो पकड़ा क्यों? और अगर पकड़ा था, तो फिर छोड़ा क्यों? मगर आज बिहार में जंगल का राज्य है, जंगल का कानून है। वहां कानून का राज्य नहीं है।

मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या केन्द्रीय सरकार ने बिहार के राज्यपाल से बिहार की स्थिति के बारे में कोई रिपोर्ट मांगी है। आर्टिकल 356 के अन्तर्गत राष्ट्रपति इस तरह की रिपोर्ट मांग सकते हैं। बिहार के राज्यपाल कभी कभी अपनी बात कह जाते हैं। 25 अक्तूबर 1974 को बम्बई में भाषण करते हुए बिहार के राज्यपाल ने कहा मैं उद्धृत कर रहा हूं :

"Mr. Bhandae said today that the present situation in Bihar could have been averted if his public statement, a year ago, about corruption in the State had been acted upon."

बिहार के राज्यपाल कल तक हमारे साथी थे। वह सत्तारूढ़ दल से सम्बन्धित रहे हैं। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ना है। उन्हें कुर्सी प्राप्त नहीं करनी है—वह तो कुर्सी पर विराजमान हैं और वहां से यह बात कह रहे हैं। धार्मिक परिवर्तन के दिन उन की आत्मा चुप नहीं रही और उन्होंने कहा

"I had predicted and warned about the present situation in Bihar a year ago."

बिहार के राज्यपाल ने जो चेतावनी दी थी, वह सही साबित हो रही है। यह केवल एक व्यक्ति का करिश्मा नहीं है। वह प्रतिक्रियावाद की सांठ-गांठ नहीं है। यह ठीक है कि जय प्रकाश नारायण आज व्यक्ति नहीं रहे हैं, बल्कि वह बुनियादी परिवर्तन की दुर्दम्य आकांक्षा के प्रतीक बन गये हैं। 73 साल की उम्र में, रुग्ण शरीर के जय प्रकाश नारायण को एकान्त-वास से सड़क पर घसीट कर लाने की परिस्थितियां पैदा करने के आप जिम्मेदार हैं। जय प्रकाश नारायण को पद नहीं चाहिए अगर वह पद लोलुप होते, तो जब नेहरू जी ने उन्हें सरकार में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, तो शर्तें लगा कर उस निमंत्रण को ठुकरा न देते ... (व्यवधान) यह लिखा हुआ है। मुझे मालूम है। लेकिन जय प्रकाश नारायण ने कहा कि पहले आप समाजवाद में अपनी निष्ठा घोषित कीजिए, तब मैं शामिल हो सकता हूं। नेहरू जी ने कहा कि शर्तें मत लगाइये। जय प्रकाश नारायण हट गये?

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

आज कौन सी बेचैनी दिल में कौन सा बलबला, जयप्रकाश नारायण को इस उम्र में सरकार से जूझने के लिए प्रेरित कर रहा है? मैं अपने कांग्रेसी मित्रों से कहना चाहता हूं कि वे इस को समझें। समय हाथ से निकल रहा है। बिहार के आन्दोलन को बिहार में ही समाप्त करने का प्रयत्न होना चाहिए। बिहार के आन्दोलन को समाप्त करने के लोकतांत्रिक रास्ते ढूंढ़े जा सकते हैं। प्रधान मंत्री विधान सभा को भंग करने को प्रतिष्ठा का सवाल न बनायें। प्रधान मंत्री जब चाहती हैं, तब किसी भी विधान सभा को तोड़ देती हैं—जब चाहती हैं, तो किसी भी विधान सभा को मूर्च्छित कर देती हैं। उन्होंने पिछली लोक सभा को एक साल पहले तोड़ दिया। यह लोक सभा भी एक साल पहले टूटेगी, इस बात का ख़तरा है। हमारे कांग्रेसी मित्र कहते हैं कि प्रधान मंत्री को अधिकार है कि जब चाहे लोक सभा को तोड़ दें। अगर प्रधान मंत्री को लोक सभा को तोड़ने का अधिकार है, तो जनता को भी विधान सभा भंग करने की मांग करने का अधिकार है। प्रधान मंत्री से बड़ी जनता और अगर जनता की राय के बारे में आप को सन्देह है, तो ओपीनियन पोल कर लीजिए। अभी फ़ैसला हो जायेगा। हम नहीं चाहते कि सड़कों पर फ़ैसला हो।

श्री राम सहाय पांडे : 1976 को हो जायेगा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : तो फिर 1976 तक विधान सभा स्थगित करने की बात मान लीजिए (व्यवधान) आप मानेंगे। गुजरात में आखिरी रात तक आप कहते रहे कि विधान सभा को भंग नहीं किया जायेगा लेकिन आप को झुकना पड़ा और विधान सभा भंग करनी पड़ी। आज मैं कहता हूं कि बिहार की विधान सभा भी भंग होगी। आप को सद्बुद्धि आयेगी, इस में हमारा विश्वास है। अगर आप को अपने बारे में विश्वास न हो, तो मैं नहीं कह सकता हूं।

आज देश गहरे संकट में है। पुलिस को जनआन्दोलनों को दबाने के लिए मत उकसाइये। पटना के अलावा दिल्ली 4 तारीख को जो कुछ हुआ, वह हमारी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त होना चाहिए। क्या शान्तिपूर्ण बन्द कोई अपराध है?

क्या बम्बई कांग्रेस ने शिव सेना के साथ मिल कर बम्बई बन्द का आह्वान नहीं किया था? कांग्रेस अगर बम्बई बन्द का आह्वान करें तो ठीक है और जनसंघ दिल्ली में करे तो अपराध है? दिल्ली 25 हजार पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए राजौरी गार्डन में पुलिस मन्दिर में घुस गई। ये कपड़े हैं खून से लथपथ ये देखिए, 86 साल का पुजारी जो सुन नहीं सकता जो बोल नहीं सकता, उस पर डकैती का आरोप लगाया गया। ये उस के रक्त से सने हुए कपड़े हैं।

श्री शंकर दयाल सिंह (चतरा) : प्वाइंट आफ आर्डर। देखिए यह काम रोको प्रस्ताव बिहार के बारे में है और यह प्रदर्शन दिल्ली के बारे में कर रहे हैं। समय नहीं बरबाद करना चाहिए। इन को चाहिए कि विजय पर रहें।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सभापति महोदय, दिल्ली बन्द का भी हवाला दिया गया है। दिल्ली और बिहार एक ही जंजीर की दो कड़ियां हैं।.. (व्यवधान)... सेल्स टैक्स के इंसपेक्टर भेज कर, इनकम टैक्स के इंसपेक्टर भेज कर, फूड इंसपेक्टर भेज कर दूकानें खुलवाने की कोशिश की गई। जिन्होंने दूकानें नहीं खोलीं उन पर मुकदमा चलाया जा रहा है। यह तरीका नहीं है जनता को दबाने का। ये तरीके छोड़ दीजिए। लोकतंत्र के रास्ते पर वापस आइए। लेकिन अगर आप लोकतंत्र को तोड़ने पर तुले हुए हैं...

SHRI K. NARAYAN RAO (Bobbili): On a point of order. When a material or object is exhibited in the House which reflects seriously on the Government in respect of maintenance of law and order, should not the Member seek the permission of the Chair? Where is the authenticity that this is exactly the same thing? It might have been a fabricated one. This is a very important point so far as the procedure is concerned. If it is sought to be laid without the permission from the Chair, it is wrong and should be discouraged at all costs.

सभापति महोदय : इस बारे में पहले मुझसे कुछ नहीं कहा गया और यह आप का प्वाइंट आफ आर्डर नहीं सजेश्चन है।

वाजपेयी जी, आप 35 मिनट ले चुके हैं। अब समाप्त करें।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर ये टोकाटाकी न करते तो मैं अब तक खत्म कर देता। मैं समाप्त कर रहा हूं।

आखीर में मैं अपने कांग्रेसी मित्रों से अपील करना चाहता हूं देश इस समय अराजकता के कगार पर खड़ा है। हमारे सामने अधिक विकल्प नहीं हैं। समस्याओं के लोकतांत्रिक हल अगर ढूंढना है तो फिर किसी को प्रतिक्रियावादी और किसी को प्रगतिवादी कह कर, देश को बांट कर राष्ट्र की सामूहिक शक्ति को वर्तमान संकट के ऊपर विजय प्राप्त करने के लिए नहीं लगाया जा सकता। अभी समय है। हम चेतें बिहार की उलझती हुई समस्या का हल निकालने के लिए बैठें। मैं चाहता हूं कि प्रधान मन्त्री और जय प्रकाश नारायण फिर से मिलें। लेकिन कम्यूनिस्ट पार्टी यह नहीं चाहती। क्यों कि वह जानती है कि कांग्रेस पार्टी और जय प्रकाश नारायण की लड़ाई चलती रहेगी तो कम्यूनिस्ट पार्टी पर कांग्रेस पार्टी की निर्भरता बढ़ती रहेगी। इसलिए देशभक्ति का तकाजा है, लोकतन्त्र का तकाजा है कि हम इस गत्थी को सुलझाएं। अभी भी रास्ते निकल सकते हैं। लेकिन दमन का तरीका छोड़ना होगा। सरकार को सहानभूति के साथ आंदोलन से निपटने और जय प्रकाश नारायण से सम्मान के साथ वार्ता करने का संकल्प करना होगा। यह आंदोलन या तो बिहार में सम्मानजनक समझौते से हल होगा, नहीं तो यह आंदोलन सारे देश में फैलेगा। इसे कोई रोक नहीं सकता।

SHRI K. HANUMANTHAIYA (Bangalore): I have very carefully listened to the points made by five Leaders of the Opposition. These speeches highlighted the repressive measures alleged to have been taken by the governmental authorities. Some speakers made very strong speeches against the Prime Minister. One of the opposition leaders made a strong speech against Mr. J. P. Narain also. What is facing the country is a crisis in the form of a mass movement in Bihar. This movement is going on for the last 8 months. All the steps that we in the Government have taken have not been able to suppress the movement, nor is the movement led by Mr. J. P. Narain able to get the Assembly dissolved or the Ministry dismissed. It looks to me that there are two forces one immovable and the other irresistable. Therefore, when the irresistable meets the immovable you cannot claim victory for one side or the other.

I cannot ignore this crisis. However much I may disagree with the methods adopted by Mr. J. P. Narain's movement I cannot just dismiss it as a matter of no consequence. Nor am I prepared to impute any bad motive or unpatriotic motive to Mr. J. P. Narain. I agree with Mr. Mishraji when he said that he is a loknayak. With equal generosity he has to agree that you, the leaders of the opposition, with full hearted support praised Mrs. Indira Gandhi when Pakistan war was won. On that day I heard the speeches in the Central hall. Great speeches were made by the leaders of the opposition.

SHRI S. A. SHAMIM: And one independent, that is me..

SHRI K. HANUMANTHAIYA: Tears of joy came to my eyes because behind those speeches were intense patriotism, large heartedness and the ability to look at things with a sense of proportion.

This Bihar agitation is also a kind of danger that we face so far as the democratic processes in the country are concerned. It is not a question of repeating arguments. infinitum in consonance with party lines. These partylines, go parallel. they never meet. Therefore it is impossible to solve this crisis with a rigid party position that each one of us are taking. If the lines are a little bent towards one another, then a meeting ground will appear. And it is that generous patriotic attitude which must guide all our thinking, speaking and action. If J. P. Narain is lok nayak please remember that Mrs. Indira Gandhi is Bharat Ratna and her services to the country are in no way less than that of J. P. Narain. Please remember that for three generations three great persons in that family have served this country. To talk lightly of her, to abuse her, to make fun of her, is not consistent with the right stand that the leaders of the opposition of this country ought to take.

Therefore, let us forbear accusations and counter-accusations. What is the way through which we can bring about a settlement? The hon. Leader of the Congress (O) Mr. Mishra ji in the concluding part of his speech made two suggestions. One is to withdraw the police—Central as well as reserve. The second, is to appoint a commission of enquiry to see how far police actions have been in excess of requirements. These are the two concrete suggestions which he made. Let us forget the adjectives used against the Congress and the Congress party leader. I have no hesitation in accepting the proposal made by the last speaker, Shri Vajpayee, that a way must be found in order to settle this crisis.

19 hrs.

I am a Congressman but I cannot think exactly on party lines I am thankful to the leaders that they have given me a certain latitude. From the first to the ninth of this month I was in Karnataka State and I had occasion to address dozens of meetings. We celebrated 'auttsav' the day on which Karnataka came to be formed. I am in great demand as I played a leading role in the formation of Karnataka. On the first day nearly 50,000 people had gathered—and I felt the sense of it—whenever Jayaprakash Narayan's name was mentioned there was thunderous applause. In other meetings also I found that people are in sympathy with him. I do not certainly say the whole State is in his favour. I am not given to exaggeration. After you made me the Chairman of the Reforms Commission for four long years I have learnt the way of assessment. not of exaggeration or minimising anybody's importance. Even in the far-off South there is a feeling that what Jayaprakash Narayan is doing is right in its objective.

Some of us do not agree with the ways he is following. Therefore, the opposition parties who have pleaded for him, who have supported him and who have praised him have to play the great role for bringing, what is called, your good advice to bear upon him. May be the precedents that have been laid down by this Government—with some of them I do not agree and with some of them I agree—we might have done something for our party advantage. So, has it been the case with many other political parties in an hour of crisis. These are the human failures of political leadership. Let us generously keep all the accusations of personal advantage taken by a particular leader or political party

aside and apply our mind to the problem that besets Bihar.

I appeal to the patriotic fervour of my compatriots in this House. These are the days of inflation and economic difficulties. Everyone of you will agree that production is the royal solution for these difficulties. We must not do and encourage anything which may impede production in this country. You will agree, however justified you may be in launching bunds, gheraos and strikes that production suffers and that patriotic nation should countenance any step that impedes production and aggravates inflation and scarcity of commodities. From this point of view, all of you have to apply your mind patriotically in order to solve this problem. None of you have directly, at any rate, supported the stand of Jayaprakash Narayan in the matter of dissolution of the Assembly or dismissal of the Ministry. I personally believe as a student of the Constitution that the way to change must be one of the persuasion, and not one of pressure, coercion or demonstration. We have a Constitution which allows a change every five years. We cannot afford to be impatient and ask for a dissolution of the Assembly I feel happy and welcome if anyone of you from the Opposition Parties becomes Prime Minister. But, then this lesson of dissolution and dismissal will be repeated *ad infinitum* We get into a vicious circle of destruction of Democracy. So, you have to persuade Shri Jayaprakash Narayan not to push this country into that circle. Leave these two matters, namely, dissolution of the Assembly and the dismissal of the ministry in the hand of the Congress Party. It is not that we are in admiration with the Ministry in Bihar; it is not that we are in great admiration with the doings of many members of the Assembly. These things are happening not only in Bihar, but also I know personally, in other States. I have been appealing to the Congress Party that they should be strong not on the basis of malpractices but on the basis of truth and on the basis of good conventions and good standards. I am one of the many who say that.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: You had gone on fast against corruption in your State or elsewhere.

SHRI K. HANUMANTHAIYA: Do not repeat it. Of course, repetition loses its value.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: Then tell us something as to what you propose to do.

SHRI K. HANUMANTHAIYA: Even to day, it is not a mere statement I am making here. I have been talking to my colleagues in the Congress in the Karnataka State that the political atmosphere has to be purified. So, the only way left open to me, as a Member of the Party, is to plead publicly and privately *Gheraos* and demonstrations are things that are out of place under the structure of a constitutional Government. Shri Jayaprakash Narayan is up against corruption. I am equally so. In fact, no member of the Congress Party is in favour of corruption. (*Interruptions*). Please do not laugh. Can you point out any Congress Member who gets up and says 'Yes, let here be corruption'?

The Administrative Reforms Commission considered this question. It recommended the institution of *Lok pal* and *Lokayukt* in order to tackle the corruption at the higher levels. A Bill was also introduced in Parliament.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Then why was that Bill not passed.

SHRI K. HANUMANTHAIYA: I am appealing to this House and the Government also in this regard. The Bill is pending consideration for the last 3½ years. It has not been passed in this House. It is now pending. May be, Government has not been able

[Shri K. Hanumanthaiya]

to find time for it. I do not know the reason. Let Shri Jayaprakash Narayan take this as one of the issues. We have to find ways of confronting corruption with appropriate measures. If we shout all the time against corruption, we will have merely wasted our lungs, and we will not have taken any effective steps. If the Opposition Party shows some ways of eradicating corruption from public life, we are prepared to consider them also. There are two suggestions that have already been made by Shri Shyamnandan Mishra, the leader of the Congress (O). One is that there must be a Commission of inquiry and the other is that there must be withdrawal of Central police forces from there.

You keep those two points.

Another point I make is this. All of us are agreed on electoral reform. Jaya Prakash Narayan has highlighted the problem of electoral reform. It is not necessary for anybody to tell us this. We know that the electoral system has lent itself to over-spending, to corrupt ways and to questionable methods. May be many a time we are not able to prove it legally in a court of law. But actually this system has come to acquire many bad characteristics. The Prime Minister has also announced that she is very particular about reforming the electoral system. You are all equally of the same opinion. The method suggested by some is that all the political leaders, ruling and Opposition should sit together and evolve a formula. It has proved to be an impossibility. Let us recognise the fact that each one of us has his own views, unchangeable views in fact. That is the way politics is being conducted in this country. We have not followed the line of thinking in a big way, but in a partisan way. For example, the CPI leader who spoke made so many allegations against Jaya Prakash Narayan. If we scrutinise their history, we can level an equal number of charges against them. In fact, I am personallly of the views that if the CPI had taken to a higher level of preaching ideology and not attack persons, they would have made much more progress. I have been seeing this; one of their strategies is that if anybody disagrees with them, they condemn him wholesale, attack him in all possible ways. These are not the ways which will strengthen the ideology of the Communist Party. On the other hand, it will produce such a revulsion that they will gradually lose. What are they now? Instead of being the Opposition Party, they have become a party of position. They want a position with the Congress. They want an advantageous position for their own purposes. Therefore, do not try to create the impression that we could be misled by the accusations you make against Jaya Prakash Narayan. If you really want to solve the crisis that has overtaken. Bihar cease abusing Jaya Prakash Nanayan.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): We have never personally abused J.P. We say his ideology is very dangerous. That is not abusing him.

SHRI K. HANUMANTHAIYA: Here are two persons involved. If your Jaya Prakash Narayan is Loknayak, our leader is Lok Sabha Nayak. Please keep this in mind. It is not that she has posed herself as the leader. The country has shown by constitutional methods that it has unquestionable confidence in her. Therefore, she is there. We cannot just dismiss her. She will not quit her position next month or next year. She is a permanent entity.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: Permanent entity?

SHRI K. HANUMANTHAIYA: Permanent entity in the sense that offices may come and offices may go, but her leadership cannot be minimised and her influence in the country cannot be wished away. She is there. I have

great regard for Jaya Prakash Narayan. Every one of us who is interested in restoring normalcy in Bihar must try to bring these two persons together. I make an appeal also to my Party and to my leader. We were able to come to an understanding with Bhutto who was the arch enemy of the country, who was the personification of communal fanaticism which took the shape of Pakistan and war. When we have come to an agreement with such a person, it stands to reason—I do not say much more—that we have to come to an agreement with Shri Jayaprakash Narayan. And when he comes here, if you encourage him, incite him, to more demonstrations and agitations, an agreement cannot be arrived at. It is in a spirit of patriotic fervour, in a spirit of co-operation that these two persons have to approach one another and see that a settlement is arrived at. It is not very difficult. If I understand the stand of opposition political parties, they are interested only in these two issues: withdrawing the police—

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: That is with regard to the incident on the 4th, but about the basic issue it is not so.

SHRI HANUMANTHAIYA: Do not explain it away; stick to a position. These two things can be easily agreed upon, provided Shri Jayaprakash Narayan withdraws his movement Mahatma Gandhi, when he wanted to negotiate with the Viceroy, he withdrew the movement on some occasions to negotiate. Shri Jayaprakash Narayan, who claims to be the follower of Mahatma Gandhi, cannot negotiate with a baton in his hand, figuratively speaking. He has to see that a calm and peaceful atmosphere is established before cordial talks take place. Therefore, as soon as he makes up his mind to come to a settlement, the first thing is for him to create a happy atmosphere. It is that the movement has to be withdrawn. The people of Bihar have to be saved from the sufferings they are undergoing, from the deprivations they are undergoing. It is a patriotic service in itself. I am sure a way can be found through the good offices of the opposition parties and others to find a solution. It becomes an impossibility if we try to exploit this situation, this crisis, for our own political purposes or party purposes. Here is an issue as important as external war. We have to rise to the occasion even as we did during the Pakistan war.

Sir, some people were saying that there is Ram and there is Ravan and so on. In India we now have an enemy; it is a four-headed enemy, namely, corruption, casteism, inefficiency and dishonesty. Nobody can deny it. I do not take information from anyone else; I am directly in touch with the people. If there is a referendum in any place, they will all vote for this and say. "Yes; these are the evils existing." Not that anyone will come and do things better. We have seen the performance of coalition ministries headed by opposition political parties between 1967 and 1971. Therefore, your record also is before the people. Let us not accuse one another of any malpractices *per se*. We have to turn a new chapter. We have to magnanimously forget the past and sit together, with new outlook and imbued with a sense of mission to establish peace and progress in this country. This is my humble opinion.

The Government may not accept my suggestion, but I venture to suggest that these two proposals of mine, a Commission to reform the electoral system and the appointment of Lokpal and Lokayukt may be subjects of discussion, negotiation and settlement between these two great leaders.

*SHRI J. MATHA GOWDER (Nilgiris): Mr. Chairman, Sir, in the State of Bihar Shri Jayaprakash Narayan

* The original speech was delivered in Tamil.

[Shri J. Matha Gowder]

is in the vanguard of people's agitation. At the very outset, I would like to point out that it is not proper for the ruling Congress Party and the Prime Minister of the country to say that this mass movement is being spearheaded by reactionary forces in the country, just because some Opposition Parties have joined this movement or some Opposition Parties have extended their support to this movement. If the Prime Minister is going to be persistent in saying that any agitation against the ruling party is reactionary, does that in any way mean that the ruling Congress Party alone is progressive and all others in the country are reactionary? If that criterion is the yardstick, in 1959 when Shrimati Indira Gandhi was the President of the All India Congress Party, she and her party did make an all-out effort to dislodge the duly elected C.P.I. Ministry in Kerala under the leadership of Shri Namboodripad. Applying the same yardstick of Bihar movement, could we not say that Shrimati Indira Gandhi was also a reactionary at the time when she spearheaded the movement for the removal of Namboodripad Ministry in Kerala? I refer to this because there cannot be this kind of universal application of the principle of reactionary forces spearheading mass movement; in a democracy it is likely to recoil on the ruling party also some day or the other.

One should see who is conducting this movement. The very name of Jayaprakash Narayan evokes a feeling of reverence throughout the length and breadth of the country. When the news appeared in the Press that J. P. had been beaten by the police on the 4th November, the entire nation was upset. If something bad had happened to J. P., I am sure the entire country would have been in flames. On the 5th November, the Police encircled J. P.'s house and he was imprisoned in his own house. Naturally the people wanted to know whether this is a democratic country. But the ruling Congress Party announced that this step had been taken to give protection to J. P. On 5th November, J. P. could not go anywhere because of the Police guard around his house. Could there be any thing more shameful than this in a democratic country? Even during the days of oppressive British rule, this had not happened. The entire city of Patna was barricaded, as if there was going to be an invasion from an inimical foreign country. Were the Chinese or Pakistanis going to enter Patna that day? On the other hand, the people born in this country, more especially the people born in the State of Bihar could not enter Patna that day.

If the Government had not become nervous about JP's movement. why did they barricade the entire city of Patna? The Government had surely felt that if such a barricade was not there, the people would certainly have made J.P's movement a resounding success that day. This was the fear that goaded the Government to barricade the city of Patna on that day.

I do not advocate the theory that a duly elected Assembly should be dissolved just because some people voice such a demand. Just because an opposition party demands the dissolution of a State Assembly or even the Parliament. the Government need not necessarily conceded to such a demand. But, here in the case of Bihar, who has started this demand? Just because of ever-spreading corruption in the State, J. P. started this popular movement. The Prime Minister could have invited him for fruitful talks at the initial stages of this mass agitation. If this had been done, the situation there would not have worsened so much. But, in the initial stages, it became a question of prestige for our Prime Minister. In the case of some ordinary leader she could have entertained this attitude. But in the case of J. P. this should

not have become a prestige issue for the Prime Minister. After all, she is not just the leader of the ruling Congress Party. She is the Prime Minister of the entire nation; she is the leader of the people of our country.

Shri R. D. Bhandare, the Governor of Bihar, bemoaned in Bombay last week that if his references to widespread corruption in Bihar, made by him immediately after assuming the Office of Governor, had been taken note of seriously, this unhappy situation could have been averted. What happened then? Shri Bhandare was summoned to Delhi and scornfully treated. As he was a Party man and as he was interested to safeguard his new Office, he resiled from his stand. I would like to know whether he also became a reactionary just because he referred to all-pervasive corruption in Bihar. Similarly, have some Congress Party M. L.As, who are supporting J. P., become reactionaries? Recently, a prominent leader of the Congress Party met J.P. in his house. Has he also become a reactionary? When J. P. was in Delhi 5 lakhs of people gathered to hear him. At Ludhiana, more than 10 lakhs of people had gathered to hear him. Wherever J. P. goes, he draws huge crowds. Have they all become reactionaries? At this rate, in our country not even 10 per cent of the population would be progressive, if the Prime Minister goes on saying "everyone opposing the ruling party is reactionary". But the people of the country know who is progressive and who is reactionary in our country. I would also like to point out with all the force at my command that the Government would not be able to control the situation, with this attitude. The Government will be daydreaming if they think that Police repression will crush J. P's movement; in fact, a great leader like J.P. is not going to be cowed by this kind of Police repression.

Here, I would like to quote from yesterday's issue of *National Herald* a news item:

Six parties including the Anna DMK, Congress and CPI in Tamil Nadu have come together to organise a campaign to fight the Bihar-type movements and protect democracy, a report from Madras says.

Shri Hanumanthaiya and the C.P.I. leader, in their speeches, emphatically stated that the Bihar Assembly should not be dissolved, in the interest of democratic institutions in our country. This is in consonance with the news that I have referred to just now. But I would like to condemn the perpetuation of one-party rule in a democracy and also the denial of rightful chances for the opposition parties in the governance of the country. In Kerala there is the coalition Government of the C. P. I. and the Congress Party. Only in Tamil Nadu a full-fledged Opposition Party, i.e., the D. M. K. is in power. If the Congress Party and the C. P. I. join hands to agitate against the ruling Opposition Party in Tamil Nadu, do they not become reactionary forces by the same token which is being applied in Bihar now? So far as Tamil Nadu is concerned, the Congress Party is reactionary, the C. P. I. is also reactionary.

We in Tamil Nadu are not afraid of such agitations; we will fight in a democratic manner.

I would like to emphasise here that the policy of the ruling Congress Party varies from state to state. The Prime Minister has not taken the ruling party on the right track throughout the country. The leaders of the ruling party are known for making contradictory statements. That is why the country has gone to dogs. I have no hesitation in saying that so far as the ruling party is concerned, the Party is more important than the nation. and in the case of Congress Party leaders, power is more important than the party. Naturally, democracy is in peril in our country. The intolerance of ruling party towards Opposition Parties, especially in a democracy, is surely leading the country into chaos. The ruling party cannot

[Shri J. Matha Gowder]

tolerate one Opposition Party in the seat of power; in a democracy all the political parties can aspire for the seat of power. If J.P's agitation against the ruling party in Bihar is reactionary, then naturally such agitations against the ruling party anywhere in the country, whether the ruling party is Congress or any other Opposition Party, is reactionary.

As I stated just now. the Prime Minister is the leader of the Nation; she is not just the leader of one political party. She should not hesitate to act justly and judiciously whenever a situation demands. The leader has failed to take the people of the country on the right path. She should not have made it a prestige issue in the matter of initiating discussions with J. P. at the very beginning of this agitation. For today's unfortunate situation in Bihar. the Congress Party alone is responsible, not other Opposition parties. Do not blame the Opposition Parties for all the miseries of the people of Bihar.

I would appeal to the Prime Minister that she should act as a leader of the Nation and not as a leader of the political party.

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी) : सभापति महोदय, बिहारी सतसई में एक दोहा है: "कहलाने को एकत रहत, अहि मयूर मृग बाघ, जगत तपोवन सोकियो कि दीर्घ दाघ निदाघ।" इस का अर्थ यह है कि तपोवन में जेठ की तप्त धूप के कारण सांप, मृग, मयूर और बाघ सब इकट्ठे हो जाते हैं, क्योंकि उन को धूप से खतरा रहता है। इस का क्या कारण है कि सारी पार्टियां कांग्रेस के खिलाफ इकट्ठी हो गई हैं लेकिन आपस में उन का मेल नहीं है। मैं श्याम बाबू से पूछना चाहता हूं कि जब सब पार्टियां इकट्ठी हैं तो फिर पताही एसेम्बली कांस्टीट्यूएन्सी के चुनाव के संबंध में कांग्रेस (ओ) और सोशलिस्ट पार्टी में श्री रमापति सिंह और श्री रामानन्दन सिंह में हाई कोर्ट में मुकदमा क्यों चल रहा है। क्या इन पार्टियों में कोई मेल है?

जहां तक श्री जयप्रकाश नारायण का संबंध है जब संविधान बन रहा था, तो श्री जय प्रकाश नारायण की पार्टी के लोगों ने उस का बहिष्कार किया और कहा कि हम संविधान बनाने में भाग नहीं लेंगे। जब संविधान बन गया, तो 1952 में सोशलिस्ट पार्टी ने चुनाव लड़ा। उन को उम्मीद थी कि बिहार सरकार मेरे हाथ में आ जायेगी। जब ऐसा नहीं हुआ, तो वह वैरागी, भूदानी, जीवनदानी और ग्राम दानी बन गये। उसके बाद वह सर्वोदयवादी हो गये। मैं समझता हूं कि सर्वोदय नहीं होना चाहिए, क्योंकि गांधीजी ने कहा था कि सर्वोदय में सब धनी होंगे—गरीब भी धनी होंगे और बिड़ला भी धनी होंगे, इसलिए अन्त्योदय होना चाहिए नीचे वालों को ऊपर उठाना चाहिए। वह इस आंदोलन में कैसे चले आये, यह पता नहीं है।

उन्होंने पांच मिनिस्टरों के बारे में कहा कि वह बड़े ईमानदार हैं। और फिर एक हफ्ते में ही उन्होंने अपनी बात बदल दी और कहा कि वे ईमानदार नहीं हैं। जिस आदमी का जजमेंट इतनी जल्दी जल्दी बदल जाये, हो सकता है कि किसी दिन वह इन लोगों के आन्दोलन का नेतृत्व भी छोड़ दे। इसलिए हम लोगों को उन्हें सुझाव देना चाहिए कि आप का यह रास्ता उचित नहीं है और मैं समझता हूं कि वह समझ भी जायेंगे। प्रधान मन्त्री के परिवार के साथ उन का बहुत पुराना सम्बन्ध और रिश्ता रहा है। हो सकता है कि वह पुराना रिश्ता और सम्बन्ध किसी दिन फिर जुड़ जाये। तो फिर ये लोग कहां रहेंगे।

थोड़ी देर के लिए मान लीजिए कि अगर आज बिहार विधानसभा को भंग कर दिया जाये, तो ये लोग आपस में लड़ने लगेंगे सत्ता के लिए। छात्र संघर्ष समिति में भी लड़ाई

होने लगेगी। वास्तव में छात्र संघर्ष समिति कुछ नहीं है। विभिन्न पोलीटिकल पार्टियों के विद्यार्थी बहका दिये गये हैं और वे छात्र संघर्ष समिति में शामिल हो गये हैं।

मैं बिहार का रहने वाला हूं और मैं वहां की सारी स्थिति को जानता हूं। श्यामबाबू की पार्टी के अधिकतर सदस्य उस को छोड़ गये हैं, सिर्फ दो चार आदमी बच गये हैं। हो सकता है कि श्याम बाबू भी किसी दिन हमारेसाथ चले आयें। वह कहते हैं कि चुनाव में कम खर्च होना चाहिए उन से पूछिये कि मेरे चुनाव में कितना खर्च हुआ। विरोधी पार्टियां भी चुनाव में खर्च करती हैं। अभी प्रधान मन्त्री जी ने एक भाषण में कहा है कि विरोधी पार्टियों के पास पैसा कहां से इतना पैसा आता है। वे चुनाव में कांग्रेस से ज्यादा खर्च करती हैं।

श्री जनेश्वर मिश्र (इलाहाबाद) : इस बारे में एक पार्लियामेंटरी प्रोब होना चाहिए।

श्री विभूति मिश्र: आप लोगों का कम खर्च नहीं होता है। मैं मानता हूं कि चुनाव में सुधार की जरूरत है।

श्री वाजपेयी ने मोतीहारी में भाषण दिया। उन की पार्टी के आदमी हमारे थाने के रहने वाले हैं। वह मीसा के अन्तर्गत जेल में थे।

श्री वाजपेयी ने कहा कि वह उन से मिलना चाहते हैं। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट ने कहा कि कोई एतराज नहीं है और उन को छोड़ दिया।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : नहीं छोड़ा। उन्हों बाद में इजाजत वापिस लेली।

श्री विभूति मिश्र : श्री वाजपेयी डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के घर से डेढ़ मील की दूरी पर भाषण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे आदमियों को नहीं छोड़ा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैंने छोड़ने की बात नहीं कही।

श्री विभूति मिश्र : उन को विश्वास नहीं हुआ। इन्होंने कहा कि हमारे आदमी को यदि नहीं छोड़ते हैं ....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : गलत बात है। मैंने जो कहा वह मैं बताता हूं।... (**व्यवधान**): .....सभापति जी, मेरे ही सामने गलतबयानी हो रही है। मैंने कहा कि मैं छोड़ने की मांग नहीं कर रहा हूं, मैं तो मुलाकात की मांग कर रहा हूं। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट ने पहले मुलाकात की इजाजत दे दी फिर वापस ले ली। इससे झगड़ा शुरू हुआ।... (**व्यवधान**)....

सभापति महोदय : मिश्रा जी, आप उनसे मत कहिये, मुझ से कहिये। यह डायलाग मत कीजिये।

श्री विभूति मिश्र : उसके बाद इनके मन में क्या हुआ, एकदम मतवाले हाथी के जैसे मंच पर से चले और इनके पीछे पीछे लोग चले। लोगों को मालूम हुआ कि बाजपेयी जी पागल हो गये या क्या हो गया इनको? कुछ तमाशबीन लोग पीछे पीछे लग गये। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के बंगले पर गये जो डेढ़ मील की दूरी पर है।

सभापति महोदय : मिश्रा जी से मैं यह अर्ज करूंगा कि यह पागल लफ्ज जो आपने इस्तेमाल किया उसे वापस ले लें। मेरी दरख्वास्त है आपसे। वह मांग नहीं कर रहे हैं और मैं जानता हूं कि आप भी यह नहीं कह रहे हैं, लेकिन जिस तरह से आपने कोट किया, मैं आपसे यह दरख्वास्त करूंगा कि उस कोटेशन में आप यह लफ्ज पागल न लायें तो ज्यादा अच्छा होगा।

श्री विभूति मिश्र : जो लोगों ने मुझ से कहा वही बात मैं कह रहा हूं। अपनी बात नहीं कह रहा हूं।

अब वहां से डेढ़ मील की दूरी तक ये चले और इनके पीछे पीछे लोग चले। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के बंगले का घेराव कर दिया। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट वहां बाल-बच्चों के साथ रहते हैं और ऐसी दूरी पर वह बंगला है कि कोई पांच गांव गिराव वहां नहीं है। खाली आफिशियल क्वाटर हैं। वहां पर इन के साथ लोग गये। बहुत भद्दी भद्दी बातें कहीं, डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट को भद्दी भद्दी बातें कहीं, प्रधान मंत्री को भद्दी बातें कहीं ....

एक माननीय सदस्य : किसने ?

श्री विभूति मिश्र : जो इनके साथ गये थे, उन्होंने। बैजनाथ चौधरी इनके साथ के हैं। मैं चाहता हूं कि इस मामले की एन्क्वायरी बैजनाथ चौधरी के जिम्मे कर दी जाये, वह जांच करके बतावें कि क्या बात हुई थी। मैं बैजनाथ चौधरी को ईमानदार आदमी नम्बर 1 मानता हूं। उन्हीं के जिम्मे यह काम दे दिया जाय जांच करने का कि गाली दी या नहीं ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : ठीक है। जो बैजनाथ चौधरी का फैसला होगा वह हम मान लेंगे। अगर हमारी गलती होगी तो हम उसके लिये क्षमा याचना कर लेंगे।

श्री विभूति मिश्र : अच्छा, हमें कहने दीजिये।

डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट उस समय बाहर थे। वे बचारे दौड़े हुये आये। वहां उनके घर का घेराव किया हुआ था। उन्होंने बड़ी आरजू विनती की। उनको लोगों ने घेरा। डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट ने मुझसे कहा कि जिस परिस्थिति में मैं पड़ गया अगर उस परिस्थिति में गोली चलती तो मेरे बंगले पर बहुत से आदमी मारे जाते। उन्होंने क्षमा याचना इन लोगों से की। उनकी गाड़ी के पहिये की हवा निकाल दी गई। अन्त में किसी तरह से मना करके हटाया। रात को ये जेल में चले गये। यह उसने इसलिये किया कि आगे कोई घटना न हो। रास्ते में इनके जो आदमी थे वह छूटे हुये थे और इनको मिल गये थे। फिर इनको डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के बंगले पर जाने की जरूरत नहीं थी।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आपको मालूम नहीं है।

श्री विभूति मिश्र : आप मुझे कहने तो देते नहीं। मैं चार बार उसके पास गया। मैंने मालूम किया। मैं अपनी बात कहता हूं। आप घबराते क्यों हैं ?

सभापति महोदय : मिश्रा जी, आप उनसे क्यों उलझते हैं ? आप मुझ से बात कीजिये।

श्री विभूति मिश्र : आप इनको कंट्रोल क्यों नहीं करते हैं ?

मैं यह कह रहा था कि इनके जो आदमी थे वह रास्ते में इनको मिल गये थे लेकिन फिर भी ये चले गये वहां पर। इसके बाद इनको अरेस्ट किया और फिर आदरपूर्वक जेल भेजा। अब वहां कार तो थी नहीं। जो सवारी उपलब्ध थी उस सवारी से इनको भेज दिया ... (**व्यवधान**) ...।

ये कहते हैं कि मोतीहारी से हजारीबाग भेज दिया। हजारी बाग बिहार में बड़े बड़े लोगों के रहने की जेल है। अगर मोतीहारी में रखते तो कहते कि जिला जेल में रखा। तो फर्स्ट क्लास में रखा तो भी शिकायत, जिला जेल में रखा तो भी शिकायत

श्री श्याम नन्दन मिश्र : 400 मील बस में भेजा। पांव भी फैलाने की जगह नहीं थी।

सभापति महोदय : मिश्रा जी, आप जरा बैठें। आप पन्द्रह मिनट ले चुके हैं। मैं समझता हूं कि अब टाइम इतना ज्यादा हो चुका है कि किसी को भी दस मिनट से ज्यादा देना मुश्किल हो जाएगा। आखिर इस डिस्कशन को कभी खत्म भी करना है। इसलिये मेरी दरख्वास्त है कि अब आप जल्द खत्म करें।

श्री विभूति मिश्र : सभापति जी, पहले इन लोगों को कंट्रोल कीजिये जो मुझे अपनी बात का इजहार नहीं करने दे रहे हैं।

सभापति महोदय : मैंने आपसे कहा कि आप इनके साथ मत उलझिये।

श्री विभूति मिश्र : श्याम बाबू ने कहा कि इनका मूवमेंट बड़ा नान-वायलेंट है। इनके नान-वायलेंट की कथा सुनिये। कृष्ण मोहन पांडेय एम० एल० ए० को श्याम बाबू के दल के सब लोगों ने जबरदस्ती पकड़ कर उनसे इस्तीफा लिया। रमाशंकर पांडेय से जबर्दस्ती इस्तीफा लिया। डी० एन० तिवारी जी बैठे हुये है। इनको बाजपेयी जी ने द्रोणाचार्य का नाम दिया। उन द्रोणाचार्य से स्टीमर पर इस्तीफा जबरदस्ती लेने के लिये इनका चश्मा गिर गया, टोपी गिर गई। इनके पास कागज लिख कर ले गये तो द्रोणाचार्य ने कहा, डी० एन० तिवारी जी ने कि हमको तो दिखाई ही नहीं दे रहा है . . .

श्री डी० एन० तिवारी : : नहीं यह मैंने नहीं कहा। मैंने इनसे कहा कि मैं कभी इस्तीफा नहीं दे सकता। दस आदमी नहीं, दस हजार आदमी भी आ कर कहें कि तब भी इस्तीफा नहीं दे सकता।

श्री विभूति मिश्र : लेकिन यह सही है कि स्टीमर पर जबर्दस्ती इनका घेराव किया गया गंगा में। इन लोगों की पार्टी ने इनका घेराव किया। जिसके लिये द्रोणाचार्य कह कर सम्बोधित किया उसके साथ यह व्यवहार है तो औरों के साथ क्या होगा यह आप सोच सकते हैं।

श्री यमुना प्रसाद मंडल (समस्तीपुर) : पंडित चिरजीव झा के साथ इनके लोगों ने सहर में किस तरह का अभद्र व्यवहार किया ?

श्री विभूति मिश्र : और सुनिये। बेतिया में कांग्रेस की मीटिंग हुई। मीटिंग समाप्त हुई तो कुछ कार्यकर्ता वहां से चले गये, कुछ बच गये। उन कार्यकर्ताओं को उन्होंने मारा। एक आदमी अस्पताल में था, अब शायद निकल कर आया होगा। वहां कांग्रेस का झण्डा उन लोगों ने फूंक दिया। यह नान वायलेंस श्याम बाबू का है। हम लोगों को ट्रेनिंग गांधी जी के जमाने में हुई थी। अगर हम लोग जवाब देना चाहें तो जिस भाषा में और जिस कार्यवाही के साथ ये जवाब देते हैं वैसे ही हम भी जवाब दे सकते हैं। एक रामदेव बाबू हैं इनके एम० पी०। इन्होंने मेरे लिये कहा कि अरे राज जाइयेगा तो लोग आपको मारेंगे। मैंने कहा कि वह मेरे घर के पास है, मैं कई दफा जा चुका हूं। अगर कोई हमारा एक बाल भी छू देगा तो खून की नदी वहां बह जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि इनकी भाषा में हम लोग बोलते नहीं हैं, हम लोग वैसी ही कार्यवाही नहीं करते हैं क्यों कि हम लोगों के ऊपर कांग्रेस पार्टी से और हमारे अपने नेता से रेस्ट्रेंट है कि हम लोग नान वायलेंस रहें। लेकिन ये नान वायलेंस नहीं हैं। वे जनता को कोई राहत पहुचाने का काम नहीं कर रहे हैं। उलटे रेल की स्ट्राइक करोकर यह हालत पैदा कर दी कि आज किसान को बीज नहीं पहुंच रहा है

[श्री विभूति मिश्र]

खाद नहीं मिल रहीं ह । किसान अब इनसे ऊब गए हैं । किसानों ने मुझसे कहा .... (**व्यवधान**) ... कोई काम इनकीं वजह से समाज में ठीकसे नहीं चल रहा ह और कहीं भीं इनकीं पार्टी के नेता ने जहां वायलेंस हुई है उस वायलेंस को कडेम नहीं किया है । आगे के लिये मैं बताना चाहता हू और प्रधान मत्रीं जीं से कहना चाहता हू कि जो छात्र हैं उनकीं समस्याओं का समाधान किया जाय । यह बहुत जरूरीं है कि छात्रों कीं समस्या का समाधान हो जाय, जहां तक हो बेकारीं कीं समस्या का निदान हो जाय ।

जहां तक भ्रष्टाचार का सम्बन्ध है—श्याम बाबू यहां बैठ हुए हैं, मैं उन से पूछना चाहता हुं, वे बिहार की हालत को अच्छी तरह से जानते हैं—कचहरियों में भ्रष्टाचार है, कौन से तबके के लोग कचहरियों में ज्यादा काम करते हैं ? कचहरियों में जो घूस चलती है उस में कौन से लोग रहते हैं, उस भ्रष्टाचार का असर कहां तक समाज पर पड़ता है, क्या कभी आप ने कन्डेम किया हैं ?

सभापति जी, मैंने पटना में दरयाफ्त किया—मैंने पाया कि किसी भी सरकारी अधिकारी या किसी भी मंत्री या किसी भी पुलिस मैन, किसी भी आदमी के दिमांग में यह बात नहीं थी कि जय प्रकाश जी का किसी भी तरह से वालबांका हों लेकिन जो लोग उस में थे, हम लोग मीटिंग्ज में जाते हैं, कभी इतनी धक्का मुक्की हो जाती है कि आदमी का निकलना मशिकल हो जाता है । लेकिन वहां तो जय प्रकाश जी के प्रति सभीं के मन में सद्भावना थी । यदि किसी के मन में कोई दुर्भावना हो तो हो सकता है कि ऐसा हो जाए, लेकिन वहां तो ऐसी चीज थी ही नहीं ।

एक माननीय सदस्य ने फुलहन राय वाले मामले का उल्लेख किया । हांलाकि यह मामला सबजूडिस है, लेकिन में प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हुं कि सैन्ट्रल इन्टलिजेन्स को भेज कर इसकी जाच कराई जाय कि बन्दूक कैसे चली, इसके पीछे क्या तथ्य है। जब सारा जलूस निकल गया तो किस ने बन्दूक चलाई ? इसकी पूरी छान बीन होनी चाहिए, सैन्ट्रल इन्टेलीजेन्स को भेज कर इस की जांच होनी चाहिए ।

श्याम बाबू ने कहा कि सैन्ट्रल रिजर्व पुलिस और सिक्योरिटी वार्डन फोर्स को वहां क्यों रखा गया है । मैं आप को बतलाता हूं जो लोग आन्दोलन कर रहे हैं वे चाहते हैं कि बिहार की पुलिस में बगावत हो जाए, ये लोग पुलिस का इस तरह का हिदायतनामा देते हैं । मान कीजिए; अगर ऐसा हो जाए—बिहारमें एक बार ऐसा हो चुका है जब पुलिस में बगावत हुई थी—ऐसी स्थिति सैन्ट्रल गवर्नमैंट अगर वहां अपनी ताकत नहीं रखे तो वहां कौन रक्षा करेंगा । इस लिए यह बिहार के हित में है और इसपर इनका कोई खर्चा भी नहीं पड़ताहै, यह तो सैन्ट्रल गवर्नमेंट की फोर्स हैं चाहे वहां रहे या बार्डर पर रहे । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि ये लोग अपनी तरफ से कोई ऐसी कार्यवाही नहीं करते हैं, जब तक कि दूसरी तरफ से इटा, ेला या पत्थर फैका जाता है । अभी परसों या नरसों नरकटिया गंज में केदार पाण्डेय की मीटिग में इटा और ढेला फैका गया....

एक माननीय सदस्य : क्या आप वहां थे ?

श्री विभूति मिश्र : मैं वहां नहीं था, लेकिन मैंने पढां था । मैं यही कह रहा था कि ये लोग अपने पर काबू करें, आन्दोलन को नान-वायलेंट बनाये, तब तो ठीक है । लेकिन अब तो इन का आन्दोलन धीरे धीरे फिजल आउट हो रहा है, गांवों में इन के प्रति लोगों की श्रद्धा भक्ति खत्म हो रही है ।

श्री जनेश्वर मिश्र (इलाहाबाद) : सद्र साहब, प्रधानमत्री जी तो चली गई, मैं चाहता था कि आज वे मेरी बात सुन लेती मिश्रा जी का प्रस्ताव एक बहुत साधारण प्रस्ताव है । इस प्रस्ताव के अन्त में उन्होंने यह कहा है कि

तारीख 4 को पटना में जो कुछ हुआ है उस के लिए एक संसदीय जांच समिति बैठाई जाए। ये लोग कहते हैं कि जय प्रकाश जी को नहीं मारा, लेकिन श्यामनन्दन बाबू, अटल बिहारी जी और विरोध पक्ष के सभी लोगों ने कहा है कि जय प्रकाश जी पर डण्डे चलाए गए हैं, इन लोगों ने अखबार की फोटो भी रखी है, यह स्टेट्मेंन में छपी फोटो है, एब्रीमेन में छपी फोटो नहीं है। मैं तो, सभापति जी, इस राय का हूं कि इस अखबार में छपी इस फोटों को सदन के पटल पर रखा जाए, तभी यह बहस ज्यादा रेलेवेन्ट हो सकेगी।

समझ में नहीं आता कि आप पलियामेंन्ट्री प्रोब से क्यों घबरा रहे हैं। हम तो चाहते हैं कि सभी बातों के लिए पालियामेंन्ट्री प्रोब बैठा दी जाए, लेकिन ये लोग हल्ला मचा रहे हैं। मैंने प्रधान मंत्री जी के पिछले तीन-चार दिनों में दिए गए भाषणों को पढ़ा है। एक भाषण में उन्होंने कहा है कि बिहार की असेम्बली को किसी कीमत पर विघटित नहीं किया जाएगा, चाहे मुझे गद्दी ही छोड़ देनी पड़े। अभी परसों कांग्रेस पार्टी के संसदीय दल की बैठक में भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए अगर मुझे मजबूर किया गया तो मैं इस को स्वीकार भी करूंगी। सभापति जी, मैं बहुत ताकत और सफाई के साथ कहना चाहता हूं कि जिस तरह से आज बिहार में और सारे देश में हमारा नौजवान निकला है, एक नहीं सौ इन्दिरा गांधी भी आयगी और जायगी, हमारा आन्दोलन कायमाब हो कर रहेगा आप इस को रोक नहीं सकगे मेरी इस चुनौती को आप कबल कीजिए

एक चुनौती प्रधान मंत्री जी को और देना चाहता हूं.... (व्यवधान) .... वह 10 दिन के अन्दर बिहार की जमीन पर अपना पांव रख लें, तब उनको मानूगा कि हिन्दुस्तान की मालकिन हैं, पुलिस के बल पर भी वहां जाना चाहेंगी तो नहीं जा सकेंगी। गुजरात में भी जो पांव रखा —वह आन्दोलन खत्म होने के 8 महीने बाद रखा। इन को क्या पता जनता की आज क्या हालत है। लोकसभा में एयर-कण्डीशण्ड कमरे में बैठ कर ललकार देना बहुत आसान अ: करता है—यह चुनौती हूं आज उनको फैंक रहा हूं ..... (व्यवधान) ....

एक सवाल यह अक्सर छेड़ दिया करते हैं कि जो जनता के वोटसे चुनी हुई विधान सभा या लोक सभा है क्या उस को हला करके भंग कराया जाजगा आन्दोलन कर के भंग कराया जाएगा, । यह सवाल आन्दोलन में फंसा सवाल नहीं है—सवाल यह है कि जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनती है— चार पांच साल के लिए। दो-तीन साल के बाद अगर उस के प्रतिनिधियों की जो पंचायत है, उस पंचायत के चलने हुए यदि जनता को राहत नहीं मिलती है तो वह जनता कहती है कि तुम वापस चले आओ। जब कि आप का विधान या आप की व्यवस्था यह है कि जो एक बार चुन जाए, उस पंचायत को केवल हिन्दुस्तान का राष्ट्रपति या गर्वनर प्रधान मंत्री या मुख्य मंत्री की सिफारिश से भंग कर सकता है। सभापति महोदय, आज देश में जो आन्दोलन चल रहा है, वह इस लिए चल रहा है.... (व्यवधान) ....देश में आन्दोलन नहीं चल रहा है, तो चलिए बिहार, आप को पता लगा जाएगा।

सदर साहब, इस समय इस आन्दोलन के दो मुद्दे हैं—एक तरफ़ जनतावाद है और दूसरी तरफ़ जनता के प्रतिनिधिवाद है और यह आन्दोलन आज बहुत ताकत के साथ चलेगा आज यह सवाल पैदा हो गया है कि क्या जनता एक बार चुन दे तो पांच साल तक गूंगे की तरह बैठी रहे ? क्या गांधी जी वोट लेकर अंग्रेजों को भगाने गये थे, जिन की बदौलत आज आप यहां बैठे हुए हैं। सड़कों, खेतों और खलिहानों में सरकारें पलटी जाती हैं और

[श्री जनेश्वर मिश्र]

पलटी जायेगी, आप उस को रोक नहीं सकते (व्यवधान).....

एक माननीय सदस्य : इस को फासिज्म कहते हैं।

श्री जनेश्वर मिश्र : फासिज्म किस को कहते हैं, उस की सफ़ाई भी देता हूं। हम विरोधी हैं, हम फरियाद लेकर जा सकते हैं, जलूस निकाल सकते हैं। लेकिन जो ताकत में होता है, जब वही जलूस निकालने लगता तो वह फासिस्ट कहलाता है। कुर्सी पर बैठे हुए अपने पक्ष में जलूस निकालना फासिस्ट तरीका है। कौन फासिस्ट है—केवल आप के प्रदर्शन से साबित हो जायगा कि आप फासिस्ट हैं या हम फासिस्ट हैं।

20 hours.

अब मैं ता० 4 की बात पर आता हूं। ता० 4 को जिस तरह से पटना में कर्फ्यू लगाये गये, दो लाख से ऊपर पुलिस सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस और बार्डर सिक्योरिटी फोर्स को रखा गया। जय प्रकाश जी के शान्त आन्दोलन की यह चुनौती है—कांग्रेस पार्टी के लोगों को—वह साबित करें—क्या उस जलूस की तरफ़ से किसी पुलिसमन की जान गई या किसी को कोई खरोंच भी आई? आप कहते हैं कि हम ने जयप्रकाश जी को हिफ़ाज़त की। हिफ़ाज़त करते-करते उन पर डंडा चला दिया। आप को फुर्सत नहीं कि आप इस की जांच करने कि उन को चोट आयी है या नहीं। आप के पटना के कलक्टर श्री दुबे ने बयान दिया है कि जय प्रकाश जी की जो मेडिकल रिपोर्ट है उस के अनुसार उन के शरीर पर कुछ खरोंचे हैं, यह अखबार में छपा है। इतना ही नहीं, जयप्रकाश जी जब पंजाब की दौरे पर जाते हैं तो एक आदमी पीछे से आता है और उन को पकड़ लेता है। जयप्रकाश जी चिल्लाते हैं कि मार डाला मुझ को। वह छोड़ का भाग जाता है। जय प्रकाश जी की कुरबानी आजादी की लड़ाई में इन्दिरा गांधी और वर्तमान गृह मंत्री से कई सौ गुना है जिस की बदौलत आप आज कुर्सी पर बैठे हैं, और उन की जिन्दगी के साथ पंजाब की घटना से लेकर पटना तक ऐसा लगता है कि आप खिलवाड़ करना चाहते हैं। जो कि आप में हिम्मत नहीं आ सकती है। अगर जय प्रकाश जी की जिन्दगी के साथ आप खिलवाड़ करेंगे तो आप की कुर्सी के साथ खिलवाड़ हो जायगी।

इन्दिरा जी को मालम है इस समय जयप्रकाश जी की मांग के आग वह कांप रही हैं इसीलिये श्री एस० एन० मिश्रा और श्री दिनेश सिंह से कहा कि आप जा कर बात करो। इन्दिरा जी के दिल में दहशत है, उन को मालूम है कि उन की कुर्सी के नीचे आग लग चुकी है। उस के बावजूद अगर वह जन-भावना के साथ खिलवाड़ करना चाहती हैं तो मैं जयप्रकाश जी से कहना चाहता हूं। फिर पटना ही नहीं, अगर भ्रष्टाचार का सवाल है तो गफूर और बहुगुणा छोटी चीज है, असल चीज तो भ्रष्टाचार का उद्गम स्थान गंगोत्री रुपी दिल्ली है जहां से गंदा पानी निकलने लगा है। इसलिये पटना, भोपाल और लखनऊ के साथ साथ गंगोत्री को भी साफ़ कर दो। भ्रष्टाचार की गंगोत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी और उन की सरकार है और इस के अलावा कुछ भी नहीं है।

अखबारों में यह खबरें छप चूकी हैं कि जयप्रकाश जी के कारण यह आन्दोलन नहीं चला है माननीय मधुलिमये, वाजपेयी जी, एस० एन० मिश्रा और जार्ज फ़रनान्डीज के कारण यह आन्दोलन नहीं चला है आप देखें अखबारों में यह खबर छपी है हम लोगों की तरफ़ से नहीं बल्कि आप की पार्टी के बंगाल के विधायक हैं उन्होंने बयान दिया है कि मिदना पुर में औरतों ने अपने 6 महीने के बच्चों को

आग में भून कर खाया है। आज भी भारत में लोग भुखमरी के शिकार हैं, उन को खाना नहीं मिल रहा है, उन के मन में गुस्सा है। देश का नौजवान जब स्कूल कालेज से निकलता है तो उस को नौकरी नहीं मिलती है। दिल्ली विश्वविद्यालय से एम० ए० की डिग्री हासिल करेगा, टोप करेगा और जब रेलवे सर्विस कमीशन के इम्तहान में जाना पड़ेगा तो उस को सिफारिश लानी पड़ेगी बाबू चन्द्रिका लाल की सरजू पांडे जी की। आज उन के मन में असंतोष है और सड़क पर आ कर वही नौजवान कह रहा है कि यह पढ़ाई बेमतलब हो गई है, व्यवस्था गलत हो गई है। आज आप उस के गुस्से को समझ नहीं रहे हैं समझने की इच्छा नहीं जग रही है इसलिये कि आप के साथ में हुकूमत है। मैं ने खुद पढ़ा है कांग्रेस के 8 संसद सदस्यों का बयान है पटना से जिस में उन्हों ने कहा है कि जयप्रकाश जी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। एक तरफ़ जब जनता भूख से मरती है तो जनता का जो असली नेता है भूख के दर्द से उस का मानसिक संतुलन बिगड़ जाना स्वाभाविक है, और जो लोग कुर्सी पर बैठे रहते हैं उन का भी मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। जनता की भूख का नशा भी है और कुर्सी का भी नशा होता है। मेरा कहना है कि अगर जयप्रकाश जी का मानसिक संतुलन बिगड़ा है तो इन्दिरा गांधी का मानसिक संतुलन भी बिगड़ा है और दोनों को कहीं दिमागी टेस्ट आगरा या बरेली में कराया जाय और देखा जाय कि किस का कितनी डिग्री तक मानसिक संतुलन बिगड़ा है। 8 संसद सदस्यों ने ब्यान दिया है, हम को जनता ने चुना है। तो मैं पूछता हूं कि क्या जयप्रकाश जी का मूल्य देश में कम है? आप कहते हैं कि जयप्रकाश जी राजनीति से भागने वाले हैं। लेकिन आप जरा ईमानदारी से अपने मन से पूछो कि 73 साल की अवस्था में जब आप की एक एक नस दर्द करेगी उस उम्र में जिस हिम्मत के साथ जयप्रकार जी ने आप की चुनौती को स्वीकार किया है, मैं समझता हूं दुनिया के अहिंसात्मक आन्दोलन में बेमिसाल काम है। एक तरफ़ आप कहते हैं कि जयप्रकाश जी के आइडियल्स बड़े हैं, उन की पर्सनेलिटी टावरिंग है और उन की गलतियां भी टावरिंग हैं। आप की प्रधान मंत्री कहती हैं कि विधान सभा भंग नहीं करेंगी। इन की नहीं ऐसे ही चला करती हैं, यह मैं जानता हूं। चंडीगढ़ और फ़ाजिल्का के बारे में भी ऐसे ही नहीं कहा करती थीं, तेलंगाना के बारे में भी ऐसे ही नहीं हम ने सुनी है। लेकिन जब जनता सड़कों पर निकल आती है तो उन की नहीं? हम ने कई बार देखा है। इधर से माननीय ढेबर जी कह रहे हैं कि जब महिला नहीं कहती है तो उस का मतलब हां होता है। मैं यह तो नहीं कहूंगा। लेकिन भारत की कुर्सी पर जो लोग 27 साल से बैठे हैं उन की तो हां में बदल गई है। इसलिये आप प्रधान मंत्री से कहिये बिहार की विधान सभा विघटित होगी, आप को भी जनता के सामने जाना पड़ेगा और हम को भी। अगर जनता के सामने जाना ही है तो कटघरा को ले कर क्यों जाना चाहती हैं। उस के लिये वातावरण बनाइये, उस के लिये जांच कीजिये कि अन्याय हुआ या नहीं।

पटना में जो आज बैरीकेड बनाया गया है उस का सारा का सारा ठेका दिल्ली के एक मंत्री के रिश्तेदार को दिया गया है। क्या इस तरह से भ्रष्टाचार समाप्त होगा? आज के इस काम रोको प्रस्ताव का वह विषय नहीं है इसलिये मैं नाम नहीं लेना चाहता।

एक तरफ़ अस्पतालों में आज भी गरीब मातायें अपने बच्चों के लिये एक बूंद दूध के लिये रो रही हैं और दूसरी तरफ़ हमारी प्रधान मंत्री की बहू जब घर में आती है तो उस का पैर दूध में धोया जाता है। क्या इस को भ्रष्टाचार नहीं कहा जायगा (....व्यवधान) जो

[श्री जनेश्वर मिश्र]

लोग आज एक एक बूंद दूध के लिये तरस रहे हैं उन के चेहरे पर यह समाचार पढ़ कर शर्म आयी होगी जब उन्हों ने सुना होगा कि श्रीमती इन्दिरा गांधी की बहु के पैर दूध से धोये गये। .... (व्यवधान)

श्री वसन्त साठे : गरीब के बच्चे को दूध नहीं मिलता है तो आप इतने मोटे ताजे होने पर भी क्यों दूध पीते है ?

श्री जनेश्वर मिश्र : यह लोग प्रधान मंत्री की खरखवाही में हम पर हल्ला मचाते हैं और बाहर निकल कर कहते हैं कि तुमने ठीक कहा। इन लोगों की ताकत का नंगा नाच हमने अभी देखा। मैं हजारी बाग जेल में मिलने गया था वहां पर श्री करपूरी ठाकुर बन्द हैं, दो, तीन भूतपूर्व विधायक बन्द हैं सच्चिदानन्द सिंह आदि इनको बताया गया है स्वर्गीय राजेन्द्र बमवी जिस बिहार की धरती पर पैदा हुए वहां उन के पुत्र श्री प्रन्युंजय प्रसाद जब हजारी-बाग जेल से छूटने लगे तो जेल के बाहर उन का सामान चैक किया गया कि जेल का सामान चोरी कर के तो नहीं ले जा रहे हैं। कोई सामान नहीं मिला, कोई एक रुमाल जैसा कपड़ा मिला जो जेल की दुसूती से मिलता जुलता था इसलिये उन पर चोरी का इल्जाम जेल के सुपरिन्टेंडेंट ने लगाया। उस की हिम्मत कैसे पड़ी जरा सोचिये। जो व्यक्ति संसद सदस्य रह चुका है और स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद का बेटा है, उस को इस तरह से अपमानित किया गया।

हजारी बाग जेल में नक्सलाइट कैदी जो हैं उन को भी परेशान किया जा रहा है और उन के अलावा जितने कदी हैं सब को सड़ा हुआ खाना दिया जा रहा है। जब हम श्री करपूरी ठाकुर से हजारी बाग जेल में मिलने गये, जो कि बिहार के मुख्य मंत्री भी रह चुके हैं, जितनी देर तक हम उन से मिले उतनी देर तक सी० आई० डी० का आदमी बैठा रहा कि यह लोग क्या बातचीत कर रहे हैं। .... नक्सलाइट और दूसरे लोग जिन के ऊपर आप आरोप लगाया करते हैं वे आपके पास रहते हैं। हमें आप रिएकशनरी कहते हैं। आपको कुर्सी का नशा है। आप जो मन में आता है करते चले जाते हैं। पंडित कमला पति त्रिपाठी की सरकार लखनऊ में थी। आपने ससपेंड कर दिया वहां की असैम्बली को। त्रिपाठी जी को यहा बुलाया और बहुगुणा जी को वहां भेज दिया। आप परिवर्तन क्या करते हैं? यही न कि एक मिनिस्टर को इधर से उधर कर देते हैं। दीक्षित जी की जगह रेड्डी साहब कर देते हैं और कहते हैं कि परिवर्तन है। ऐसे क्या परिवर्तन या क्रान्ति हो सकती है? मिनिस्टर के पोर्टफोलियो को बदलना, इसके सिवाय आपने हिन्दुस्तान की जनता के सुख-दुख के लिए भी काम कोई किया है यह जरा हमें समझाएं। अभी हाल में आपने क्या किया है? हिन्दुस्तान के सदर को आपने मजबूर किया इस बात के लिए कि वह आर्डिनेंस जारी करें इस वास्ते कि प्राइम मिनिस्टर की कुर्सी खतरे में पड़गई थी और आपने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। केवल उनकी कुर्सी बचाने के लिये आपने यह काम किया। इसका जबाब हम आप से सुनना चाहते हैं। मैं यह आरोप नहीं लगाता कि प्रधान मंत्री का क्या दोष है हम लोगों का क्या है। यह स्थगन प्रस्ताव का मुद्दा नहीं है। केवल दो ही रास्ते हैं ईमानदारी से अगर आप काम करना चाहते हैं तो। एक जांच आप बिठाएं और देखें कि वहां बी एस एफ और पुलिस ने ज्यादती की है या नहीं की है। अगर इसको आप नहीं मानते हैं तो वाजपेयी जी के प्रस्ताव को आप मान लें कि जनमत गणना हो और पता लगाया जाए कि वहां की जनता विधान सभा को भंग कराना चाहती है या नहीं चाहती है। आटा दाल का भाव आपको मालूम हो जाएगा। चिल्लाने से काम नहीं चलेगा। प्रधान मंत्री से कहें कि वह हमारी चुनौती को कबुल करें। या तो पार्लिया-मेंटरी प्रोब वाली बात को मानें वर्ना जनमत गणना वाली बात को मानें। इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Shri H. K. L. Bhagat.

SHRI K. NARAYANA RAO (Bobbili): Sir, I have a point of order. The previous speaker, in one of his references, made an observation which I feel is defamatory to the entire nation. In his speech, he referred to one particular city wherein he said people were boiling their own children and eating them. The western press which brings out all sorts of stories about poverty in this country will quote this also. This statement affects human dignity and the nation as such and so it is defamatory and it must be expunged from the proceedings.

सभापति महोदय :

It is no point of order

उन्होंने एक इल्जाम लगाया । वह रांग हो सकता है । अभी बहुत से आपके साहिबान बोलने वाले हैं । वे उसकी तरदीद कर देंगे । इतने ज्यादा मेम्बरों ने मिल कर कंट्राडिक्ट किया है, आप कनविंस नहीं हुए?

SHRI K. NARAYANA RAO: It is in bad taste. That is very unusual.

MR. CHAIRMAN: Order, please. Mr. Bhagat.

SHRI H. K. L. BHAGAT (East Delhi): Mr. Chairman, Sir, this country is full of variety and so is Parliament. Mr. Janeshwar Misra is a variety in himself! It is very curious for me to listen to his speech claiming to speak on behalf of the people of India, when he himself was elected with about 11 per cent vote when the total votes polled were 20 per cent in Allahabad. He claims to speak on behalf of the people of India and threw all kinds of irresponsible and wild charges, cheap wild and vulgar charges, and cheap jibes at the Prime Minister who is the leader of the millions of people in this country.

Mr. Chairman, this is again a proof of the soundness of democracy in this country. This again shows that the present leadership of this country stands for democracy, stands for tolerance and stands for patience. His speech does not need any more comment.

It was very amazing for me to hear my hon. friend from the DMK party. He talked in this House that there were certain big gatherings in Jayaprakash Narayan's meetings and that was proof that the movement needed to be supported and therefore he extended his support to the movement. About the Delhi football stadium he said there was a crowd of five lakh people. I do not know whether he has seen the Delhi football stadium; the total capacity of the Delhi football stadium is 25,000.

He has not seen it and that is the difficulty with him. I am not going into the question whether in that meetings there were more people or less people but I am only pointing out the logic. If we are to be carried away by the Press reports about the gatherings which Mr. M. G. Ramachandran attracted, by this time the Tamil Nadu Government should have gone; it would not have stayed. It stayed because the Prime Minister believed in democracy. She did not believe in the democracy of the street which you want to bring in here. There were serious charges of corruption against the Tamil Nadu Government and Prime Minister was even blamed and criticized by various sections in this country that she had not taken action. The Prime Minister is the Prime Minister of the nation and she has got to see what is proper and what is not proper and what is correct and what is not correct and then only she can act. I do not want to comment on the merits of those charges. But his allegations that the Prime Minister wants to crush the opposition Government in Tamil Nadu is, to say the least fantastic and baseless.

The language of the adjournment motion pinpoints the happenings of November 4 and some alleged police

[Shri H. K. L. Bhagat]

excesses and injury to Shri Jaya Prakash. But in the discussion the whole gamut and of Bihar politics and even the country's politics was touched. Shri Janeshwar Misra himself says that Shri Jaya Prakash got of few abrasions on November 4. Does it suit the Government that he should get abrasions and injury and thus provide an opportunity to the friends who want to exploit the situation and blame the Government? It is fantastic and very curious for me to hear some people say that the Government wanted to assault J.P. They say that this was done by the Bihar Government or the Central Government. Even Jaya Prakashji has not said that he was beaten by any lathi. Some people have tried to become heroes and they say that a lathi was aimed at Jaya Prakash but others came in the way and stopped it. There is no allegation by Jaya Prakashji or other responsible people at the spot that Jaya Prakash was hit by any lathi.

In this Parliament we must rise above personalities. The Parliament, the people of India, the Constitution and the law of the country are bigger than any one person, may be Jaya Prakashji or anybody else. Let us see who created the situation. What was J.P. trying to do on November 4? My friends say that he was leading a peaceful march. Was it the Police which was invading Patna? Was it Shri Jaya Prakash who was trying to invade Patna with his supporters and storm troppers? Government is blamed that they have put up barricades. Last time when there was violence in Patna a number of shops were burnt and at that time the Government was blamed that they had not given adequate protection and that they were trying to protect only the Ministers and the Secretariat. If the Government does not take precaution they blame it. And if the Government takes the widest possible precaution including surveillance, then again the Government is blamed. The simple fact is this. You invite the people and tell them; we will compel and coerce the Ministers. According to Shri Shyam Nandan Mishra himself Jaya Prakashji was preparing to scale the wall and tried to cross the barricade. He was prepared to take all kinds of steps to coerce and intimidate the M.L.As and the Ministers to resign. Yet they say: you brought the Police there. What should we have done? Stood there with garlands to welcome Shri Jaya Prakash? One argument of Shri Shyamnandan Mishra is, in spite of the precautions by the Government, 40,000 people assembled in the maidan and that is proof of the strength of the movement. Assuming that 40,000 people assembled, will the presence of 40,000 people at Patna decide the destiny of the Assembly or of other democratic institutions? The CPI claims they have collected 5 lakhs of people. The Congress says, they are going to have 10 lakhs of people on the 16th. Will we decide by this who is strong and who is not strong? Mr. Vajpayee said, hold a referendum. Is it a small thing? Will not be creating a precedent? And for what? After all, the elections are not far off. Lok Sabha elections are just a year away. Why are you afraid of elections? All these arguments are being invented because they know within themselves that they have reached the saturation point of sustaining this movement through lawlessness, chaos and violence. Railway fish plates have been removed during this agitation. Railway bogies have been attacked. Post offices have been burnt. A student who went to appear in an examination was shot dead. What has not been done? At one time as a young boy of 12 I had also waited for 6 hours to have a glimpse of Shri Jayaprakash Narayan. But what is he doing today? Mahatma Gandhi asked the students to give up their studies to throw out the British and make India free. In the name of Mahatma Gandhi, Shri Jayaprakash Narayan is asking the students to destroy the democracy which Mahatma Gandhi gave us. He is doing it deliberately. There is a certain method in this madness. All his statements

are demagogic. He is trying to subvert the loyalties of the police and the military by making various utterances. He wants that mob rule should come, which inevitably results in fascist rule and then people have to fight for a long time to get back their democratic institutions. We have seen it happening in other countries. That is what he is trying to do here.

Shri Jayaprakash Narayan says he is going to have a parallel Assembly, a parallel Government, Election Commission, etc. Tell me any democratic Government in the world where any leader has made such utterances and indulged in such acts and has been dealt with with the patience and tolerance which this Government has shown. In other countries, this would be treated as treason and subverting the Constitution and democracy. Our Prime Minister is the greatest living democrat in the world who is giving scope for such agitations which in the name of democracy are actually meant to subvert democracy. So, the boot is on the other leg. Enemies of democracy are sitting on that side. I warn them that if fascism comes to this country, they will be the first to be tied to the lamp-post. (*Interruptions*). Mr. Jyotirmoy Bosu, because he has a sharp tongue and a stiff neck, probably would be the first to be tied to the lamp-post, if fascism comes to this country. As far as I am concerned, I would rather prefer to be trampled to death by a mob rather than submit the coercion and intimidation. I say, therefore, let us understand the real implications of the movement.

Some friends are talking about Delhi. So, I will say a few words about Delhi. Shri Vajpayee produced in a theatrical manner some shirt with blood stains. Shri Vajpayee is a great leader. He is a great actor also. What was done on the 4th of November? It was not a call given for a peaceful hartal. What was said? Nobody will go to his office, nobody will take his car on the roads. no scooter or bus will be allowed to ply, nobody will be allowed to take his daughter to the hospital because no taxi will be allowed to ply, no cinema will be allowed to function and all government offices will be paralysed. Written letters under the signature of the President of the Students' Union, in which this threat was contained, were sent to various people. Responsible leaders of the Jansangh went to the representatives of trade and gave the same threat. They had no moral courage to own that responsibility. What was the language in which they were talking? They were saying "look, we would not like to create any lawlessness; but, you know, how these boys are. They are bad, they are uncontrollable; they will create lawlessness and you will suffer." That was the cowardly way of shifting the responsibility on to the students of Delhi who, by and large, are law-abiding citizens.

What was the reaction of the people to this call? The people gave the fitting answer. The Rickshaw and Scooter wallahs said "Mr. Bhagat, you ask the police people to keep away; we are strong enough; we shall see that nobody is compelled to close his shop." I said, "No. You only keep your vehicles on the Road." What was the result? All the Government offices remained open, including the Corporation offices. All the buses, scooters, cycle-rickshaws and tongas remained on the roads. 70 per cent of the shops and establishments are even otherwise closed on that day under the Gazette notification. So, it is very funny they claimed success to the bandh.

They failed in their attempt to paralyse the life of Delhi. Their frustration is obvious. I know this motion is meant only to focus attention on their movement, to show their frustration, to show their disappointment. I am sure the Congress is not going to be cowed down by this. Everybody knows our Prime Minister. I am sure the people of India are not going to be cowed down by their threat. They will defeat these people in Bihar, as they will defeat them everywhere in India. So, I oppose this adjournment motion.

श्री एस० ए० शमीम (श्री नगर) : सभापति जी, पार्टियों के नुमायदों की बात आप ने सुनी। मेरा ख्याल है कि इस सारी बहस में एक ही पार्टीलेस मेम्बर हिस्सा ले रहा है और इस लिहाज से पार्टीलेस डमोक्रसी के कान-सेप्ट को आगे बढ़ाने में अगर किसी का कोई हिस्सा हो सकता है, तो वह मेरा है।

मैं सब से पहले यह बात कहना चाहता हूं कि बिहार की हकीकत से आंखें बन्द नहीं की जा सकती। जयप्रकाश नारायण और बिहार के लोगों ने यह साबित कर दिया है कि आप ज्यादा देर तक इन लोगों के जजबात को, उन के मसायल और उन की मुशिकलात को नजरअन्दाज नहीं कर सकते। जयप्रकाश जी एक सिम्बल हैं। जयप्रकाश जी पर इल्जाम लगा कर कि वेसी आइ० ए० के एजेंट हैं, व मफादे खसूसी के एजंट हैं, आप बिहार की जो पूरी हकीकत है, स्थिति है उस को नजरअन्दाज नहीं कर सकते।.. (व्यवधान).. आप हिन्दुस्तान की 14 जबानों में से कोई भी जबान नहीं समझते, इसलिए आप को क्या मालूम कि मैं क्या कह रहा हूं ?

मैं यह कह रहा था कि आप यह कह कर अपने आप को धोखा दे सकते हैं, दुनिया को धोखा नहीं दे सकते हैं। जयप्रकाश जी के साथ मेरे कुछ उसूली इख्तलाफ जरूर हैं, प्रिंसिपल के इख्तिलाफ जरूर हैं। उन की मैं चर्चा करुगा लेकिन उन के पैट्रिआटिज्म पर, उन की हुब्बलवतनी पर, उन की नेकनीयती पर शुबहा करने की कोई गुंजाइश नहीं है और जो उन को नेकनीयती पर शुबहा जाहिर करता है, मुझे उस की दयानत पर शुबहा है। मैं जानता हूं कि जयप्रकाश नारायण ने अगर 27 साल इंतजार करने के बाद यह रास्ता अख्तियार किया है तो इस की जिम्मेदारी किन पर है ? इस की जिम्मेदारी उन लोगों पर है जिन्होंने कि अक्ल की बात, नेशनलिटी की बात, संजीदगी की बात सुनने से इनकार कर दिया। वरना जयप्रकाश नारायण इस बुढ़ापे में इतना बोझ अपने कन्धों पर नहीं उठाते। उस दर्द को समझने की जरुरत है। उस आवाज को सुनने की जरूरत है जिस ने मजबूर किया जय-प्रकाश नारायण को कि जब उन की जिन्दगी का चिराग टिमटिमा रहा है तो उन्होंने अपने कन्धों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी संभाली। इसलिए जयप्रकाश नारायण पर उंगली उठाने वालों से मैं दरख्वास्त करूंगा कि जय-प्रकाश नारायण पर उंगली उठाते वक्त आप हिन्दुस्तान की जमीन पर उंगली उठाते हैं, महात्मा गांधी की शख्सियत पर उंगली उठाते हैं और आपको यह जेबा नहीं देता कि इस प्रकार के ऐवानों में बैठ कर उस दयानत-दार और शरीफ आदमी के जजबे को आप ठुकरा दें। हो सकता है जय प्रकाश जी ने फसले की गलतियां की हों, उन से और गलतियां हुई हों लेकिन उनकी नीयत पर कोई शक नहीं कर सकता। मैं खास तौर पर इस बात की तरफ तवज्जह इसलिए दिलाना चाहता हूं कि हुकमरां तबके की तरफ से बिहार के लोगों को विलखसूस और हिन्दुस्तान के लोगों को विलअमूम यह कह कर गुमराह करने की कोशिश की जाती है कि जयप्रकाश नारायण दरअसल एक मुस्लिम वजीरे आला का वजूद बर्दाश्त नहीं कर सकते। मैं जयप्रकाश नारायण को जानता हू। मेरे सामने उन की जिन्दगी की तवारीख है। उन पर हजार किस्म के इल्जाम

लग सकते हैं लेकिन जयप्रकाश नारायण जैसा सेकुलरिस्ट हिन्दुस्तान में दूसरा कोई नहीं है। मैं जानता हूं कि मुसलमानों के साथ उन की हमदर्दी क्या है, उन के जज़बात क्या हैं? उन की नामूली मानने वाली थी मृदुला साराभाई और विमला कक्कड़ जिन्होंने हिन्दुस्तान के फसाद के इलाकों में जाकर जहां फिरकापरस्त जमातों ने मुसलमानों का कत्ले आम किया था, उन को हौसला दिया ....

SHRI H. K. L. BHAGAT: I want to give him the information that about late Mrs. Mridula Sarabhai whom he mentioned, the Jana Sangh even opposed the condolence message in the Corporation.

श्री एस० ए० शमीम : भगत जी जरा शांति से काम लें। मैं उन की बात भी कहूंगा।

मैं आप से यह कह रहा था कि वे जय प्रकाश नारायण से इंस्पिरेशन लेती रही और उन्होंने अपनी जान को खतरे में डाल कर बोर्डर इलाकों में जा कर मुसलमानों को तसल्ली दी। आज सिर्फ इसलिए कि बिहार का कोई एरा गैरा नत्थू खरा, बाई ऐक्सीडेंट हूं हैपेन्स टु बी ए मुस्लिम, उस के लिए जयप्रकाश नारायण पर यह इल्जाम लगाया जाय कि वह मुस्लिम चीफ मिनिस्टर का वजूद बर्दाश्त नहीं कर सकते..

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान (किशनगंज) सभापति महोदय मेरा प्वांइट आफ आर्डर है। किस कदर इरेलिवेंट बात है यह जो उन्होंने कहा ऐरा गैरा नत्थू खैरा, क्या यह पार्लियामेंटरी है? दूसरी बात—इन्होंने अपनी स्पीच की बिगिनिंग में कहा कि सारे भारतीय नेता बोल चुके, पहली बर्डिग यही है उन की, तो क्या मतलब है उन के यह कहने का? क्या अपने को वह भारत से अलग समझते हैं? और ऐरा गैरा नत्थू खैरा जो इन्होंने कहा क्या यह पार्लियामेंट्री है?

SHRI S. A. SHAMIM: I dismiss this interruption with the contempt it deserves.

SHRI MD. JAMILURRAHMAN: I also dismiss with contempt his vulgar language.

श्री एस० ए० शमीम : मैं यह अर्ज कर रहा था कि जयप्रकाश नारायण का सियासी सतह पर मुकाबिला कीजिए, जरूरत पड़े तो लाठियों से भी जख्मी कीजिए, आप जिस तौर पर भी मुकाबिला करना चाहें कीजिए, लेकिन इस मूवमेंट को कम्यूनलाइज करने की कोशिश मत कीजिए। हजारों शकलें हैं जय प्रकाश नारायण का मुकाबला करने के लिए जरूर कीजिए लेकिन इस में कम्यूनल एलीमेंट इंट्रोड्यूस कर के मुल्क की फिजा को खराब करने की कोशिश मत कीजिए।

दूसरी बात में यह कहना चाहता हूं—मैं ने इजहार किया कि जयप्रकाश नारायण से मेरा कुछ उसूली इख्तिलाफ है। वह वसूली इख्तिलाफ दो सतहों पर है। एक इस सतह पर है कि मैं यह समझता हूं, मेरा ईमान है कि इस मुल्क की हुकूमत ने, इस मौजूदा हुकूमत ने मुल्क का नाश कर दिया है, गरीब की कमर तोड़ दी है और इस मुल्क में सारी बुराइयों की जिम्मेदार यह हुकूमत है, बिहार में करप्शन की जिम्मेदार यह हुकूमत है। तो मेरा मतालबा यह है कि इस हुकूमत को खत्म होना चाहिए और यह हुकूमत ताकत चूंकि ड्रा करती है इस पार्लियामेंट से इसलिए इस पार्लियामेंट से भंग कर देना चाहिए। क्या

[श्री एस० ए० शमीम]

वजह है कि आप ने जब बिहार में सिर्फ असेम्बली के डिजोल्यूशम का मतालबा किया तो आप क्या यह साबित करना चाहते हैं कि इस पार्लियामेंट में और इस हुकूमत में आप का एतमाद है ? आप बिहार में असेम्बली भंग कर के इन्डायरेक्टली इस हुकूमत पर कान्फीडेंस का प्रस्ताव पास कर रहे हैं ? मैं तो यह समझता था कि इस हुकूमत को भी रहने का हक नहीं है । इसलिए उसूली तौर पर जब जनता को यह महसूस हो कि यह हुकूमत नाकाम हुई है उन मसायल को हल करने में जिस के लिए इस का इन्तखाब हुआ था तो इस हुकूमत को जाना चाहिए । बिहार का आप ने क्यों मखसूस एक एरिया अलग ईजाद किया है ? और अगर बिहार में यह उसूल मान लिया जाय तो फिर कल किस रियासत में इस उसूल को टोकेंगे, किस को रोकेंगे ? उस सूरत में आप यह तय कीजिए कि आप करना क्या चाहते हैं ? एक उसूली इख्तिलाफ तो यह है ।

दूसरा उसूली इख्तिलाफ यह है कि जय प्रकाश नारायण के सेकूलरिज्म पर मुकम्मिल विश्वास रखते हुए मैं जयप्रकाश नारायण को बताना चाहता हूं कि इस एलीटेंशन के साथ जनसंघ और आर एस एस का शामिल होना जो है इस ने इस तहरीक का किरदार मशकूक कर दिया है । यह सही है कि जयप्रकाश नारायण के मरीज नहीं है । उन्हें टी बी नहीं है । लेकिन जयप्रकाश नारायण को जानना चाहिए कि दिक के मरीजों के साथ उठना बैठना सेहत के लिए बड़ा खतरनाक होता है । ये जरासीम जो हैं आर पार हो जाते हैं । अगर माइनारिटीज में अभी तक सस्पिशन रहा है इस मूवमेंट के बारे में तो वह इसलिए कि इस तहरीक के साथ जनसंघ और आर एस एस का वजूद है । अटल बिहारी वाजपेयी ने सवाल किया कि कौन है जो जयप्रकाश नारायण की हुब्बल-वतनी को, उन के पेट्रिआटिज्म को चैलेंज कर सकता है ? कोई नहीं । लेकिन जनसंघ ने किया है । मुझे याद है आज से आठ दस साल कब्ल जनसंघियों ने जयप्रकाश नारायण को चांदनी चौक में जलसा नहीं करने दिया, पथराव किया । उन्हें गद्दार कहा । जब वह काश्मीर में इसाफ की बात कहते हैं, जब वह पाकिस्तान के साथ दोस्ती की बात करते हैं तो इन शूरमाओं ने उन्हें पाकिस्तानी जासूस कहा । इन्होंने पथरमार किया । आज मुझे हैरत है कि किस तरह से किस बिना पर जय-प्रकाश नारायण की हुब्बवतनी जनसंघ की निगाहों में काबिले एहतराम हो गई ? जयप्रकाश नारायण कहते हैं कि शेख अब्दुल्ला के साथ बात करो । शेख अब्दुल्ला कहते हैं कि मैं हिन्दुस्तान के साथ काश्मीर के रिश्ते को मानता हूं । बात कर रहे हैं इंदिरा जी के साथ । जयप्रकाश नारायण बातचीत की हिमायत करते हैं । लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी और मिस्टर अडवानी कहते हैं कि बात मत करो इस चीज में जयप्रकाश नारायण लीडर नहीं हैं । जयप्रकाश नारायण लीडर सिर्फ उस वक्त हैं जब जनसंघ के सियासी मफादात को तकवियत पंहुचे । जयप्रकाश नारायण पंसारी की दूकान नहीं हैं कि जिस वक्त अटल बिहारी वाजपेयी जी चाहें अठन्नी दे कर सौदा खरीद । मैं चलेंज करता हूं क्या अटल बिहारी वाजपेयी जी तस्लीम करेंगे कि काश्मीर के सवाल पर जो बातचीत हो रही है जयप्रकाश नारायण उस में सालिस बनें और आप को उन का फैसला मंजूर होगा ? नहीं होगा । क्यों कि जनसंघ

के फिरकावाराना मफाद को उस के तकवीयत नहीं पहुचेगी । इसलिए जयप्रकाश जी को मैं चेतावनी देना चाहता हू, उन्हें मैं इत्तिला-फराहम करना चाहता हूं कि आप की सियासी सेहत बहुत अच्छी है, सियासी शोहरत बहुत अच्छी है, आप की शोहरत खराब हो जायगी, आप को कम्यूनलिज्म की टी बी हो जायगी अगर आप ने यह वैड कम्पनी रखी । श्यामनन्दन बाबू से भी मैं कहना चाहता हूं कि इन्दिरा जी को जरुर नीचा दिखाइए, इन को यहां से निकालिए, यह अलग सवाल है कि हवाई जहाज में इन्हीं के साथ सफर करते हैं, वह सफर करना छोड़ दीजिए, लेकिन गलत ताकतों का सहारा ले कर नहीं, जनसंघ के कन्धों पर सवार हो कर नहीं । जो जनसंघ के कन्धों पर सवार हो कर आएगे वह इस मुल्क का नाश करेंगे

[شری ایس - اے - شمیم (سرینگر) سبھاپتی جی، پارٹیوں کے نمایندوں کی بات آپنے سنی - میرا خیال ہے کہ اس ساری بحث میں ایک ہی پارٹی لیس معبر حصہ لے رہا ہے اور اس لحاظ سے پارٹی لیس ڈیموکریسی کے کانسپٹ کو آگے بڑھانے میں اگر کسی کا کوئی حصہ ہو سکتا ہے ، تو وہ میرا ہے -

میں سب سے پہلے یہ بات کہنا چاہتا ہوں کہ بہار کی حقیقت سے آنکھیں بند نہیں کی جا سکتیں - جے پرکاش نارائن اور بہار کے لوگوں نے یہ ثابت کر دیا ہے کہ آپ

مادہ دیر تک ان لوگوں کے جذبات کو ، انکے مسائل اور انکی مشکلات کو نظر انداز نہیں کر سکتے - جے پرکاش جی ایک سنبل ہیں - جے پرکاس جی پر الزام لگا کر کہ وہ سی- آئی- اے کے ایجنٹ ہیں ، وہ مفاد خصوصی کے ایجنٹ ہیں ، آپ بہار کی جو بری حقیقت ہے ، ستھی ہے اسکو نظرانداز نہیں کر سکتے ،...(ووڈ مان) آپ ہندوستان کی 14 زبانوں میں سے کوئی بھی زبان نہیں سمجھتے ، اس لئے آپکو کیا معلوم کہ میں کیا کہہ رہا ہوں ؟

میں یہ کہہ رہا تھا کہ آپ یہ کہہ کر اپنے آپ کو دھوکا دے سکتے ہیں ، دنیا کو دھوکا نہیں دے سکتے ہیں - جے پرکاش جی کے ساتھ میرے کچھ اصولی اختلاف ضرور ہیں ، پرنسپل کے اختلاف ضرور ہیں - انکی میں چرچا کروں گا ، لیکن انکی حب الوطنی پر ، انکے پیٹریوٹزم پر ، انکی نیک نیتی پر ، شبہ کرنے کی کوئی گنجائش نہیں ہے اور جو ان کی نیک نیتی پر شبہ ظاہر کرتا ہے ، مجھ اسکی دیانت پر شبہ

میں جانتا ہوں کہ جے پرکاش نارائن نے ۲۷ سال انتظار کرنے کے بعد وہ رستہ اختیار کیا ہے تو اسکی ذمہ داری کن پر ہے ؟ اسکی ذمہ داری ان لوگوں پر ہے جنہوں نے عقل کی بات رایشنلٹی کی بات ، سنجیدگی

[شری ایس - اے- شمیم]

کی بات سننے سے انکار کر دیا - ورنہ جے پرکاش نارائن اس بڑھاپے میں اتنا بڑا بوجھ اپنے کندھوں پر نہیں اٹھاتے - اس درد کو سمجھنے کی ضرورت ہے - اس آواز کو سننے کی ضرورت ہے جس نے مجبور کیا جے پرکاش نارائن کو جب انکی زندگی کا چراغ ٹمٹما رہا ہے تو انہوں نے اپنے کندھوں پر اتنی بڑی ذمہداری سنبھالی اس لئے جے پرکاش نارائن پر انگلی اٹھانے سے میں درخواست کروں گا کہ جے پرکاش نرائن پر انگلی اٹھاتے وقت آپ ہندوستان کی زمین پر انگلی اٹھاتے ہیں - مہاتما گاندھی کی شخصیت پر انگلی اٹھاتے ہیں اور آپکو یہ زیب نہیں دیتا کہ اس پرکار کے ایوانوں میں بیٹھ کر اس دیانتدار اور شریف آدمی کے جذبے کو آپ ٹھکرا دیں - ہو سکتا ہے جے پرکاش جی نے فیصلے کی غلطیاں کی ہوں ؟ ان سے اور غلطیاں ہوئی ہوں؟ لیکن انکی نیت پر کوئی شک نہیں کر سکتا - میں خاص طور سے اس بات کی طرف توجہ اس لئے دلانا چاہتا ہوں کہ حکمران طبقے کی طرف سے بہاو کے لوگوں کو بالخصوص اور ہندوستان کے لوگوں کی بالعموم یہ کہہ کر گمراہ کرنے کی کوشش کی جاتی ہے کہ جے پرکاش نارائن در اصل ایک مسلم وزیر علے کا وجود برداشت نہیں کر سکتے - میں جے پرکاش نارائن کو جانتا ہوں - میرے سامنے انکی زندگی کی تصویر ہے - ان پر ہزار قسم کے الزام لگ سکتے ہیں - لیکن جے پرکاش نارائن جیسا سیکولرسٹ ہندوستان میں دوسرا کوئی نہیں ہے - میں جانتا ہوں کہ مسلمانوں کے ساتھ انکی ہمدردی کیا ہے؟ انکے جذبات کیا ہیں ؟ انکی معمولی بات ماننے والی تھیں مودلا سارا بائی اور ولا ککٹر جنہوں نے ہندوستان کے فساد کے علاقوں میں جا کر جہاں فرقہ پرست جماعتوں نے مسلمانوں کا قتل عام کیا تھا، انکو حوصلہ دیا....

SHRI H. K. L. BHAGAT: I want to give him the information that about late Mrs. Mridula Sarabai whom he mentioned, the Jana Sangh even opposed the condolence message in the Corporation.

شری ایس- اے- شمیم- بھگت جی ذرا شانتی سے کام لیں - میں انکی بات بھی کروں گا -

میں آپ سے کہہ رہا تھا کہ وہ جے پرکاش نارائن سے انسپی ریشن لیتی رہیں تھیں اور انہوں نے اپنی جان کو خطرے میں ڈالکر بارڈر علاقوں میں جا کر مسلمانوں کو

کیجئے، کمیونلائیز کرنے کی کوشش مت کیجئے - ہزاروں شکلیں ہیں جے پرکاش کا مقابلہ کرنے کے لئے، ضرور کیجئے لیکن اس میں کمیونل الیمنٹ انٹر وڈیوس کرکے ملک کی فضا کو خراب کرنے کی کوشش مت کیجئے -

دوسری بات میں یہ کہنا چاہتا ہوں- میں نے اظہار کیا کہ جے پرکاش نارائن سے میرا کچھ اصولی اختلاف ہے - وہ اصولی اختلاف دو سطحوں پر ہے - ایک اس سطح پر ہے کہ میں سمجھتا ہوں ، میرا ایمان ہے کہ اس ملک کی حکومت نے ، اس موجودہ حکومت نے ملک کا ناش کر دیا ہے ، غریب کی کمر توڑ دی ہے اور اس ملک میں ساری برائیوں کی ذمہ دار یہ حکومت ہے ، بہار میں کرپشن کی ذمہ دار یہ حکومت ہے - تو میرا مطالبہ یہ ہے کہ اس حکومت کو ختم ہونا چاہئے اور یہ حکومت چونکہ طاقت ڈراو کرتی ہے اس پارلیمنٹ سے اس لئے اس پارلیمنٹ کو بھنگ کر دینا چاہئے - کیا وجہ ہے کہ آپ نے جب بہار میں صرف اسمبلی کے ڈیزولیشن کا مطالبہ کیا تو آپ کیا یہ ثابت کرنا چاہتے ہیں کہ اس پارلیمنٹ میں اور اس حکومت میں آپکا اعتماد ہے ؟ آپ بہار میں اسمبلی بھنگ کرکے انڈائریکٹلی اس حکومت پر کانفیڈینس تسلی دی - آج صرف اس لئے کہ بہار کا کوئی ایرا غیرا نتھو خیرا بائی ایکسی ڈنٹ ہو ہیپنس ٹو بی اے مسلم ، اس کے لئے جے پرکاش نارائن پر یہ الزام لگایا جائے کہ وہ مسلم چیف منسٹر کا وجود برداشت نہیں کر سکتے....

شری محمد جمیل الرحمان (کشن گنج) - سبھاپتی مہودیہ ، میرا پوائنٹ آف آرڈر ہے - کس قدر اوریلیونٹ بات کی ہے یہ جو انہوں نے کہا ایرا غیرا نتھو خیرا ، کیا یہ پارلیامینٹری ہے ؟ دوسری بات انہوں نے اپنی سپیچ کی بگنینگ (شروع) میں کہا کہ سارے بھارت نیتا بول چکے ، پہلی ورڈنگ یہی ہے انکی، تو کیا مطلب ہے ان کے یہ کہنے کا ؟ کیا اپنے کو وہ بھارت سے الگ سمجھتے ہیں ؟ اور ایرا غیرا نتھو خیرا جو انہوں نے کہا کیا یہ پارلیامینٹری ہے؟

SHRI S. A. SHAMIM: I dismiss this interruption with the contempt it deserves.

SHRI MD. JAMILURRAHMAN: I also dismiss with contempt his vulgar language.

شری ایس- اے- شمیم : میں یہ عرض کر رہا تھا کہ جے پرکاش نارائن کا سیاسی سطح پر مقابلہ کیجئے، ضرورت پڑے تو لاٹھیوں سے بھوج زخمی

پار ہو جاتے ہیں - اگر مائینارٹیز میں ابھی تک ششپیشن رہا ہے اس مومینٹ کے بارے میں تو وہ اس لئے کہ اس تحریک کے ساتھ جن سنگھ اور آر- ایس- ایس کا وجود ہے - اٹل بہاری باجپئی نے سوال کیا کہ کون ہے جو جے پرکاش نارائن کی حب الوطنی کو، ان کی پیٹریوٹزم کو چیلنج کر سکتا ہے ؟ کوئی نہیں - لیکن جن سنگھ نے کیا ہے- مجھے یاد ہے آج سے آٹھ دس سال قبل جن سنگھیوں نے جے پرکاش نارائن کو چاندنی چوک میں جلسہ نہیں کرنے دیا، پتھراؤ کیا - انہیں غدار کہا - جب وہ کشمیر میں انصاف کی بات کہتے ہیں، جب وہ پاکستان کے ساتھ دوستی کی بات کرتے ہیں تو ان سورماؤں نے انہیں پاکستانی جاسوس کہا - انہوں نے پتھراؤ کیا- آج مجھے حیرت ہے کہ کس طرح سے کس بنا پر جے پرکاش نارائن کی حب الوطنی جن سنگھ کی نگاہوں میں قابل احترام ہو گئی ؟ جے پرکاش نارائن کہتے ہیں کہ میں ہندوستان کے ساتھ کشمیر کے رشتے کو مانتا ہوں - بات کر رہے ہیں اندراجی کے ساتھ - جے پرکاش نارائن بات چیت کی حمایت کرتے ہیں - لیکن اٹل بہاری واجپئی اور مسٹر اڈوانی کہتے ہیں کہ بات مت کرو - اس چیز میں جے پرکاش نارائن لیڈر نہیں ہیں - جے پرکاش نارائن لیڈر صرف

[شری ایس - اے - شمیم]

کا پرستاو پاس کر رہے ہیں ؟ میں تو یہ سمجھتا تھا کہ اس حکومت کو بھی رہنے کا حق نہیں ہے - اسلئے اصولی طور پر جب جنتا کو یہ محسوس ہو کہ یہ حکومت ناکام ہوئی ہے ان مسائل کو حل کرنے میں جن کے لئے اسکا انتخاب ہوا تھا تو اس حکومت کو جانا چاہئے- بہار کا آپ نے کیوں مخصوص ایک ایریا الگ ایجاد کیا ہے ؟ اور اگر بہار میں یہ اصول مان لیا جائے تو پھر کل کس ریاست میں اس اصول کو ٹوکیں گے، کس کو روکیں گے ؟ اس صورت میں آپ یہ طے کیجئے کہ آپ کرنا کیا چاہتے ہیں ؟ ایک اصولی اختلاف تو یہ ہے -

دوسرا اصولی اختلاف یہ ہے کہ جے پرکاش نارائن کے سیکیولرزم پر مکمل وشواس رکھتے ہوئے میں جے پرکاش نارائن کو بتانا چاہتا ہوں کہ اس ایجی ٹیشن کے ساتھ جن سنگھ اور آر- ایس- ایس- کا شامل ہونا جو ہے اس نے اس تحریک کا کردار مشکوک کر دیا ہے - یہ صحیح ہے کہ جے پرکاش نارائن دق کے مریض نہیں ہیں - انہیں ٹی بی نہیں ہے - لیکن جے پرکاش نارائن کو جاننا چاہئے کہ دق کے مریضوں کے ساتھ اٹھنا بیٹھنا صحت کے لئے بڑا خطرناک ہوتا ہے - یہ جراثیم جو ہیں اور

اسوقت ہیں جب جن سنگھ کے سیاسی مفادات کو طقویت پہنچے - جے پرکاش نارائن پنساری کی دوکان نہیں ہیں کہ جسوقت اٹل بہاری باجپئی جی چاہیں اتھلی دے کر سودا خریدیں - میں چیلنج کرتا ہوں کیا اٹل بہاری واجپئی جی تسلیم کریں گے کہ کشمیر کے سوال پر جو بات چیت ہو رہی ہے جےپرکاش نارائن اس میں ثالث بنیں اور آپکو انکا فیصلہ منظور ہوگا ؟ نہیں ہوگا - کیونکہ جن سنگھ کے فرقہ وارانہ مفاد کو اس سے طقویت نہیں پہنچیگی - اس لئے جےپرکاش جی کو میں چیتاونی دینا چاہتا ہوں، انہیں میں اطلاع فراہم کرنا چاہتا ہوں کہ آپ کی سیاسی صحت بہت اچھی ہے، سیاسی شہرت بہت اچھی ہے ، آپکی شہرت خراب ہو جائیگی، آپکو کمیونلزم کی ٹی بی ہو جائیگی اگر آپ نے یہ بیڈ کمپنی رکھی - شیام نندن بابو سے بھی میں کہنا چاہتا ہوں کہ اندرا جی کو ضرور نیچا دکھایئے ان کو یہاں سے نکالئے، یہ الگ سوال ہے کہ ہوائی جہاز میں انہیں کے ساتھ سفر کرتے ہیں ، وہ سفر کرنا چھوڑ دیجئے، لیکن غلط طاقتوں کا سہارا لے کر نہیں، جن سنگھ کے کندھوں پر سوار ہو کر نہیں - جو جن سنگھ کے کندھوں پر سوار ہو کر جائینگے وہ اس ملک کا ناش کرینگے -]

श्री नवल किशोर सिंह (मुजफ्फरपुर) : माननीय सभापति जी, श्री श्यामनन्दन बाबू ने इस कामरोको प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए कहा कि 4 नवम्बर का दिन मेमोरेबिल है, स्मरणीय है । मैं भी ऐसा ही समझता हूं, लेकिन मैं उस को दुर्भाग्यपूर्ण स्मरणीय दिवस समझता हूं—इस लिये कि उस दिन लोकतन्त्र के लिये किसी जमाने में लड़नेवाला एक पुराना नेता लोकतन्त्र के दुर्ग को और लोकतन्त्र की व्यवस्था को नष्ट करने के लिये पटना की सड़कों पर चल पड़ा था—इस लिये मेरी दृष्टि में वह दिन स्मरणीय है ।

सभापति जी, बारबार यह प्रश्न उठाया गया है कि पटना में इतने बैरिकेड्स क्यों बने और इतनी पुलिस का इन्तजाम क्यों हुआ ? मैं सदन को याद दिलाना चाहता हूं—पटना में 18 मार्च को क्या हुआ ? 18 मार्च, 1974 को पटना में पुलिस व्यवस्था कम थी, उस दिन पटना में दुकानें और होटल जलाये गये, सरकारी अफसरों के घर जलाये गये और इन सारी दुर्घटनाओं के बाद स्वयं जयप्रकाश जी को इस बात के लिये सरकार की निन्दा करनी पड़ी कि सरकार पटना में शान्ति और सुव्यवस्था नहीं रख सकी । अब मैं आप से जानना चाहता हूं—यदि शान्ति और सुव्यवस्था रखने की कोशिश की जाती है और उस के लिये आवश्यक पुलिस बल का प्रयोग किया जाता है तो उस पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है ? मैं विश्वास के साथ इस बात को कहता हूं कि सरकार का यह आदेश था—सम्भवतः मेरा विश्वास है कि था—कि जयप्रकाश बाबू को गिरफ्तार न किया जाय और जयप्रकाश जी की रक्षा की जाए । उस के बावजूद भी, अगर भीड़ में उन्हें कोई खरोंच लग गई तो जैसा हम सभी को मालूम है, ऐसी सम्भावनाओं से इन्कार

[श्री नवल किशोर सिंह]

नहीं किया जा सकता कि ऐसी भीड़ में जहां लाठी चार्ज हो रहा हो और लाठी चार्ज से बचने के लिये लोग उन के पास आ रहे हों, उन की देह पर गिर रहे हों तो खरोंच न लग जाय। लेकिन सरकार की नीयत क्या थी—यह बात साफ है कि जब जब वह इस बात की कोशिश करते कि आगे बढ़ जाय तो उन को पुलिस बढ़ने देती थी। अगर सरकार पटना में 18मार्च का दृश्य उपस्थित करने देती तो क्या यह सदन और स्वयं जयप्रकाश जी सरकार को माफ कर सकते थे? मैं आप से कहता हूं कि इस बात की तैयारी हमेशा बिहार में रहती है कि किस तरह से कुछ ऐसी स्थिति, हिंसात्मक पैदा की जाय जिससे कि विधान सभा के विघटन की मांग मजबूत हो।

अब मैं आप का ध्यान एक और बात की ओर दिलाना चाहता हूं—प्रविधान सभा के विघटन के प्रश्न पर बारबार यहां माननीय सदस्यों ने गुजरात के साथ एक समानान्तर रूप बिहार का रखने की कोशिश की है। अगर गजरात के साथ बिहार का समानान्तर रूप होता, तो मैं समझता हूं कि हम लोगों को विधान सभा के विघटन के प्रश्न पर एक नये ढंग से सोचना पड़ता। लेकिन आप सभी जानते हैं कि गजरात में जब यह विघटन का प्रश्न उपस्थित हुआ तो उस समय गुजरात की विधान सभा के कितने सदस्यों ने इस्तीफा दिया था—एक बहुत बड़ी संख्या ने इस्तीफा दिया था। सब से बड़ी बात तो यह थी कि जो वहां शासक दल था उस के सदस्यों ने भी इस्तीफा दिया था। लेकिन आज बिहार की क्या स्थिति है—बिहार विधान सभा में सदस्यों की संख्या 319 है, जिन में एक नौमिनेटेड सदस्य हैं। 319 में 140 अपोजीशन की संख्या है। इन 140 में से जो दल इस आन्दोलन का समर्थन कर रहे हैं उन की संख्या 78 है। इन 78 सदस्यों में से सिर्फ 34 सदस्यों ने इस्तीफा दिया है। वे दल जो आज इस आन्दोलन का समर्थन कर रहे हैं, वे आज टूट गये हैं। विधान सभा चाहे आज टूटी हो या न टूटी हो, लेकिन जयप्रकाश जी ने वहां की सारी विरोधी पार्टियों को तोड़ दिया—इस में कोई शक नहीं है। अब मैं आप से पूछता हूं—क्या सिर्फ 34 विधान सभा के सदस्य जनता के प्रतिनिधि हैं। अगर दूसरे प्रतिनिधि नहीं हैं तो हम भी नहीं हैं, श्यामबाबू, वाजपेयी जी और मधु लिमये भी नहीं हैं क्योंकि जैसे नियमों के अनुसार आप का और मेरा चुनाव हुआ है, वैसे ही नियमों के द्वारा उनका हुआ है। और 34 प्रतिनिधि कहते हैं कि विधान सभा तोड़ी जाय और बाकी के तमाम प्रतिनिधि कहते हैं कि हम विधान सभा को चलायेंगे, उस के लिए वे अपने दल को भी छोड़ने को भी तैयार हैं, अनुशासन की सजा भोगने को तैयार हैं तो फिर प्रधान मंत्री जी को हम कैसे कह सकते हैं कि आप विधान सभा का विघटन कर दीजिए—मैं इस का उत्तर आप से जानना चाहता हूं?

इस आन्दोलन को बार-बार हिंसात्मक आन्दोलन कहा जा रहा है। मुझे इस में कोई शक नहीं है कि जहां तक जयप्रकाश का सम्बन्ध है, मैं समझता हूं कि वे किसी भी हिंसात्मक कार्यवाही को बढ़ावा नहीं दे सकते। लेकिन क्या इस आन्दोलन में हिंसात्मक कार्यवाहियां नहीं हुई हैं? मैं पूछता हूं — अक्तुबर के पहले सप्ताह की सरकार की क्या रिपोर्ट है—यह मंत्री जी बतलायेंगे। मेरी रिपोर्ट यह है कि 285 जगहों पर बिहार में हिंसात्मक कार्यवाहियां हुईं, रेलें उखाड़ी गईं, ब्लाक पर हमला हुआ, उस के कागजात को फाड़ा गया, सरकारी अफसरों को पीटा गया, बसों पर हमला किया गया। अगर यही हिंसात्मक आन्दोलन है तो मुझे कुछ नहीं कहना है। लेकिन मुझे शक है—यह हिंसात्मक आन्दोलन है।

हमारे दोस्त—श्री शर्मा—अभी न

जाने अपनी खूबसूरत जबान में क्या क्या कह गये। लेकिन मैं बतलाना चाहता हूं—हालांकि वे खुद भी सावधान हैं और मुझे खुशी है कि उन्होंने उस का जिक्र भी किया है—पटना सिटी स्टेशन का कैबिन जिस दिन उखाड़ा जा रहा था, उस पर हमला हो रहा था, उस दिन हमारे यहां आर० एस० एस० के भूतपूर्व चीफ़, श्री रामदेव महतो, जनसंघ के मिनिस्टर भी रहे हैं, वे स्वयं ढेला फेंक रहे थे, गांधी जी का फोटो उन्होंने गले मे लगा रखा था। वे अकेले व्यक्ति थे जो गांधी जी का फोटो लगाये हुये थे। अगर यही अहिंसात्मक आन्दोलन है तो मैं नहीं जानता फिर हिंसात्मक आन्दोलन क्या होता है।

मैं एक बात और कहना चाहता —हूं जय प्रकाश बाबू बहुत सी ऐसी बातें कहते हैं, जो अच्छी हैं, सुनने में अच्छी ही लगती हैं। मैं भी इस विचार का हूं—अगर उन उद्देश्यों की प्राप्ति कर लें। भ्रष्टाचार दूर हो जाये, बेकारी दूर हो जाये, शिक्षण पद्धति मे सुधार हो जाय, नौजवानों के व्यक्तित्व का उचित विकास हो, उन को रोजी रोटी मिल जाय, इस से बढ़ कर अधिक प्रसन्नता की बात और कोई नहीं होगी। लेकिन मैं भ्रष्टाचार के बारे में एक बात कहना चाहता हू—खुद जयप्रकाश जी ने कहा है—उन का लिखा हुआ हमने पढ़ा है और यदि माननीय सदस्य चाहेंगे तो ला कर दे दूंगा—कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिये आदमी को बदलना होगा। अब मैं आप से एक बात कहना चाहता हूं—आदमी को बदलना क्या प्रधान मंत्री जी के बस की बात है? क्या आदमी टेबिल कुर्सी है कि जैसे चाहो घर में सजा लो। जो आदमी हड्डी, मज्जा और मांस से बना हुआ है, जिस के मन के चेतन और अचेतन की खोज आज तक जारी है, जिस पर एक ही परिस्थिति में एक बात की प्रतिक्रिया विभिन्न प्रकार से होती है, उस पर प्रधान मंत्री जी जादू कर सकती हैं—ऐसा मैं नहीं मानता। जय प्रकाश जी भी वह जादू नहीं कर सकेंगे। आप को याद होगा—1967–68 में बिहार मे सूखा पड़ा था। उस समय जय प्रकाश जी ने बड़ी मात्रा में रिलीफ़ का आयोजन किया था और हम कांग्रेस वालो ने भी आयोजन किया था, हमारा काम भी चल रहा था, जितने दिनों तक वह आयोजन चला, बिहार के अखबारो को उठा कर देख लीजिए, वे सारे अखबार जो आज उन की प्रशस्ति के गीत गा रहे हैं, उस समय बिहार रीलीफ़ कमेटी की व्यवस्था के बारे में भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे थे, इन्हीं अखबारो मे वे आरोप छप रहे थे। जब काम खत्म हुआ तो एक बड़े मजे की बात है—जय प्रकाश जी से पूछा गया—आप के लिए कहा जा रहा है कि बिहार रिलीफ़ कमेटी के समान के बटवारे में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। तो जय प्रकाश जी सच्चे आदमी हैं, वह छिपा नहीं सके और उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत मिसयूज हुआ, भ्रष्टाचार में गया। जिस संस्था के सर्वेसर्वा स्वयं जय प्रकाश जी हैं और खुद नियुक्तियां करते हैं ऐसी संस्थाओं में उन की नाक के नीचे गलत काम हुये हैं।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : अगर जयप्रकाश जी प्रधान मंत्री होते तो वह कहते कि मिनिस्टर भ्रष्ट हैं। लेकिन आप को प्रधान मंत्री नहीं कह सकतीं। यही फ़र्क है।

श्री नवल किशोर सिंह : मैं यह कह रहा था कि भ्रष्टाचार के मामले स्वयं अपनी संस्था में से जयप्रकाश जी अलग नहीं कर सके, इस से कोई इन्कार नहीं कर सकता।

अब शिक्षण पद्धति के बारे में एक बात कहना चाहता हूं। हम सब निन्दा करते हैं इस पद्धति की। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार को छोड़ कर क्या सारे मुल्क में जितने शिक्षा शास्त्री हैं उन्हों ने कोई शिक्षा का विकल्प प्रस्तुत किया है।

[श्री नवल किशोर सिंह]

वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में भारत के लिये एक शिक्षा पद्धति को बनाना अपने आप में कठिन काम है कि कोई इस मे अभी तक सफल नहीं हो पाया है।

अन्त में एक बात और कहनी है। गुजरात में विधान सभा का विघटन हुआ, बिहार में विघटन की मांग है। क्या विरोधी दल के मित्र यह अधिकार हर स्टेट में जहां कांग्रेस की सरकारें नहीं हैं, वहां के कांग्रेसजनों को देंगे? अगर यह तरीका हमारे देश में चल जाय कि हर दो वर्ष के बाद चुनाव हो और फिर मांग हो कि विधान सभा भंग कर दी जाय तो क्या हालत होगी लोकतन्त्र की हमारे देश में यह आप सोच लें।

अब आज पटना में कम्युनिस्ट पार्टी का एक डिमांस्ट्रेशन हुआ उस में लाखों लोगों ने भाग लिया। यहां चार तारीख के मामले को माननीय मित्र का विचार हो या न हो, लेकिन उस के खिलाफ जन-आक्रोश पैदा करने की कोशिश हो रही है, उद्देश्य है हमारे मित्रों का यह जानना चाहिए। वह यह है कि चार तारीख को कुछ हुआ हो या नहीं लेकिन चार तारीख मामले को इतना उड़ाओ कि 11 तारीख को कम्युनिस्ट पार्टी का जो प्रदर्शन है और 16 तारीख जो कांग्रेस का प्रदर्शन है उस के ऊपर लोग गुस्से में आ कर हमला करें। रांची में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष गये यहां उन की सभा में पटाखे फेंके गये और सभा को तोड़ने का प्रयास किया गया। मुझे विश्वास है कि जनता इस बात को समझती है।

सबसे से बड़ी बात यह हुई जो माननीय वाजपेयी ने कहा साफ़-साफ़ कि हम लोग दल-विहीन राज्य में विश्वास नहीं करते। यहीं बात गया में जब गोली कांड हुआ तो मैंने कहीं थी कि यदि आप लोग जयप्रकाश जी के दल विहीन शासनतन्त्र में विश्वास करते हैं तो अपनी पार्टी को डिज़ोल्व कीजिए, उन को धोखा न दीजिये। आप सब उन्हें धोखा दे रहे हैं, ऐन वक्त पर आप उन का साथ छोड़ देंगे। आज माननीय वाजपेयी ने साफ़ साफ़ कह दिया है कि वह लोग दल तोड़ने नहीं जा रहे हैं आगे चुनाव में इन दलों का मकाबला करेंगे और उन को उसी तरह से पराजित करेंगे जैसे 1971 में किया था।

श्री मधु लिमये (बांका) : सभापति महोदय, आज की बहस में कांग्रेस वक्ताओं द्वारा कोई ऐसी ठोस बात या अकाट्य दलील सामने नहीं आई। जब कभी विधान सभा के विघटन का सवाल उठाया गया तो प्रधान मंत्री, भूतपूर्व गृह मंत्री श्री उमा शंकर दीक्षित और माननीय डी० के० बरुआ ने यही कहा कि यह चुनी हुई विधान सभा है और उस को पांच साल तक चलने देना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा चूंकि गफूर सरकार को बहुमत का समर्थन प्राप्त है इस लिए उस के कार्य में भी बाधा नहीं डालनी चाहिये और उस को बर्खास्त करने का सवाल भी उपस्थित नहीं किया जाना चाहिये। लेकिन क्या इस बात को हम भूल सकते हैं जब स्वयं प्रधान मंत्री कांग्रेस की अध्यक्षा थीं तो उन्होंने बिल्कुल इन तर्कों के विपरीत काम किया था। 1959 में स्वयं उन्होंने केरल में सिविल नाफ़रमानी के सिद्धान्त का समर्थन किया था। आज घेराव और धरना, दोनों की आप निन्दा कर रहे हैं, लेकिन उस समय जिस सरकार को बहुमत का समर्थन प्राप्त था उसी सरकार के सचिवालय पर आप लोगों ने मार्च आर्गेनाइज किया था और शुरू में उस समय के प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू केरल

की सरकार को बर्खास्त करने के पक्ष में नहीं थे लेकिन यह छिपी हुई बात नहीं है इन्दिरा जी ने ही उन के ऊपर और पार्लियामेंटरी बोर्ड के ऊपर दबाव डाल कर केरल की सरकार को भी विघटित करवाया और विधान सभा को भी विघटित करवाया। और उस समय केरल में जो आन्दोलन चल रहा था उस की तुलना में कई गुना तीव्र जन-आन्दोलन आज बिहार में चल रहा है। क्या उस समय केरल की असेम्बली के एक भी सदस्य ने इस्तीफ़ा दिया था ? और अभी स्वयं माननीय नवल किशोर ने कहा विरोध पक्ष के 34 सदस्यों ने इस्तीफ़ा दिया है, और अगर कुछ लोगों ने नहीं दिया होगा तो वर्तमान जो स्वार्थ का महौल है उस में इन लोगों की समझ में नहीं आ रहा है और लम्हान की जो राजनीति है वह नहीं समझ पा रहे हैं। लेकिन 34 सदस्यों ने इस्तीफ़ा दिया है यह महत्वपूर्ण बात है। इस के महत्व को कम आप नहीं कर सकते। आज संसदीय लोकतन्त्र की लम्बी चौड़ी बातें कर रहे हैं, लेकिन उस समय केरल के जो गवर्नर थे उन की जो रिपोर्ट मंगवायी जिस के आधार पर केरल में राष्ट्रपति शासन लागू किया, गवर्नर राधाकृष्ण राव क्या कहते हैं, माननीय गृह मंत्री जरा सुनें। वह कहते हैं .

"That is why in all democratic countries where Parliamentary Government obtains, the practice is for the Government itself to offer to resign and hold re-election in case there is overwhelming opposition to any of Government's measures or when there is a widespread demand for general elections. It is not considered necessary that a 'no confidence' motion should be passed in the Assembly or Parliament in order to justify the change of Government."

"The crux of the legal and constitutional question is whether the Kerala Government has lost the support of the overwhelming majority of the people and whether the allegations made of maladministration and subversion of democracy are substantially true. I have already expresed my view on both these points."

"While the securing of a majority of seats in the Legislature, however meagre, is very relevant at the time of forming a Government, it cannot be pleaded as conferring a continuing right to claim the confidence of the majority."

"There is no doubt that there has been a tremendous shift in the mind and the feeling of the people. I do not think this public opinion can be ignored without serious consequences for the future".

21 hrs.

आज मैं कहना चाहता हूं कि 1972 में जो लोकमत की मनोदशा थी आज उस में बुनियादी परिवर्तन आया है। बिहार की बहुसंख्यक जनता मांग कर रही है कि विधान सभा उसकी इच्छाओं का प्रतीक नहीं है, गफूर सरकार सही मानों में हमारा प्रतिनिधित्व नहीं कर रही है। ऐसी हालत में किस मोह में आ कर आप इस सरकार को चलाए रखना चाहते हैं, असैम्बली को चलाए रखना चाहते हैं ? आप यह तो मानेंगे कि असैम्बली का काम होता है कानून बनाना। क्या कानून बनाने का काम भी बिहार की विधान सभा कर पाती है ? यह आन्दोलन के पहले की बात है। इस सवाल को मैं यहां भी कई बार उठा चुका हूं और कह चुका हूं कि बिहार की विधान सभा को इसी बिना पर समाप्त कर देना चाहिए कि कानून बनाने के अपने काम को भी उसने कभी पूरा नहीं किया है। आज भी बिहार में 180 अध्यादेश चल रहे हैं। आज कार्यपालिका ने सरकार ने विधान सभा के सारे अधिकारों

[श्री मधु लिमयें]

आज उत्तर प्रदेश में बिजली योजनाओं को पूरा करने के लिये 40 करोड़ रुपये की जरूरत है । मैं माननीय मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की बिजली योजनाओं को पूरा करने के लिये सरकार कितना रुपया देने जा रही है और वह रुपया कब तक उन के पास पहुंच जायगा । नरौरा की योजना जो ठप्प होती जा रही है, उस के लिये फाइनेंस का इन्तजाम कराने के लिये आप कब तक आदेश देने वाले है और सरकार को जल्दी ही नरोरा के प्रोजैक्ट को पूरा करने के लिये तुरन्त रुपया देना चाहिए । मेरा अनुमान है कि जितनी जल्दी यह बिजली केन्द्र बन जायेगा उतनी ही जल्दी पश्चिमी उत्तर प्रदेश का बिजली संकट समाप्त हो जायेगा ।

श्री कृष्णचन्द्र पन्त : जहां तक बिजली की चोरी और ट्रांसमिशन लास का प्रश्न है—राज्यों के स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्डस के चेअरमैन और मंत्री लोग जब यहां आये थे, उन से इस के बारे में चर्चा हुई थी और उन से

[श्री कृष्ण चन्द्र पन्त]

अनुरोध किया गया था कि इस के बारे में जितनी निगरानी वे बरत सकते हैं उन को बरतनी चाहिये । उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस के बारे में पर्याप्त निगरानी बरतेंगे । इस सम्बन्ध में उन को कुछ तकनीकी कदम उठाने हैं, जिन को शीघ्र उठाने का उन्होंने आवश्वासन दिया है ।

राज्यों में किसानों को प्रायोरिटी बेसिज़ पर बिजली दी जानी चाहिये—इस बात से मैं सहमत हूं । मैंने पहले आप से कहा है कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के किसानों को खास तौर से आज बिजली पहुंचाई जा रही है, जिस तरह से खरीफ़ की सिचाई के वक्त पहुंचाई गई थी । यह बात सही है कि खाद्यान्न पैदा करने के काम को प्राथमिकता दी जानी चाहिये और इस के लिये अगर दूसरे राज्यों के पास बिजली है तो उन से लेकर दी जानी चाहिये ।

हाइडल से हमारे यहां इस समय लगभग 40 प्रतिशत बिजली पैदा होती है । यह बिजली सस्ती पड़ती है और कुछ राज्यों में हाइडल आसानी से बन सकते हैं । इसलिये कोई सामान्य बात कहना कि हाइडल हो या थर्मल हो—यह ठीक नहीं होगा । दोनों को लेकर ही हमें चलना पड़ेगा, जसे भी हो, बिजली मिलनी चाहिये ।

जहां तक नरोरा का सवाल है—उस में काम चल रहा है । इस वक्त नरोरा में कोई कठिनाई है, इस की सूचना मेरे पास नहीं है । आप ने मुझे बतलाया है कि वहां काम ठीक नहीं चल रहा है—इस की सूचना इस समय यहा नहीं है, मझ म लूम करना पड़ेगा । जहां तक मुझे मालूम है नरौरा की योजना को योजना आयोग ने स्वीकार कर लिया था, इसीलिये उसमें काम शुरू हो गया था, वह यदि धीरे चल रहा है तो वह दूसरी बात है ।

अध्यक्ष महोदय : पंत साहब, कुछ पंजाब के बारे में भी बतला दीजिये—प्रीसम का क्या होगा ।

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : उस के लिये आप इस वक्त मुझे क्यों बुलवाते हैं, फिर किसी वक्त बतला दूंगा । राज्य सरकार और केन्द्रीय सरकार के बीच में इस बारे में बातचीत चल रही है । जो रुपया उन को चाहिये किस तरह से उस का प्रबन्ध किया जाय, कितना केन्द्र दे, कितना बी०एच०इ०एल० से हो । कुछ कदम भी उठाये गये हैं ।

श्री सरजू पान्डे (गाजीपुर) : हमारे उत्तर प्रदेश में सब से बड़ी समस्या काश्तकार की है । 6 घन्टे के लिये बिजली दी जाती है, लेकिन जब तक बिजली आती है, पानी चलना शुरू होता है, तब तक कट जाती है, खेती तक पानी पहुंच ही नहीं पाता । हजारों ट्रांस्फार्मर जले हुए पड़े हैं, उन की रिपेअर नहीं हुई है । पिछली दफ़ा जो खम्बे गिर गये थे वह आज तक नहीं लगे । एक तो बिजली की शोर्टेज, दूसरी तरफ़ प्रबन्ध में गड़बड़ी । काश्तकारों को बिजली नहीं मिल रही है और मुसीबत यह है कि जब खेतों में पानी पहुंचता है तो बिजली कट जाती है और बिजली रात को आती है । पूर्वी उत्तर प्रदेश का आदमी गरीब है, उन के पास कपड़ा नहीं है, आप सोच सकते हैं कि जाड़े में किस तरह से खेतों में पानी ले जा सकते हैं । तो 6 घंटे जो बिजली दे रहे हैं इस को आप बढ़ायें, और पानी बरसा नहीं, आज भी हमारे यहां लोग खेतों को सींच कर रबी की बुवाई कर रहे हैं, अकाल को सी हालत हो रही है । खरीफ़ की फ़सल हुई नहीं और रबी भी नहीं होगी अगर पानी की व्यवस्था नहीं होगी । तो आप बिजली देने के घंटों की तादाद बढ़ाइये, और रात को न दे कर दिन में

बिजली दें, इस के लिये आप उत्तर प्रदेश में क्या व्यवस्था कराने जा रहे हैं ?

बिजली विभाग में भ्रष्टाचार इतना फैला हुआ है कि जो चीज़ बरबाद हो जाती है उस के लिये कोई परवाह नहीं करता । चिट्ठी पर चिट्ठी लिखते रहे लेकिन आज तक खम्भे और तार पड़े हुए हैं । हमारे यहां कोल्ड स्टोरेज को बिजली नहीं मिल रही है जिस की वजह से काश्तकारों का आलू सड़ रहा है । पिछली दफ़ा 18 घंटे दी थी उस को भी काट दिया जिस से लोगों का नुकसान हो रहा है । हमारे यहां रोलिंग मिल्स तो नहीं है, बल्कि छोटे मोटे कारखाने हैं जिन को बिजली नहीं मिल रही है जिस के कारण लोग प्रदेश छोड़ कर दूसरी जगह अपने उद्योग ले जा रहे हैं । इस के लिये क्या व्यवस्था कर रहे हैं आप ?

हमारे साथी माननीय बनर्जी ने कहा कि मिल बन्द हैं, मिल वाले मज़दूरों को पैसा नहीं दे रहे हैं जिस से बेकारी की समस्या के साथ साथ ला ऐंड आर्डर की समस्या बनती जा रही है । इस तरफ़ सरकार को गहराई से ध्यान देना चाहिये जिस से मज़दूर बेकार न हों और कारखाने बराबर चलते रहें ।

अन्तिम बात यह कहना चाहता हूं कि लगभग 68 प्रतिशत बिजली आप बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं, इस बारे में हमारा कहना है कि सरकार या तो उन को कर्जा दे या मजबूर करे कि आप के पास इतना पैसा है इसलिये आप खुद अपने जेनरेटर लगा सकते हैं, और जो बिजली बनती है उस में से उन को न दी जाय । बिजली के अभाव में हमारे यहां मऊ में बुनकरों के पावर लूम्स बन्द पड़े हैं जिस के कारण लोग भूखों मर रहे हैं । इसलिए इस बारे में जल्दी से जल्दी मंत्री जी कदम उठायें । सब से बड़ी समस्या काश्तकारों की है । आप रात को बिजली देना बन्द कीजिये, खेतों की बुवाई के लिये बिजली की व्यवस्था कीजिये वरना रबी की फ़सल नहीं होगी ।

श्री इसहाक संभली (अमरोहा) : लगातार नहीं दी जाती है । एक घंटे दी, दो घंटे बन्द ।

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : मान्यवर, अगस्त के महीने में कृषि के लिये 7 घंटे बिजली दी जाती थी, सितम्बर में बढ़ा कर 12 घंटे हो गई । अक्तूबर में 6 घंटे हो गई थी और माननीय सदस्यों को शायद मालूम नहीं है कि 9 नवम्बर से फिर से 12 घंटे बढ़ा दी गई । रबी की बुवाई के लिये 12 घंटे बढ़ा दी गई है ।

जो आप ने बाकी बातें कहीं उन का एक ही अर्थ निकलता है कि बिजली का उत्पादन बढ़ना चाहिये क्योंकि हर एक चीज़ के लिये बिजली चाहिये और हर एक चीज़ के लिये प्राथमिकता है । मैं समझता हूं कि बिजली के उत्पादन बढ़ाने में आप का समर्थन है और इसी प्रकार यदि आप का दबाव सरकार पर पड़ता रहा तो साधनों को मुहैया कराने में आसानी होगी जिस के लिये मैं आप का आभारी हूं ।

जो आप ने बड़े उद्योगपतियों के बारे में अपनी पावर बनाने का सुझाव दिया है उस को मैंने नोट किया है ।

13.55 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

FORTY-SIXTH REPORT

SHRI G. G. SWELL (Autonomous Districts): I beg to present the Forty-sixth Report of the Committee on Private Members Bills and Resolutions.

MR. SPEAKER: We now adjourn for lunch to re-assemble at 3 O'Clock.

13.56 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fifteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Five Minutes past Fifteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): May I draw your kind attention that the Supreme Court has admitted yesterday a writ petition challenging the validity of the Additional Emoluments (Compulsory Deposit) Act. My information is that four instalments of DA have fallen due to the Central Government employees. Now, if the entire amount and not 50 per cent as in the past, is to be deposited, it will cause a great hardship and will result in growing discontent among the government servants. I would therefore request you to ask the Minister to convey to the Finance Minister to hold the recoveries in abeyance till the Supreme Court gives its final verdict. I request the Finance Minister should come and make a statement.

15.06 hrs.

NAVY (AMENDMENT) BILL—*Contd.*

Clause 1 (Short title)

Amendment made:

Page 1, line 3,—

for "1973" *substitute* "1974" (2)

(Shri J. B. Patnaik)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That clause 1, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 1, as amended, was added to the Bill.

Enacting Formula

Amendment made:

Page 1, line 1,—

for "Twenty-fourth" *substitute* "*Twenty-fifth*" (1)

(Shri J. B. Patnaik)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

The motion was adopted.

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

The Title was added to the Bill.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI J. B. PATNAIK): I move

"That the Bill, as amended, be passed."

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): At this stage of the Third Reading of the Bill I would like to make a few observations because it is going to be a part of our statute book and I could not get an opportunity to speak on the previous readings. So, I take this

opportunity to make certain observations.

We all wanted that there should be a comprehensive legislation so far as Navy is concerned. The Minister has given an assurance in his reply to the First Reading that at an appropriate time he would come forward with a comprehensive legislation...

SHRI J. B. PATNAIK: I have given no such assurance. I have said that the Act is already comprehensive.

SHRI P. K. DEO: Anyway I stand corrected because I was not there. But I would like to submit that the role the Indian Navy has to play so far as the defence of the country, the defence of the coastal shipping and the defence of our merchant shipping is concerned, is of vital importance. We have got 3500 miles of sea board which is nearly double the size of our land frontiers and to protect the seaboard, the role of the Navy is very important. We have been talking from the house tops and expressing our concern regarding the American naval establishment at Diego Garcia or of the movement of the Soviet war ships in the Indian Ocean. I would like to know categorically what steps we are going to take to improve our Navy.

Indian ocean is of strategic importance. As far as merchant shipping is concerned in the coming five year plan the tonnage of merchantile shipping is going to be doubled and our Navy should be streamlined. Iceland's economy depends on fishing. They took a very stiff and a stern and also a nationalist attitude so far as delimitation of the territorial waters..

MR. DEPUTY-SPEAKER: I hope you have read the Bill.

SHRI P. K. DEO: I have read the Bill. So, the British Navy had to withdraw from the continental shelf. As far as we are concerned, though this Bill envisages some good steps at the time, I have to bring certain points which have arisen when we took up consideration of the Bill. There has been creation of a new cadre, that is Master chief petty officer. We all know that in the army there are these junior commissioned officers like the nayaks, subedars and subedar majors. We have got warrant officers in the air force. We have got petty officers in the navy. Even though they do some type of job of officers they do not get the same pay, they get only half and this is a legacy of the British imperialism. So I would like to get clarification from the Minister whether these master chief petty officers will get equal emoluments as that of commissioned officers. This is my first point.

Then there is penal law to safeguard against mutiny etc. So far as discipline is concerned there are no two opinions about it. We want a disciplined armed force. The Defence Service Regulation prohibits certain officers to seek redress by ventilating their grievances and so on. If they do collectively, if two are joined, then it is called mutiny. All sorts of penal provisions are made in this Bill, which is aimed to strike their collective bargaining power. Some mechanism should be created to redress their grievances and to ameliorate the conditions of these services. This is my point.

These armed forces are disillusioned by the recent report of the Third Pay Commission. It has hardly neutralised the rise in prices. Defence services are given a raw deal. I should say. And so far as the criteria for the appointment of Judge Advocate-General is concerned even though some improvements is made in this Bill. I would like to point out that one ex-Judge Advocate-General of the Navy Mr. Giraud..

MR. DEPUTY SPEAKER: Why mention names?

SHRI P. K. DEO: There has been a question in this house, an extradition warrant pending against him.

MR. DEPUTY SPEAKER: We should not take up individual cases in the House...

SHRI P. K. DEO: When criteria for appointment of Judge Advocate-General is going to be decided, I would be failing in my duty if I don't bring it to the attention of the House that is, the past malpractices which have been perpetuated by some individuals and my request is that there should not be any repetition of that thing.

He ran away wtih £12,000 which was given for the benefit of the ratings who took part in the World War II.

We think about the defence forces only at the time of the war but not in peace time. In the time of peace, we should think of their conditions of service and their emoluments. This is the proper time that we should be able to do something for them.

So far as Navy is concerned, I would be failing in my duty if I do not point out one fact that we should modernise our present warships.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That is much beyond the scope of the Bill.

SHRI P. K. DEO. Though it is beyond the scope of this Bill yet I would like to take this opportunity to make a few remarks. Our destroyers and cruisers are of the 1938 vintage. Vikrant is going to outlive its utility by the seventies. At the moment Leander Class frigates which are produced in Mazagon and Garden Reach number 56. It will take us a long time to replace our present frigates and cruisers. At the same time, we should make every effort to see that we start producing more of such ships which can be replaced quickly. As Mr. J. B. Patnaik comes from Orissa I request him to see that Paradip shipyard is established as it has already been selected for the manufacture of these types of war ships. He should go ahead with this. Rourkela Steel Plant is in Orissa. We get plates from there. And Paradip is a port nearby the deepest seaport of the country. So, during his time, we must have the ship-building yard otherwise he would not be doing justice to his State.

With these remarks, I conclude my speech.

SHRI S. M BANERJEE (Kanpur): *rose*—

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Banerjee, you have not given your name. The Hon. Member has given his name in advance. Your name can come in the second round.

SHRI S. M. BANERJEE: I only want two minutes.

MR. DEPUTY-SPEAKER: All right.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, I rise to support the Bill. At the same time I must also pay my complements to those who are running our naval forces. The hon. Member, Shri Deo who spoke just now said something about the vintage quality of our ships, cruisers and fighters. I am surprised to hear that he has appreciation for everything which is imported but not for the ships that are manufactured in his own country. These young naval officers and their ratings have fought the entire battle with Pakistan.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We all appreciate what they have done. But, is this part of the Bill at all ?

SHRI S. M. BANERJEE: I am talking of Navy only.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am talking of the Bill—not of the Navy.

SHRI S. M. BANERJEE: I shall now confine myself only to the Navy. I want an assurance from the hon. Minister on one thing: As correctly stated by my hon. friend Shri Deo, as regards the wages, salaries and emoluments, the Pay Commission has done the greatest injustice to the army and air force. Something should be done to rectify it. I do not know whether it has been rectified or not. The Minister should assure us and tell this House that something will be done.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad): Just now Mr. P. K. Deo said that the Minister belongs to Orissa. And that is why he should look to the interests of Orissa. That is a very wrong conception. He is the Minister for the entire country and he has to look to the interests of the entire country.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Anyway he understood like that. You also want to look to the interests of Vizagapatnam.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: There is a mention in the book about petty officers. I want that this name should be immediately changed. I want an assurance from the Minister that such a menial name should not appear here. Everybody is an honourable citizen of this country.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nobody is petty; we are all honourable.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: So that must be removed.

Regarding the pay of our defence services men, we should give them more pay than the civilians who do not work, who strike and do so many things. This is a special category. They give their blood and life for the country and so they must be given more encouragement. I am glad that the promises made by Babu Jagjivan Ram during the war to them have been fulfilled.

SHRI J. B. PATNAIK: I am thankful to the hon. members for their observations. Some general observations were made about the navy. I have replied to them yesterday and I am not going to repeat them.

Shri Deo made certain observations regarding some provisions in the Bill, particularly the cadre of master chief petty officer. This is not a new provision added to the Bill; it is already there.

SHRI P. K .DEO: A legacy of British imperialists.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: We want it to be deleted.

SHRI VASANT SATHE (Akola): Call them pretty officers.

SHRI J. B PATNAIK: The name 'petty' officer does not make an officer petty. He really does a very responsible duty in the navy and is rewarded as such. The cadre of master chief petty officer is a buffer between officers and sailors and they are not really officers. As for their emoluments, there has been a substantial increase in the new scales of pay that have been accepted by Government.

Regarding the word 'mutiny', it is already there in the Navy Act. It is not a new provision made in the Bill. The provision against 'mutiny' in all the Acts, whether it is the Navy Act, Army Act or Air Force Act, is the same. The hon. member would agree that mutiny in a highly disciplined service like the navy, air force or army is a very deplorable thing and should not on any account be tolerated.

As for redressal of grievances, s. 23 of the Navy Act makes enough provision. I will read a portion from it:

"If an officer or a seaman thinks that he has suffered any personal operational injustice or other ill treatment at the hands of any superior officer, he may make a

[Shri J. B. Patnaik]

complaint in accordance with the regulations made in this Act."

Then it says that:

"The regulation referred to in sub-section (1) shall provide for the complaint to be forwarded to the Central Government for its consideration if the complainant is not satisfied with the decision on his complaint."

So the provision is already there for making a complaint against any decision given by a superior officer and the Central Government is empowered to take a decision in this regard and redress the grievances of the officer. The grievances of officers in all the services are being redressed under this process.

In regard to the general emoluments of the armed forces, certain observations have been made. It is said that the armed forces are discontented as a result of the recommendations of the Pay Commission. I would like to say that there is absolutely no discontent as far as the Government's improvement on the recommendations of the Pay Commission goes.

SHRI P. K. DEO: Question.

SHRI J. B. PATNAIK: Improvements have already been made in the pay scales of officers. As far the pay scales of the jawans, this has earlier been done. I have never heard of any discontent anywhere and we should not import discontent into our highly disciplined and contented armed forces

As regards the case of a Judge Advocate General made out by my hon. friend, I do not know the particulars of this case. I would certainly look into it, but the amendment has nothing to do with it. The amendment is a simple one; it is just in order to provide a facility for the officers serving in the Navy who are denied this facility.

With these words, I move.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed."

The motion was adopted

15.26 hrs.

INDIAN WORKS OF DEFENCE (AMENDMENT) BILL

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI J. B. PATNAIK): Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the Indian Works of Defence Act, 1903, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

This amendment again is a very simple one. The Act came into force in March, 1903. The purpose of the Act was to keep our works of defence and the assets as safe and secure as possible. For this purpose, certain restrictions were imposed on the use of lands adjacent to the works of defence. The Act also provided for determining the amount of compensation to be paid for the removal of such buildings or constructions around or adjacent to any works of defence and to provide a machinery for this purpose. The machinery to enforce the provisions of the Act has been specified under section 37 of the Act. Under this section, it is usually the Collector or an officer authorised for this, who has to enforce the provisions of this section. If in enforcing the provisions of this section, the Collector or the officer authorised is impeded in his duty, then he is empowered to enforce compliance for this purpose. If he is himself a magistrate, he can enforce compliance, having the magisterial power. If he is not, he will have to apply to a magistrate and in certain places like Calcutta, Madras and Bombay, the police commissioners have been empowered with the magisterial powers. So, in these three cities, the Collector has to apply for

compliance with the provisions to the police commissioners.

There are some places where the post of Police commissioners have been created. For example, at Nagpur and Poona. To provide for this in the Act, the amendment is brought before the House to the effect that the Collector has to apply to the police recommissioners wherever such posts are created.

The Government has taken advantage, taking this opportunity, to bring forward two minor amendments to the Act. The first is to the short title of the principal Act, namely, the Indian Works of Defence Act. Now, this prefix "Indian" is not given to any of our Acts, and we have taken this opportunity to remove this prefix from the name of the Act. It would be simply the "Works of Defence Act, 1903."

According to section 44 of this At, the Central Government is authorised to make rules for the guidance of officers in all matters connected with the enforcement of this Act. Now. all such rules have to be placed before both Houses of Parliament, and hence we have made a provision to this effect.

With these words, I move.

MR. DEPUTY SPEAKER: Where is the amendment by which you seek to remove the word "Indian?"

AN HON. MEMEBEI.: It is there.

MR. DEPUTY SPEAKER: One Minute. This Bill, as passed by the Rajya Sabha, says in clause 1:

> "This Act may be called the Indian Works of Defence (Amendment) Act, 1973."

You said that you had taken the opportunity of removing the word 'Indian'. I do not see it anywhere here.

The purpose of the Bill as far as I see is that besides the Commissioners of Police of Calcutta, Madras and Bombay, the Commissioners of police in other cities as may be appointed will also be empowered to enforce the Provisions.

श्री मोहम्मद इस्माइल (बैरकपुर) : डिप्टी स्पीकर साहब, इण्डियन वर्क्स आफ़ डिफेन्स के सिलसिले में जो बिल पेश किया गया है, मुझे इस से कोई खास इख्तिलाफ़ नहीं है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि यह एक्ट 1903 का है । ब्रिटिश हुकमत ने इस कानून को बनाया था, बीच बीच में जरूरत पड़ने पर इस में अमेण्डमेन्ट्स होते गये और इस वक्त भी अमेण्डमेन्ट ही पेश किया गया है । मैं सरकार से यह उम्मीद करता था कि इस तरह के पीस-मील अमेण्डमेन्ट्स न ला कर वह कोई काम्प्रीहैन्सिव बिल लाती और इस कानून में मौजूदा ज़माने के लिहाज से तबदीलियां करती ।

दूसरी बात—इस अमेण्डमेन्ट बिल को लाने की बात आप के दिमाग़ में तब उठी, जब मुल्क में और इस पार्लियामेन्ट में मारुति का सवाल उठा । यह सवाल इतने ज़ोरों से उठा कि शुक्ला जी उस का जवाब न दे पाये, पूरी कैबिनेट भी उस का जवाब नहीं दे सकी, आप उस को डिफेण्ड नहीं कर सके । बड़ी बड़ी साजिशें इस के अन्दर चलीं । जो ज़मीन डिफेन्स के महकमे के तेहत थी उस को नाजायज़ तौर पर मारुति कम्पनी को दिया गया । जब उस की छानबीन शुरू हुई तब आप इस अमेण्डमेन्ट को लेकर यहां आये ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: This question came up so many times. It is not within the scope of the Bill. The scope is only to empower Commissioners of Police besides those of Calcutta, Madras and Bombay to en-

[Mr. Deputy Speaker]

force the restrictions. Why go into that case which has figured in this House again and again?

श्री मोहम्मद इस्माइल : जहां तक कलकत्ता का सावल है—मेरा तजुर्बा यह है कि मेरी अपनी कांस्टीचूएन्सी में डिफेन्स का बहुत बड़ा इलाका है—इच्छापुर से लेकर दमदम तक फला हुआ है, जिस में डिफेन्स की फैक्ट्रीज हैं । उस इलाके में डिफेन्स की इस जमीन पर सैकड़ों-हजारों मकान बन गये हैं, लोग किराये वसूल कर रहे हैं, लेकिन यह भी पता नहीं है कि उस जमीन का कौन मालिक है । जब जगजीवन राम जी डिफेन्स विभाग में थे तो मैंने उन से पूछा था कि ये जमीनें किस की हैं । अगर ये जमीनें हमारी हैं तो इन पर मकान कैसे बन गये । तब उन्होंने एक कानून लागू किया—बंगाल का जो रेन्ट कन्ट्रोल एक्ट था उस के मातहत उस को लाये । इतने दिनों से लूट मच रही थी, लेकिन कोई देखने वाला नहीं था ।

वनहुगली में पचासों बीघे जमीन है । जब मैं वहां जाता तो लोग पूछते हैं । म्युनिस्पिल कमेटी नालियां बनाती है लेकिन यही मालूम नहीं कि वह जमीन किस की है । स्टेट गवर्नमेंट से पूछते हैं तो वे कहते हैं कि हमारे रिकार्ड में नहीं है । डिफेन्स वालों से पूछो तो व कहते हैं कि हमारे पास तो रिकार्ड नहीं है, दिल्ली रेफर कर रहे हैं । वहां डण्ड-बठकें लगती हैं, गुण्डे राज करते हैं । यह डिफेन्स की जमीनों की हालत है, एक्ट होते हुए भी आपने कुछ नहीं किया ।

कैन्टोंनमेन्ट एक्ट के तहत जो उन के आसपास के इलाके हैं, उन पर ऐसी पाबन्दियां आप ने लगा दी हैं कि लोग परेशान हो गये हैं। मैं यह जिक्र इसलिये यहां कर रहा हूं कि ये चीजें में आप की नजर में लाना चाहता हूं । अमेण्डमेन्ट आप चाहे जो भी लायें हैं, लेकिन आप को यह देखना चाहिये कि अंग्रेजों के जमाने में आप के पास कितनी जमीन थी, कहां कहां थी उस का पता लगाइये और अपने कब्जे में लीजिये । अगर आप के पास फालतू जमीन पड़ी है तो उस को किसान को दे दीजिये ताकि वह अनाज पैदा कर सके । गरीबों को बांट दीजिये ताकि वह अपने लिये मकान बना ले । यह नहीं होना चाहिये कि दूसरे उस जमीन को तकसीम करें, आप के यहां अण्डर-ग्राउण्ड इस तरह से चल रहा है और आप के अफसरान लाखों रुपया इस तरह से लूट रहे हैं । मैं चाहता हूं कि इस की जांच कराई जाय । एन्कवायरी करा कर आप उस रिपोर्ट को सदन के सामने रखें ताकि सदन को पता चल सके कि आप ने क्या कार्यवाही की है ।

तीसरी बात—आज डिफेन्स डिपार्टमेन्ट में करप्शन का बोलबाला है, इतना करप्शन आप कहीं नहीं सुनेंगे । आप के यहां मिलिट्री रूल है, बड़ा डिस्प्लिन है लेकिन फिर भी लाखों रुपये का माल गायब हो जाता है और कोई कुछ नहीं कर सकता । बाहर का तो कोई इन्टरफीअर कर ही नहीं सकता, दूसरी जगह पुलिस तो जा सकती है, लेकिन यहां तो उस का भी दखल नहीं है—दिन-दहाड़े ये सब कम होते हैं इच्छापुर फैक्ट्री में गाड़ी-की-गाड़ी पीतल की चली जाती हैं, कोई बोलनेवाला नहीं है—यह अन्धेर नगरी चौपट राजा नहीं तो क्या है ? अगर किसी एम्पलाई ने कम्पलेंट कर दिया तो दूसरे दिन उस को सस्पैण्ड कर दिया जाता है, तुम ने क्यों इन्टरफीअर किया ? मैं जब से एम०पी० हुआ हूं, मैंने बहुत सी चीजें शुक्ला साहब को लिख कर भेजी हैं । अब आप आये हैं, आप को भी भेजूंगा, देखना है कि आप क्या करते हैं ।

इस तरह की धांधली डिफेन्स के एम्प्लाइज के साथ हो रही है । इतना ही नहीं, वहां जो सामान बनता है, उस में बहुत

सी चीजें बिड़ला के लिये ईयरमार्क कर दी गई हैं, ये-पुर्जे बिड़ला की फैक्टरी में बनेंगे। हमारे बड़े अच्छे अच्छे नौजवान लड़के वहां काम कर रहे हैं, नई चीजें ईजाद करते हैं, उन को उठा कर ट्रांस्फर कर दिया जाता है, हैदराबाद भेज देते हैं, नौकरी करनी है तो वहां जाओ। मैं ये बातें यहां पर आप की आगाही के लिये अर्ज कर रहा हूं।

जहां तक इन की सर्विस कण्डीशन्ज का सवाल है, जो प्रोडक्शन होती है, चोरियां होती हैं, करप्शन होती है, इस को रोकने का सवाल है--मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि ये लोग किस तरह से दिलचस्पी लें। आप चूंकि नये आये हैं, मुझे उम्मीद है कि आप कुछ कर के दिखलायेंगे। लेकिन जो कुछ करें उस को सदन में भी पेश करें। ऐसा न हो जैसा तुलमोहन राम के मामले में हुआ, वैसी धांधली यहां न होने पाये। सीधे-सीधे तहकीकात करें और उस को देश के सामने रखें ताकि हम लोगों को भी मालूम हो सके और हम अपने क्षेत्र में जनता को बतला सकें कि उन मामलों पर तहकीकात हो रही है, विचार हो रहा है।

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Sir, while supporting the Bill I fully associate myself with the sentiments expressed by my hon. friend, Shri Mohd. Ismail. I come from Kanpur where also there is a cantonment with four defence factories and other defence units with nearly 35,000 employees. It is a fact that some plot of land is just taken over by the Defence Ministry or some defence department without any purpose. I can understand that the security has to be maintained but in the name of security, if large tracts of areas taken over by the defence department, which could be profitably used for cultivation and other purposes, it is not proper. This matter was brought to the notice of the Government in 1958 by a non-official resolution and at that time Shri Majithia, the then Deputy Defence Minister, assured the House that a comprehensive legislation is likely to be brought in soon which will amend those provisions in the existing Cantonments Act. I am told that a committee was appointed recently by Shri Jagjivan Ram, the then Defence Minister, with Shri Dave as Chairman and that he has submitted his report. I want to know what has happened to that report.

Are we really amending the existing Cantonments Act which was enacted by the Britishers? It was the idea of the British that the army should not be kept in touch with the people. So, they kept them separate. Today the army consists of the children of the soil, the brave sons of the peasants, workers and middle class employees of our country.

So, they should not be kept in isolation. Also what is the use of keeping so much of land idle when it could otherwise be profitably used?

Certain instances have been brought to our notice where some buildings which have been put up in those lands, either in the form of jhuggies or jompries or small cottages, they are demolished. This happened in Jubbalpur not long ago. Hundreds of people who have lived in those lands for the last 20 to 30 years suddenly received notice one day that their houses or cottages were likely to be demolished. Thanks to the intervention of the hon. Minister of State in the Defence Ministry, Shri Shukla, and also the then Defence Minister, Shri Jagjivan Ram, those cottages are still there and they will be regularised.

Why should this depend on the Military Estates Officer or the Director of Lands and Buildings? It can be done on the basis of the report of some officer in the Cantonment Board. So I would request, the hon. Minister to go through the various provisions in the Cantonments Act also along with this. We do not mind passing this legislation, if it is required, but the time has

[Shri S. M. Banerjee]

come when the entire complexion of the cantonments will have to be changed. Because, we cannot possibly afford to have more land at the disposal of the defence units than is absolutely necessary when we have a large number of peasants and landless labour. After all we canot stretch our land; land cannot expand; it can only shrink So, distribution of this land has to take place among the landless labour.

Then, everybody has to tighten his belt and, specially, the Defence Ministry has also to sacrifice in the interest of the country. I do not say that they are not doing it. They are doing it. They are laying down their lives for the sake of the country.

You take any Defence project, any ordnance factory at Ambajhari and at other places. I have been told that a huge area of land is lying at the disposal of the Defence Ministry. Let them put up farms there. Let the Defence Department start farms there. When there is a tremandous shortage of food in the country, when the people are dying of starvation how can we afford to have so much of land in the name of the security of a particular Defence project? This is a sad commentary on socialism and the talk of giving land to landless labour.

Another point is, as my hon. friend, Shri Mohammad Ismail, said, there are no quarters for the Defence employees working in the Ordnance Depots. You take all the Ordnance Depots throughout the country whether in Delhi Cant. or in Kanpur or anywhere else. The quarters are available only to the 50 per cent of the employees of the Ordnance factories. There is the M.E.S. They are supposed to build quarters for everyone. Naturally, you cannot expect efficiency from the Defence employees if they know that their address is only "C/o footpath". I would request the hon. Minister to do something about it.

I would urge upon the hon. Minister to assure the House that a comprehensive Bill be brought forward by the Government which will change the complexion of all the Defence projects and the surplus land available with the Defence Ministry either in the form of a project or an ordnance factory or a depot will be made available for cultivation purposes, for constructing quarters and so on.

I can understand about an ammunition factory that you cannot possibly construct anything within a range of 5-6 miles of the ammunition factory. But about those factories which are not ammunition factories, there at least you could do it. I would request the hon. Minister to go to the Panagarh depot and see that a stretch of land, kilometre after kilometre, is there which has become a dumping ground. Where the surplus land is available, it should be given to the peasants.

With these words I would request the hon. Minister to throw some light on these matters. Let the hon. Minister assure us that he will apply his mind to these things. The whole difficulty is that by the time anybody is able to apply his mind honestly, intelligently and objectively on a paticular subject, he is transferred to another Ministry. This reshuffling has become the order of the day. I do not know when she is going to stop the reshuffling every year, every six months. When a Minister understands that the word is not "Ordinance" but Ordnance", he is shifted to another Ministry. I am saying from my own experience. (*Interruptions*)

This is a harmless Bill. I support it I have spent the ambitious period of my life about 20 years, in the Ordnance Depot. The hon. Minister is more educated than me. I would request him to consider the suggestions made by me.

श्री राम रतन शर्मा (बांदा) : इंडियन वर्क्स आफ डिफेंस एमेंडमेंट बिल 1973 के बारे में मंत्री जी का कहना है कि यह बहुत छोटा सा बिल है। इस पर मुझे एक कहानी याद

आ गई । एक आदमी बाजार में दो उल्लू बेच रहा था, एक बड़ा था और दूसरा छोटा उल्लू था । एक आदमी खरीदने पहुंचा । उसने कहा कि बड़े उल्लू की क्या कीमत है, उसने पांच रुपये बताई । जब उसने छोटे उल्लू की कीमत पूछी उसने दस रुपये बताई । खरीदने वाले को बड़ा ताज्जुब हुआ । उसने कारण पूछा तो उसने बताया कि बड़ा उल्लू खाली उल्लू है जबकि छोटा उल्लू उल्लू का पट्ठा है, इसलिए इसकी कीमत ज्यादा है । मंत्री जी ने बड़े इन्नोसेंट शब्दों में कहा है कि यह बहुत छोटा सा बिल है । मैं अपने पूर्व वक्ताओं से इस बात में सहमत हूं कि उनको एक कम्प्रिहैंसिव बिल लाना चाहिये और देश की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ न कर सके इसको देखना चाहिये ।

1903 का यह एक्ट है । इस एक्ट के तहत डिफेंस प्रोडकशन और फैक्ट्रीज के आसपास की जमीन पर कोई अनआथोराइज्ड आक्युपेशन न हो इसके लिए इस में सेफगार्डज रखे गए हैं जब से स्वतंत्रता मिली और आप शासन में आए तब से मैं जानना चाहता हूं कि इस एक्ट के तहत आपने कितने केसिस चलाए हैं, कितनी ऐसी जमीन पर और किन लोगों द्वारा अनआथोराइज्ड आक्युपेशन किया गया है और कितनी उस में से आपने छुड़ाई है, कलैक्टर्ज ने कितने केसिस में एक्शन लिया है । जब देश की प्रधान मंत्री मारुति कार के लिए डिफेंस की जमीन पर अतिक्रमण कर सकती है, जब देश के मुख्य मंत्री और मंत्रीगण ऐसा कर सकते हैं तब आप क्या यह समझते हैं कि साधारण को अधिकारीगण हैं तथा दूसरे जो भी पावर में हैं वे इस तरह के काम नहीं करेंगे ? कानून आप सुबह से शाम तक बनाते हैं लेकिन उन पर अमल नहीं होता है । अमल ही महत्वपूर्ण है । कानून बनाना महत्वपूर्ण नहीं है । कानूनों का संरक्षण करना, उन पर चलना महत्वपूर्ण है । मुझे दुख है कि आप कानून के हिसाब से नहीं चलते हैं । उसके हिसाब से आचरण नहीं करते हैं । आप अपनी आचरण सुधारें ।

आप पीसमील लेजिस्लेशन ला रहे हैं । आप ने चाहे सही या गलती से कहा कि आप इंडियन वर्ड को हटाना चाहते हैं, इंडियन वर्क्स आफ डिफेंस में इंडियन को ओमिट आप करना चाहते हैं । 1903 के एक्ट में जो डैफीनीशन क्लाज है उसको आप पढ़ें । सेक्शन 2 को पढ़ें । उस में कई चीजें आपको ऐसी मिलेंगी जिन में सुधार होना चाहिये । मैं उदाहरण देता हूं । एंटाइटल्ड टू एक्ट को आप देखें ।

"The following persons shall be deemed 'entitled to act' as and to the extent hereinafter provided, that is to say—

A married woman, in cases to which the English law is applicable, shall be deemed the person so entitled to act and whether of full age or not to the same extent as if she were unmarried and of full age."

SHRI J. B. PATNAIK: That has already been amended by the Amending Act of 1965.

श्री राम रतन शर्मा I am coming to that. You have amended in 1965.

वह एमेंडमेंट किया । फिर इसको रखा क्यों ? 1965 में ये सब चीजें क्यों नहीं कीं, इसको भी तब खत्म क्यों नहीं किया । अब 1974 में क्यों कर रहे हैं । इसको भी आपने रखा, उसको भी रखा । लायर्ज पैरेडाइज आप कानूनों को क्यों बनाते हैं । ऐसे कानून बनाएं जो साधारण जनता की समझ में आ सकें । प्रोवाइडिड, प्रोवाइडिड कितने ही आप जोड़ देते हैं । इसकी क्या जरूरत है । 1965 में जो एमेंडमेंट आपने किया वह अपनी जगह पर ठीक है । मैंने उसको देखा है । उसके बारे में मेरी आलोचना नहीं है । मेरा कहना यह है कि

[श्री राम रतन शर्मा]

पूरे लजिस्लेशन को आप एक बार पढ़, और जो चीजें आज की कंडिशंज में फिट इन नहीं होती हैं उनको आप निकालें या बदलें और एक कम्प्रिहैंसिव बिल इस सिलसिले में लाएं। 1965 में इन्होंने जो एमेंडमेंट किया 2(ए) एक्ट 39 आफ 1965 के हिसाब से उसी समय आप सब कर सकते थे। उसकी तरफ आपने आज तक ध्यान नहीं दिया। और सब से बड़ी बात यह है कि आज तक जितने केसिस एनक्रोचमेंट के हुए हैं, दूसरों से उस जमीन पर कब्जा करवाया गया है, दूसरों को बांटा गया है उस सब के क्या दूरगामी परिणाम होंगे इसको देखा जाए।

अन्त में मैं पुनः आग्रह करता हूं कि इन सब चीजों को देख कर एक कम्प्रिहैंसिव बिल लाया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके और जनता की अच्छी तरह से रक्षा हो सके और डिफेंस की भी रक्षा हो सके।

*SHRI J. MATHA GOWDER (Nilgiris): Mr. Deputy Speaker, Sir, I rise to say a few words on the Indian Works of Defence (Amendment) Bill. As the hon. Minister pointed out in his introductory remarks, this is no doubt a small piece of legislation. But, the problems being faced by the common people as a result of implementation of the parent Act are manifold.

Initially, I would refer to Clause 4 of the Bill which provides the Government with the powers to formulate rules under this Act and also to place such rules on the table of both the Houses of Parliament. I have to say that there is firstly inordinate delay in framing rules not only under this Act but also under many other Acts. If after many months of enactment of a legislation the rules are framed, there is every chance of exceeding the powers granted to the Government under the provisions of the Act. We have the most important committee called the Subordinate Legislation Committee which examines thoroughly the rules to find out whether there has been any excess committed by the Government in delegating the powers under the rules. As we normally see every day, there is also unconscionable delay in laying such rules on the table of this House. In consequence the Subordinate Legislation Committee cannot function effectively and purposefully. By the time the Subordinate Legislation Committee examines this question and submits its report to the House, the Government would have gone on implementating the rules and regulations, however defective or excessive they might be in comparison with the provisions of the parent Act.

I would like to request the hon. Minister to ensure that the rules are framed expenditiously and placed on the table of both the Houses of Parliament without undue delay. They only the question of delegated legislation will have its significance in our democratic system.

16.00 hrs.

Sir, in my Constitutency, the Nilgiris there is Willingdon Cantonment, where many civilians are living. I regret to point that the Cantonment Board has not provided to them even the minimum basic amenities for living to these civilians. I have taken up this issue many times with the Cantonment Board authorities. They take great care and caution in meeting the requirements of their own Officers living there and the civilians are left to fend for themselves. I am sure that this must be the fate of civilians in almost all the Cantonment areas in many parts of our country. I request through you the hon. Minister to look into this human problem and do the needful immediately.

Similarly, in the Cantonment area of Willingdon, vast tracts of land had been taken on 99-years lease from the villagers by the Britishers. Now the 99-year lease period is over. The lands

*The original speech was delivered in Tamil.

have not been purchased outright from the villagers; they were getting all these years only lease charges. The villagers have been repeatedly pleading with the authorities that the lands must be returned to them because the 99-year lease period is over. If that is not possible they should be given alternative land outside the Cantonment area. If that is also not feasible, they should at least get adequate compensation for the land which has been taken from them on 99-year lease only. But all their pleas have fallen on the statue-like Cantonment Board which remains unmoved. I appeal to the hon. Minister that he should bestow his personal attention in solving this human problem. I would even go to the extent of saying that the lands which remain unutilised by the Cantonment Board could easily be cultivated by the local people; after all they are the citizens of this country; they are not going to manufacture bombs in such areas. They will naturally contribute something to the nation's growing requirement of foodgrains. We are passing through such hard times that every inch of cultivable land, whether it is within the Cantonment area or not, should be utilised for producing foodgrains. If the Cantonment authorities cannot trust the local people let them do cultivation themselves and produce foodgrains. We cannot afford to allow such vast tracts to go waste. I hope that the Government will ponder over this problem in all seriousness.

There is another important issue in my constituency, The Nilgiris. There is Aravangod Cardite Factory which was set up by the Britishers. They chose this area for producing gunpowder etc. because of the salubrious climate in this area. There is vast area available for expanding this factory. Instead of expanding this factory, the Government, I regret to point out are shifting in parts this factory to the northern parts of our country. I do not know the reasons for taking away this landmark in my constituency. I would appeal to the hon. Minister that he should stop this process of shifting this factory to other places. It should be expanded further in Aravangod itself. The Government should not deprive the backward area like my constituency by taking away this factory to some other place; this will further reduce the dwindling job opportunities in this area. I appeal to the hon. Minister that the Government should formulate a comprehensive land policy in the Cantonment areas of the country.

श्री नाथूराम अहिरवार (टीकमगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, जो संशोधन प्रस्तुत किया गया है, मैं उसका समर्थन तो करता हूं, लेकिन मैं इस बारे में कुछ सुझाव देना चाहता हूं ।

मेरे क्षेत्र में झांसी और बबीना दो कैन्टोनमेंट बोर्ड हैं । जब बबीना कैन्टोनमेंट बोर्ड बना, तो 17, 18 गांवों को हटा दिया गया और वहां के किसानों की जमीन ले ली गई, बहुत से किसान गांव छोड़कर चले गये । लेकिन वह जमीन आज भी खाली पड़ी हुई है । मिलिटरी की तरफ से न उसका कोई उपयोग होता है और न ही कोई खेती होती है । किसानों को अपनी जमीन के बदले में न जमीन मिली है और न मुआवजा मिला है ।

झांसी कैन्टोनमेंट बोर्ड बहुत पुराना है । वहां की इमारतें 1914 से पहले की बनी हुई हैं । इस समय ऐसा कानून है कि अगर किसी आदमी की खपरैल गिर भी जाये, तो वह दूसरी खपरैल नहीं बना सकता है । बाहर तो लोग लीपा पोत कर अच्छे औपड़ बना लेते हैं, लेकिन वह खपरैल भी ठीक नहीं कर सकता है । छत डालना तो दूर की बात है । कैन्टोनमेंट एक्ट बहुत पुराना है और उसमें संशोधन करना आवश्यक है ।

कैन्टोनमेंट एरिया में मिलिटरी पर्सोनल के लिये तीन तीन मन्जिला मकान बनाये जाते हैं ? तो फिर बस्ती में रहने वाले लोग क्यों नहीं अच्छे मकान बना सकते हैं ? वहां पुराने टाइप की लैट्रिन्ज बनी हुई हैं,बड़ी गन्दी नालियां हैं और सफाई का कोई इन्तजाम नहीं है । ऐसी हालत में बस्ती में से गुजरना

[श्री नाथू राम अहिरवार]

मुश्किल होता है और वहां बीमारियां भी बढ़ती हैं ।

कैन्टोनमेंट बोर्ड के दो सदस्य वहां के एक्सीक्यूटिव आफिसर से मिलने के लिये गये, जो कि एक कर्नल है । उस कर्नल ने उनको कहा कि ठीक खड़े रहो, मैं यहां का कर्नल हूं, मैं तुम्हें बाहर निकाल दूगा । उसने जनता के चुने हुये मेम्बरों को धक्का देकर बाहर निकाल दिया । मैंने इस बारे में लिखकर शिकायत भेजी है ।

झासी कैन्टोनमेंट की बहुत बुरी हालत है । वहां पुराने मकान और बंगले हैं, जो बहुत बुरी हालत में हैं । अगर वहां मकान बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है, तो म्यूनिसिपैलिटी को दे दीजिये । मकानों को नीलाम करने और लीज पर देने की बात कही जाती है । मेरा निवेदन है कि इतने पुराने कैन्टोनमेंट एक्ट के स्थान पर नया कानून बनाया जाये, ताकि अच्छे मकान बन सकें और स्वास्थ्य-सेवाओं की व्यवस्था की जा सके ।

श्री जनेश्वर मिश्र (इलाहाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, इस बिल को देखने के बाद और मंत्री महोदय का भाषण सुनने के बाद मैं अभी भी इस राय का हूं कि अगर यह बिल पास कर दिया जाये, तो वह इस लिये निरर्थक हो जायेगा कि डिफेंस की जगह के बगल में जो बड़े लोग अपनी इमारतें बना लेते ह या कारखाने खुलवा लेते हैं, उन लोगों की इमारतों और कारखानों को हटाने की क्षमता इस सरकार में नहीं है । इस स्थिति में यह बिल बेमतलब है । बिल की भाषा शक्तिशाली है, लेकिन इसका मतलब तभी सिद्ध हो सकता है, जबकि इसके द्वारा इस प्रकार के निर्माण को रोका जा सके ।

कई पूर्ववक्ताओं ने मारुति कारखाने का जिक्र किया है । पालम हवाई अड्डे के बगल में डिफेंस आफिशल्ज ने उस पर आपत्ति की, लेकिन हरियाणा के मुख्य मंत्री ने बहु जमीन मारुति कारखाने खोलने के लिये दे दी । अगर मंत्री महोदय इस बिल के पास हो जाने के बाद वह कारखाना रुकवा देगें, तब तो इस बिल का कोई मतलब है । जो गरीब हरिजन, धोबी, नाई और भंगी आदि मिलिटरी के लोगों की सेवा करते हैं, और कैन्टोनमेंट बोर्ड के बगल में सदर बाजार के नाम पर बसा करते हैं, अगर मंत्री महोदय इस बिल के द्वारा उनकी झौंपड़ियों को गिराने का अधिकार चाहते हैं, तो हम समझते हैं कि इस बिल का कोई मतलब नहीं है ।

कहीं न कहीं तो आप की सरहद बनेगी न । डिफेंस की जमीन होगी और उसके बाद सिविल लोगों की जमीन होगी । बीच में कहीं सरहद बनेगी । आम तौर से जहां कहीं डिफेंस आफिशल्ज रहते हैं, वहां उसके बगल में जो मुहल्ले बना करते हैं, हमने देखा है कि उत्तर प्रदेश में और अन्य कई जगह उनको सदर बाजार कहते हैं । एक तरफ तो डिफेंस के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिये आप बढ़िया इमारतें बनते हैं । उन क दरवाजे पर तोप खड़ी कर देते हैं और गुलदस्ते सजाते हैं और दूसरी तरफ सदर बाजर के नाम पर जो बस्तियां बनी रहती है, जहां उन अधिकारियों के कपड़े धोने वाले, उनके पाखाने साफ करने वाले और उनके यहां झाड़ लगाने वाले लोग रहते हैं, उन बस्तियों में पाखाने बदबूदार होते हैं और सड़कें ऊबड़-खाबड़ और टूटी हुई होती है । कैन्टोनमेंट की तरफ से इस बारे में कोई इन्तजाम नहीं होता है और डिफेंस भी उसको कभी नहीं देखता है । आखिर डिफेंस की जमीन हिन्दुस्तान के बाहर की जमीन नहीं होगी—वह इसी मुल्क की जमीन होगी । सरहद के बगल में जो आम जनता रहती है, वह आपके तहत होती है, वह किसी सिविल अधिकारी के तहत नहीं होती है । इसलिये इस बिल में उन लोगों के लिये सड़कों और सफाई आदि का इन्तजाम करने की गारंटी देनी चाहिए ।

[illegible] बहुत जमीनें होती हैं। मैंने कई जगह देखा है। कई हवाई अड्डे देखे हैं। इलाहाबाद में देखा है। अंग्रेजी जमाने के हवाई अड्डे हैं। जमीनें पड़ी हुई हैं। आज तक उन पर कोई काम नहीं हुआ। एक इरादतगंज में हवाई अड्डा है। अभी जब पाकिस्तान से बंगला देश वाले शरणार्थी आये थे तो महीने डेढ़ महीने के लिये उन्हें ठहराया गया था वरना 27 साल से वह जमीन बैरन पड़ी हुई है। उसका कोई मतलब डिफेंस से है नहीं, कोई रिश्ता नहीं है, लेकिन उसको फंसा कर रखना चाहते हैं। लोग मांग करते हैं कि आप दे दीजिये, हरिजन हैं, गरीब हैं या आपके ही मुहकमे के बहुत से लोग होंगे जो नौकरी करते होंगे, उनके घरों पर जमीन नहीं होगी, उन के रिश्ते दारों को दे दीजिये, वे खेती करें। लेकिन आप देते नहीं हैं। किस लिये वह जमीन रखे हुये हैं? आज देश में खाने का ठिकाना नहीं है। हिन्दुस्तान की सरकार दौड़ दौड़ कर विदेशों में गल्ला भीख मांगने के लिये जाती है। दूसरी तरफ विदेशों से लड़ने के लिये जो मिलिटरी रखी जाए उसके लिये इतनी फालतू जमीन रखी जाये, मैं समझता हूं कि यह बहुत अच्छा सिम्पटम हिन्दुस्तान के लिये नहीं है। इसलिये मैं आग्रह करूंगा कि ऐसी जितनी भी डिफेंस की जगह हैं जिनका कोई इस्तेमाल पिछले पांच सात साल से नहीं हो रहा है और आपके अधिकारी यह रिपोर्ट दे सकते हैं कि आने वाले दस सालों तक इस जमीन की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी इस तरह की जमीनें उन लोगों के बीच में जो हरिजन हैं, भूमिहीन हैं या आपके डिफेंस के ही गरीब एम्प्लाइज हैं उनके रिश्तेदार हैं, उनमें बंटवा दीजिये। आपके ही डिफेंस के बहुत से एम्प्लाई जो लड़ाई में मारे गये हैं उनकी विधवाएं हैं, उनकी मां हैं; उनके बूढ़े बाप हैं उनमें बंटवा दीजिये। उससे पैदावार करके वे अपने रोजी रोटी चलायें।

चौथी बात-कई जगहों पर मैंने देखा है कि जहां डिफेंस की जमीन है डिफेंस के लोग [illegible] सड़क बनी हुई है, मुश्किल से एक फर्लांग के आगे पी डब्लू डी की सड़क चलती है केवल एक फर्लांग के लिये डिफेंस की जमीन पड़ती है तो उसमें ये लोग कहते हैं कि पी डब्लू डी के द्वारा हम मरम्मत नहीं होने देंगे। अपनी सड़क की तो ये खुद मरम्मत करते नहीं है और हिन्दुस्तान भर में पी डब्लू डी और सी० पी० डब्लू डी की जो भी सड़क होती है उस पर अपनी मोटर गाड़ियां और भारी मोटर गाड़ियां चलाने के लिये तैयार हैं। लेकिन इनके यहां एक फर्लांग भी डिफेंस की जमीन सड़क में आ गई तो ये चाहते नहीं कि इसकी मरम्मत कराई जाय या बराबर वाला सड़क के बराबर कर दिया जाय। यह छिड़की में जहां डिफेंस का डिपो है वहां पर मैंने देखा है कि केवल एक फर्लांग का रास्ता है। डिफेंस मिनिस्ट्री से वहां के गाव के लोग, प्रधान लोग, कई बार फरियाद कर चुके हैं कि पी डब्लू डी ने यह सड़क ले ली है, इसमें एक फर्लांग जो यह पड़ता है इसकी चाहे तो डिफेंस मिनिस्ट्री वाले मरम्मत करा दें, नहीं तो पी डब्लू डी के लोगों को देदें वे मरम्मत कर देंगे। लेकिन जिद है क्योंकि पल्टन के लोग हैं, इनकी जिद हुआ करती है। इनकी जरूरत पड़ती है जब मुल्क पर कोई खतरा आता है तो हम लोग इनके यहां कहने जाते हैं कि आइये मदद कीजिये। लेकिन इतना मैं कह देना चाहता हूं कि किसी मुल्क की हिफाजत अकेले पल्टन नहीं किया करती है, मुल्क की हिफाजत मुल्क की तमाम जनता किया करती है। इसलिये उसकी जरूरतो को नजर अन्दाज करके केवल पल्टन की जमीन के नाम पर गरीब को उजाड़ते जायेंगे और जो लोग राज काज में रहेंगे, उन के बेटों को कारखाना खोलने के लिये इजाजत देंगे तो यह आप का बिल बिल्कुल निकम्मा होगा और इस बिल को पेश करके आप केवल इस सदन का समय खराब करेंगे। इतना ही मुझे कहना था।

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) : मेरी नजरों के सामने जो गुजरा है वह मैं बयान करना चाहता हूं। दस और ग्यारह तारीख को बहुत बड़े पैमाने पर हजार से ज्यादा लोग घायल किए गए हैं जो पटना की सड़कों पर प्रदर्शन करने आ रहे थे और यह मांग करने आ रहे थे कि विधान सभा की बैठक बुलाई जाए, एक एकड़ से कम जमीन वालों पर जो कर्जा है उसको मंसूख किया जाए, मुनाफाखोरी को खत्म किया जाए। ट्रेन के होस पाइप को निकाल कर गाड़ी को रोक कर नीचे बैठे लोगों पर लाठियां, छुरों, गंडासों, भालों आदि से हमला किया गया और उनको घायल किया गया। लोक नायक आजाद जो हरिजन एम एल ए हैं और 1940 से ही लगातार हमेशा जेल जाते रहे हैं उनको घसीट कर बाहर ले जा कर उसके सारे बदन को छुरों से घायल किया गया। जहां पटना में गांधी मैदान में सभा होनी थी उसके नीचे टाइम बम जो रख रहे थे उनको पकड़ा गया। उन्हीं लोगों के बारे में कहा गया है कि उनको लाठियां से पीटा गया था। पटना में कम्युनिस्ट पार्टी के दफ्तर पर बम फेंका गया। देश के अखबार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। चिली में आपको पता ही है कि क्या हुआ है। वहां दक्षिणपंथी पार्टियां और करोड़पतियों के अखबारों ने राष्ट्रपति अलंदे के खिलाफ साजिश में समर्थन दिया था। आज उन अखबारों और उन दक्षिणपन्थी पार्टियों को भी गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया था। इससे हिन्दुस्तान के जो समर्थक हैं, उनको उनके सबक सीखना चाहिये। अगर आप चाहते हैं कि हम बहस के जरिये, एक दूसरे को समझा कर, शांतिपूर्वक सभा या प्रदर्शन करके देश की हालत को बदलें तो आप को बिहार में जो हालत हुई है उसको खतरे की घंटी के तौर पर लेना होगा। दुर्भाग्य की बात यह है कि श्री जयप्रकाश नारायण जिस एजीटेशन का वहां संचालन और समर्थन कर रहे हैं उन्होंने खुलेआम कहा है कि विधायकों को घेर कर जबर्दस्ती निकाला जाए और तमांचे और थप्पड़ भी उनको मारे जाएं। यह चार तारीख वाले प्रदर्शन के पहले कहा गया था। मैं चाहता हूं कि इस पर अगले सप्ताह बहस की जाए। यह एक दल या एक व्यक्ति का सवाल नहीं है। सारे देश के लिए और जनतन्त्र लिए खतरा पैदा हो गया है। देश के अखबार इसको महत्व नहीं दे रहे हैं। मैंने इसके बारे में आपको सूचना दी है। आपको अगले सप्ताह इस पर विचार करने का सदन को मौका देना चाहिये ताकि भारत को चिली बनाने का जो खतरा पैदा हो रहा है, उसको हम टाल सकें।

SHRI PILOO MODY (Godhra): I want to bring to the notice of the

House that yet another University has been turned upside down at Kurukshetra because of the stupid and repressive policy of the Haryana Government.

MR. SPEAKER: These are State matters. Why do you refer to them here?

SHRI PILOO MODY: No, Sir. I do not bring up any State matters here. I am bringing up only a matter in which I am concerned and you are also concerned, namely, education and the University Grants Commission.

SHRI MADHU LIMAYE: The University Grants Commission is giving grants to the Kurukshetra University.

SHRI PILOO MODY: It is a physical link. I am giving you a much greater link, and that is civil liberties. I hope these are matters which are of universal interest in this country. As I was saying, on the 4th of November....(*the bell rings*) What is the idea of the bell?

MR. SPEAKER: I have requested him not to bring in State matters.

SHRI PILOO MODY: I am trying to convince you, without the help of others, that these are not State matters but inter State matters. that these have to do with civil liberties, which is a matter concerning the whole of India.

MR. SPEAKER: Then change the rules.

SHRI PILOO MODY: What rule?

MR. SPEAKER: The rules which you have.

SHRI PILOO MODY: Let me finish. Then you can decide whether it is a State matter or inter-State matter.

On the 4th of November ten rallies were held in ten districts of Haryana in sympathy with the movement that Jayaprakash Narain was holding in Bihar. Nine rallies went off OK but the rally in Kurukshetra was lathi charged, there was firing thereafter, totally disrupting a peaceful meeting, nothing more than a meeting or a rally. Thereafter, the President of the Students' Union, Shri Debendra Sharma, and many others were sitting in a relay fast in front of the Vice-Chancellor's office. The Vice-Chancellor, being a good friend of Shri D. K. Borooah, had gone to Moscow.

MR. SPEAKER: Do not involve the Vice-Chancellor's name and say that he is somebody's friend when you are talking of some firing.

SHRI PILOO MODY: He must be somebody's friend; may be he is your friend also.

MR. SPEAKER: May be.

SHRI PILOO MODY: I did not know. If I knew it. I would have said "may be your friend and the friend of Shri D. K. Barooah". As soon as he returned from Moscow, he had these boys arrested and put in jail even though no charges were framed. Two days later they were rusticated from the University, they were debarred from entering the University. A warrant has been issued, using MISA against these boys. Is MISA a State subject or a Central subject?

14 hrs.

MR. SPEAKER: You are yourself a State subject and a Central subject. I cannot argue with you.

SHRI PILOO MODY: I would like to ask Prof. Nurul Hasan, maybe a friend of yours....

MR. SPEAKER: You are also my friend. Are you denying that you are also my friend?

SHRI PILOO MODY: That is not the matter under consideration. From the interruptions, one would come to the contrary conclusion.

Therefore, I would ask the Education Minister, Prof. Nurul Hasan, to make a full statement and I would also like him to see that universities are not permitted to be used as instruments of repression on innocent students.

MR. SPEAKER: The Minister has noted all the suggestions and will convey to the Ministers concerned.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: As the hon. Speaker has said already, in accordance with the previous practice and convention, I shall convey it to the Ministers concerned.

MR. SPEAKER: Mr. Banerjee. I know you are a great lover of *ghazals*. I am in full sympathy and I also feel very unhappy about it.

14.03 hrs.

CUSTOMS TARIFF BILL

EXTENTION OF TIME FOR PRESENTATION OF REPORT OF SELECT COMMITTEE

SHRI TRIDIB CHAUDHURI (Berhampore): I beg to move:

"That this House do extend upto the last day of the first week of the next Budget Session (1975), the time for the presentation of the Report of the Select Committee on the Bill to consolidate and amend the law relating to customs duties."

MR. SPEAKER: The question is:

"That this House do extend upto the last day of the first week of the next Budget Session (1975), the time for the presentation of the Report of the Select Committee on the Bill to consolidate and amend the law relating to Customs duties."

The motion was adopted

MR. SPEAKER: We now adjourn for lunch to re-assemble at 3 O'Clock **14.05 hrs.**

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fifteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at five minutes past Fifteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*].

RE. BHARGAVA COMMISSION'S REPORT

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now we take up the further consideration of the Reserve Bank of India (Amendment) Bill.

श्री सरजू पांडे (गाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा एक निवेदन सुन लीजिए। भार्गव कमीशन की रिपोर्ट शुगर के बारे में प्रकाशित हो चुकी है। वह अंग्रेजी में छप चुकी है और बाजारों में बिक रही है। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मिनिस्टर साहब मौजूद हैं, उन से मेरी दरख्वास्त है कि कम से कम पार्लियामेंट के मेम्बरों को इस की कापी मिल जानी चाहिए। यह बड़ा ही इम्पार्टेंट मसला है। हमारे बार-बार कहने के बाद भी सरकार सुन नहीं रही है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: One thing everybody must have learnt sitting in this Chair is not to speak out of turn.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): You may just indicate.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Even indication is difficult.

PROF. MADHU DANDAVATE: The ruling party members are able to get copies whereas we are not able to get. There seems to be a one-party system in the country.

SHRI VASANT SATHE (Akola): I have not got it.

PROF. MADHU DANDAVATE: Sir, you are keeping quiet with a vengeance.

15.07 hrs.

RESERVE BANK OF INDIA (AMENDMENT) BILL—Contd.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Madhu Limaye.

श्री मधु लिमये (बांका) : अध्यक्ष महोदय, यह रिजर्व बैंक कानून में संशोधन करने वाला जो विधेयक हमारे सामने रखा गया है उसके बारे में मैं सब से पहले यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस तरह पीसमील ंग से इस कानून का आधुनिकीकरण अच्छा नहीं है। बुनियादी तौर पर रिजर्व बैंक एक्ट के बारे में सरकार को सोचना चाहिए और एक नाया कानून सदन के सामने पेश करना चाहिए। हर एक दो साल के बाद इस तरह के विधेयकों को पास करने का कोई मतलब नहीं होगा।

दूसरी बात यह है और यह बहुत चिन्ता की बात है कि रिजर्व बैंक की जो स्वायत्तता है उस स्वायत्तता को इस सरकार ने बिल्कुल समाप्त कर दिया है। फाइनेंशियर इंस्टीट्यूशंस लाज को ज्वाइंट पालियामेंट्री कमेटी में एक बहुत ही अनोखी घटना हुई जिस की तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं। रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री जगन्नाथ साहब जो आई सी एस है, कमेटी के समक्ष गवाही देने के लिए आए थे। उन से मैं ने एक सीधा प्रश्न पूछा कि इस कानून के बारे में सरकार के पास आप ने अपनी राय भेजी थी और अगर भेजी थी तो क्या इस कानून के बुनियादी सिद्धांतों से आप का विरोध है? तो गवाही देने वाले रिजर्व बैंक के गवर्नर क्या जवाब देते हैं कि सरकार से सलाह मशविरा कर के और सरकार की इजाजत लेकर मैं आप के के प्रश्न का उत्तर दूंगा। ज्वाइंट पार्लिमेंट्री कमेटी का उन्होंने अपमान तो किया ही लेकिन इस से रिजर्व बैंक के गवर्नर की मनोदशा के ऊपर प्रकाश पड़ता है। इस सरकार ने सारे अफसरों को इस तरह गुलाम बना दिया है कि स्वायत्तता की बात तो आप करेंगे लेकिन ज्वाइंटपार्लियामेंन्ट्री कमेटी के सामने एविडेंस देने के लिए वह तैयार नहीं हैं इस डर से कि मन्त्री महोदय क्या कहेंगे? क्या यह घटना हुई है या नहीं, इस की सफाई सुशीला जी को देनी चाहिए। अगरआप चाहते हैं कि आप को सही सलाह मिले, उस को आपमानें न मानें, लेकिन अफसरों के मन में इस तरह का डर उत्पन्न होगा तो कोई सरकार चल न पायेगी फिर यह चमचा लोगों की ही सरकार होगी। तो रिजर्व बैंक की स्वायत्तता के बारे में वह सफाई दें।

अब मैं इस के प्रमुख क्लाज़ेज की तरफ आ रहा हूं।...(व्यवधान)...आप अगर शशिभूषण जी, उस दिन आते तो आप को मुझसे ज्यादा गुस्सा आता। मैं तो सिर्फ वाक आउट कर के ही चला आया, लेकिन शायद आप तमाचा ही मार देते। इसलिए आप बहुत ज्यादा नाराज मत होइए।

उपाध्यक्ष महोदय, चतुर्थ क्लाज में इन्होंने यह कहा है कि रिजर्व बैंक के डायरेक्टर्स 4 साल में नियुक्त किये जायेंगे। लेकिन बाद में यह कहा है कि जब तक उन के सक्सेसर्ज नियुक्त नहीं किये जायेंगे तब तक पुराने डायरेक्टर्स ही चलते रहेंगे। इस तरह के सुझाव का क्या मतलब है—मेरी समझ में नहीं आता है। जब आप को मालूम है कि फलां डायरेक्टर चार साल के लिये नियुक्त किया गया है उस की मीयाद फलां तारीख को खत्म हो जायगी तो क्या 4 साल में भी आप सक्सेसर के बारे में निर्णय नहीं कर पायेंगे। जिस तरह से गवर्नरों को उन्हें खत्म होने के बाद चालू रखते हैं उसी तरह से डायरेक्टरों के बारे में भी करना चाहते हैं—इस का मैं सख्त विरोध करता हूं

[श्री मधु लिमये]

जब मोरारजी देसाई वित्त मंत्री थे, मैंने कई बार सुझाव दिया था कि लगातार आई० सी० एस० अफसरों को रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाते चले जा रहे हैं—यह गलत बात है। ऐसे विशेषज्ञों को रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाइये जो फिसकल और मौनिटरी पालिसी के बारे में जानकारी रखते हों। लेकिन अभी तक इस के बारे में सरकार ने कोई पालिसी डिसीजन नहीं लिया। इस लिये सुशीला जी से प्रार्थना करूंगा—जब आप हमारे मुद्दों का जवाब दें तो इस के बारे में भी खुलासा कीजिये कि भविष्य में इस तरह के आई० सी० एस० या आइ० ए० एस० लोगों को नियुक्त नहीं किया जायगा और रिजर्व बैंक के गवर्नर विशेषज्ञों को ही बनायेंगे।

इन्होंने अपने इस विधेयक में बैंकों का जो टाइम डिपाजिट या कुल मिला कर जो डिपाजिट्स होते हैं उस का 1 प्रतिशत री-फाइनेन्स फैसिलिटी के रूप में देने का सुझाव दिया है। यदि बैंकिंग डिपाजिट 12 हजार करोड़ मान लिया जाय तो यह रकम 120 करोड़ रुपये हो जायगी। 120 करोड़ रुपये की रकम कोई मामूली रकम नहीं है। क्या मंत्री महोदय कोई इस प्रकार का आश्वासन देंगी कि यह 120 करोड़ रुपये का क्रेडिट कृषि या उद्योगों के सैक्टर में केवल उन्हीं को मिलेगा जिन को आप ने वरीयता दी है। सरकार के द्वारा जो प्रायोरिटीज निश्चित की गई हैं उन्हीं के द्वारा रीफाइनेन्सिंग फैसिलिटीज का इस्तेमाल किया जायगा—इस का मैं स्पष्ट आश्वासन चाहता हूं।

मंत्री जी को पता होगा कि हमारे यहां बम्बई या अन्य चार-पांच बड़े शहरों में हुण्डी बिजनेस चलता है, इस में वे बैंकों के द्वारा कर्जा लेते हैं। मान लीजिये 16 परसेन्ट या 18 परसेन्ट से लिया, लेकिन कानून तोड़ कर 25-30 परसेन्ट पर हुण्डीवाले लोग धन्धा करते हैं। क्या बैंकों के द्वारा क्रेडिट इस लिये दिया जाता है कि ये हुण्डीवाले गैर-कानूनी ढंग से रुपया कमाने का काम करें। हुण्डी बिजनेस पर सरकार को तुरन्त निर्णय लेना चाहिये, इस को समाप्त कर देना चाहिये।

अब डिपाजिट्स के मसले को लेता हूं। नान-बैंकिंग कम्पनीज के द्वारा आम लोगों से डिपाजिट्स लिये जाते हैं। इस के बारे में आज तक बहुत ही ढिलाई बरती गई है। देशकरण नानजी कम्पनी के बारे में मंत्री जी को पता होगा—उस कम्पनी के जो चलाने वाले थे वे पब्लिक का एक करोड़ रुपया खा गये, अब यह कम्पनी कापड़िया ने ले ली है जिस पर यह सरकार बहुत मेहरबान है। एक चोर दूसरे चोर के हाथ में यह कम्पनी चली जा रही है—मैं जानना चाहता हूं रिजर्व बैंक क्या कर रहा है नैशनलाइज्ड बैंक क्या कर रहे हैं?

उपाध्यक्ष महोदय, हमारी पार्लियामेन्ट की लाइब्रेरी में रिजर्व बैंक के डिपाजिट्स के बारे में जो नियम हैं, उन की कापी नहीं है। मैं दो दिन से मांग रहा हूं। चूंकि इस समय आप सभापतित्व कर रहे हैं, इस लिये मैं जानना चाहता हूं—क्या पार्लियामेन्ट की लाइब्रेरी इसी तरह से चलेगी, हम को जो जानकारी चाहिये क्या वह हम को नहीं मिलेगी? दो दिनों से कोशिश कर रहा हूं कि रूल्ज मिल जायं लेकिन नहीं मिले। यह कोशिश इस लिये कर रहा था कि वर्तमान रूल्ज के अनुसार कम्पनियों का जो शेअर कैपिटल होता है उस का 25 प्रतिशत वे आम जनता से डिपाजिट के रूप में ले सकती हैं और डायरेक्टर्स की व्यक्तिगत गारण्टी पर वे 25 प्रतिशत और ले सकती हैं, जब कि डायरेक्टर्स के कोई व्यक्तिगत एसेट्स नहीं होते। चूंकि डिपाजिट्स के बारे में आपने इस में कुछ सुझाव रखे हैं इसलिये मैं जानना चाहता हूं कि इस से जो धांधलियां और गड़बड़ियां चल रही है क्या आप लोग उस पर कोई नियन्त्रण कर पायेंगे।

अब भारत के एक बड़े शेअर होल्डर की बात आप के सामने रखना चाहता हूं—यह

मधुसूदन लि० है जो मारुति के मेजर शेअर होल्डर हैं। इन्होंने डिपोजिट्स के लिये एडवर्टाइज किया है और 22 परसैन्ट इन्टरेस्ट देने को तैयार हैं। ये कम्पनियां मारुति लि० कम्पनी जैसी कम्पनियों में रुपया लगा रही हैं जो घाटे में चलने वाली हैं, जिन में दुनिया भर के बदमाश इकट्ठे किये गये हैं। आप के यहां आने से पहले आज सुबह जब मैं अगले सप्ताह के बिजनेस पर बोल रहा था.....

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमति सुशीला रोहतगी) : जब आप ने कहा था, तब मैं यहां मौजूद थी।

श्री मधु लिमये : आप को पता चलेगा कि दो स्मगलरों ने मारुति में 30 हजार और 15 हजार शेअर लिये हुए हैं, जिन की कीमत होती है—3 लाख और डेढ़ लाख रुपया। यह भी इसी तरह की कम्पनियां हैं, जाजोदिया और तुलसियान की। क्या आप इन के बारे में जांच करायेंगी कि पब्लिक के पैसे का कैसे दुरुपयोग किया जा रहा है।

अब आप मारुति पर आइये—मैंने मारुति की बैलेंस शीट को बड़ी मेहनत से प्राप्त किया है यह बैलेंस शीट बहुत जल्दी नहीं मिलती है? इस से पता चलेगा कि इन का जो पेड-अप कैपिटल है, उस से दुगने से भी अधिक....

MR. DEPUTY-SPEAKER: I want to know where is the connection of Maruti Limited with Reserve Bank of India?

श्री मधु लिमये : डिपाजिट्स के बारे में कह रहा हूं नान-बैंकिंग कम्पनीज के द्वारा पब्लिक से जो डिपाजिट्स लिये जाते हैं, उस में जो घोटाला होता है, उस को चैक करने के लिये इन्होंने इस बिल में उसकी व्याख्या की है। इसलिये इस महत्वपूर्ण अंग की ओर आप का ध्यान दिला रहा हूं। मैं कह रहा था कि जो ऐसी कम्पनियां हैं। जिन के ऊपर सरकार का वरद-हस्त है, आशीर्वाद हैं, उन कम्पनीयों में क्या चल रहा है। मारुति का जो शेअर कैपिटल है उस से डबल से भी अधिक उन्होंने एजन्टों से और वितरकों से डिपाजिट इकट्ठा किया है मेरे पास यह 31 मार्च तक की बैलेंसशीट है—इस में 2 करोड़ 18 लाख रुपया अकेले डिस्ट्रिब्युटर्स से जमा किया गया है। मैं मंत्री जी से आज इस बात की सफाई चाहता हूं—25 प्रतिशत का आप का रुल है या नहीं है शेअर कैपिटल का कितने प्रतिशत डिपाजिट के रूप में पब्लिक से इकट्ठा किया जा सकता है—विभिन्न फोर्म में। क्या मारुति के केवल एजन्टों से शेअर कैपिटल के दुगने से भी अधिक रुपया इकट्ठा किया है या नहीं।

अगर दूसरी कम्पनियों से आप इस कम्पनी की बैलेंसशीट की तुलना करेंगे तो आप को मालूम होगा कि बहुत सारी बातें जो कम्पनी कानून के तहत इस बैलेंसशीट में होनी चाहियें, वे भी इस में नहीं आई हैं। विचित्र बात तो यह है कि 46 लाख रूपये की शेअर एप्लीकेशन्ज इन के पास पड़ी हुई हैं, उस में से 20 लाख रूपया जमा है, लेकिन उन की एप्लीकेशन्ज तक नहीं हैं। मारुति में जितनी पूंजी लगी हुई है, सब चोरों, बदमाशों और स्मगलरों ने लगाई हुई है वरना इस तरह की बात कम्पनी कानून के अन्तर्गत कैसे हो सकती है—मेरी समझ में नहीं आता है—पैसा जमा है, लेकिन एप्लीकेशन्ज नहीं हैं—इस का मतलब है कि सारे शेअर बोगस हैं, उन में ब्लैक का पैसा लगा हुआ है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न को 14 महीने हो गए—आप इस सदन के उपाध्यक्ष हैं, यह केवल अध्यक्ष की ही जिम्मेदारी नहीं है कि मेरे प्रश्नों का उत्तर दिलवाये, आप की भी जिम्मेदारी है, दूसरे सभापतियों की भी जिम्मेदारी है जो इस कुर्सी पर बैठते हैं। 14 महीने हो गये मैंने पूछा था कि मारुति के मेजर इन्वैस्टर्स बताये जायें और इकानामिक ओफन्सेज के बारे में बतलाया जाये—मैंने दोनों सवाल कामर्स मिनिस्टर से पूछे थे—14 महीने

[श्री मधु लिमये]

के बाद भी यह जानकारी नहीं मिली यह कहा जाता है कि जानकारी इकट्ठी की जा रही है, उचित समय पर रखी जायगी। यह समय कब आयेगा—मेरे मरने के बाद ?

प्रो० श्री नारायणचन्द पराशर (हमीरपुर) : आप के हारने के बाद।

श्री मधु लिमये : हारने की उम्मीद न कीजिये—मेरे मरने के बाद ही यह इन्फर्मेशन आयेगी। इसलिये मैं चाहता हूं कि इन बातों का खुलासा हो जाये उसी तरह से हिन्दुस्तान स्टैन्डर्ड में अच्छा लेख आया है, मंत्री जी को पढ़ना चाहिये इसके बारे में।

"RBI regulations for deposits acceptance found inadequate".

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): If you remember aright, my amendment regarding over-subscription has been accepted and according to the modified and amended Companies Act, what Shri Limaye has said becomes very relevant and important, and this type of money being kept with the companies becomes an illegal act,

श्री मधु लिमये : आप के डायरेक्टर्स गारन्टी के बारे में यह कहते हैं कि कई डायरेक्टर्स ऐसे होते हैं। उन के कोई असेट्स नहीं होते और शेअर कैपिटल का अगर 25 परसेंट पब्लिक से डायरेक्टर्स की गारन्टी पर लिया जायेगा तो बहुत सारी कम्पनियां ऐसी हैं जिस में पब्लिक हल्ला कर रही है कि हमारे डिपाजिट्स वापस नहीं मिल रहे हैं। तो रिजर्व बैंक और सरकार किसी तरह का नियंत्रण कम्पनी ला का मामला हो या आर० बी० आई० का हो कोई नियंत्रण इन चीजों पर नहीं रख रहे हैं।

मैं मंत्री जी का ध्यान चिट फंड्स की ओर भी दिलाना चाहता हूं यह भी एक माने में नान-बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्ज हैं और चिटफंड के कई मामले सरकार के सामने पड़े हुये हैं। उस में क्लास तीन और चार के जो कर्मचारी होते हैं वह अपनी बचत का पैसा लगाते हैं और उसमें करोड़ों रुपयों का घोटाला हो रहा है। तो क्या चिट फंड्स को भी नियमित करने के बारे में मंत्री महोदया कुछ सोचेंगी ?

इस विधेयक का एक उद्देश्य यह है कि कृषि के कार्य में मदद दी जाये तो एक विषय की ओर मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे पास 13 तारीख का 'हिन्दुस्तान टाइम्स' अखबार है और सिंचाई के उपर एक लेख है।

"70 per cent of irrigation water goes waste".

हम लोग तो जानते थे लेकिन उन्होंने कई राज्यों के आंकड़े एकत्रित करके दिया है और जो निष्कर्ष इन का है वह आप के सामने रखता हूं :

"Wastage of water and lack of scientific water management were the other defects exposed. Only 30 per cent of water benefited crops, the rest being lost through seepage from canals or evaporation. This problem was worse in the major and medium irrigation schemes which accounted for 40 per cent of irrigation sources. Minor sources such as wells and tubewells provided irrigation of better quality."

इसलिये मैं कहना चाहता हूं अभी आप ने पौंग डैम की खबर अखबारों में पढ़ी होगी कि पौंग डैम बन गया राजस्थान को फायदा होगा कि लेकिन लीकेज शुरु हो गया है और हर दिन 15,000 क्यूसेक्स से अधिक पानी चला जा रहा है और कहते हैं कि बाद में उस को किसी बैराज से पकड़ते हैं, तो मेजर और मीडियम इरीगेशन स्कीमों के ऊपर तो अरबों रुपया लगाया जा रहा है जिस से 30 प्रतिशत पानी बेकार ज है, नजदीक के इलाके हैं वहां इतना पानी होता है कि कभी कभी धान की फसलें

मारी जाती है और जो दूर के इलाके कमान्ड एरिया में हैं उन को एक बूंद भी पानी नहीं मिलता है। एस्टीमेट्स कमेटी ने इस बात पर जोर दिया है कि ट्यूब वैल्स और पम्प सैट्स पर ही ज्यादा जोर दिया जाये ताकि किसानों के अख्तयार में ही यह मामला रहे और इस के लिये रिजर्व बैंक में जो प्रयत्न कर रहे हैं उन दोनों में कोई समन्वय बैठना चाहिये। कृषि विकास के लिये बड़ी बड़ी योजनाओं पर पैसा बरबाद करने के बजाय जो आप की क्रैडिट है वह किसानों को दीजिये। और मैं ने सुझाव दिया था कि 14 नेशनलाइज्ड बैंक्स और स्टेट बैंक मिल कर एक कोई पम्पिंग सैट कौरपोरेशन बनायें और टर्न की बैसिस पर किसानों को दीजिये और उन पर इन्स्टालमेंट लगाया जाये। इस से बीच वाले जो पैसा अभी खा जाते हैं वह नहीं खा सकेंगे। मैं समझता हूं इन सारे सुझावों पर सरकार सोचेगी।

श्री मूल चन्द डागा (पाली): मान्यवर, रिजर्व बैंक बिल पर जब अमेंडमेंट पेश हो रहे थे तो मेरे दिमाग में आया कि रिजर्व बैंक क्या काम कर चुका है, उस की देश के लिये क्या उपलब्धियां हैं और क्या क्या अचीवमेंट्स हो चुके है जिन पर हम विचार कर रहे हैं। मैं ने कई बार देखा जो आर्थिक संकट काल है उस में रिजर्व बैंक क्या रोल अदा कर रहा है। रिजर्व बैंक हमें ऐडवाइस देता है और सब कुछ सोचता है, लेकिन जब इस के अचीवमेंट्स को देखा तो मालूम हुआ कि रिजर्व बैंक के जो काम करने वाले हैं या तो उन की रिपोर्ट को हर साल हाउस में डिस्कस किया जाय, और उन के अचीवमेंट्स क्या हैं इस बारे में रूरल क्रेडिट रिव्यू कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हम जो अपने औबजेक्ट्स रखना चाहते थे वह पूरे नहीं हुए। और जो भी उन्हों ने लोन दिया है उस से मालूम होता है, जो बार बार आप कहते हैं कि छोटे किसानों को लोन देना चाहते हैं, उस की रिपोर्ट में यह लिखा है:

"By and large, the leading levels in all the other States are relatively low. Tamil Nadu is a significant instance in which the loan per head of population, which stood at Rs. 17.24 in 1963-64, came down to Rs. 12.93 in 1966-67. The lowest in the scale are Orissa (Rs. 4.95), Jammu and Kashmir (Rs. 4.09), Rajasthan (Rs. 3.78), West Bengal (Rs. 3.36), Bihar (Rs. 2.60) and Assam (Rs. 1.29). These figures, like those of total loans of advance given earlier, bring out firstly the relatively low levels of co-operative credit in most States, and secondly, the declining trend which has begun to appear in more than one State even after allowance is made for the increase in the population."

तो आज की जो क्रेडिट है मालूम होता है कि दो और तीन रु० पर कैपिटा भी उस को लोन नहीं मिला। और बार बार आप कहते हैं कि रिजर्व बैंक लोन देना चाहता है। कहते हैं कि कोआपरेटिव सोसायटी में लोन मिल रहा है। उन का कहना है कि कुछ बड़े आदमियों को ही सारा कर्जा मिलता है। कोआपरेटिव सोसायटीज में वेस्टेड इंटरैस्ट्स को कर्जा मिलता है। रिजर्व बैंक क्या करता है? मैं ने कई बैंक्स की हालत को देखा है, बड़ौदा बैंक के मैनेजर, डायरेक्टर और चेयरमैन का हाल देखा है उस ने अपने घर वालों को पैसा दे दिया है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order, please. You may continue when this Bill is again taken up. We now proceed to Private Members' Business.

श्री गेंदा सिंह (पदरौना): उपाध्यक्ष महोदय, जरा हमारी बात सुन लें।

उपाध्यक्ष महोदय: अब प्राइवेट मेम्बर्स बिजनेस शुरू हो गया।

15.30 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS FORTY-SIXTH REPORT

SHRI S. P. BHATTACHARYYA (Uluberia): I move:

"That this House do agree with the Forty-Sixth Report of Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 12th November, 1974."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do agree with the Forty-Sixth Report of Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 12th November, 1974."

The motion was adopted.

15.31 hrs.

OIL SEEDS AND EDIBLE OILS PRODUCTION BILL.*

श्री मधु लिमये (बांका) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि तिलहनों का उत्पादन तेजी से बढ़ाने में मदद देने और लोगों द्वारा सीधे उपभोग में लाये जाने तथा वनस्पति साबुन और अन्य उत्पादों के विनिर्माण के लिए विभिन्न बीजों से खाद्य तथा अन्य तेलों का और अधिक प्रभावी ढंग से निष्कर्षण सुगम बनाने के उपायों का उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरः स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।†

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for measures to assist rapid expansion of production of oil-seeds and to facilitate a more effective extraction of edible oils and other oils from different seeds both for direct human consumption as well as for the manufacture of vanaspati, soaps and other products."

The motion was adopted.

श्री मधु लिमये : मैं विधेयक पेश कर रहा हूं ।

CONSTITUTION AMEDMENT BILL*

(Substitution of article 17)

SHRI K. S. CHAVDA (Patan): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

SHRI K. S. CHAVDA: Sir, I introduce the Bill.

CONSTITUTION AMENDMENT BILL*

(Amendment of article 366 and insertion of new article 371F)

PROF. NARAIN CHAND PARASHAR (Hamirpur): I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

MR. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

PROF. NARAIN CHAND PARASHAR: Sir, I introduce the Bill.

---

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, Section 2, dated 15-11-1974.

†Introduced with the recommendation of the President.

CONSTITUTION AMENDMENT BILL*

Amendment of articles 56 and 156)

श्री लिमये (बांका) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर स्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

श्री मधु लिमये : मैं विधेयक पेश कर रहा हूं ?

CONSTITUTION AMENDMENT BILL*

(Amendment of articles 75 and 164)

श्री मधु लिमये (बांका) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

The motion was adopted.

श्री मधु लिमये : मैं विधेयक पेश कर रहा हूं ।

CONSTITUTION AMENDMENT BILL—*Contd.*

(Insertion of new article 83A) by Shri C. K. Chandrappan.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We shall take up further consideration of the following motion moved by Shri C. K. Chandrappan on the 23rd August, 1974:

"That the Bill further to amend the Constitution of India be taken into consideration."

He had just started on that day. He may now continue.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Tellicherry): Sir, I have moved this Bill with a view to make our democracy more meaningful so that the Consitution could provide that the elected representatives are accountable to the people. Today when we are discussing this Bill, there is a lot of discussion going on in our country about electoral reforms. I may also recall the recent incidents in Gujarat. It is a State where the ruling party enjoyed massive majority but still they could not continue to rule. There was an agitation and finally the Assembly had to be dissolved. Today a movement is going on in Bihar demanding the dissolution of the Assembly My party has taken a definite position about this kind of agitations. Whatever may be the motivations behind these agitations, we think they show a certain inherent weakness of our Constitution, which does not provide a democratic method by which the elected representatives of the people will be accountable to the people. Today once semebody is elected for 5 years he is free to do anything by way of corruption, nepotism, favouritism etc. He can even be of immoral character. A person like Mr. Tul Mohan Ram is still sitting with us in Parliament. We have, therefore, to initiate a democratic process by which if the

---

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, Section 2, dated 15-11-74.

[Shri C. K. Chandrappan]

elected members misbehave and forfeit the confidence of the people who elected them, the people should be able to act in a constitutional manner to recall them. I am not saying this just because this is there in several constitutions in the world like Switzerland, USA and all socialist countries. My point is, if such a provision is included in our Contitution, our political life will be cleaner. The right to recall will be a guarantee for that. Our democratic institutions will be more strengthened and the people will be more vigilant about their duties in a democracy.

I do not want to keep one thing vague. There are people who think that the Bihar agitation is an agitation to recall the members because they have become corrupt and are not behaving properly. I do not think so. The agitation which has been let loose in Bihar is an attempt to unleash mobocracy, to create anarchy and subvert the democratic institutions. It will definitely pave the way for fascism in our country. When a member is elected from a constituency, there are a definite number of people who are electing that member. They should be given the right to recall him in whatever manner that may be prescribed for this purpose. Mr. Jayaprakash Narayan's agitation is not that. He is mobilising people from somewhere and using them to force the legislators to resign. That is not what is meant by the right recall. Our party has taken a consistent position with regard to electoral reforms. We believe that democracy in our country can be strengthened by expanding the base of democracy. That is why we always demand for voting rights from the year of 18. We also demand that proportional representation should be constitutionally guaranteed and electoral laws amended to give effect to that. Then only the right to recall will have any meaning. Today there is a possibility of a member getting elected from a constituency even though he secures only a very small percentage of the votes. It happens in our country in many constituencies that 10 or 12 candidates are contesting the total votes polled is only 30 or 40 per cent and the successful candidate gets only a portion of these 30 or 40 per cent. So, he cannot genuinely say that he is a real representative from that constituency. So, the rigit to recall should be a part of the total electoral reform that we will bring about in our country to make the electoral system more democratic and more meaningful.

If we adopt this right of recall, it will arm the people with an additional power. The people will be vigilant if they have the constitutional right to recall a member and they will exercise this right when a particular memebr in Parliament or the State Legislature is not discharging his responsibilities to their full satisfaction. In this way, a member would be accountable to his constituents. Like the Soviet law, there should be a method by which a member can report to the electorate what he has done in Parliament or the State legislature during every session. Now it is left to the discretion of the member to decide whether in the next five years he should even shaw his face to the electerate. There are many members who do not do that even now. Under the present system of elections the caste, community, religion, money and so many other factors decide whether a member will be re-elected, not his work in the legislature or his performance in the constituency as the representative of the people. When we say that the right of recall should be there, we mean that there should be a provision by which the elected members will go back and report to the people from time to time of their activities so that the electors will know what their representatives are doing.

It is also a corrective measure. Then many of the members will not dare to do what they are now doing. Defection is a common phenomenon now in our country. I know there is a Bill pending to prevent defection. That Bill seems to be a mockery of democracy. It is not at all clear whether that Bill could be implemented and in what way it will be implemented. If we can find out a way as to how we will incorporate this right to recall in the Constitution and the concrete rules with regard to that, then that will create a better atmospphere in the country.

What happens when there is no right to recall? Then, this kind of movement which is taking place in Bihar, which has taken place in Gujarat and which took place long ago in Kerala, in 1959, will be encouraged. There is no point in blaming the people because they do not have any other constitutional methods by which they can exercise their right. In 1959, in Kerala, when there was a properly-elected Government in power, a movemnt was unleashed against, that Govrnment. It was spearheaded by the Congress party, the present Prime Minister who was the President of the ruling party at that time and the Government was brought down. It was referred to in Parliament for so many days. Even at that time, many persons who respected the democratic wishes of the people pointed out that this would lead to a bad precedent and that this would lead to scuttling of democracy at a later stage. It might have been expedient for the ruling party at that time to bring down a democratically-elected Government which was headed by the Communist Party of India in 1959 in Kerala.

In 1973, a similar practice was indulged in by the people in Gujarat. Today, in a much bigger way, the threat to democracy is posed in Bihar and the people say that the agitation will be spread to other parts of the country also. When they agitate over the demand that the elected representatives should go or the elected Assembly should be dissolved, it is, of course, an attempt to scuttle the democratic institution. But, at the same time, they can point out that there is no constitutional method by which they can recall back those elected representatives who have been proved to be corrupt in the eyes of the electorate. So, this weakness will remain and it will instigate the processes in our country which will endanger democracy in our country. That why I say that the right to recall should be incorporated in the Constitution.

Now, when I speak of this right of recall, certain basic things should also be pointed out. When we say that there should be electoral reforms to strengthen democracy, it cannot happen in a vacuum. It can happen only in relation to certain socio-economic changes which the policies of the Government will initiate. When we say that there are corrupt practices indulged in during elections, at the time of election campaigns, and even after a candidate is elected, when he is compelled to defect from one party to another and he is induced to defect, that is, money plays a big role, how can all this be prevented is a very important thing. Even when we incorporate the right to recall, money influence can play a negative role in the operations of the right to recall. What we believe is that certain fundamental economic changes should be brought about in our country: first, Government should put an end to the parallel economy, to the operation of black money; Government should consciously make propaganda with the cooperation of all the political parties to see that the influence of caste and religion does not play a vital role in the elections; they should also ensure that the black money is com-

[Shri C. K. Chandrappan]

pletely eliminated from the national life. If these influences are not eliminated, even with all good amendments or good changes that we may incorporate in the electoral law or even in the Constitution, we will not be able to bring about any desired change to strengthen democracy in our country.

Our Party, the Communist Party, had considered this problem from the very beginning and our Party had taken a position from the very inception of the Party; in its programme it has been stated:

> "It will grant universal and equal sufferage to all male and female citizens in the elections to Parliament, Legislative Assemblies and local bodies through secret ballot. The principle of proportional representation will be adopted in all elections, and the right to recall all elected representatives by the majority of electors will be established."

This is what our Party has thought about electoral reforms which, in our opinion, will help our democracy to thrive in future. Today people like Shri Jayaprakash Narayan and others who are unleashing this movement in Bihar for the dissolution of the Bihar Assembly say, as if they are talking something very new, that they are for a total revolution, for bringing about a total change. But, if you look at the facts, it is not so. All those people who are today supporting Shri Jayaprakash Narayan and his movement were once the protagonists of the present Constitution and they always thought that any change in the Constitution like proportional representation or right to recall would only help the Communists in our country, and they tried to win political power in our country through Constitutional methods. But today they find that their reactionary combination could not come to power utilising even the present Constitution, and that frustration, that disappointment, is now leading them to a position where they are striking at the very root of the Constitution, the vary root of democracy and democratic institutions. That is why we say that this movement is not a movement for strengthening democracy; this movement is a reactionary movement to strengthen the hands of reaction and pave the way for fascism. What we want by way of this amendment and similar things is strengthening the Constitution, strengthening democracy and democratic institutions in our country; we want to make democracy hundred per cent meaningful and make the people the real masters in the democracy and the elected representatives the servants of the people. This is the purpose of this Bill and I commend the Bill for the consideration of the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER : 'Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Constitution of India be taken into consideration."

There is an amendment given notice of by Shri M. C. Daga. Is he moving that?

SHRI M. C. DAGA (Pali): Yes, Sir, I beg to move:

> "That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 2nd March, 1975."(1)

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you wish, you may speak on it.

श्री मूल चन्द डागा : उपाध्यक्ष महोदय, आजकल जो यह संविधान के खिलाफ गलियों में और सड़कों पर निर्णय लिए जाते हैं उन के आधार पर श्री चन्द्रप्पन एक बड़ा बिल लेकर आ गए हैं और कह रहे हैं कि संविधान के अन्दर ऐसी क्लाज लगा दी जाय जिस से

जैसे आज मिस्टर चन्द्रप्पन चुनाव जीत कर आ गए हैं और वहां के लोग कल इकट्ठे हो कर एक प्रस्ताव पास कर दें और इन-सल्टिंग दे दें तो उन का चुनाव खत्म हो जाय। मैं उन से जानना चाहता हूं कि यह कौन सा लेजिस्लेशन आप लाना चाहते हैं? खुद ही जो बात वह कह रहे थे वह साफ नहीं है। आप चाहते हैं कि ऐसा लेजिस्लेशन लाया जाय तो क्या लेजिस्लेशन लाया जाय? क्या आप के दिमाग में बात थी इस बिल को लाते हुए कि ऐसा बिल लाया जाय? कौन सा आप ऐसा लेजिस्लेशन लाना चाहते हैं जिस से राइट आफ रिकाल का परपज सर्व हो जाय? मेरे ख्याल से उन के अपने दिमाग में यह बात अभी भी साफ नहीं है कि हम किस प्रकार से इस चीज को करें। आज तीन चार लाख आदमी जो हम को वोट देने के लिए आते हैं कौन सा तरीका एडाप्ट किया जाय कि वह हम को रिकाल कर लें?

मैं एक बात कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में जो चुनाव होते हैं वे पार्टी सिस्टम के आधार पर होते हैं। कांग्रेस पार्टी या दूसरी पार्टी, जनसंघ, या डी एम के अपना अपना चुनाव घोषणापत्र निकालती हैं और उस चुनाव घोषणा-पत्र के आधार पर पार्टियां चुनाव लड़ती है। रिजल्ट एनाउंस होता है तो यह होता है कि कांग्रेस पार्टी के इतने लोग जीते, सी पी आई या जनसंघ के इतने जीते, इतने हारे। तो आप पार्टी सिस्टम के आधार पर एक आदमी को जांचिए। पार्टी ने आम जनता के सामने एक अपना चुनाव घोषणा-पत्र रखा। जनता पार्टी को वोट देती है कि इस पार्टी के ये लोगन्स ये आबजेक्ट्स हैं और इन के आधार पर उस की रीति नीति और उस के काम करने के तरीके में जनता अपना विश्वास प्रकट करती है। जनता देखती है कि स्टेबल गवर्नमेंट कौन सी बनेगी, मजबूत गवर्नमेंट कौन सी बनेगी और उस आधार पर वह अपने वोट देती है। लेकिन यह आप ने इस में एक बात कह दी रिकाल की। एक आवाज यहां रिकाल की उठा दी। गुजरात में एक दम उठा लिया गया। मैं समझता हूं वह इसलिए नहीं उठाया गया। ये मामले कोई सड़कों पर तय करने के लिए नहीं हैं। भीड़ में चिन्तन नहीं होता। हिन्दुस्तान अनेक धर्मों का देश है। मान लीजिए एक जाति का आदमी चुन कर आ गया, दूसरी जाति वालों ने आन्दोलन शुरू कर दिया कि इस को रिकाल करो। मैं समझता हूं मिस्टर चन्द्रप्पन बड़े यंग आदमी हैं, उन्होंने एक सजेश्चन दे दिया लेकिन वह किस तरह से अमल में आ सकता है यह बात सामने नहीं आई। इसीलिए मैं ने उस पर यह कहा कि इस के ऊपर पब्लिक ओपिनियन जाननी चाहिए कि आखिर चाहते क्या हैं? डिफेक्शन कमेटी में यह बात आई तो उन्होंने भी इस को मना किया। उन्होंने कहा कि हम रिकाल के प्राविजन से एग्री नहीं करते हैं। डिफेक्शन कमेटी में हिन्दुस्तान के सारे बड़े बड़े लाइयर्स थे, उन्होंने भी अपनी यह राय दी कि हम इस रिकाल के प्राविजन से सहमत नहीं है, यह हमारे यहां पासिबल नहीं है। उन्होंने इस राय को अपनी मीटिंग में जाहिर किया कि राइट आफ रिकाल के लिए हम एग्री नहीं करते। उन की राय में आप के सामने कोट करता हूं:

> "We do not consider this necessary or feasible. In any case, the legislation in respect of disqualification of a defector recommended by us would in effect the same purpose in a quicker or less cumbersome manner."

यह बात कर रहे हैं—श्री गोविन्द मेनन, श्री सी० के० दफ़तरी, श्री एस० मोहनकुमार मंगलम। चन्द्रप्पन साहब, इन में ज्यादा सीनियर के थे, आप इस बात को एप्रीशिएट करेंगे। उन्होंने यह राय दी है कि ऐसा नहीं होना चाहिये। जब डिफेक्शन कमेटी ने अपनी प्रपोजल निकाली तो उन्होंने कहा कि हम इस से एग्री नहीं करते हैं। हिन्दुस्तान के 56 करोड़ लोगों में से 18–19 करोड़ लोग चुनाव में जाते हैं—आप कैसे जांच करेंगे? मान लीजिये मैं गांव में जाता हूं और मैं लोगों

[श्री मूल चन्द डागा]

से कहता हूं कि मैं बड़ा काम करता हूं। वे कहते हैं ठीक है, आप बहुत काम करते होंगे, हमारे लिये फूड ला कर दीजिये। मैं उन से कहता हूं कि डिस्ट्रीब्यूशन के काम के लिए एम० एल० ए० से कहिये, इस पर वे कहते हैं कि आप काम्पीटेंट नहीं हैं—तब क्या स्थिति होगी। आप ने कहा है कि हर आदमी को गांव में जाकर काम करना चाहिये —ठीक है, मैं गांव में जाता हूं। लोग कहते हैं कि यहां पाठशाला खुलवाइये। यदि मैं उन से कहता हूं कि यह काम तो एम० एल० ए०, प्रधान या जिला प्रमुख का है वे कहेंगे—अगर आप पाठशाला नहीं खोल सकते हैं तो आप बिलकुल नाकाबिल हैं। मैं उन से कहता हूं—भाई, मेरा काम पार्लियामेंट में जो बहस होती है, उस में हिस्सा लेना हैं। वे कहेंगे हम कुछ नहीं जानते। जहां लोग समझते नहीं हैं, वहां कैसे काम चलेगा, वे कह देंगे कि आप वापस आजाइये, आप इस काम के लायक नहीं हैं। एम० पी० का काम सदन में काम करना है—अटल बिहारी जी जेल में मिलने गये, इन का काम गांव गांव में जा कर अगर वहां राशन नहीं मिलता है तो उस की व्यवस्था करना नहीं है। अगर ये कहते हैं कि मेरा काम तो पार्लियामेन्ट में इस खराबी के लिये सरकार के खिलाफ़ नो-कान्फीडेन्स मोशन लाना है, एडजार्नमेन्ट मोशन लाना है—तब उस का क्या नतीजा निकलेगा। ये इस के लिये कहां तक जिम्मेदार हैं ?

16 hrs.

आप ने अपनी स्पीच में कहा है—मान लिजिये हम ने जनता के सामने कोई घोषणा की थी आश्वाशन दिये थे या हवाई किले बांधे थे कि हम तुम्हारे लिए नहर में पानी ला देंगे। अब वह काम अगर नहीं होता है तो जनता कहेगी तुम ने तो बड़ी घोषणायें की थीं, चलिए, वापस आजाइ, इस में तुम्हारा कुसूर है मेंम्बर कहता है कि मेरा कुसूर नहीं है यह मेरी पार्टी का घोषणा पत्र है, उस ने नहीं किया है। इस पर आप कहते हैं कि राइट आफ रिकाल है, जनता आप को पसन्द नहीं करती है, इसलिए आप वापस आजाइए। इस में मेरा क्या कुसूर है। जब यहां पार्टी सिस्टम है तो पार्टी को इस के लिए जिम्मेदार ठहराइए। मैं आप से पूछता हूं—कौन से मुल्क में डिफेक्शन नहीं होता है ? आया-राम और गया-राम पंजाब और हरियाणा में शुरू हुए और आज कल का वोटर तो यूं ही देख लेता है कि आप कौन सी पार्टी में हैं। वह अपने आप समझ जायगा कि आप दल-बदलू हैं या कैसे आदमी हैं, अगर आप ठीक नहीं हैं तो आप को वैसे ही डिस्क्रेडिट कर देगा। इस लिए आप नई बात क्यों ले रहे हैं। पैसा लेने-देने की बात राइट-आफ-रिकाल से कैसे रूक सकती है, यह तो करप्शन को बढ़ाने को बात है। आप के संविधान के अनुसार पांच साल के लिए चुनाव होता है—अगर कोई मेम्बर ठीक काम नहीं करता है तो उस में डिस्क्वालिफिकेशन का प्रावीजन है, उस को डिस्क्वालिफाइ किया जा सकता है। अगर कोई मेम्बर मर्डर करता है, कोई करप्शन का काम करता है तो उस को निकाला जा सकता है। लाइसेंस स्कैण्डल की चर्चा चल रही है, अगर किसी ने कोई गलत काम किया है, तो उस को डिबार किया जा सकता है, लेकिन, इस के लिए राइट आफ रिकाल का कानून बनाने की क्या जरूरत है।

अहमदाबाद और गुजरात में क्या हुआ और आज वहां क्या हो रहा है ? नौकरशाही का राज है, वहां पर जनता का राज नहीं रहा..

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर): जल्दी से चुनाव कराइए।

श्री मूलचन्द डागा : चुनाव तो हो जायेंगे। लेकिन चुनी हुई सत्ता को हटाने से क्या लाभ हुआ। हम बिहार में भी यही बात कह रहे हैं—अगर वहां करप्शन है तो जनता अपने आप दो साल के बाद फेंक देगी, लेकिन राइट आफ रिकाल का प्रोवीजन करने से तो कोई फायदा नहीं होगा।

इस लिए मैं आप के राइट आफ रिकाल के प्रोवीजन से सहमत नहीं हूं। फिर भी यदि आप चाहते हैं तो इस को जनमत के लिए प्रसारित कीजिए, ताकि लोग जान जायें कि राइट आफ रिकाल क्या है, उसके बाद इस के बारे में निर्णय होना चाहिए, वरना मैं इस के बिलकुल खिलाफ हूं।

SHRI S. P. BHATTACHARYYA (Uluberia): Mr. Deputy Speaker, Sir, I fully support this Resolution of Right to Recall. But, I do not support the viewpoints that have been put in. In our country, at present, the voters have no right to demand the recall of their elected representative for a period of five years. But, what we want is this that the voters should be given the right to have a control over their elected representatives with a view to see that the promise given by them at the time of seeking their votes is fulfilled by their elected representative. The voters may at the same time know that their representative has really worked according to the wish and their interests are looked after by him. That must be their attitude. Therefore, let us give this right to the people of our country to recall their elected representative. In our present situation, if there were such a right to recall, then the situation in Gujarat and Bihar would have been quite different. When once the voters have elected a representative of a party then they are bound to support him and he is bound to support the party. But, in Gujarat, though there was a majority Government of the Congress Party, the people of Gujarat got disgusted with the corruption, high prices etc., and so, they demanded that Government must go and a fresh election must be held. In the absence of such a right to recall by the people, naturally, there would be such a movement by the people and the Government would be compelled to go.

The same is the case with regard to Bihar. In Bihar, there is corruption and nobody can deny that. In Bihar, you would see that they have to rule by their ordinances; they are quarelling with each other for getting more share of power or money or whatever it may be.

Now, Shri Jayaprakash Narayan resorted to his movement to change the Government by the will of the people. In such a situation, if there was a provision for the right to recall, than things would have been otherwise. The people would have demanded that each of the elected representative must go. They would have compelled the Government to go and a new Government could have been formed by now. That is not done now. Then what is the way for the people? They must give expression to their feelings. In Bihar the people are disgusted becaue there is corruption; there is unemployment; there is poverty; people find it difficult because of high prices and there is starvation death also. The people must wake up to see that the change is brought about. If the right—the constitutional right—of recall is given to the people, they can bring about a change in the administration of Government. This is one of the best methods of ensuring this. It is there in the socialist countries. It is there in Soviet Russia. The representatives are always responsible to the voters; not only at the time of election but throughout the period they must be responsible to the voters. So this is a good amendment.

Then buying of votes will be more difficult. Whoever has got money may buy votes. But if votes are bought and then the voters find that they have been cheated, they will again have the right of recall. So buying of votes will be more difficult; also getting votes by force or coercion or by rigging, as was done in West Bengal, will be more difficult. The voters will have a greater right to exert their opinion and corruption will be rendered less possible in elections.

[Shri S. P. Bhattacharyya]

But the main thing is the economic system of our country which is dominated by big landlords, big hoarders and big monopolists. They control the whole economy. This must go and the people must have their real right to ensure their development for their better existence. It is one of the fundamental points for real democracy in the country that the right of recall should be available for every voter. So I fully support the amendment.

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी : (निजामाबाद) : उपाध्यक्ष जी, जो बिल रखा गया है यह देश में अनार्की पैदा करने के लिए ही लाया गया है और कुछ नहीं है । क्योंकि हम देख रहे हैं रिकाल कैसे होता है । जनरल इलेक्शन के बाद कोई बाई-इलेक्शन आयें तो जहां विरोधी दल का कडीडेट होता है वहां कांग्रेस जीत जाता है, और जहां कांग्रेस की सीट होती है तो वहां विरोधी दल वाला जीत जाता है । इसलिए पूरे देश में अगर रीकाल मान लें तो अपोजीशन वालों को सिवाय इस के और कोई काम नहीं रहेगा । जब रीकाल का कोई प्रोवीजन ही नहीं है तो बिहार और दूसरी जगहों पर जो गड़बड़ कर रहे हैं उस से उन लोगों के ख्यालात मालूम हो जाते हैं । हर पांच साल बाद चुनाव होना है और वोटरों को मालूम है कि जिस को हम वोट दे रहे हैं वहां पांच साल तक रह सकता है। फिर यह कहना कि 6 महीने के बाद वोटर अपने ख्यालात बदल दे यह ठीक नहीं हैं । स्विटजरलैंड का उदाहरण दिया गया है, वहां की जनसंख्या बहुत कम है । हमारे देश में अगर किसी पार्टी को पावर सौंपी गई है तो दूसरे दिन से ही हमारे यहां ऐजीटेशन शुरु हो जाता है । उस पार्टी को पांच साल तक अपनी पौलिसीज को चलाने का मौका देना चाहिए । आप चुनाव के 6 महीने पहले सरकारी पार्टी को गलतियां जनता के सामने रख सकते हैं। आज स्थिति यह है कि रूलिंग पार्टी अगर कोई काम करना चाहती है तो उस को ला ऐंड आर्डर का मुकाबला करना पड़ता है और शांति से काम करने का मौका अपोजीशन वाले नहीं देते । बिहार से कई मुसीबत आयीं उस की किसी को कोई चिन्ता नहीं है, बल्कि दुबारा चुनाव चाहते हैं। इसलिए विरोधी दल में जितनी पार्टिज हैं उन को पांच साल तक शांति से इंतजार करना चाहिए, न कि इस तरह से ला ऐंड आर्डर प्रौबलम पैदा की जाय। बिहार के एम० एल० ऐज० को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है । अगर अपोजीशन के लीडर्स इस स्टैप को अच्छा समझते हैं तो लोक सभा की सीट उन को खाली कर के बाई-इलेक्शन लड़ना चाहिए, तब मालूम हो जायगा कि स्थिति क्या है । किसी दूसरे को आप क्यों मजबूर करते हैं इस्तीफा देने के लिए ? पहले खुद करें ।

डिफेक्शन्स कमेटी की रिपोर्ट में दो, तीन जगह जिक्र आया है, और उन्होंने साफ कहा है:

मैं एक उदाहरण देता हूं मन्त्री जी को। बिहार में बरौनी एक जगह है, बरौनी– बेगुसराय इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स है, वहां आयल रफाइनरी है, फर्टिलाइजर का कारखाना है, थर्मल पावर स्टेशन है, और सैकड़ों छोटी–छोटी मिडिल इण्डस्ट्रीज हैं। लेकिन आप अगर पटना से बरौनी बात करना चाहें तो बात नहीं कर सकते। दिक्कत यह है कि जब बिहार के अधिकारियों ने योजना बना कर भेजी नये टेलीफोन एक्सचेंज की तो पी० एण्ड टी० बोर्ड पैसे की कमी की वजह से उस योजना को स्थगित कर देता है। बड़ा ताज्जुब होता है कि बरौनी–बेगसराय काम्प्लक्स में एक अच्छा टेलीफोन एक्सचेंज नहीं बना सकते। कोई इस बात का यकीन नहीं कर सकता कि सरकार के पास इस बात के लिये पैसा नहीं है। सारे भारत में क्लाथ प्रोडक्शन के सेन्टर्स को छोड़ कर, जैसे कानपुर, और अहमदाबाद को छोड़कर, मुजफ्फरपुर सबसे बड़ा सेंटर है सारे भारत में जहां से 50 करोड़ रु० का सालाना कपड़े का रोजगार होता है। लेकिन मुजफ्फरपुर से कलकत्ते के संचार की व्यवस्था नहीं है। और लाख मेरी कोशिश करने के बाद भी पैसे की कमी की वजह से संचार की व्यवस्था नहीं हो सकी व्यापारिक सुविधा नहीं मिल सकी। मैं ने इसलिये लेवी का जिक्र किया कि अगर सरकार को पैसे की जरूरत है तो सरकार पैसे की व्यवस्था करे और जो राष्ट्रीय आवश्यकताएं हैं उस योजना को सरकार पूरी करे।

श्री ओंकार लाल बरवा (कोटा) : मान्यवर, मैं इस विधेयक का विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हूं। जैसा अभी माननीय नवल किशोर सिंह ने कहा कि 5,000 या 10,000 रु० लेवी रख दो जाय मैं इसके बिल्कुल विरोध में हूं क्योंकि इन्हींने तो काफी कमा लिया सफेद टोपी की आड़ में। लेकिन अगर किसी गरीब को देहात से किसी को अस्पताल ले जाने के लिये एम्बुलेंस के लिये टेलीफोन करना हो तो वह क्या करेगा? वह कहां पर जायगा। आप अपनी तरह न सोचिये क्योंकि आप को तो फ्री टेलीफोन और फ्री काल मिली हुई है। आप क्यों नहीं अपने ऊपर लेवी लगाते?

16.56 hrs.

[SHRI NAWAL KISHORE SINHA *in the chair*]

इस विधेयक में तीन बातें लिखी हुई हैं। इन 10 रु० से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है पहली बात यह लिखी है कि टेलीफोन व्यवस्था के विस्तार की सही योजना बनाने की दृष्टि से प्रतीक्षा सूची को अधिक यथार्थ बनाया जाय। यह क्या यथार्थ बनायेंगे 10 रुपये में बताओ। क्या इस व्यवस्था से टेलीफोन जनता को आसानी से मिल सकेंगा? और जहां तक ब्लैक मार्केटियर्स का सवाल है उनके लिये रुपयों की कोई कीमत नहीं है, आप हजार रु० भी रख दो तो भी वह टेलीफोन कनैक्शन लेंगे। लेकिन मसीबत तो गरीब की है जो गांव में बैठा हुआ है और वह इंतजार कर रहा है ऐम्बुलेंस बुला कर मरीज को ले जाय। दूसरा आप का कहना है कि टेलीफोन कनैक्शन के लिये अनावश्यक झूठी मांगों को समाप्त कर दिया जाय।

तो आप को बताना चाहिये कि कितनी मांग है। 10 रु० में कम कर देंगे? इस को या तो काट देना चाहिये, या ज्यादा कर देना चाहिये। आप ने 1967 में यह सोचा कि 10 रु० लगाना है। 1969 में लगाया और 1974 में विधेयक को ले आयें। क्या है इसका मतलब? पांच साल पहले लाना चाहिये था। कौन रोकता था आपको। लेकिन नहीं। जब-जब सोचते हैं तब तब दीया जला लेते हैं। पांच साल तक अंधेरे में रहे, तो और रहते। 10 रु० में उजाला करना चाहते हो? पांच साल पहले क्यों नहीं लाये इसको? तीसरी बात कहते हैं कि टेली-फोन के लिये आवेदन प्राप्त होने पर विभाग को आवेदनों को रजिस्टर करने में, प्रतीक्षा-सूचियां बनाये रखने में तथा पत्र-व्यवहार में, जो उसे आवेदकों के साथ उन के मामलों की स्थिति के बारे में तब तक करना पड़ता है जब तक कि मांग पूरी करने का समय नहीं आ जाता, कुछ खर्च करना पड़ता है। तो क्या यह भी 10 रु० के मत्थे है? आप अलाउन्स भत्ता किसके लिये लेते हो? क्या मतलब है 10 रु० में पैट्रोल का खर्चा ले लोगे। सरकार के खर्चे पर पैट्रोल जितना चाहते हो भराते हो। क्या वह सारा खर्चा इसी से निकालोगे। ऐसी बात नहीं करनी चाहिये जो गरीब को बुरी लगे। आप सरकार की कार ढूंढो और हमारे ऊपर टैक्स लगाओ। उस कमेटी ने पहले भी लिखा है कि संविधान का उल्लंघन नहीं है, लेकिन पहले अपने यांत्रिक तारों को तो सुधारो। जहां पहले किसी व्यापारी का 300 रु० का बिल आता था अब 900 रु० का आने लगा। कोटा राजस्थान में जिस व्यापारी का 300 रु० का बिल आता था महीने में अब 900 रु० आने लगा, और जब हमने अधिकारियों को लिखा तो उन्होंने कहा कि विचार किया जा रहा है। और बिल पहले ही जमा करा लो। जब लोगों ने शिकायत की तो कहते हैं हम ने क्लर्क को पकड़ा है, लेकिन उसके द्वारा की हुई गलती पर उस को कोई सजा नहीं, और व्यापारियों को सजा मिल गई। तो ऐसे खराब यन्त्र लगाने से क्या मतलब है? वैसे ही जेब काट लो किसी की हम ने कहा कि आप 300 रु० जमा करा लो और अगर यंत्र की गलती हो तो 600 रु० माफ कर दो। उन्होंने कहा कि पैसा तो 900 रु० ही जमा करना होगा। अगर गलत निकला तो वापस कर दिया जायेगा। अब आप बताइये कएं में डाला हुआ रुपया वापस मिलता है क्या? जो हम चनाव के लिये 500 अर्नेस्ट मनी जमा करते हैं वह साल-साल भर तक नहीं मिलती है।

छः सौ ज्यादा ले लिए और उन्होंने दे दिए तो पता नहीं कितने चक्कर उनको इसको वसूल करने में लगाने पड़ेंगे। दस रूपए जो आपने फार्म के रखे हैं इतने के तो उनके जूते ही घिस जाएंगे तब भी उनको पैसे वापिस नहीं मिलगे।

17 hrs.

अब मैं अपने क्षेत्र की बात कहता हूं। कोटा में अभी तक डायलिंग सिस्टम बिल्कुल भी नहीं हुआ है। वह इंडस्ट्रियल एरिया है। भोपाल में हैवी इलैक्ट्रिकल्ज है, और भी बहुत से कारखाने हैं उसको आपने दिल्ली के साथ कनैक्ट नहीं किया है अभी तक जयपुर से जोधपुर और जयपुर से कोटा जो इंडस्ट्रीयल एरिया है नहीं मिलाया गया है डायलिंग सिस्टम वहां नहीं किया गया है। मशीने फिट हो गई है, सब कुछ हो गया, पी एम जी देख कर आ गए और कह गए कि 1975 में हो जाएगा लेकिन इंतजार में बैठे है। अब आप ही बताओ क्या करें। बूंदी की पहले आबादी पचास हजार थी अब एक लाख हो गई है। वहां पोस्ट आफिस की हालत वैसी ही है जैसी एक बनिए की दूकान की होती है। वैसा उसको आपने बना रखा है। क्या आप वहां पोस्ट आफिस तथा तार घर नहीं बना सकते हैं। उदयपुर की भी यही हालत है जो कोटे की हालत है।

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

भरतपुर जहां से राज बहादुर जी आते हैं उसको आप देख लें वहां डायलिंग सिस्टम चालू हो चुका है। शायद वह संचार मंत्री रहे है। कोटा उसके मुकाबले में कितना बड़ा है। लेकिन वहां पर नहीं चालू हुआ है। पहाडिया जी शायद उस में इंटरेस्टिड थे, इस वास्ते हो गया है। यही हालत उदयपुर की है।

श्री ललित नारायण मिश्र बिहार के हैं। रेल मंत्री बनते ही उन्होंने उधर रेलवे लाइन निकालने का आर्डर दे दिया। सैया भए कोतवाल हमें डर काहे का। यही करने वाले हैं। इनको पूछने वाला कौन है। हमें रोते-रोते पंद्रह साल हो गए है लेकिन डायलिंग सिस्टम नहीं इंट्रोड्यूस किया गया है कोटा में। बूंदी के अन्दर डाक तथा तार घर नहीं बना पाए हैं। कोई इनको परवाह ही नहीं है। आर० एम० एस० की हालत देखनी हो तो जा कर 19 डाउन की देख लें। उस डिब्बे में अंधेरा रहता है। जो सार्टर है वे मोमबत्ती जला कर डाक छाटते हैं और इधर उधर पत्र चले जाते है। क्या रेल का किराया इस वास्ते आप इतना ज्यादा लेते हैं।

मुझे पत्र आया कि मुझे एडवाइजरी कमेटी में ले लिया गया है। मैंने इसके लिए धन्यवाद किया। लेकिन छः महीने हो गए है, उसको एक भी मीटिंग नहीं हुई है। ऐसी कमेटी आपको ही मुबारिक हो। अगर मीटिंग हो तो हम तो आपको आने जाने का खर्चा भी नहीं देना पड़ेगा क्योंकि हमारे पास रेलवे पास है। फिर भी आप मीटिंग नहीं बुलाते हैं इस वास्ते कि आपके अफसरों की उस में मिट्टी प्लीद होती है।

पेपर जो क्लास 3 और क्लास 4 के कर्मचारियों के पास हिन्दी में आने चाहिए अंग्रेजी में आते हैं। गरीब आदमियों को फार्म तक नहीं मिलते हैं। डाकखानों में दौडते फिरते हैं लेकिन मिलते नहीं है। यह हालत है।

अन्त में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि कोटा में डायलिंग सिस्टम किया जाए। बूंदी में पोस्ट एंड टैलीग्राफ आफिस दिया जाए। आप की मशीनें कितना गलत काम करती हैं इसकी हालत आप दिल्ली में ही देख लो। भैरों सिंह जी शेखावत राजस्थान से आए हैं। वह 78 नार्थ एवेन्यू में रहते हैं। छः दिन से उनका टेलीफोन खराब पड़ा है। चार दिन पहले रिपोर्ट करवा दी थी। अभी तक ठीक नहीं हुआ है। जयपुर की लाइन मिलानी हो तो चार चार दिन लग जाते हैं लेकिन मिलती नहीं है। दिल्ली से जयपुर मिलता ही नहीं है। दिन भर आप डायलिंग करते रहो, आपको मिलेगा ही नहीं। इसको क्या आपने अजायबघर बना रखा है। इन चीजों को आप दुरुस्त करें।

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने हमारी एक बात मानी है। मैं कमेटी आन सबार्डिनेट लेजिस्लेशन में था। मैंने उस में यह सवाल उठाया था। यह ला की बात है। मेरी जो आबजर्वेशंज थी उन में से एक बात को माना गया है और एक बात आप भूल गए है। मैं जानना चाहता हूं कि 1970 के बाद आपने इस तरह से कितना रूपया वसूल किया है। जब हमने आबजेंक्शन रेज की और कह दिया कि आप डिसकंटिन्यू कर दें और आपने वादा भी किया तो फिर क्या वजह है कि उसके बाद भी पैसा वसूल किया गया। कमेटी आन सबार्डिनेट लैजिस्लेशन में यह कहा गया था :

"The Committee note the assurance by the Minister of Communications that the Indian Telegraph Act will be amended to implement the recommendations and an amendment Bill will be brought before Parliament sometime in 1974 along with some other important amendments to the Act. The Committee, however, desire the Ministry to discontinue the levy of Rs. 10 per application till such time an express authorisation for the same is made in the principals Act."

आपने एश्योरेंस दे दी और कह दिया कि हमने जो रिकवरी की है वह गलत हुई है लेकिन अब डिसकंटिन्यू कर देंगे और तब तक कंटिन्यू करेंगे जब तक हम बिल नहीं लाते हैं।

When we have already said this, you will discontinue the recovery.,

तो मैं पूछना चाहता हूं कि 1970 के बाद जिन लोगों ने एप्लीकेशन की तब जो आबजेक्शन हो चुकी थी उसको आपने किस प्रकार वेव कर दिया और पैसे ले लिए। एप्लीकेशन में कोई खास बात नहीं है इसलिए इसको हम दरगुजर करते हैं। लेकिन दस रुपये क्यों ले लिए?

एग्जैक्टिव ने पहले कानून को एमेंड क्यों नहीं करवाया? क्यों कानून को अवहेलना की, डैलीगेटेड पावर्ज का दुरुपयोग क्यों किया? कमेटी द्वारा आबजेक्शन ही नहीं किया गया लेकिन इम्पोजिशन पर आपको रिप्रिजेंटेशन भी मिली थी। मैं आपको पढ़ कर बताता हूं :

"The matter was raised by the members in the House on a number of occasions and in reply to a question on 16 April 1974, the Minister of State for Communications stated that the Government had received a few representations aainst the imposition of the fee".

This has been brought to notice.

जो पावर्ज आप को दी जाती हैं उनका दुरुपयोग आप कर लेते हैं और डैलीगेशन का सहारा ले कर कानून बना देते हैं और रिकवरी शुरू कर देते हैं। जो इसको आप डिसकंटिन्यू कर रहे हैं। इसके लिए तो मैं आपको धन्यवाद देता हू। एस्टीमेट्स कमेटी ने जो रिपोर्ट दी है वह सारी पढ़ कर मैं आपको सुनाना नहीं चाहता लेकिन एक बात सुनाना चाहता हूं। लाखों एप्लीकेशन्ज आज भी आपके पास पैंडिंग हैं :

"The Government have also admitted that people have been on the waiting list for as long as 9-10 years. In the metropolitan cities, the Committee regret to observe that there is a wide disparity between the projections for demand for telephones and the actual achievements".

नौ नौ और दस दस साल हो गए हैं लेकिन आपने ध्यान नहीं दिया? आप कहते हैं कि हमारे पास स्टाफ नहीं है। लेकिन कमेटी ने आबजर्व किया है :

"The Committee therefore feel that the whole planning has been unrealistic. They would, therefore, like to emphasise that plan projections should be based on a sound, scientific forecast, the demand of telephones and the capability of Government to provide telephone connections on the basis of their production capacity as well as other related issues".

सरकार दस दस साल तक टेलीफोन नहीं देती है। उस के पास दस दस साल की एप्लिकेशंज पड़ी हुई हैं और रुपया भी उस के पास जमा पड़ी है। आप के अफसर क्या करते हैं? आप के सामने मैं शिकायत रखना चाहता हूं कि वे लोग बिजिनेसमैनों से मिले रहते हैं और करोड़ों रुपयों का चोरी होती है। इस लिए टेलीफोन आपरेटरों की चोरी जो पकड़ने की कोशिश की जाए।

मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि वह दूसरा रूप धारण करके, पगड़ी बांध कर, कहीं जाएं, तो उन को पता चलेगा कि पैसे के बिना कोई उनका काम नहीं करेगा। कमेटी ने कहा है :

"The Committee further feel that conscious effort should be made by the P & T Department to inculate in their staff a sense of public spirit and public service."

[श्री मूल चन्द डागा]

टेलीफ़ोन डिपार्टमेंट के स्टाफ़ की तन्ख्वाहें बढ़ायें, लेकिन वे लोग अपना काम भी मुस्तैदी और ईमानदारी से करें। उन लोगों ने होली-दीवाली पर पैसा मांगना भी शुरू कर दिया है। मेरे मित्र कहते हैं कि यह छोटी बात है।

सभापति महोदय: आप इस विधेयक के बारे में कहें।

श्री मूल चन्द डागा : विधेयक के बारे में मैं ने अर्ज़ किया है कि दस रुपये की फ़ीस के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है। वह विद रेट्रोस्पेक्टिव इफ़ेक्ट लागू हो सकता है। कमेटी ने यह भी आबज़रवेशन किया था कि इसको डिसकन्टिन्यू किया जाये। आप ने उसकी अवहेलना की है—मैं तो उस को अवहेलना ही कहूंगा। यह विधेयक छोटा सा है-वह दस रुपये लेने के बारे में है। वह बात ठीक है। लेकिन इस्टीमेटस कमेटी ने आप के डिपार्टमेंट की जो भूरि भूरि प्रशंसा की है. आप उस को पढ़ें और देखें कि क्या हालत है।

श्री शिव कुमार शास्त्री (अलीगढ़): सभापति महोदय, इस में कोई सन्देह नहीं है कि विषय-वस्तु की दृष्टि से इस विधेयक पर कहने को बहुत कम है। परन्तु यह भी ठीक है कि इस विभाग में जैसी अकुशलता मनमानी और लापरवाही चल रही है, जब जब अवसर आये, तब तब उन को सुनाते अवश्य रहना चाहिए। तभी इस में कुछ सुधार की सम्भावना हो सकती है। माननीय श्री शर्मा से भी मेरा निवेदन है कि इस संबंध में बड़ी सतर्कता की अवश्यकता है।

संस्कृत साहित्य में हाथी के लिए एक शब्द है "गम्भीरवेदी"। "गंम्भीरवेदी" का अर्थ यह है कि हाथी थोड़ी बहुत छेड़-छाड़ से नहीं मानता है, बल्कि जब तक अंकुश अन्दर न चला जाये, जब तक उस को गम्भीरता से अनुभव नहीं होता है। यह विभाग तो बिल्कुल ही निरंकुश है। उस को चाहे जो कुछ भी कहा जाये, उस पर कोई प्रभाव नहीं होता है। उर्दू के एक बहुत बड़े शायर, अकबर ने एक बात कही थी, जो इस विभाग पर फ़िट होती है। "सुनाओं जो चाहो सुन लेंगे, मगर मुतलिक नहीं समझेंगे। तबियत तो खुदा जाने कहां है, मगर कान हाज़िर हैं"। जो कहा जाता है, उस को सुन लिया जाता है, उस पर अमल हो या न हो।

मैं अपने अनुभव की एक बात बताना चाहता हूं। तीन वर्ष पहले मैं ने अपने गांव मडराक, ज़िला अलीगढ़. में अनुरोध कर के इस विभाग से पब्लिक टेलीफ़ोन लगवाया। अलीगढ़ वहां से दस किलोमीटर है और हाथरस वहां से पच्चीस किलोमीटर के करीब होगा। जब यह टेलीफ़ोन लगा, तो हाथरस के टेलीफ़ोन एक्सचेंज से उस का संबंध कर दिया गया। लगभग तीन वर्ष ही मुझे यह कहते हुए हो गये हैं कि उस का संबंध अलीगढ़ के साथ जोड़ दिया जाये। एक मीटिंग में श्री बहुगुणा और श्री पहाड़िया दोनों थे। जब मैं ने कहा कि अलीगढ़ नज़दीक है, उसके साथ संबंध जोड़ा जाये, ताकि अगर कोई शिकायत हो, तो वह जल्दी से ठीक हो सके, तब श्री बहुगुणा ने अधिकारियों को कहा कि यह वास्तव में बहुत उचित बात है। उस के बाद डेढ़ वर्ष तक कोई खबर नहीं ली गई। मैं इस मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति का बराबर सदस्य रहा हूं। मैं ने दोबारा भुवनेश्वर में याद दिलाया। लेकिन अभी तक कोई परवाह नहीं की गई है।

अलीगढ़ में अपने आप डायलिंग के लिए एक्सचेंज की बिल्डिंग बन चुकी है। वहां यह दयनीय स्थिति है कि आप टेलीफ़ोन को कान पर रखेरहिये, वे नम्बर देने के लिए उठायेंगे ही नहीं। और अगर आप ने तंग आ कर यह कह दिया कि इतनी देर लगाते हैं, जल्दी क्यों नहीं उठाते हैं, तो समझ लीजिए कि आप का नम्बर नहीं मिलेगा। बिल्डिंग बन चुकी है, लेकिन अर्थाभाव के कारण या किसी और कारण से इस दिशा में प्रगति नहीं हो रही है। इस लिए मंत्री महोदय कृपा कर के इधर ध्यान दें। वहां एक

बड़ी यूनिवर्सिटी है और बड़े बड़े कालेज हैं। वह एक औद्योगिक शहर है। वर्तमान स्थिति में वहां नाना प्रकार की असुविधायें होती हैं।

कोई तार भेजता है कि मैं फलां ट्रेन से फलां टाइम पर आऊंगा। लेकिन पहुंचने वाला व्यक्ति पहुंच जाता है और तार बाद में पहुंचता है। ऐसे दसियों मामलों का मुझे अनुभव है।

दिल्ली में, चिराग के नीचे, देखिए।

197 को टेलीफोन कीजिए और आप घंटी सुनते रहिए। सवेरे के समय, छः और सात बजे के बीच मे, एक एक, या डेढ़ मिनट के बाद उठाएगें। और अगर उन से कहा जाए कि इस समय आफिस का टाइम थोडे ही है, आप जल्दी जल्दी क्यों नहीं उठाते हैं, तो कहेंगे कि आप का क्या पता है, यहां बड़ा रश है—छः सात बजे सवेरे बड़ा रश बताते हैं। जब श्री बहुगुणा से इस बारे में कहा, तो उन्होंने स्वयं कहा कि कलकत्ता में डेढ़ मिनट तक स्वयं टेलीफोन पकड़े बैठा रहा, लेकिन किसी ने नही उठाया।

ऐसा लगता है कि मंत्री महोदय इस में सुधार के लिए एक्शन नहीं ले सकते हैं। यह असहय स्थिति है। इन त्रुटियों का मैं ने उल्लेख किया है, वर्ना इस विधेयक के बारे में मुझे विशेष कुछ नहीं कहना है।

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI (Jamshedpur): Sir, a lot has been said about this Bill. While I welcome this Bill, I have got some suggestions to make and I hope the Minister will kindly look into them. I should like to suggest that the charges for any application for providing any telegraphic line, appliance or apparatus are moderate and not exorbitant. But they should not be enhanced as soon as the Bill is passed.

The Government shuold also look towards the efficiency of their highly paid officers and see that they work with zeal and honesty and not interpret the law we make here as they wish and like. They should keep the interest of the public and subscribers in mind.

There should be advisory committees in every divisions, apart from the P & T Board, consisting of legislators, Mukhiyas and representatives of the public and the subscribers for guidance and proper application of law and the powers that are being entrusted to the department under this Bill. The committee should meet at least once quarterly to settle the matters locally and no *parvies* should be entertained. There is already a lot of corruption and by this Bill we are giving more powers to the officers of the department. The *bona fide* subscriber is harassed like anything and the person who bribes gets his work done in no time.

I remember I attended a meeting of the Telephone Advisory Committee in July 1973 but I have not been paid my TA Bill for the last one and a half years. This is the efficiency of the Posts & Telegraphs Department.

There are lots of public complaints against the present General Manager of Posts and Telegraphs Department, Delhi but no action has been taken against him as yet.

No one can get refund of the excess amounts either realised by the Telephone Department from subscribers under the threat of disconnection or the excess amounts deducted from the salaries of MPs. It takes six months to one year to get refund, in spite of continuous correspondence and sometimes even those letters do not have any effect. This should be seriously looked into by the Communications Minister and he should tone up the administration. After all, these highly paid officials are first public servants than anybody else.

Sine the levy and collection of any charges cannot be challenged in a court of law, the departmental head should settle such matters amicably across the table. They can do it if they want to.

Now I come to the grant of telephone connections. It is very difficult for a *bona fide* applicant to get a telephone connection even if he observes all the formalities but a bogus person can get it within a week, if he pays Rs. 3,000 to 5,000 as bribe to the departmental officials. Even under the Own Your Telephone it has become difficult to get a telephone without paying a bribe to the department concerned, though a heavy sum is paid for that in advance.

The telephone system in Delhi, the Capital of the country, has deteriorated so much that telephones of even the MPs are often found dead and when complaints are lodged the departmental head simply does not bother. Why can't this be checked and the position improved? I hope the hon. Minister would take note of what I have said on the floor of the House and do something about it, because I am voicing the views of the general public as their representative.

The Committee on Subordinate Legislation of Lok Sabha have recommended that the charges should be levied in such a way that they do not become a burden on the subscribers and the general public. This should be implemented.

As everybody knows, the billing system of the Telephone Department is very defective and should be streamlined in such a way that over-billing of trunk calls is stopped forthwith. Now even MPs. are not left out by the P & T Department and excess charges are deducted from their salaries and refunded only when repeatedly pressed for refunds.

The same is the case with telegrams, which do not reach their destinations in time. Sometimes the telegrams are returned with letters of regret. This defeats the very object of a telegram, which is sent by a person only in case of an urgency. The Minister should understand all this and tone up his administration. Otherwise, who will listen to the grievances of the general public after this Bill is passed, giving powers to the Posts & Telegraphs Department?

*SHRI J. MATHA GOWDER (Nilgiris): Mr. Chairman, Sir, I wish to say a few words on the Telegraph (Amendment) Bill. This amending Bill is no doubt small. But that does not diminish its significance.

The Telegraphs Act of 1885 is sought to be amended through this Bill. In other words, 89 years after the enactment of the parent Act, the Government have thought it necessary to bring forward this Bill. Sir, the parent Act was enacted by the Britishers in the year 1885 and it is inexplicable to me how there has been no need so far to amend this Act of last century. I would like to ask whether the Government is not ashamed to bring forward this small amending Bill in 1974 to the parent Act enacted in 1885?

Here also, the Government *suo motu* have not brought forth this amending Bill. It was left to the Subordinate Legislation Committee of this House to point out that the Government have exceeded the powers accorded to them in the parent Act in the matter of collecting a fee of Rs. 10 for a telephone application. The Report of the Subordinate Legislation Committee was submitted in 1971 and the Government have taken three years to introduce this Bill as suggested by the Committee. Dr. Shankar Dayal Sharma regretted the delay and frankly admitted that the Government should have brought forth this Bill much earlier. He has assumed charge of this Ministry only recently I would like to know whether his predecessors were sleeping all these years. I would also like to know what was the Department doing all these years. This

*The original speech was delivered in Tamil.

kind of unnecessary delay only proves the contention that the officials of the Government are usefully negligent in their duties.

There is also another reason for this kind of inordinate delay in bringing forward the necessary amendments to the parent Acts. The Central Government have concentrated all the powers in their hands and in consequence they do not have time to formulate amending legislations to the parent Acts, even when they happen to be very essential. Otherwise, the parnt Act of 1885 would not have been sought to be amended in 1974. Does it mean that the parent Act of 1885 has not required amendments so far? I would like to know from the hon. Minister when he proposes to bring forward a comprehensive amending legislation for this parent Act of 1885, so that the requirements of the present days can be met.

Many hon. members who preceded me referred to the inefficient working of the P & T Department. I would like to narrate my personal experience. The telegram which I have in my hand was sent from Madras on 12th November and it reached me on 17th November, that is, five days after the telegram was sent from Madras. Even a letter would have reached me on the 13th or on the 14th. I do not think that this is a solitary proof of the inefficiency of the P & T Department

Similarly, even the M.Ps' telephones are no exception to the vagaries of the Department, as has been point out by the Members who spoke before me.

MR. CHAIRMAN: Mr. Gowder, you may continue tomorrow. We now take up Half-an-Hour Discussion.

Shri Madhu Limaye.

17.30 hrs.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

ISSUE OF AD HOC LICENCES TO MESSRS CADBURY FRY AND MESSRS COCA COLA EXPORT CORPORATION

श्री मधु लिमये : सभापति महोदय, सब से पहले तो मैं आप से यह जानना चाहता हूं कि जो बहस में उठा रहा हूं उस का जवाब कौन देंगे ? मैं व्यापार मंत्री को यहां नहीं देख रहा हूं, उद्योग मंत्री से इस बहस का कोई सम्बन्ध नहीं है...

डा० कैलाश (बम्बई दक्षिण) : व्यापार मंत्री बैठे हुए हैं ? वे यहीं पर पहले से मौजूद थे । शायद आपने देखा नहीं ।

श्री मधु लिमये : सभापति महोदय, यह जो बहस है यह केवल कैडबरी और कोका कोला की बहस नहीं है वास्तव में यह बहुत ही व्यापक बहस है । सभापति महोदय, मैंने अपने प्रश्न के द्वारा बरसाती सत्र में यह सवाल उठाया था कि आप जितने लोगों को इम्पोर्ट लाइसेंस देते हैं, उन का आखिरकार वर्गीकरण क्या है, क्योंकि नित्य नये नाम संसद सदस्यों और जनता को कन्फ्यूज करने के लिय आप ढूढ निकालते है ? इस समय में एक्चुअल यूजर्ज लाइसेंस से ही प्रारम्भ करता हूं –यह आप की इम्पोर्ट ट्रेड कन्ट्रोल की हैण्डबुक है इस में एक्चुअल यूजज लाइसेंस की डफिनिशन दी गई है–

"Actual Users (industrial) are those who require raw materials, components, accessories, machinery and spare parts for their own use in an industrial manufacturing process."

अब, सभापति महोदय, आप जानते हैं कि कोकाकोला एक्सपोर्ट कार्पोरेशन को 16 लाख रुपये का एक्चुअल यूजज लाइसेंस दिया गया । म जानना चाहता हूं कि यह लाइसेंस कोकाकोला एक्सपोर्ट कार्पोरेशन को दिया गया या जो 22 कोकाकोला बनाने वाली बोटलिंग प्लांटस हैं उन के लिये कोकाकोला

[श्री मधु लिमये]

एक्सपोर्ट कारपोरेशन को लाइसेंस दिया गया और इस का, अभी जो मैंने डेफिनीशन पढ़ी है जो व्याख्या पढ़ी है उस से कैसे मेल बठता है क्योंकि यह जो एक्चुअल यूजर्ज लाइसेंस एडहाक बेसिज पर दिया है यह इण्डियन बोटलर्स के लिये भी आपने दिया है। इस के बारे में श्री प्रनव मुखर्जी ने, जो आप ही के मंत्रालय में थे, एक प्रश्न के उत्तर में यह कहा था—

"While approving additional bottling plants, it was stipulated that the scheme will not confer any right on the Coca Cola Export Corporation to claim additional imported raw materials on Actual User basis required for the manufacture of concentrate and that the Corporation will arrange supply of concentrate to the bottlers out of the raw materials that may be made available against their own exports of concentrate."

क्या इस स्पष्ट आश्वासन का आपने उल्लंघन नहीं किया है ?

इस के सम्बन्ध में मैं एक बुनियादी सवाल उठाना चाहता हूं—इस देश की जनता के उपभोग के लिये डोमेस्टिक कन्जम्पशन के लिये जब आप विदेशों से माल मंगवाने का लाइसेंस देते हैं तो क्या सरकार के पास इतनी विदेशी मुद्रा है कि अनावश्यक या गैर-आवश्यक चीजों को पैदा करने के लिये आप विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल करें। अगर आप फर्टिलाइजर के लिये पेस्टीसाइड्स के लिये या दूसरी जो प्रायोरिटी इण्डस्ट्रीज है, उन के लिये आप एक्चुअल यूजर्ज लाइसेंस देते है तो बात मेरी समझ में आती है, लेकिन सॉफ्ट ड्रिंक्स क्या कोई ऐसी आवश्यक चीज है कि जिस के बिना लोगों की जान चली जायगी और उस के लिये आप विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल करते हैं—मेरा बुनियादी विरोध इसी बात को लेकर है।

अब एक्चुअल यूजर्ज लाइसेंस डोमेस्टिक कन्जम्पशन के लिये होता है, इसके बारे में तो कोई शक नहीं है—तब मेरे इस प्रश्न का भी आप जवाब दें कि क्या सरकार की यह नीति है—जब कि विदेशी मुद्रा सीमित है, फिर भी उस का इस्तेमाल नान-इसेन्शल कन्ज्यूमर गुड्स को पैदा करने के लिये आप करते चले जायेंगे ?

दूसरी बात वास्तव में यह लाइसेंस बोटलर्स के लिय है जिसे आप कोकाकोला एक्सपोर्ट कारपोरेशन को दे रहे हैं ? इस के बारे में प्रनव मुखर्जी साहब का जो आश्वासन था, वह मैंने आप के सामने रखा। अब आप रिप्लेनिशमेन्ट लाइसेंस की ओर आइये। यह लाइसेंस एक्सपोर्ट के लिये दिया जाता है। यह पहले 20 प्रतिशत दिया जाता था, बाद में यूनुस कमेटी ने उस को साढ़ चार प्रतिशत कर दिया। लेकिन फिर पीछे के दरवाजे से एडहाक यूजर्ज लाइसेंस के नाम पर आप ने इन को फिर 16 लाख का लाइसेंस दिया है। मेरी राय में यह भी आप ने बहुत ही गलत काम किया है। सदन को दिय गये आश्वासन को आप ने भंग किया है।

जहां तक पूंजी का सवाल है—विगत साल कोकाकोला ने कुल मिला कर 1 करोड़ 26 लाख की पूंजी बाहर भेजी है। उन के विभिन्न एक्सपेन्सेज को, जिन को आपने कुबूल किया है, उस को देकर 1 करोड़ 26 लाख भेजा है और 1964 से 1972 तक का आप आंकड़े लेंगे तो आप को मालूम होगा कि वे 8 करोड़ 23 लाख रुपया भेज चुके हैं, यदि इस में 1973 को मिला दिया जाय तो 10 वर्षों के अन्दर इन्होंने साढ़े नौ करोड़ रुपया विदेशों को भेजा है। मैं जानना चाहता हूं क्या सरकार अब ऐसा महसूस करने लगी है कि हमारा देश विदेशी मुद्रा के बारे में बहुत ज्यादा अमीर हो गया है ?

अब आप कैडबरी-फ्राई को लीजिये। 1948 में कैडबरी-फ्राइ ने जब अपना कार्य यहां पर शुरू किया तो उन्होंने 13 लाख की पूंजी से प्रारम्भ किया था। 1973 के जून महीने तक उन्होंने करीबन 5 करोड़ रुपया विदेशों में भेजा और उन के भी अभी भी जो एकुमुलेटेड रिजर्व हैं, जो वे अन्त में भेजेंगे, वह ढाई करोड़ हैं। इस का अर्थ हुआ कि 13 लाख की पूंजी से 5 करोड़ भेज चुने हैं और ढाई करोड़ रुपया और भेजना चाहते हैं जो रिजर्व में है।

सभापति महोदय, इसी तरह से जो वर्गीकरण और क्लासिफिकेशन का सवाल उठा है उस का कोई उत्तर नहीं आता है। म व्यापार मंत्री जी से पूछना चाहता हूं। आज सवेरे जिस लाइसेंस काण्ड की चर्चा उठी थी, उन लोगों को जो इस्टब्लिश्ड इम्पोर्टर्ज दिये लाइसेंस दिये गये, उन पर भी एडहाक लिखा था—तो क्या एडहाक के नाम पर आप नंगा नाच करने की छूट ले लेते हैं। किस बेसिज पर देते हैं, उस के वर्गीकरण का आधार क्या है—क्या इस की कोई सफ़ाई मंत्री जी की तरफ से दी जायगी? हमेशा इस तरह की चर्चा जब उठती है तो जूनियर मिनिस्टर्ज को बली का बकरा बनाया जाता है। आज डी०-पी० चट्टोपाध्याय गायब हैं, पाई साहब गायब हैं—क्या मतलब है इस का? इस में पूरी इम्पोर्ट ट्रेड कन्ट्रोल पालिसी का सवाल आता है—उन को यहां मौजूद होना चाहिये था।

अब जो एलिजिबिल एक्सपोर्ट हाऊस की प्रणाली शुरू हुई इसको भी श्री मिश्र ने कायम किया था। मेरे पास यह 1972 अप्रैल से मार्च, 1973 तक की इम्पोर्ट ट्रेड कन्ट्रोल पालिसी की किताब है—उस के पृष्ठ 8 पर यह कहा गया है—

"Import licences issued to eligible export houses against the exports made by them will be subject to the condition that the imported goods shall be disposed of to actual users engaged in export production. The eligible export houses may also utilise the imported materials for export production on its own account in the manufacturing establishments owned by others."

सभापति महोदय, मैं व्यापार मन्त्री जी से जानना चाहता हूं—क्या एलिजिबिल एक्सपोर्ट हाऊस की जो योजना है, उस के तेहत इन नियमों का पालन हुआ है? आज मैं सफाई चाहूंगा कि जिन चार सरकारी गुप्त दस्तावेज को मैंने सदन के सभापटल पर रखा था—उन के बारे में आप क्या कहना चाहते हैं। वह तकरीबन 3 करोड़ 15 लाख रुपये के लाइसेंसेज का मामला था और इन लाइसेंसों के तेहत पोलिस्टरफाइबर, स्टेनलेस स्टील, आदि, जिन को ओवर-सैन्सिटिव आइटम्ज कहा जाता है, उन आइटम्ज को मंगाया गया था, जिन पर चार सौ से पांच सौ प्रतिशत का प्रीमियम था। तो यह कुल 12 करोड़ रु० का मुनाफा कमाया गया है। इतने दिन हो गये, यह इतनी बेहया, निर्लज्ज और बेशर्म सरकार है कि जो दस्तावेज सभा टल पर रखे गये और 12 करोड़ रु० के घपले का आरोप किया जाता है तो आप सफाई देने के लिए सदन के सामने नहीं आते। यही लोक सभा के प्रति आपकी भावना है? यह 12 करोड़ रु० का जो घपला हुआ है उसकी सफाई आप देंगे कि नहीं? और इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ऐक्सपोर्ट हाउसेज की जो पूरी योजना है यह घोटाले का सब से बड़ा कारण है।

कुछ दिन पहले आप को याद होगा व्हिस्की कनसे-ट्रेट का मामला मैंने उठाया था। इस

[श्री मधु लिमये]

नाम की दुनिया में कोई चीज नहीं है। कवल रेडबुक में गलत डिस्क्रिपशन दे कर जो माल्ट, व्हिस्की या स्काच व्हिस्की है उस को मंगवाने का काम किया गया। कस्टम्स वालों के लिये कंसेन्ट्रेट व्हिस्की का इनवायस और बैंक आफ इंडिया के लिये माल्ट व्हिस्की का इनवायस मेरे द्वारा शिकायत करने पर यह सारे छापे पड़े और इसमामले को पकड़ा गया। ऐडजुडिकेशन होता है और 11, 12 लाख का फाइन देते हैं जब कि उस कन-साइनमेंट को बेच कर नगद 45 लाख रु० वह कमायेंगे। अब उन्हीं लोगों की आप की मूर्खता के कारण हिम्मत बढ़ गई और उन्होंने अब ब्रांडी कंसेन्ट्रेट के नाम पर इस तरह का गैरकानूनी ढंग से यह माल मंगाने का काम शुरू किया है। इसलिये एक्सपोर्ट हाउस वाला जो रैकेट है उस को बन्द कर दीजिए, और मैं ने जो दस्तावेज सदन के सामने रखे हैं उस की सफाई दें कि इन घोटालों के बारे में आप ने कौन सी कारवाई की है। उन फर्मों के खिलाफ, उन अधिकारियों के खिलाफ और मंत्रियों के खिलाफ कौन सी कार्यवाही की है?

एक महत्वपूर्ण सवाल मैं उठाना चाहता हूं कि जब किसी भी कम्पनी या फर्म के द्वारा ऐक्सपोर्ट किया जाता है तो आप उन के लिए जब ऐन्टाइटिलमेंट या इम्पोर्ट लाइसेंस तय करते हैं तो आप का फीरमुला क्या है? मोनोपलीज कमीशन के जस्टिस मैन ने कहा था कि आप लोग यह भूल जाते हैं कि भारत से जो माल जाता है उस माल की भी अपनी कोई वैल्यू है। मान लीजिये 10 करोड़ का मैंने माल भेजा और आप मुझे 10 करोड़ का ही इम्पोर्ट लाइसेंस देते हैं, या 80 लाख, 60 लाख का देते हैं, इस में आप भूल जाते हैं कि 10 करोड़ का जो माल मैं ने भेजा है उस की भी अपनी वैल्यू है, इस देश से वह माल चला गया। इसलिये जब आप ऐक्सपोर्ट के सामने जब दूसरों को इम्पोर्ट लाइसेंस देंगे तो आप को यह फार्मुला निकालना चाहिये जिस में यह जो फिजिकल गुड्स चली जाती हैं उस के मूल्य के बारे में भी आप को सोचना चाहिये। और इस तरह का अगर आप करेंगे, इस तरह का अगर आप हिसाब करेंगे तो कोका कोला एक्सपोर्ट कौरपोरेशन को जो आप सहूलियत दे रहे हैं उस को आपको बद करना पड़ेगा। मैं कई बार इस सवाल को उठा चुका हूं।

अन्त में एक ही बात कहना चाहता हूं कि इस सदन में भूतपूर्व उद्योग मंत्री, श्री सुब्रण्यम ने आश्वासन दिया था कि जो 22 बौटलिंग प्लांट्स हैं उन को कहेंगे अब कि कोका कोला के बदले अपना अपना स्वदेशी ड्रिंक बनाने का काम कीजिए। मैं नहीं चाहता कि यह 22 बौटलिंग प्लांट्स बन्द हों, या वहां जो काम करते हैं लोग उन को रोजगार न मिले। मैं चाहता हूं कि यह बौटलिंग प्लांट्स चलें, उन को रोजगार भी मिले, लेकिन हर हालत में उन को यह आदेश दिया जाय कि 6 महीने के अन्दर या साल भर के अन्दर अच्छा स्वदेशी ड्रिंक बनाने का यह काम करें। हम लोग जब कालेज में पढ़ते थे तो अच्छे स्वदेशी ड्रिंक चलते थे। लेकिन आजकल ऐसा लगता है कि कोका कोला के बिना काम ही नहीं चलेगा। मैं नहीं कहता कि आप उस पर पाबन्दी लगा दीजिये, लेकिन जो निरन्तर ऐक्सपेशन हो रहा है और इन 22 बौटलिंग प्लांट्स को आर्डर देना पड़ेगा कि स्वदेशी ड्रिंक जल्दी से जल्दी बाजार में लायें ताकि वह बौटलिंग प्लांट्स भी चलें और लोगों को रोजगार भी मिले।

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Ausgram): I would like to know why ad hoc import licences were sanctioned to a foreign company like coca cola who are manufacturing consumer goods like beverages when Indian firms are manufacturing good quality of beverages but they are not getting the required import

licences and what are the reasons for granting *ad hoc* licences to coca cola company while the company is remitting huge amounts of profits from our country?

What step Government is going to take to stop the remittance of profit from India. Further I would like to know the *ad hoc* import licence issued to the Coca Cola Company during the year 1973-74. How many times Coca Cola Company was found guilty of supplying adulterated drinks to the consumers and what steps Government have taken so far? I would demand for stopping the import Licences to Coca Cola Company for these offences.

At the end I would like to say that Coca Cola Company is voilating the newly passed Foreign Exchange Act. When this Company will be Indianised? and asked to pack up and quit this country?

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI (Jamshedpur): Sir, I will put only questions. My questions are:

1. Are there any other established importers of these items in the country other than M/s. Cadbury Fry and Coca Cola or not?

2. What was the relevance policy in force on which the applications for licences of M|s Cadbury Fry and Coca Cola concentrates were granted?

3. Why *ad hoc* quotas were granted when M/s. Cadbury Fry and Coca Cola were the actual users and came under that category? Was it simply to enhance the quota, in addition to the actual user quota, with some strings?

4. In the answer at page 2, nothing has been mentioned about the value of the licences for the years 1971-72, 1972-73 and 1973-74 in regard to the amount whether it is in lakhs or crores of rupees.

5. Why the replenishment quota was granted and again the *ad hoc* actual users licences were issued to the Corporation?

6. What special interest the Government had in looking after the Coca Cola business and to keep their bottling plant in operation which is quite injurious to the health and especially when no one cares for more important Public sector plants running in losses to the tune of crores of rupees every year.

7. What is the present policy of the Government in regard to grant of such licences to these firms connected with America.

8. I would, therefore, suggest to the Government that no *ad hoc* quotas should be given to any of these concerns when they come under the category of actual users and are actual users and could very well obtain their requirements by filling proper applications on prescribed forms for actual users quotas which may be recommended and processed by the honest officers of the department and scrutinised by the higher authorities.

These sorts of *ad hoc* quotas lead to corruption and I would request the hon'ble Minister to explain and satisfy this House on the points raised by me.

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) : माननीय सभापति जी, माननीय श्री मधु लिमये जी ने दो मुख्य प्रश्न उठाए हैं : जहां तक उनकी और बहुत सी बारीकियों का प्रश्न है समय के अभाव के कारण उन में मैं नहीं जाऊंगा और मैं आशा करता हूं कि इसके लिए वह मुझे क्षमा भी कर देंगे । एक प्रश्न उन्होंने सिद्धान्त का उठाया है कि एक्चुअल यूजर्ज की परिभाषा को अगर सामने रखा जाए तो कोका कोला कारपोरेशन इस पर खरी नहीं उतरती है । जहां तक इम्पोर्टर्ज का प्रश्न है जो अनस्टार्ड क्वेश्चन आया था उसके आधार पर तीन हिस्सों में इसका बांटा था, एस्टैबलिश्ड इम्पोर्टर्ज, एक्चुअल यूजर्ज एण्ड अदर्ज । एक्चुअल यूजर्ज को भी आसानी से दो में

[श्री बी० पी० मौर्य

बांटा जा सकता है । इण्डस्ट्रियल एक्चुअल यूजर्ज, नान इण्डस्ट्रियल एक्चुअल यूजर्ज । नान इंडास्ट्रियल को फिर आगे एक्चुअल यूजर्ज सर्विसिस और एक्चुअल यूजर्ज इंस्टीट्यूशंज में बांटा जा सकता है । यहां पर प्रश्न केवल एक है । माननीय सदस्य ने एक्चुअल यूजर्ज की परिभाषा सदन में पढ़ी है । अगर वह मुझे इजाजत दें तो मैं दुबारा उसे कोट करना चाहूंगा :

"Actual users (ndustrial) are those who requre raw material components, accessories, machinery and spare parts for their own use in an industrial manufacturing process".

मैनुफैक्चरिंग प्रासेस इस में मुख्य है । 1957 से पहले तक कंसैंट्रेट्स जो कोका कोला बनाने में इस्तेमाल होता था वह अमरीका से आता था । 1957 के बाद इसको यहां ही बनाने की इजाजत दी गई । जहां तक कंसट्रेट्स को बनाने का प्रश्न है यदि उसको सामने रखा जाए तो कोका कोला स्वयं ही उस प्रासेस को करके, कंसट्रेट्स बना कर स्वयं अपनी लैबोरेटरी में उसको तयार करती है, इसलिये इस परिभाषा का जहां तक सम्बन्ध है, माननीय सदस्य सहमत होंगे कि यह एक्चुअल यूजर्ज की जो कसौटी है उस पर खरी उतरती है

उन्होंने कहा बीस सैंकड़ा से घट कर 4.5 सकड़ा हो गया तो उसी आधार पर इम्पोर्ट घट भी जाना चाहिये था, उसका दुरुपयोग हुआ, सरकार ने करवाया, ऐसा उनका आरोप है । एडहाक के नाते उन्हें सोलह लाख के इम्पोर्टस की इजाजत दे दी यह उनका कहना था । दूसरा नुक्ता उनका यह था । जहां तक उनकी इस बहस का प्रश्न है 22 यूनिट्स मे लगभग साठ हजार व्यक्ति कार्य करते हैं और यदि उन से और जुड़े हुए कामों वा व्यक्तियों को उस में जोड़ दिया जाए तो करीब एक लाख और उस में जुड़ जाते हैं । एक लाख साठ हजार कर्मचारियों की रोजी रोटी का एक तरह से यह प्रश्न बन जाता है । जब डिपार्टमेंटल कमेटी की सिफारिश हुई कि बीस परसेंट से घटा कर 4.5 परसेंट कर दिया जाए तो उसके आधार पर 22 यूनिटों मे जहां कोका कोला की बोतलें भरी जाती हैं उन में काम करने वाले और उन से सम्बन्धित कुल एक लाख साठ हजार कर्मचारियों को रोजी और रोटी नहीं दी जा सकती है, वह तुरन्त समाप्त हो जाती है । फिर यह केवल कर्मचारियों की रोजी रोटी का प्रश्न नहीं है । प्रश्न जुड़ जाता है कि करीब दस करोड़ की एक्साइज ड्यूटी का भी जो भारत सरकार के खजाने में इससे आती है । इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार के लिए यह सम्भव नहीं था कि 4.5 परसेंट के आंकड़े पर आ कर उनको एड हाक लाइसेंस नहीं दिया जाता । यदि एड हाक लाइसेंस नहीं दिया जाता तो ये इतना कंसेंट्रेटस तैयार नहीं कर सकते थे जितने की आवश्यकता इन 22 यूनिटों को पड़ गई ।

श्री मधु लिमये : श्री प्रणव मुखर्जी ने जो कुछ कहा था वह सबफाड था । पढ़ कर मैंने आपको सुनाया है । एफा डहेज बोन परपेट्रेटिड आन दी हाउस ।

श्री बी० पी० मौर्य : मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि ऐसा कोई भी विचार इस ओर से नहीं रहा है, यह उनके अपने मन की भावना हो सकती है । मैं माननीय सदस्य से इस बात में सहमत हूं कि एक विदेशी कम्पनी एक बहुत बड़ा फायदा कर रही है और कोका कोला निवार्य वस्तुओं में से नहीं है जिस के लिए विदेशी मुद्रा को बरबाद किया जाए तथा और तमाम बोझे उठाए जाएं ——

सभापति महोदय : [illegible] प्रयोग के सम्बन्ध में भी कुछ उन्होंने पूछा है।

श्री मधु लिमये : [illegible] को मैं नहीं चाहता हूं कि मरने दिया जाए।

[illegible] : [illegible] मैं भी [illegible] को चाहता हूं।

श्री मधु लिमये : लेकिन काम दूसरा करते हैं ?

श्री बी० पी० नौरे : इसके लिए एक बहुत बड़े रक्षक के रूप में हमारे पास कानून है जिस को इसी सदन ने पास किया है। फारेन एक्सचेंज रेग्युलेशन एक्ट आफ 1973। उसके आधार पर और विशेषकर उनकी 28 और 29 वीं धाराओं को ध्यान में रखते हुए मैं निश्चयपूर्वक कह सकता हूं कि अब उनका और एक्सपैंशन होने की कोई सम्भावना नहीं रहेगी या कोई इस तरह की व्यवस्था ही पाएगी जिस का सन्देह उनके मन में है। वह चीज भविष्य में सम्भव नहीं है।

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): The Hyderabad Food Research Laboratory had categorically stated that it is injurious to health. But they went and purchased a report saying that it is no longer injurious. From 4 bottling plants, they came to 22 bottling plants. Sons-in law, brothers, nephews, brothers-in-law! Shri Pai is trying to make a good job. He should tell us how many sons-in-law and others are taken into these.

MR. CHAIRMAN: The Minister has not got much time.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Neither have I.

श्री मधु लिमये : सवा नौ करोड़ रुपये तो [illegible] चुके हैं। फारेन एक्सचेंज रेग्युलेशन एक्ट के तहत उनका विस्तार रोक जाएगा। अगर वे इंडियनाइजेशन के लिए तैयार नहीं हैं तो उनका अस्तित्व ही मिटाना चाहिये।

सभापति महोदय : आप इंटरप्ट न करें।

श्री बी० पी० नौरे : 1971–72 और 1972–73 के अनुसार 8.95 लाख रुपये और 16 लाख के आंकड़े दिए हैं। उस में लाभ लिखा गया था। जहां तक 1973–74 का प्रश्न है अब यह कानून सदन और देश तथा सरकार के सामने है। उसके आधार पर अगस्त तक दरख्वास्तें मांगी गई थीं। कोका कोला की भी दरख्वास्त आई हुई है। मैं निश्चय पूर्वक कह सकता हूं कि राष्ट्र के हित को ध्यान में रखते हुए और इस कानून से हट कर कोई चीज उनके पक्ष में नहीं की जाएगी। निश्चयपूर्वक मैं उनको विश्वास दिलाता हूं कि माननीय सदस्य की जो भावना है, वही सरकार की भी है।

SHRI MADHU LIMAYE: You answer the simple question: whether they will be compelled to dilute their equity. This is in terms of the Foreign Exchange Regulation (Amendment Bill) which you passed.

श्री [illegible] : इसी सिद्धान्त के आधार पर ही यह कानून बनाया गया है और निश्चयपूर्वक एक दिन आयेगा, जब इस तरह की व्यवस्था हो पायेगी।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं।

[illegible] : इस में जो [illegible] दिये गये हैं, उन से यह नहीं पता चलता है कि इतने लाख रुपये हैं या इतने करोड़ रुपये हैं।

श्री [illegible] : श्रीमान जी, मैं ने [illegible] दिया है कि आंकड़े लाया हूं।

1600 [illegible]

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, November 21, 1974/Kartika 30, 1896 (Saka).

CONTENTS

COLUMNS

No. 7—Thursday, November 21, 1974/Kartika 30, 1896 (Saka).

Oral Answers to Questions :

*Starred Questions Nos. 141, 142, 144 and 145 . . . . . 1—24

Written Answers to Questions :

Starred Questions Nos. 143 and 146 to 161. . . . . 25—38

Unstarred Questions Nos. 1401 to 1416, 1418 to 1427, 1429 to 1471, 1473 to 1522, 1524 to 1560, 1562 to 1569, 1571 to 1586 and 1589 to 1600. . . 38—182

Question of Privilege—

Import Licences Case . . . . . 182—221

Papers Laid on the Table . . . . . 222—24

Calling Attention to a Matter of Urgent Public Importance—
Reported clash between tribals and police in Assam. . . . . 225—43

Statement *Re.* reported decline in prices of cotton in certain States.—

Prof. D. P. Chattopadhyaya. . . . . 243—46

Representation of the People (Amendment) Bill—*Introduced.* . . . . . 248—77

Statement *Re.* Representation of the People (Amendment) Ordinance, 1974—

Shri H. R. Gokhale. 278

Indian Telegraph (Amendment) Bill . . . . . 278—318

Motion to consider, as passed by Rajya Sabha—

Shri P. G. Mavalankar . . . . . 279—85

Dr. Kailas . . . . . 285—88

Shri Hukam Chand Kachwai . . . . . 288—90

Shri Shivnath Singh . . . . . 290—92

Shri Sukhadeo Prasad Verma . . . . . 292—94

Shri Nathu Ram Ahirwar . . . . . 294—95

Shri Panna Lal Barupal . . . . . 295—96

Shri Shrikishan Modi . . . . . 296—97

Dr. Shanker Dayal Sharma . . . . . 297—309

*The sign + marked above the name of a Member indicates that the question was actually asked on the floor of the House by that Member.

COLUMNS

Clauses 2, 3 and 1 . . . . . 3 09

Motion to pass—

Shri Dinen Bhattacharya . . . . . 309—11

Shri D. N. Tiwary . . . . . 311—12

Shri Hemendra Singh Banera . . . . . 312—13

Shri Krishna Chander Halder . . . . . 313—14

Shri Bhagwat Jha Azad . . . . . 314—15

Shri G. P. Yadav . . . . . 316—17

Shri R. S. Pandey . . . . . 317—18

Dr. Shankar Dayal Sharma 318

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Thursday, November 21, 1974/Kartika 30, 1896 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Inflationary burden on National Economy due to additional expenditure by H.S.L.

+

*141. SHRI D. D. DESAI:
SHRI SHRIKISHAN MODI:

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether aggregate additional expenditure in three plans of Hindustan Steel between 1970-71 and 1973-74 has created inflationary burden on the National Economy due to lack of corresponding increase in output;

(b) if so, whether steps have been taken to avoid similar mistakes in future; and

(c) whether study of the cost structure of steel is being undertaken by SAIL, and if so, the salient features threof?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI CHANDRAJIT YADAV): (a) to (c). A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b). The aggregate expenditure on capital account incurred by Hindustan Steel Limited during the years 1970-71 to 1973-74 was about Rs. 130.9 crores, of which nearly 56.3% was incurred on new/expansion schemes and additional township facilities and nearly 36.4% on additions/modifications/balancing facilities. etc. By their very nature, such schemes in a capital—intensive industry like steel take time for completion and do not result in immediate addition to production. Even otherwise, an expenditure of this order over a period of four years would not, by itself, lead to any significant inflationary burden on the economy.

(c) No formal study of the cost structure of steel on an industry-wise basis has been commissioned, but in the more important areas where cost reductions are possible, every effort is being made to reduce costs.

SHRI D. D. DESAI. The steel plants are one of the biggest national assets and we are very concerned about their operation Our objective to expand the public sector will essentionally depend upon the performance of our past investment. In view of this and in view of the study made by the Ministry which has shown that the inflationary pressure of steel plants have been of the order of Rs. 825 crores GDP and loss of jobs have been to the extent of 8.25 lakhs per year, may I know what efforts have been made to improve achieve full utilisation of our investment and installed capacity? May I know what steps his ministry and the Labour Ministry are taking to see that the personnel relations are putting on such a footing that the productivity per person per equipment per capital investment is comparable to that in any other part of the world?

SHRI CHANDRAJIT YADAV: I agree with the hon. Member that steel is a very basic industry and the countrys development to a great extent depends on this. I also agree that there have been certain shortcomings in the functioning of the steel plants and we have not been able to reach

agree with the hon. member that steel the rated capacity of the steel plants. But an industry like steel takes time to establish itself properly. All possible steps are being taken and under the guidance of SAIL, we have formed a coordination committee which is taking care to see that there is proper coordination in the supply of coal, rail transport etc., and to keep proper maintenance of the plant and also to maintain proper industrial relations. The hon. member would be glad to know that almost for the last one year, there has been no major industrial trouble. The personnel relationship is improving and we are also taking into account the other factors like the inputs which are required for steel-making.

All possible steps are being taken I can assure the hon. Members that during the last seven months there has been considerable improvement so far as production is concerned. For example, Bhilai has been able to achieve 106 per cent of its target. Durgapur where the situation earlier was bad has also achieved 92 per cent and Rourkela 95 per cent. So, in all the five integrated plants we have been able to achieve 100 per cent of the target during the last seven months. During the coming five months we hope to have still better results.

SHRI D. D. DESAI: The gestation period which the hon. Minister has talked about was during 1964-65, when we had higher production than in 1973-74. The hon. Minister has referred to the coal and transport problem. In 1964 or 1965 the goods carried by railways was 204 million tonnes where as last year we moved about 180 million tonnes only. In other words, we are no more in a position to assign the reason of lack of experience or lack of capacity, because in 1964-65 or 1965-66 our performance was better than during the current year. So, I would request the hon. Minister to find out the exact reasons for this state of affairs, particularly whether the capacity of the equipments mentioned at the time of purchase are the rated capacity and, if not, whether they have been corrected.

MR. SPEAKER. He should ask a question and not make a speech.

SHRI D. D. DESAI: It was mentioned that transport and coal are the two areas about which the Minister was very much worried. What are the steps taken in this direction and what is the target of production for the coming years.

SHRI CHANDRAJIT YADAV: A part of the question. I have earlier replied. The hon. Member is particularly referring to last year's situation. Last year because of power cut and shortage of production of coal the production was very much below the target. Because of the slow movement of railway wagons there were certain difficulties. Now all possible care has been taken in this direction. He asked about the expectation. During the last seven months the production has been almost hundred per cent of the target. In the coming five months the position would be better.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अपने उत्तर में कहा है :

"No formal study of the cost structure of steel on an industry-wise basis has been commissioned.

में जानना चाहता हूं कि इसका कारण क्या है ? उद्योग के अनुसार कास्ट-स्ट्रक्चर की जांच क्यों नहीं की गई और बिना कास्ट-स्ट्रक्चर की जांच किये हुये मंत्री महोदय यह दावा कसे कर सकते हैं कि हम उचित दर पर स्टील बना रहे हैं , क्या मंत्री महोदय को मालूम है कि जापान हमारा आयरन-ओर लेकर यहां से जहाजों द्वारा ढो कर ले जाता है और उस से स्टील बनाता है और वह स्टील हम से अच्छा और सस्ता बनता है इस की क्या वजह है ?

श्री चन्द्रजीत यादव : श्रीमन् हमारे देश में लोहे का जो कास्ट-स्ट्रक्चर है, इसकी प्राइस ज्वाइंट प्लांट कमेटी निश्चित करती है। वे कास्ट के तमाम फैक्टर्स, को ध्यान में रखते हुये जैसे कोयले की कीमत, ट्रांस्पोर्ट कास्ट, बिजली का रेट, श्रमिकों को जो वेतन और सुविधायें दी जाती हैं, उन सबको ध्यान में रखते हुये कीमतें निधारित करते हैं। "सल" ने इस बात की कोई स्टडी नहीं की है, सैल तो इस बात की स्टडी कर रहा है कि किस तरह से लोहे की कीमत कम हो सकती है, कास्ट-आफ प्रोडक्शन को कैसे घटाया जा सकता है।

श्री ज्योतिमय बसु : कम कैसे कर सकते हैं .... (व्यवधान) .....

श्री चन्द्रजीत यादव : कम हो गई है। मैं कह रहा था कि सैल इस बात का प्रयास कर रहा है कि किस तरह से फाइनन्सेज का बैटर यटिलाइजेशन हो सकता है, जिसका कास्ट पर असर पड़े।

SHRI H. R. GOKHALE: Now, the hon. Member has gone to another point. Probably he is referring to Art. 143 and 141. On that also there are a number of decisions. I have got one ready at hand just now where for example, it has been said that even where an interpretation is given by the court, if the Parliament feels that that interpretation did not express the real intention of the Parliament, the Parliament can pass a law to negative that interpretation. That has been done a number of times. Again, that has no relevance at all to the question of legislative competence. I would, therefore submit that the question of legislative competence does not at all arise.

A reference was made to Art. 14 only so that the proviso to the rule was attracted. Otherwise, neither Art. 14 nor 13 has any relevancy.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: There is a difference between Mr. Chawla and the persons whose petitions are pending.

SHRI S. M. BANERJEE: We are taking from the hon. Minister that no Article has been violated by this and so, the net result is Mr. Chawla goes and others remain.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am concerned only with this limited question whether this Bill will be outside the legislative competence of this House.

I have already remarked earlier that the constitutionality or unconstitutionality of any particular law is not within the jurisdiction of this House. That is to be decided by the Court. Whether it violates Art. 13 or Art. 14 or Art. 137, the Court will decide on that and the Law Minister has given his own views in the matter. But it is quite clear that this is not outside the legislative competence of this House and this House can legislate....

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: It is morally incompetent. ..... (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: This House is fully competent to legislate on this matter.... (*Interruptions*). Therefore, I put the question to the House....

SEVERAL HON. MEMBERS: No, no.

MR. DEPUTY-SPEAKER: What else is there to be done by me?

SHRI MADHU LIMAYE: Let us all walk out including the Chair.

SHRI S. M. BANERJEE: This is a fraud on the Constitution.

Shri Madhu Limaye and some other hon. Members then left the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951."

The motion was adopted.

SHRI H. R. GOKHALE: Sir, I introduce the Bill.

16.50 hrs.

STATEMENT RE. REPRESENTATION OF THE PEOPLE (AMENDMENT) ORDINANCE, 1974.

MR DEPUTY-SPEAKER: Mr. Gohale, again.

The Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI H. R. GOKHALE): Sir, I beg to lay on the Table an Explanatory statement (Hindi and English versions) giving reasons for immediate legislation by the Representation of the People (Amendment Ordinance, 1974, as required under Rule 71 (1) of the Rules of Producedure and Conduct of Business in Lok Sabha.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Item 8-A relates to Shri Joytirmoy Bosu; he has written that he has been waiting and waitingf and he cannot wait any more and he has to go to the PAC meeting, and he has requested that this may be taken up tomorrow. That is up to the Speaker to decide. But he has made that request.

Now, we go to the next item.

16.52 hrs.

INDIAN TELEGRAPH (AMENDMENT) BILL

MR DEPUTY-SPEAKER: Now, we take up further discussion on the Indian Telegraph (Amendment) Bill .....

DR KAILAS (Bombay South)-rose.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Gowder-not here..

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): Only one hour has been allotted for this Bill and already two hours have been taken for this.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Mavalanka wanted to speak.

DR. KAILAS: Sir, I want to speak.

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): Mr. Deputy-Speaker, Sir..

DR. KAILAS: Sir, I never spoke during last session. I do not know why I am treated like this in this session also I have not spoken.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please.

DR. KAILAS: Maximum number of complaints come from Bombay region.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please. Please don't get excited.

DR. KALISH: This is not correct not to assure me, before you call Mr. Mavalankar. Will you call me?

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall call you.

SHRI P. G. MAVALANKAR: Let him speak, then I will speak; I have no objection.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please. Dr. Kalish is an old man, ordinarily he should have been my father or grand-father, I don't know...

DR. KALISH: You can't pass remarks like this. I am very much concerned, you can't pass remarks like this; you just behave now...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order, order. I was only trying to respond to the wish of the hon. Minister of Parliamentary Affairs and I thought belonging to the ruling party he would have cooperated, but that does not mean that I am not going to call you. I never say, I won't call you. Order please.

DR. KAILAS: You have brushed me aside several times in the past; you always go on behaving like this whenever I rise.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please; you get excited about nothing.

DR. KAILAS: This is the seventh time you are behaving with me like this; you did not call me earlier for six times; this is the seventh time that you have not called me.

AN HON. MEMBER: You tell it to your Whip.

SHRI P. G. MAVALANKAR: Sir, when this Bill came up for discussion you said that it is a very minor Bill, let us pass it, as it is involving minor changes etc. And the Minister at once took up your hint and also sent on the same lines and said that it was a very simple one. He said: "Clause 3 was only about legislising the recovery of Rs. 10 per form from 1st December, 1969 to the passing of the Bill". He also said 'it was a very simple Bill'. But, Sir, you must have seen how subsequent discussion in this House for the last 3 days has proved that it is not so simple as it made out to be. I agree that Rs. 10 which is being charged is not taxation; it is a free charged for services rendered.

16.55 hrs.

[SHRI ISHAQUE SAMBHLI *in the Chair*]

You quoted Article 117 (2) yesterday in support of this point by saying it is a fee charged for services rendered. My point is under this or that pretext our government—both at the federal level and the State level—have got an increasing tendency and habit to go on increasing rates of all kinds of public utilities and services without correspondingly trying to add or increase to the benefits or services or welfare for the people. This is my complaint. I am not complaining so much about the Government's power to increase rates but I am more concerned at the way Government services are going down. Rates are increasing but services are going down.

The whole point is even if it is not taxation this levying of Rs. 10/- per

form is a kind of charge which is either adding to the existing charges or it creates new charges. I want to ask the Minister whether Government are mindful of this particular aspect of the matter that when you ask for increases you have to give also increased services and welfare. If you do not do that and even if you have legal power it is immoral on your part to charge additional fees.

There is another aspect. The Indian Posts and Telegraphs Department, like many other Departments, is in the nature of a monopoly agency because in our country nobody can give telephones except Government. In USA you have hundreds of telephone agencies. Therefore, there is competition. If you find the services of a particular telephone agency being inefficient you can switch on to the services rendered by other company. In our country because telephone and telegraph services are restricted to one monopoly corporation, that is, the government, therefore, they must see to it all the more that they do not take advantage of this monopolistic position and corner the consumer. They are cornering the consumer because after-all it is a contract between the Government of India and the consumers. You want the consumer to pay Rs. 10.00. You may even charge more. But the point is after having done that are you fulfilling the contract? If you do not fulfil the contract and go on increasing charges then what is this kind of contract? Then it amounts to one way traffic which is not to be tolerated.

I feel that there are certain contractual perversions in the operations of the postal and telegraph services in our country. Normally, bills are charged higher than normal. Now, the consumer has to pay the higher bill first because he has been charged and only later on he can get the disputed bills settled. That is not the way to dealing with the public by way of contract. If it is a contract then Government must also see to it that they are bound by the contract and not the consumers alone.

Coming to the question of defective services in the telephones all I would like to say is that I endorse most of the complaints which many esteemed colleagues have already registered who have proceded my speech

17 hrs.

Sir, one finds that as a Member of Parliament, he has got the telephone. I have been living in Western Court Hostel for a long time. I started living there for about 1½ or 2 years. We were in cross bar exchange. That telephone was hardly in order. Almost it was out of order. We were told that they are putting off the cross-bar exchanges in Western Court area. Same is the case with regard to other areas in Delhi. And everywhere in the country the cross-bar has proved to be ineffective or abnoxious or unworkable or impractical. Why are you then keeping that at all? The telephones are very often not only in order but we get wrong numbers. In cross bar exchange, what happens very often is this. You will hear somebody elses conversation. Of course sometimes you would like to hear such interesting conversations. Occasionally if we hear such conversations it may be all right. But, by and large, it is not good. It does not speak of efficiency. When you are speaking, why should we hear somebody else's conversation at all? I want the Minister to reply to this point. Another thing is that bugging in telephone takes place not only in Delhi but in other areas as well. In particular, it takes place in the telephones belonging to Members of Parliament and Members of the Assemblies and Members of the Opposition and users also. The Chairman might perhaps know that his own telephone might have been bugged. Several telephones are bugged like this. I do not know why? We are living in a democratic society—in an open society—I would not tolerate even for minute this sort of thing. The right of every consumer or subscriber is to maintain the kind of privacy. How can Government allow this kind of thing in the

[Shri P. G. Mavalankar]

telephones? So, this should be looked into by the Minister.

The Minister will also look into the S.T.D. services. More often than not, in the STD service, the telephone goes out of order. We waste our money. We want to get the maximum benefit out of the service. Take for example my Ahmedabad telephone. As soon as I start speaking, the telephone is cut. Again as soon as I speak two sentences, the telephone is cut. If you go on making the STD call like this, this could have been finished, say in half a minuute, here it takes two minutes because it is always cut. And for every half a minute the telephone is cut. For Heaven's sake you will see that it remains good if not better. It is getting worse. We are asked to pay more for it. I have to ring four times because I could not finish my conversation in a short time that is available. Therefore, I would like you to go into this question.

Also I want the Minister to look into the question of Eastern zone of India as it is being neglected. I find that Calcutta is not being directly linked with a number of cities. Calcutta City is not directly linked with the cities like Bombay etc. It is strange that metropolitan city like Calcutta is not directly linked with other cities like Bombay etc. In the STD service, why not the Minister give a priority to more important areas and more metropolitan cities? I say they must be linked with many metropolitan cities.

About the exchanges I won't take more time because my friend had already spoken about it. In major cities including Ahmedabad, the telephone is used by the outskirts areas. Government has got a plan to de-link the outskirts areas from the main exchanges. The industries have developed on the outskirts of the city. But, their office and their banking operations, their business transactions are all in the city. If you give a telephone to an industry which is on the outskirts but not to the office in the city, that is not fair at all. If you do not give the STD service to the office it is not fair and absurd. That is coming in the way of rapid development of industries. Also that comes in the way of their business and banking operations. Therefore, I say that Government must see to it that this is looked into. Lastly, there is a Telephone Advisory Committee. But, that is constituted in such a way—I do not want to make a personal complaint about it—that the person who ought to be there is not included. I do not bother whether I am included in that or not as an M.P. I find that the Telephone Advisory Committee of Ahmedabad on which I should have been legitimately included—my predecessor was on that committee for many years—I having come from that area as an M.P. am not on it. Anyway, I am happy I am spared of many troubles and disturbances. But the point is that many persons are selected on the basis of political patronage. That is my charge. Political workers belonging to a party are being selected and people with uprightness and a public sense of duty are denied. This is not fair.

Then I would say that the P & T employees in telephones and telegraphs are not given adequate justice. Their welfare is not looked into. There is the question of promotion of people in RMS specially those belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Their promotions are withheld although they are legitimately due those promotions. The Minister must look into this matter.

He must also look into the housing conditions of P & T employees. I find in Ahmedabad particularly the Gujarat Housing Board were ready to allot a housing colony to the P & T employees, but the Government of Gujarat and the Government of India said! 'No, no, because of economy, no housing colony'. The result is that they are without housing.

I do not want to deal with the question of consumer satisfaction in detail

except to say that the postal deliveries are poor. A city like Surat, for example, has got extra departmental post offices. Such post offices are given in villages and mofussil areas where sub-post offices are not due. But in a city like Surat, the second city of Gujarat, they have extra-departmental post offices run by school teachers.

Therefore, my submission is that in terms of welfare of the employees, in terms of satisfaction to the consumers, in terms of postcards, envelopes, inland letters, services are inefficient. This Bill gives us a chance to convey our feelings to the Minister with all the seriousness and earnestness we have. I hope the Minister will see to it that although he has now legalised an irregularity or illegality, at least now for charging more, he will provide more welfare both to the consumers and to the employees.

डा० कैलास (बम्बई-दक्षिण): माननीय सभापति जी, आज हम इंडियन टेलीग्राफ अमेंडमेंट बिल, 1974 पर जो 25 अप्रैल, 1974 को राज्य सभा में पेश किया गया था, चर्चा कर रहे हैं। मंत्री जी ने यह ठीक ही कहा था कि यह बिल बड़ा ही इनोसेंट है, जिस पर थोड़ी टीका टिप्पणी हमारे प्रो० मावलंकर ने की है। अगर हम इस अमेंडमेंट को देखें तो आप पायेंगे कि इसके द्वारा सेक्शन 7 के सब-क्लाज 2 और सब-क्लाज 5 को सुधारने का प्रयत्न किया गया है। कल जब श्री गौडर, जो हमारे डी० एम० के० के सदस्य हैं, भाषण दे रहे थे तो उन्होंने कहा कि यह एक्ट 1885 में बना था जिसे आज उसको आज 85 वर्ष बाद बदलने जा रहे हैं। मैं उनकी जानकारी के लिये सूचना देना चाहता हूं कि यह चाहे 1885 में बना हो, लेकिन इसमें 1914 1930, 1937, 1938, 1948, 1950, 1951, 1957, 1961 में भी तबदीलियां की गई थीं। लेकिन जैसा मंत्री जी ने कहा है कि यह इनोसेंट है, इससे मैं एग्री नहीं करता। मैं इसलिये कह रहा हूं कि आपने इसके सेक्शन 7 के सब-सेक्शन 5 में जो तबदीली करने की कोशिश की है-मैं समझता हूं कि मंत्री जी ने उसका पूरा अध्ययन नहीं किया है।

मैं मंत्री जी का ध्यान "कौलशकधर" की पुस्तक प्रैसीजर आफ पार्लियामेंट के पृष्ठ 500 की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं--इसमें लिखा है-

"When an Act provides that draft rules or directions framed by the Government would be subject to modification by the Lok Sabha or both Houses of Parliament within a specified period, the rules or directions can be promulgated only after the stipulated period either as framed or with the modification as agreed by the Lok Sabha or both Houses of Parliament".

क्या आप ने जो सब-सेक्शन 5 के बारे में क्या बदली करने जा रहे हैं उस पर सोचा है? मैं आपके सामने उद्धृत करके बतलाना चाहता हूं कि हमारे पुराने एक्ट में क्या था-जिससे पता लगेगा कि यह एमेंडमेंट द्वारा ब्यूरोक्रेसी लोकसभा तथा राज्य सभा में उन रूल्स को लाने में देरी कर सकेगा?

"Every rule made under this section shall be laid as soon as may be after it is made before each House of Parliament while it is in session for a total period of thirty days which may be comprised in one session or in two successive sessions."

मेरा आब्जेक्शन यह है कि आप जो तबदली इस एमेंडमेंट के द्वारा करने जा रहे हैं वह इस प्रकार one session or in two or more successive session'

ये शब्द or more क्यों जोड़े जा रहे हैं। इससे लाभ कुछ नहीं, नुकसान अवश्य। क्योंकि इसके मायने यह हो गये कि आप साल, दो साल, तीन साल में इन रूल्स को लोक सभा में ला सकते हैं। दूसरा प्रश्न सबोर्डिनेट लेजिस्लेशन कमेटी ने दो साल पहले लिखा था कि आप 10 रुपये की फीस नहीं ले सकते-नये टेलीफोन की अर्जी के लिये। मैं मानता हूं कि ब्यूरोक्रेसी ने यह

[डा० कलाम]

विचार किया और वह भी जब किसी सब्सक्राइबर ने कम्पेलेन्ट की होगी कि मैं एक नए टेलीफोन के लिये अर्जी देता हूं तो मेरा नम्बर पीछे किया जा सकता है अर्थात जो अर्जी देने वाला दबाव डाल सकता है—पैसे या पद का, उसकी अर्जी का नम्बर पहले आ जाता है। इसलिये ब्यूरोक्रेसी ने यह ठीक ही समझा कि अगर अर्जी पर एक रजिस्ट्रेशन फीस लगा देते हैं और उस पर नम्बर छाप देते हैं तो ज्यादा अच्छा होगा जो लोगों ने घूस लेने का अधिकार बना लिया था बन्द हो जाये। उलट फेर करने का वह अधिकार इस तरीके से खत्म हो गया है। आज का संशोधन, इस प्रकार जो रुपया लिया गया उसे कानूनी जामा पहनाने के लिये लाया गया है। तो 10 रु० की फीस सन् 1972 में इसलिये रखी गई क्यों कि जनता की मांग थी तथा घूस ले कर अर्जी पीछे न हटाई जा सके। मंत्री जी को यह भी मालूम होगा कि टेलीफोन देने की कटेगरीज हैं। जो स्पैशल कैटेगरीज में आते हैं, जैसे स्माल स्केल इंडस्ट्रीज, डाक्टर, पब्लिक मैन, सोशल वर्कर, नर्सेज उन को टेलीफोन बिना कुछ चार्ज किये मिल जाते हैं। जबकि 3,500 रु० लेते हैं आप ओ० वाई०टी० के अर्जी करने वालों से तो उसे आप बढ़ा कर 5,000 रु० कर दीजिये। लेकिन जो स्पेशल कैटेगरीज हैं उन से आप सिर्फ आप 10 रु० ही ले रहे हैं। प्रश्न यह है कि 1972 में 10 रु० अर्जी फीस मुकरर की थी और आज 1974 है, माननीय मावलंकर जी तो 10 रु० के लिये नाराज हो रहे थे। पर मैं कहता हूं कि उनसे 100 रु० लेना चाहिए। जब एक टेलीफोन के लिये तो, ओ०वाई०टी० में लोगों से 3,500 रु० लेते हैं, यह मेरी समझ में नहीं आता कि सोशल केटेगरी वालों से सिर्फ 10 रु० ही क्यों लिये जाये। इससे मेरा विरोध यह है कि two or more successive sessions का एमेंडमेंट गलत है और इस पर मंत्री जी को विचार करना पड़ेगा। मेरी प्रार्थना है कि मंत्री जी दूसरे सेशन में फिर एक्ट में जो है वही रखने का संशोधन लायें। मैं नहीं चाहता कि नौकरशाही रूल्स बनाने में देर करें तथा उस को लोक सभा में वर्षों तक न लायें। आज के संशोधन से उन्हें पूरी आजादी मिल जाती है।

मैं जानना चाहता हूं कि जम्मू कश्मीर पर यह ऐक्ट लागू है या नहीं। पुराने ऐक्ट में इस का कोई जिक्र नहीं है। यह भी मैं जानना चाहता हूं, कृपा कर के मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे कि जो भी खराबियां पोस्ट, टेलिग्राफ तथा टेलीफोन की सेवा में बतायी गई हैं उन को माननीय मंत्री जी जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयत्न करेंगे। यह भी ध्यान में रखें कि नौकरशाही राज्य न करें, बल्कि आप निर्णय लें उसका पालन नौकरशाही पूरी तरह कर रही है इसका पूरा पूरा ध्यान रखें।

श्री हुकम चन्द कछवाय (मुरेना) : सभापति जी, इस बिल की अपनी सीमायें हैं। परन्तु इस मंत्रालय पर पिछले दिनों से काफी विस्तार से चर्चा नहीं हुई, और इस विभाग में नाना प्रकार की शिकायतें और दिक्कत हैं और इसीलिये माननीय सदस्यों ने एक अच्छा मौका देखा है। इस की सीमा होने पर भी सीमा से बाहर जा कर नये मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर सींचना चाहता हूं।

जो बिल है इस का मैं स्वागत करता हूं। परन्तु 10 रु० देने के बाद भी क्या ईमानदारी के साथ लोगों के साथ व्यवहार किया जाता है? नहीं। आज भी इस प्रकार की अनेकों शिकायतें हैं जिन को रजिस्ट्रेशन कराने के बाद में टेलीफोन नहीं मिला। कुछ लोग लाइन में से जल्दी निकल जाते हैं। यहां बहुत से पुराने मैम्बर हैं लेकिन मध्य प्रदेश के लोग मंत्री नहीं बने। परन्तु डा० शंकर दयाल आते ही मंत्री बन गए, दौड़ में आगे निकल गए। उसी प्रकार टेलीफून के बारे में है।

वर्करों और उपभोक्ताओं की काफी शिकायतें हैं, लेकिन उन को दूर नहीं किया

गया। मेरी मांग है कि हर जगह शिकायत का यूथ हो और तत्काल शिकायत को दूर किया जाय। मैं सर्व भुक्तभोगी हूं, अनेकों बार शिकायत करने के बाद इस देश के अनेकों उपभोक्ता इस शासन से दुखी हैं। टेलीफोन विभाग ठीक प्रकार से काम नहीं करते हैं न काल ठीक से मिलती हैं और गलत नम्बर मिल जाते हैं। इन खराबियों को ठीक किया जाय। आप देखिए कितने लोग लाइन में लगे हुए हैं उन के साथ ईमानदारी से व्यवहार नहीं किया जाता है। ऐसे बहुत से लोग हैं जो अपने को सोशल वर्कर कह कर पार्लियामेंट के मेम्बरों से लिखा कर नम्बर ले लेते हैं। पार्लियामेंट के मेम्बर का एक स्वार्थ होता है उस का मतदाता है तो वह उस की सिफारिश कर देता है। लेकिन आप को इस की जांच करनी चाहिये।

आप मध्य प्रदेश के दौरे पर गये, देवास में आप ने कहा कि उज्जैन में सीधे डायल सिस्टम नहीं हो सकता क्योंकि वहां का मुख्य मंत्री प्रकाश चन्द्र सेठी है वह इस को नहीं होने देगा। यह समाचार पत्रों में छपा है। मेरी मांग है कि उज्जैन में डायरेक्ट डायल सिस्टम हो। दिल्ली का अन्य प्रांतों की राजधानियों से सीधा सबंध है, लेकिन भोपाल से दिल्ली का सीधा सम्बन्ध नहीं है। ऐसा क्यों? माननीय बहुगुणा जी ने आश्वासन दिया था कि बहुत जल्दी हम इस को करने वाले हैं। मैं जानना चाहता हूं कि भोपाल का दिल्ली से कब सीधा सम्बन्ध स्थापित हो जायगा?

जो आप के ऐक्सचेंज हैं वह खराब हालत में हैं। ठीक करने के बाद भी ठीक से नहीं चल सकते। लापरवाही से काम किया जाता है। वर्षा के समय काफी टेलीफोन लाइनें खराब होती हैं जिस के कारण टेलीफोन नहीं मिलते। बात नहीं हो सकती काल नहीं मिलती हैं यही ऐक्सचेंज से कहा जाता है। आप जरा [illegible] करें तो देखिये कि एक्सचेंज में किस प्रकार से लोग काम करते हैं। ईमानदारी से लोग काम नहीं कर सकते हैं, उन की अपनी मजबूरियां हैं जिन को आप देखें।

ग्वालियर से अगर सीधे बम्बई फोन करना है तो पहले आगरा आयेगा और वहां से बम्बई जायगा। दिल्ली से टेलीफोन करना है तो पहले आगरा जायगा। जितने मध्य प्रदेश के बड़े नगर हैं उन का सम्बन्ध सीधा होना चाहिये। मैं आशा करता हूं आप मेरी बातों का जवाब देंगे।

श्री शिव नाथ सिंह (झुंझुनु) : सभापति जी इस बिल के सम्बन्ध में मैं इस बात का तो स्वागत करता हूं कि यह जो फीस है नाजायज तरीके से ली जा रही थी उस को जायज आप कराने जा रहे हैं। फीस आप लगायें सब्सक्राइबर देने को तैयार है लेकिन उस के रिटर्न में उस को सर्विस भी मिलनी चाहिये। आज टेलीफोन की यह हालत है कि आप इस जगह से बाहर ट्रंक काल नहीं कर सकते। और यहां से बैठे हुए आप बात करना चाहे तो गलत नम्बर मिलेगा। देश के विभिन्न हिस्सों में जहां एस टी डी नहीं है वहां हम फोन करते हैं शाम को कराते हैं तो रात को बारह बजे लेप्स होता है। दूसरे दिन करते हैं तो जवाब मिलता है कि बारह बजे खत्म हो गया है। पी एम जी का एम पोज के पास पत्र आया जोकि बड़ी मेहरबानी करके उन्होंने लिखा कि अगर कहीं ट्रंक डायलिंग की दिक्कत हो तो फलों नम्बर डायल करो। हम बराबर रिकार्ड रखते हैं इस सब का और पी एम जी को बार बार चिट्ठियां इसके बारे में लिखी हैं कि फलां नम्बर पर फलां तारीख को डायल किया और यह दिक्कत आई लेकिन उनकी तरफ से कोई रिसपांस नहीं हो रहा है। आप टेलीफोन सर्विस में कम से कम सुधार तो लाएं।

[श्री शिव नाथ सिंह]

राजस्थान टेलीफोन के हिसाब से बहुत ही निगलैक्टिड रहा है। जयपुर टेलीफोन एक्सचेंज की सर्विस बहुत ही निकम्मी है और कभी भी रिसपांस करती नहीं है। इसलिए नहीं करती है कि वहां एक अफसर ने ओवर टाइम बन्द कर दिया और इसके बाद वह अफसर जिस ने सुधार करना चाहा था वह चला गया। ओवर टाइम वाले कहते हैं कि ओवर टाइम न दो हम सर्विस नहीं देंगे। आप नए आए हैं। आप इसको देखें। ओवर टाइम नहीं देना हो तो न दें। लेकिन पूरी नेशन से टैलीफोन एक्सचेंज वाले बदला लेते हैं, इसको बरदाश्त नहीं किया जा सकता है।

वहां के डिस्ट्रिक्ट हैडक्वाटर्ज से दिल्ली का तो सम्पर्क ही नहीं है। अपने जिले की झुन्झुनू की बात में करता हूं। यहां से पिलानी और पिलानी से झुनझुन लाइन है। यहां से जयपुर और जयपुर से झुनझुनू सिर्फ एक कट दिया हुआ है। जब ट्रंक काल करते हैं तो जवाब मिलता है कि लाइन खराब है। हम कहते हैं कि पिलानी का मिला दो तो कहते हैं कि वह अधिकार नहीं है। लाइन पड़ी हुई है लेकिन हम उसको नहीं ले सकते हैं। इस प्रकार की धांधली यहां हो रही है। आप देखें इसको झुनझुनू से वाया जयपुर और पिलानी का अधिकार आप दे दें। लाइन पड़ी हुई है। इस में कोई दिक्कत नहीं है।

यह डिपार्टमेंट अब तक टैम्पोरेरी रहा है। पहले बहुगुणा जी आए, वह चीफ मिनिस्टर बन कर चले गए। राज बहादुर जी बने। रेड्डी साहब बने। अब आप डाक्टर साहब आए हैं। कब तक रहेंगे पता नहीं। लेकिन कम से कम एक कम्पीटेंट आदमी के हाथ में यह विभाग आया है। मैं आशा करता हूं कि आप निश्चय ही इस में सुधार लाएंगे।

अभी माननीय सदस्य ने कहा कि मंत्री महोदय भेष बदल कर जाए। मैं कहता हूं कि भेष बदलने की आवश्यकता नहीं है। उप मंत्री महोदय एक जिले में गए थे। उन्होंने अपनी आइडेंटिटी डिसक्लोज नहीं की और टेस्ट करने के लिए कहा कि मैं चाहता हूं कि यहां से पचास मील की दूरी पर बात करूं। वह चार घंटे तक इंतजार करते रहे। जब आइडेंटिटी डिसक्लोज की कि डिप्टी मिनिस्टर साहब बात करना चाहते हैं तो आपरेटर ने टेलीफोन उठा कर रख दिया, रिसपांस नहीं दिया, बताया नहीं मेरा क्या नम्बर है, क्या नाम है। इस प्रकार की धांधली जब मिनिस्टरों के साथ होती है तो आम आदमी की क्या हालत होती होगी, इसका आप अनुमान लगा सकते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप स्थिति में सुधार लाने का शीघ्र प्रयत्न करें।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा (नवादा) : इस विधेयक का मैं समर्थन करता हूं। टेलीफोन एवं तार के सम्बन्ध जो समस्यायें मेरे क्षेत्र नवादा तथा गया जिला के हैं उन्हीं को मैं आपकी सेवा में रखना चाहता हूं। थे आपका ध्यान गया की ओर ले जाना चाहता हूं। गया एक अन्तर्राष्ट्रीय शहर है। सारे विश्व के लोग वहां आते हैं। दो साल से मैं सुन रहा हूं कि गया में डायल सिस्टम स्वीकृत हो गया है लेकिन अभी तक वह चालू नहीं हुआ है। वहां पर जमीन है, मकान भी है सब सुविधायें है फिर भी मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि अब तक क्या कठिनाई हावी रही है। पोस्ट आफिस का नया मकान बन गया है और पुराना मकान पड़ा हुआ है। जमीन भी वहां काफी है। विलम्ब क्यों हो रहा है समझ में नहीं आ रहा है। मैं चाहता हूं इस ओर आप ध्यान दें। पोस्ट आफिस के हाते में ही काफी जमीन है, उसमें टेलीफोन के लिये नया मकान भी बन सकता है।

आप लैवी लगाने की बात करते हैं मैं इसका समर्थन करता हूं। आप और अधिक लेवी लगा लें इस में मुझे एतराज नहीं है। लेकिन आपके विभाग का रेवेन्यू कैसे नीचे गिरता जा रहा है, इसको भी आपको देखना चाहिये। इस ओर आपका ध्यान नहीं है। मैं अभी गया गया था। कल ही वापिस आया हूं। आपके विभाग के अधिकारी ने मुझे बताया है कि गया शहर का आप्रेटर और कैरियर का झगड़ा चल रहा है, झगड़ा है कि कौन ज्यादा कमा रहा है। कैरियर वाले डायरेक्ट लाइन लेकर फोन करा कर पैसे ले लेते हैं और आप्रेटर की कमाई बन्द हो जाती है इसलिए आप्रेटर कहते हैं कि वे कमा रहे है और वे कहते हैं कि वे कमा रहे हैं। इस तरह की धांधली चल रही है। अगर इस तरह की धांधली रहेगी तो आप लैवी लगाते जाएं कुछ नहीं होगा। रेवेन्यूज की हालत खराब ही होती जाएगी। इन चीजों की तरफ आपका ध्यान जाना चाहिये।

गया शहर के एक्सचेंज की बहुत ही पुरानी मशीन है। एक्सचेंज में आप पांच पांच सात सात मिनट तक नम्बर मांगते जायें कोई एटेंड करने वाला नहीं है। यह भी एक कारण है जिस की वजह से आपका रेवेन्यू फाल कर रहा है। एफिशेंसी नाम की कोई चीज नहीं है। आपको इन तमाम चीजों की ओर ध्यान देना होगा। मैं समझता हूं कि लैवी लगाने या कानून में परिवर्तन कर देने से ही समस्या का समाधान नहीं होगा।

आपके विभाग का यह निर्णय है कि सभी ब्लाकों हैडक्वार्टर्ज में टैलीग्राफ और पी० सी० ओ० खोले जायें। नवादा में तथा गया जिले में चौदह ऐसे ब्लाक हैं और आप चाहें तो मैं आपको उनका नाम भी दे सकता हूं और ये सभी प्रखण्ड जैसे अतरी, कौवाकोल पंकरीबरोबा, डुमरया, सिरदाना, मोहनपुर, आदि जिन को न तो आज तक टैलीग्राफ और टेलीफोन आफिस दिया गया है और न ही वहां पी सी ओ की सुविधा है। जब आपका निर्णय है कि हर एक ब्लाक हैडक्वार्टर को आप टेलीफोन और टलीग्राफ से कनैक्ट करेंगे तो इस निर्णय को आप वहां लागू क्यों नहीं करते हैं। इसके बिना कैसे ला एण्ड आर्डर की समस्या हल हो सकती है, लोगों की दूसरी जरुरतें पूरी हो भी नहीं सकती है। अगर लोगों को तार देनी होती है तो उनको दस पंद्रह मील चल कर तारघर जाना पड़ता है और तब वे दे सकते हैं। इन सब बातों की ओर आपका मैं ध्यान आकर्षित करता हूं और निवेदन करता हूं कि आप इनको देखें।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री नाथूराम अहिरवार (टीकमगढ़) : इस बिल का मैं समर्थन करता हूं। मैं कुछ सुझाव ही आपको देना चाहता हूं। मैं पांच सात साल से कहता आ रहा हूं कि टीकमगढ़ और छतरपुर दो जिले डाकूग्रस्त जिले हैं। वहां आवागमन के साधन नहीं है। वहां आप कुछ इंतजाम करें। वहां जिलों का तहसील हैडक्वार्टर से कोई सम्बन्ध नहीं है टैलीफोन से। यह सुविधा आप वहां दें। पिछले महीने की बात मैं आपको बताता हूं। वहां डकैती पड़ी। डाकू एंम्बैसेडर कार में थे। उनके पीछे पुलिस की गाड़ी थी। वह फेल हो गई, उसका पहिया फेल हो गया। पुलिस पृथ्वीपुर से फान कर सकती थी और डाकुओं का पीछा किया जा सकता था लेकिन वह सुविधा वहां नहीं थी। पृथ्वीपुर और लिधोरा में आप एक्सचेंज दीजिये। लिधोरा में पी० सी० ओ० आप दें।

मध्य प्रदेश में डिस्ट्रिक्ट हैडक्वाटर का राजधानी से और डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर का सम्बन्ध तहसील से नहीं जोड़ा गया है। वह बहुत आवश्यक है। वह बहुत पिछड़ा हुआ इलाका है। इस काम को आप कर दें।

[श्री नाथूराम मिर्धा]

टैलीफोन के जो कनैक्शन दिए जाते हैं, उन पर भी आपको नजर रखनी चाहिये। हमारे यहां जिला कांग्रेस कमेटी ने 1972 में टैलीफोन की मांग की। तीन व्यापारियों को दे दिए गए लेकिन हमें नहीं मिला। उन्होंने पचास रुपये इसके लिए दिए। डायरेक्टर फोंस, ग्वालियर के पास जब हम गए तब कहीं जाकर मंजूर हुआ।

टीकमगढ़ जिले का कमिश्नरी हैडक्वार्टर सागर है। लेकिन इसका सम्बन्ध गुना के एस डी ओ से है। इसको सागर के एस डी ओ के अन्डर होना चाहिये।

रेलवे में डिविजन के लेवेल पर कमेटियां बनी हुई हैं जहां शिकायतें सूनी जाती हैं। यहां भी डिविजन के लेवेल पर कमेटियां बननी चाहिये जिन में जन प्रतिनिधि लिए जाएं ताकि शिकायतों को दूर करवाया जा सके। प्रान्त के लेवेल पर भी हों।

श्री पन्नालाल बारूपाल (गंगानगर) : मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। ट्रंक काल सिस्टम कितना गंदा है यह मैं आपको बताना चाहता हूं। मेरी कांस्टिट्युएंसी की लाइन दो दो दिन तक नहीं मिलती है। अर्जेंट कराने पर भी नहीं मिलती है। इस व्यवस्था को ठीक किया जाए।

गंगानगर का मुख्य डाकघर जो है वह बिल्कुल बैठ गया है। पानी उस में चूता है। वहां बड़ी अव्यवस्था है। फर्निचर उस में नहीं है, कुछ नहीं है। उसको देखा जाना चाहिये।

बीकानेर के सम्बन्ध में भी मैं कुछ कहना चाहता हूं। वहां डाक तार विभाग में एक यूनियन बनी हुई है। यूनियन के अन्दर कुछ इस प्रकार के लोग हैं पता नहीं कम्यूनिस्ट हैं या जनसंघ वाले हैं जो कभी भी आनेस्ट आदमी को टहलने नहीं देते हैं.. (इंटरप्शंस)

मैंने आज ही एक पत्र लिखा है। मेरा अनुरोध है कि मंत्री महोदय उस पर ध्यान दें। इस समय जो अफसर काम कर रहे हैं, उन को काम करने का अवसर प्रदान किया जाये।

श्री श्रीनिवास तोमर (सीकर) : सभापति महोदय, मैं जयपुर के आपरेटर्स के बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि इस समय उन की संख्या कम है और उन से ज्यादा काम लिया जाता है। इसलिए या तो उन को अधिक आदमी दिये जायें और या उन को ओवर-टाइम एलाउंस दिया जाये, ताकि एफिशंसी बढ़ सके। इस समय जो स्थिति है, उस से जनता को बहुत असुविधा होती है। वहां पहले 85 परसेंट एफिशंसी थी, जब कि अब वह केवल 40 परसेंट रह गई है।

उन लोगों को लोन देने की व्यवस्था की जाये। उन को हाउसिंग का एलाटमेंट हो चूका है। अगर उन को लोन नहीं दिया जायेगा, तो उन का एलाटमेंट कैन्सल हो जायेगा ?

प्रामोशन्स के बारे में उन की जो तकलीफें हैं, उन के सम्बन्ध में मैं बराबर लिखता रहा हूं। उस तरफ भी ध्यान दिया जाये।

यद्यपि इस विभाग के तीन तीन मंत्री बदल गये हैं, लेकिन श्री पहाड़ियां सदा से यहां रहे हैं। मैं ने कम से कम सौ पत्र उन को दिये होंगे, लेकिन उन्होंने हमेशा नेगेटिव जवाब दिया है। मेरा निवेदन है कि मंत्री महोदय उन को जरा मजबूत बनायें ताकि कम से कम दस परसेंट पत्रों का जवाब तो समय पर और ठीक मिले।

पलत बिल्डिंग के बारे में मैं एक एग्जाम्पल देना चाहता हूं। राज्य सभा के एक सदस्य, श्री बी० के० कौल, का टेलीफोन नम्बर 387414 अप्रैल में कट गया, लेकिन जुलाई से ले कर सितम्बर तक का 1832 रुपये का एक बिल उन के पास भेजा गया है।

मैं अपने बारे में क्या निवेदन करूं ? मैं इस सम्बन्ध में एक प्रिविलिज मोशन ला रहा हूं। जयपुर के विभाग ने मेरे नाम दस हजार रुपये का बिल्ल दिखाया है, जब कि आज तक मुझे हिसाब नहीं दिया गया है। मैं लाइसेंस आफिसर को बराबर दो तीन महीने से लिख रहा हूं कि मुझे एकाउंट्स दिये जायें। मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि पार्टीबाजी या बेईमानी की वजह से यह जो गलत बिलिंग होती है, उस को रोका जाये।

संचार मंत्री (डा० शंकर दयाल शर्मा) : जनाब चेयरमैन साहब, शुरू में ही मैं ने कहा था कि यह बिल बहुत सीधा-सादा है, और जैसा कि डिपुटी स्पीकर साहब ने भी फ़रमाया था, इस में बहस करने के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन मुझे खुशी है कि हाउस ने इस बारे में इतनी दिलचस्पी ली है। इस विधेयक पर चार दिन से बहस चल रही है। आज चौथा दिन है, और अभी भी ऐसा लगता था कि अगर आप ज्यादा जोर न देते, तो यह बहस अभी भी चलती रहती। वैसे इस के लिए एक घंटा दिया गया था, लेकिन यह खुशी की बात है कि सब मेम्बर साहबान की इस में इतनी दिलचस्पी है।

मैं कुछ बुनियादी बातें अर्ज करना चाहता हूं। एक बात साफ़ है कि जिस तरह से हमारे विभाग का कार्य चल रहा है, उस से माननीय सदस्यों को संतोष नहीं है। इस में कोई दो राय नहीं है। मुझे यह भी खुशी है कि इस बारे में जो कुछ भी कहा गया है, वह किसी पार्टी-बेसिस पर नहीं कहा गया है। सब ने अपनी बातें साफ़ साफ़ कही हैं। लेकिन कुछ बुनियादी दिक्कतें है, जिन की ओर मैं आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

जहां तक टेली-कम्युनिकेशन्ज का सवाल है, एक अजीब सी उलझन पैदा हो गई है, जिस में बिना रुपया खर्च किये काम आगे नहीं बढ़ सकता है, और रुपया मिल नहीं पाता है। इस वजह से कुछ प्रॉब्लम आ गई है। अलग अलग जगहों के टेलीफ़ोन आपरेटर्स के बारे में कहा गया है। इस बारे में तो हम देखेंगे, लेकिन इस समय स्थिति ऐसी है कि हमारे टैलीफ़ोन के जो भी इन्तजामात हैं, जो भी मशीन्ज हैं, वे पुरानी हैं और आज के युग के अनुकूल नहीं है। यह एक ऐसा विभाग है, जिस में बराबर नये नये अनुसन्धान चल रहे हैं—जो आज है, वह कल पीछे पड़ जाता है, और उस में बदलने की, नई चीजें लाने की, जरूरत है।

लेकिन दूसरी तरफ़ मुश्किल यह है कि यह भी माना जाता है कि हमारा विभाग जनसेवा का विभाग है। उस में हालत यह है कि उस में पोस्टल साइड में हर वर्ष बस करोड़ रुपये से ज्यादा का नुक्सान होता है। जहां तक टेली-कम्युनिकेशन्ज बढ़ाने का सवाल है, जो पांचवी योजना बनी है, उस में हम से आशा की गई है कि हम उसका पुरा रुपया, 800 करोड़ रुपया, इसी विभाग से बचत कर के लगा देंगे यानी हम को इस विभाग की आमदनी से ही इस विभाग को बढ़ाना है। उस में काफी दिक्कत आ रही है। मेरा विचार है कि अगर सम्भव हुआ, और माननीय सदस्यों को बीच बीच में पार्लियामेंट के काम से थोड़ी फुर्सत मिल सके, तो अलग अलग प्रदेशों के एम० पीज० से चर्चा की जाये, ताकि हम यह देखें कि हम वहां पर क्या कर सकते हैं और वहां की समस्याओं को हल करें।

टैलीफ़ोन की गई शिकायतें तो इस लिए हैं कि अभी हम कुछ पुराने तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। पुरानी लाइनें हैं, जिन पर ट्रैफ़िक बहुत बढ़ गया है। समय के साथ लोग टेलीफ़ोन को ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं।

श्री डी० एन० तिवारी (गोपालगंज) : बिल कैसे बढ़ जाता है?

डा० शंकर दयाल शर्मा : उसमें भी दिक्कत आती है और उसको देखना पड़ता है। अगर वह रुपया विभाग के पास आता होता, तो बात दूसरी थी, लेकिन आप जानते हैं कि वह कहां जाता है। इस लिए उसमें न जाकर मैं बताना चाहता हूं कि हम पूरी कोशिश कर रहे हैं।

इसमें कोई शक नहीं है कि कलकत्ता और दिल्ली के बीच में, और कलकत्ता और दक्षिण के हिस्से के बीच में, जितना भी ट्रैफिक है, वह सब का सब दिल्ली होकर जाता। और दिल्ली और कलकत्ता के बीच में एक कोएक्सियल केबल है, थोड़ा माइक्रोवेव है। कोएक्सियल केबिल पर डिपेंड करना पड़ता है और उसमें बड़ी दिक्कतें रहती हैं। एक दिक्कत चोरी की बहुत हो गई है। आज-कल कोएक्सियल लाईन की बड़ी चोरी होती है। सड़क पर जो काम होता है, कभी-कभी कोएक्सियल केबल को उससे नुकसान हो जाता है। पानी पड़ने से भी दिक्कत हो जाती है। एक और नई खराबी कोएक्सियल केबल की सारी दुनिया में मालूम हुई है कि कभी-कभी लाइटिनिंग का भी उस पर असर एक अजीब ढंग से पड़ता है। वह उसको पूरी तरह से खराब कर देता है। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा है कि बारिश में ज्यादा दिक्कत हो जाती है वह सही है। हम उसको सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।

जहां तक कलकत्ता से ट्रंक लाइन को ठीक करने का सवाल है, कलकत्ता और मद्रास के बीच में एक और कोएक्सियल लाइन डाली जा रही है। उसको हमने प्राथमिकता दी है। मैं मद्रास गया था और वहां जो इस स्कीम के चार्ज में हैं उन से मैंने चर्चा की है कि वे इसको जल्दी से जल्दी पूरा करें और अब हमें आशा है कि 31 मार्च तक कलकत्ते और मद्रास के बीच में को-एक्सियल केबल डल जायगा तो भुवनेश्वर और दूसरी जगहें भी उससे लाभान्वित हो सकेंगी। इसके अलावा कलकत्ता और दिल्ली को भी दूसरी तरफ माइक्रो-वेव से जोड़ने का काम चल रहा है। दोनों के पूरा होने पर हमें तीन तरीके मिल जाएंगे जिन में अगर एक खराब हो तो हम दूसरे पर जा सकते हैं। एक अकेली लाइन होने से एक बात और भी होती है कि बीच बीच में उस में इंसपेक्शन, उसकी दुरुस्ती के लिए भी हमें उसे निकालना पड़ता है। जब भी यह होता है तो हमारी ट्रंक लाइन खराब हो जाती है। यह दिक्कत रहती है। इसके अलावा अब यह भी जरूरी है कि आटोमेटिक एक्सचेंज हों जिनके जरिए काम चले ..... (व्यवधान)

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): What about direct dialling between Calcutta and Delhi? It was assured so many times in this House.

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं उसी की चर्चा कर रहा था। जो आपका सवाल है पहले मैंने उसी को लिया है। अभी इस समय कलकत्ता और दिल्ली के बीच में हमारे पास इतनी लाइन्स नहीं हैं जिन से कि वह हो सके और कलकत्ते का ट्रैफिक दिल्ली और साउथ का सब का सब उसी लाइन से जाता है। लेकिन एक बार कलकत्ता और मद्रास को को-एक्सल केबल कनेक्ट कर देंगे और दिल्ली, कलकत्ता माइक्रोवेव कर सकेंगे तो कलकत्ते से पटना, कलकत्ते से दिल्ली, कलकत्ते से मद्रास, कलकत्ते से भुवनेश्वर ये सब के सब एस टी डी पर आ जाएंगे। लेकिन इसमें अभी वही मैं बता रहा था कि ज्यादा हमें चेनल्स की जरूरत होती है, को-एक्सिबल केबल्स की जरूरत होती है और उसके बाद आगे काम चले इसकी जरूरत होती है, इसमें यही है कि लोगों से चर्चा करके जितनी जल्दी

इन्हें लगाने की कोशिश हो रही वह की जाय और वह हम कर रहे हैं ।

इसके बाद इंटरनल जो अपने यहां के टेलीफोन हैं उनमें इस बात पर निर्भर होना पड़ता है कि हमारे पास आटोमेटिक एक्सचेंजेज हों । आटोमेटिक एक्सचेंजेज को भी हम ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं । लेकिन उसमें भी वही आर्थिक सीमा हमारे रास्ते में आ रही है । उसमें भी क्योंकि हम जो चाहते हैं कि हमारा उत्पादन बढ़ जाय, जो अभी तक सीमाएं हैं उनको देखते हुए भी हमारी कोशिश है कि कुछ हम ऐन्सिलियरीज को बढ़ा कर के, कुछ और दूसरे तरीके से भी जिससे कि सीधे सीधे हमारा रुपया न लगे और हमको इसके साधन उपलब्ध हो जायं, उसके लिए कुछ चर्चा हमने की है । उसमें अगर सफलता हुई और कुछ हम ज्यादा पा सके तो हमारा काम चल जाएगा । वैसे एक बात मैंने जान बूझ कर इसलिए कही थी कि मुझे आप सब के सहयोग की आवश्यकता ज्यादा इसलिए भी है कि हम को कम्यूनिकेशन के लिए ज्यादा रुपया मिल सके प्लानिंग कमीशन से, उस के लिए भी हमारी मदद करें और उसके अलावा आप हमें यह बताएं कि किस प्रकार से हम अपनी आमदनी बढ़ा सकें है उस में हमनें कुछ और चीजें तय की है । एक तो हम पोस्ट आफिसेज में होर्डिंग्स लगाने की बात कर रहे हैं, ऐडवर्टाइजमेंट्स, जैसे रेलवे स्टेशंज पर होते हैं उस तरह के जिससे उससे कुछ हमें आमदनी हो । दूसरी चीज जो हमारे पोस्टकार्ड्स हमारे होते हैं उन पर छोटे छोटे ऐडवर्टाइजमेंट्स लें, उस से हमें आमदनी हो ।

एक माननीय सदस्य : वह तो ज्यादा जगह ले लेगा । फिर उसमें जगह कम रह जायगी ।

डा० शंकर दयाल शर्मा : आप मेरी पूरी बात सुनें तो । मैं भी उसी जमीन पर हूं जहां आप हैं । उसमें लिखने की जगह कम न हो यह हम चाहते हैं और अभी हम ने उसकी चर्चा की है फेमिली प्लानिंग डिपार्टमेंट से कि वह हमें ऐडवर्टाइजमेंटस दे । वह ऐडवर्टाइजमेंट सब जगह पहुंचेगा । जो लिखेगा और जिसके पास पहुंचेगा दोनों के पास वह पहुंच जायगा । . . . (इंटरप्शन) . . . .

एक माननीय सदस्य : फेमिली प्लानिंग भी गवर्नमेंट का डिपार्टमेंट है । तो वह पैसा गवर्नमेंट का ही होगा जो उधर से इधर आ जायगा । उसमें फर्क क्या पड़ा ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : फर्क सिर्फ यह होगा कि प्राइवेट ऐडवर्टाइजर्स के पास से शासन के पास वह आ जायगा । बुनियादी फर्क यह थोड़ा सा तो आ जायगा ।

इस के बाद दूसरे और रास्ते हम सोच रहे हैं । हमारी एक यह कोशिश है जैसा अभी आपने कहा कि जो स्टेट कैपिटल्स है, हम चाहते हैं कि दिल्ली से तमाम कैपिटल्स तक एस टी डी हो जाना चाहिए । लेकिन इसको आश्वासन न मानें । प्रयास हमारा रहेगा कि जितनी जल्दी हो सके दिल्ली से तमाम हमारे स्टेट कैपिटल्स और स्टेट कैपिटल्स से जहां तक संभव हो डिस्ट्रिक्ट्स हम जोड़ सकें जायरेक्ट डायलिंग से तो एक बड़ी अच्छी चीज होगी । लेकिन इसमें काफी समय लग सकता है । वैसे काफी तेजी से हम अपना काम बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं ।

दिल्ली में आप ने क्रास बार की चर्चा की तो कुछ वर्ष हुए बेल्जियन पेंटाकोंटा का सिस्टम यहां लगाया गया था । वह कुछ गलत साबित हुआ । ठीक साबित नहीं हुआ । शुरू में बहस चलती रही कि उन की गलती है या हमारी गलती है । बाद में उन्होंने माना कि उस को ठीक कराना है और आप को यह जान कर खुशी होगी कि यही नहीं, जिन्होंने

[डा० शंकर दयाल शर्मा]

इस को सप्लाई किया था वे इस बात पर भी राजी हो गए हैं कि उस की दुरुस्ती जो हमारे अपने इंजीनियर कर रहे हैं, जो आई टी आई ने बताया है, उस के मुताबिक जो दो करोड़ का खर्च होगा वह खर्च भी वह देंगे। लेकिन मुझे बहुत संतोष नहीं है। अभी मुझे यह बताया गया है कि उस का काम बड़ी तेजी से चल रहा है। 80 फीसदी के करीब खत्म हो गया है। डिपार्टमेंट ने मुझे यह बताया है कि 31 मार्च तक वे उसे खत्म कर लेंगे। इस वक्त उस में डबल परेशानी यह हो गई है कि टैलीफोन भी चल रहे हैं और हम उस को ठीक भी कर रहे हैं, इस से कभी कभी टैलीफोन और ज्यादा खराब हो जाते हैं, इस में कोई शक नहीं। लेकिन उस को ठीक करने की कोशिश की जा रही है। अब जहां जहां शिकायतें है उन शिकायतों को आप बताएंगे तो मैं देखने की कोशिश करूंगा।

श्री पी० जी० मावलंकर : क्रास बार एक्सचेंज अगर दिल्ली में डिफेक्टिव मालूम हुए तो और जगह उस को क्यों इंट्रोड्यूस कर रहे हैं ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं उस में दो तीन बातें आप को बता दूं। जहां यह बात आई इस संबंध में मैं ने एक बात यह खास तौर से कही कि हम ने उस के लिए पेंटाकोंटा सिस्टम लगाया था। वह पेंटाकोंटा सिस्टम हमारे लिए ठीक साबित नहीं हुआ जिस में 50 लाइनों का ब्लाक होता है। लेकिन एक बात यह भी है कि दूसरे देशों में बहुत लाखों लाख लाइन क्रास बार की लगी हैं दूसरे सिस्टम में। अभी इस बात पर इस समय विचार किया जा रहा है कि कौन सा सिस्टम हमारे लिए ठीक होगा। उस के लिए रिसर्चजर्ज जारी हैं। क्रास बार में भी बहुत से सिस्टम हैं। एक बात यह भी बताई गई है कि क्रास बार का सेंट्रलाइज्ड सिस्टम है और जब उस में डेंसिटी आफ ट्रैफिक होती है तो कभी कभी वह इरैटिक हो जाता है, उस में दिक्कत आने लगती है इस कारन से लेकिन हमारी डेंसिटी तो कम होने वाली नहीं है। मेरा कहना यह है कि इस का इस बात से निर्णय किया जाय कि हमारी डेंसिटी यह रहेगी उस पर कौन सा सिस्टम ठीक रहेगा। अभी तक स्टाउजर है। वह स्टेप बाइ स्टेप सिस्टम है वह चल रहा है। लेकिन वह बहुत पुराना हो चूका है। वह हम को अन्तर्राष्ट्रीय डायल मिलने में दिक्कत होगी। तो इस पर सोचा जा रहा है। क्या चीज ठीक होगी यह मैं अभी नहीं कह सकता हूं।

अब रही तारों की बात। उस में भी कोई शक नहीं कि काफी उस में एक्यूमुलेशन हो गया था और इस में भी कोई शक नहीं कि जो ओवर टाइम को हम ने रोका उस से भी काफी बड़ी दिक्कत आई। क्यों कि एक तरफ तो इस बात पर रोक लग गई कि लोग नये भर्ती न किए जाये, दूसरी तरफ शुरू में ही बजट के, कम पैसा मिला, उस के बाद यह हुआ कि टेन परसेंट काट दिया जाय ओवर टाइम में से, तो नतीजा यह हुआ कि कई जगह सचमुच में दिक्कत हुई। कुछ वर्कर्स ने यह भी तय किया कि ओवर टाइम नहीं देंगे तो गो स्लो टैक्टिक्स भी चली। उस के साथ साथ यह भी हुआ कि कुछ ज्यादा छुट्टियां ले लीं। कलकत्ते में जैसा हुआ, उस वक्त गो स्लो के साथ-साथ जहां दस ग्यारह प्रतिशत लोग छुट्टी लेते थे पूजा के वक्त वहां 25 प्रतिशत तक ने छुट्टी ले ली। इस के अवाला डाक भी बढ़ गयी। तो काफी दिक्कतें आई थीं, यह मानने में कोई मुझे दिक्कत नहीं। इस तरह से कुछ दिक्कतें हैं। हम कोशित कर रहे है कि उन दिक्कतों को जहां तक हो हल किया जाय। एक बात यह भी है कि जो काफी शिकायते आती हैं बहुत ज्यादा उन में सही भी है हमारे विभाग के जो कर्मचारी हैं उन के काम करने के ढंग के बारे में। उस के लिए

दो ही रास्ते हैं। वह हल मैं यह मानता हूं कि आप सब के सहयोग से ही हो सकता है। उस के दो तरीके हैं। एक तो डंडे से डरा कर डिसिप्लिनरी ऐक्शन से, दूसरे, जैसे आप ने कहा उन में भावना जागृत हो जाय। इस में हम और आप मिल कर दोनों काम कर सकते हैं।

श्री हुकम चन्द कछवाय : लेकिन जो सिफारिश से अफसर बने हैं, उन का क्या करेंगे ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : मैं इस समय टैलीफोन आपरेटर्स की बात कर रहा हूं। इन लोगों के साथ दो ही चीजें हो सकती हैं—एक तरफ़ सख्ती और दूसरी तरफ़ उन के मन में भावना पैदा की जाय। अब इस में आप का सहयोग भी मिलेगा तो अवश्य कर सकेंगे। मैं चाहता हूं कि उन के मन में यह भावना पैदा की जाय कि आप जो काम करते हैं वह जन-साधारण से समन्धित है, उस को हयूमन-एंगिल से देखिये। अगर एक तार देर से पहुंचता है तो उस का क्या नतीजा हो सकता है—यह बात उन को समझनी चाहिये। मुझे एक दफ़ा मि० दफतरी ने बतलाया कि उन के एक मित्र के केस में आंख की तकलीफ़ थी, जिस को फौरन दिल्ली में एटेण्ड करना था, लेकिन टैलीफोन नहीं मिला, जिस की वजह से बहुत नुकसान हुआ। मैंने कर्मचारियों से कहा है कि आप सरकारी कर्मचारी हैं, आप को सरकार से जो मांगे मांगनी हैं, जरूर मांगिये, लेकिन इस के साथ साथ यह भी याद रखिये कि आप को जनसाधारण का काम भी करना है। अगर यह एप्रोच होगी तो काम चलेगा इस में कोई शक नहीं है।

इस समय पर दो-तीन हुकम हुए हैं—एक तो यह कि पोस्ट आफिसिज को नान-फंक्शनल मान कर नई पोस्ट आफिस की बिल्डिंग बनाने पर रोक लगी है। इसी तरह से जो पोस्टल एम्पलाइज हैं उन के आवास गृह बनाने पर रोक लगी है। इन के एडवांसेज के मामले में भी रोक लगी है। लेकिन जो स्पेसिफिक केसेज हैं—मैं कोशिश कर रहा हूं कि उन के लिये कोई न कोई हल निकाला जाय। जहां परजैनुइन केसेज हैं वहां कुछ हो सके। मेरा इरादा है कि मैं अपने सहयोगी मंत्री से दरख्वास्त करूंगा और मुझे आशा है कि कुछ रास्ता निकल सकेगा। लेकिन असल में इन सब कामों में कामयाबी आप सब के सहयोग से हो सकेगी। जब हम सब मिल कर काम करेंगे तो इन दोषों पर रोक लगेगी, रांग बीलग या दूसरे जो सवाल हैं, उन को ठीक करने में मदद मिलेगी।

आप ने सवाल उठाये – कोटा, बूंदी, जबलपुर, टीकमगढ़, उदयपुर, भोपाल के बारे में—एक एक करके हम इन को देख लेंगे। लेकिन एक बात बतला दूं—हमारे कछवाय जी को कुछ गलतफहमी हुई है—देवास में कोई कांग्रेस वर्कर्स की मीटिंग नहीं हुई, इस लिये उस के बारे में मेरे कुछ कहने का सवाल पैदा नहीं होता है। देवास का जो एक्सचैन्ज था, उस का उदघाटन वहां के मुख्य मंत्री श्री प्रकाश चन्द्र सेठी जी ने किया था, क्योंकि वे उस में पहले से ही बहुत दिलचस्पी ले रहे थे। उज्जैन में एक्सचेंन्ज के लिये हम ने उन से बात की है और कहा है कि हमें उपयुक्त जमीन दे दें और वह प्राफिटेबिल हो तो किया जा सकता है। लेकिन हम चाहते हैं कि इस के लिये सरकारी जमीन दे दी जाय ताकि हमारे विभाग का खर्चा न हो। मैं यह कोशिश कर रहा हूं—अपनी झोली तमाम चीफ़ मिनिस्टरों के सामने फैला रहा हूं कि हम को एक्वीजीशन कास्ट न पड़े, यदि एसा हो जाय तो इस से एक्सचेन्ज आदि ज्यादा कायम कर सकेंगे। इतना ही नहीं हमारी तो यह भी कोशिश है कि इन्दौर और उज्जैन के बीच में भी एस० टी० डी० हो जाय। उस के लिये जांच पड़ताल की है, काफ़ी काम भी हो रहा

[डा० शंकर दयाल शर्मा]

है—कोशिश बराबर चल रही है। आप सब का सहयोग रहेगा तो काम ज्यादा तेजी से होगा।

एक बात मैं अन्त में कह दूं—अपने विभाग के बारे में आप लोगों के जो भी सुझाव होंगे, जो भी आप का क्रिटिसिज्म होगा, मैं उन का हमेशा स्वागत करूंगा, क्योंकि आप और हम सब की मेहनत से ही यह विभाग ठीक हो सकता है। यह इतना फैला हुआ है कि किसी एक व्यक्ति या हमारे अफसरों के बस की बात नहीं है। यह ठीक है कि जब नई स्ट्रीम लाइनिंग की बात होती है तो कुछ अफसर बढ़ जाते हैं। अभी हम ने पोस्ट आफिस और टैली-कम्यूनिकेशन को अलग अलग कर दिया है—अब देखना यह है कि उस से कितना अच्छा काम हो सकता है। दिल्ली में नये डायरेक्टर्स और नये रिजन्ज बनाये हैं—उस से उम्मीद है कुछ सुधार होगा। हमारी कोशिश यह भी रहेगी कि जो हमारे कम-तनख्वाह वाले लोग हैं उन को कठिनाई न हो, उन की कठिनाई दूर हो सके।

जहां तक इस बिल का सवाल है—आप ने माना है कि यह एक फ़ी है। मैं आप के इस सुझाव को ठीक समझता हूं कि अगर जरूरत पड़े तो इस को और बढ़ा देना चाहिये। वैसे 10 रुपये लेने का मतलब केवल यह था कि बोगस एप्लीकेशन्ज न रहें, हमारी प्लानिंग ठीक हो सके। किस तरफ़ हम को लाइन से जानी है, क्या करना है, उस को ठीक तरह से देखा जा सके।

जहां तक टी० ए० सी० का ताल्लुक है—उस में हमारी बहुत थोड़ी ज्वाएस रहती है। उस में अलग अलग कैटेगरीज़ से नाम आते हैं, उन में से हम नाम देते हैं। लेकिन मैं यह बतला दूं कि हमारी कोशिश होगी कि इस में किसी तरह से भेदभाव न हो कि कौन एम० पी० किस पार्टी से आया है। जहां तक अहमदाबाद की बात है, मुझे मालूम नहीं है, मैं पता लगाऊंगा।

बिहार के बारे में शास्त्री जी ने कहा कि हिन्दी टैलीप्रिन्टर लगाये जांये। इसे हम दिखला रहे हैं। हम चाहते हैं कि हिन्दी का विकास हो, हमारी प्रादेशिक भाषाओं का भी विकास हो, सब का विकास हो।...

श्री हुकम चन्द कछवाय : हिन्दी डायरैक्टरी नहीं छपी है। दिल्ली में अंग्रेजी की डायरैक्टरी तो आगई, लेकिन हिन्दी की नहीं आई है। किसी भी प्रान्त में हिन्दी की डायरैक्टरी नहीं छपती है।

डा० शंकर दयाल शर्मा : इतना ही नहीं—हम यह भी चाहते हैं कि हमारे यहां जितने फार्म्ज हैं—दोनों भाषाओं में हों। मनि आर्डर फार्म दोनों भाषाओं में छप रहे हैं।

आप जानते हैं कि टैलीग्राफ़ का विभाग पूरे देश में फैला हुआ है—इस में गलतियां होना स्वभाविक है। लेकिन आप की कंस्ट्रक्टिव क्रिटिसिज्म, कंस्ट्रक्टिव एप्रोच, कंस्ट्रक्टिव हैल्प मिले तो हो सकता है कि इस से कुछ हालात सुधर सकेंगे।

श्री हुकम चन्द कछवाय : मैंने हिन्दी की डायरैक्टरी के लिये कहा था। दिल्ली इस का सम्बन्ध देश की ग्यारह राजधानियों से सीधा है, लेकिन मध्य प्रदेश से नहीं है—के बारे में आप ने कुछ नहीं कहा—कब तक हो जायगा ?

सभापति महोदय : उन्होंने कह दिया है।

श्री हुकम चन्द कछवाय : कुछ नहीं कहा है। दिल्ली से सीधा सम्बन्ध भोपाल के साथ कब तक हो जायेगा।

श्री पी० जी० मावलंकर : डाक्टर साहब ने बड़े विस्तार से जवाब तो दिये हैं, लेकिन

अभी भी कई ऐसे मामले हैं जिन को मैंने और अन्य सदस्यों ने उठाया है। क्या वे उन सब के बारे में व्यक्तिगत रूप से जांच करके उन का सन्तोषजनक उत्तर भेजेंगे ?

डा० शंकर दयाल शर्मा : जो व्यक्तिगत और अलग अलग जगहों के मामले हैं—मेरा सुझाव है कि हम और आप किसी समय मिल लेंगे और एक एक चीज को निबटा लेंगे ?

MR. CHAIRMAN: Now, the question is:

"That the Bill further to amend the Indian Telegraph Act; 1885, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: Now, I come to Clauses. I think there are no amendments to clauses.

The question is:

'That clauses 2, 3, and 1, the Enacting Formula and Title stand part of the Bill.'

The motion was adopted.

Clauses 2, 3, and 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

DR. SHANKAR DAYAL SHARMA: Sir, I move:

'That the Bill be passed'.

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

'That the Bill be passed'.

Mr. Bhattacharyya.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): Mr. Chairman, Sir, I raised this question again and again regarding the charges of telephones in Greater Calcutta. To-day in Greater Bombay and Delhi the rate is charged on local call basis whereas in Calcutta—Greater Calcutta—in places like Chandannagar, Tribeni, Najhati etc. they are charged on trunk call basis.

DR. SHANKAR DAYAL SHARMA: Mr. Joarder has already spoken about it.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA: Whether Mr. Joarder had stressed that point or not I do not know. You know the people living there find so many difficulties. You kindly do something in this connection.

18 hrs.

There are so many regular faults and defects in telephone, but I know that in spite of trying for the whole day, you will not get a call. Serampur is included in the local Calcutta exchange, but you will not at Calcutta even if you try for 12 hours continuously. Always the line is out of order.

अब मैं एक बुनियादी बात पर आता हूं। ये टैक्स्टाइल मिलें पहले प्राईवेट मैनेजमेंट के अन्तर्गत थी फिर सरकार ने उन को अपने हाथ में ले लिया और अब उन का राष्ट्रीयकरण हो रहा है। उन मिलों में काम करने वाले श्रमिकों की सेवाओं को खंडित किया जा रहा था। मैं श्री बुद्धिप्रिय मौर्य का अभिनन्दन करता हूं और उन की सराहना करता हूं कि उन्होंने अपनी तरमीमों के द्वारा उन लोगों की कान्टीन्युइटी आफ़ सर्विस को बने रहने दिया है यह बहुत ही अच्छी बात है।

श्री राम सहाय पांडे (राजनंदगाव) : आप बड़ी मुश्किल से सराहना करते हैं।

श्री मधु लिमये : आप मुश्किल से अच्छे काम करते हैं।

टैक्सटाइल इंडस्ट्री की कन्डीशन्ज आफ़ वर्क कैसी होती हैं, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। आज कल बम्बई के दवाओं के कारखाने क्लिनिकली शुद्ध होते हैं। और ऐसे लगता है कि वे बागीचे हैं। ऐसी कन्डीशन्ज टैक्स्टाइल इंडस्ट्री में नहीं होती है। वहां मजदूरों ने अपना पसीना बहाया है और खून बहाया है। उन में से कई लोगों को टी० बी० हो गया है। उन लोगों ने मेहनत कर के जो ग्रैचुइटी और प्राविडेंट फण्ड कमाया है, इस विधेयक के शिड्यूल में चार्जिज की सूची में उस को कितनी लो प्रायर्टी दी गई है। इस में दल-विशेष का सवाल नहीं है। मैं केवल विरोध पक्ष के सदस्यों से ही नहीं, बल्कि उधर के सदस्यों से भी—इन्दौर के श्री रामसिंह भाई बैठे हुए हैं, जो टैक्स्टाइल मजदूरों के बड़े नेता हैं—अपील करना चाहता हूं कि वे इस बारे में हमारी मदद करें। मैं चाहता हूं कि सब से पहला चार्ज मजदूरों का प्राविडेंट फण्ड, ग्रैचुइटी और उन के दूसरे ड्यूज होने चाहिएं।

श्री राम सहाय पांडे : शुरू से ही।

श्री मधु लिमये : मैंने प्री-टेक ओवर का एमेण्डमेंट किया है। सिक्युर्ड लोन्ज वगैरह बाद में आते हैं। मजदूरों के पसीने से पैदावार और सम्पत्ति उत्पन्न होती है। इस के लिए कार्ल मार्क्स की किताब पढ़ने की जरूरत नहीं है। मैं प्राथमिक सत्य आपके सामने रख रहा हूं। मैं चाहता हूं कि सरकार इस को प्राथमिकता दे।

[श्री मधुलिमये]

मैंने जिसे टैक्सटाइल नीति की ओर इशारा किया है, मैं चाहूंगा कि उसको कार्यान्वित करने के लिये नैशनल टैक्सटाइल कोरपोरेशन और राष्ट्रीयकृत मिलें एक नजीर पेश करें। कैसे कन्ट्रोल्ड क्लाथ के उत्पादन के बारे में अगर दूसरे लोग चोरी करते हैं, बदमाशी करते हैं, डिफाल्ट करते हैं, तो नैशनल टैक्सटाइल कोरपोरेशन को ऐसा नहीं करना चाहिए। लेकिन साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर सारा घाटे का ही सौदा होगा, तो राष्ट्रीकृत मिलें हमेशा घाटे में रहेंगी, और बदनाम भी हो जायेंगी कि उनमें हमेशा घाटा होता है। इसलिये जहां कंट्रोल कपड़े के उत्पादन को 30 प्रतिशत बढ़ाने की बात मैं कर रहा हूं, मैं इसकी भी मांग करूंगा मैं समर्थन करूंगा कि रीजनेबल प्राइस कंट्रोल क्लाथ का होना चाहिये वरना आप का नैशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन चल नहीं पायेगा। यह मैं मानता हूं।

और मैं एक बात यह कहूंगा कि आप की जो स्पिनिंग मिल्स हैं, कम्पोजिट मिल्स की बात मैं नहीं कह रहा हूं, इनका एक विशेष दायित्व होगा कि हैंडलूम और पावर लूम के लिये जिस काउन्ट का सूत चाहिए वह उन को दें। ये प्राइवेट सैक्टर की मिलें बड़ी बदमाशी करती हैं, दो तीन साल पहले इतना कम हैंडलूम और पावर लूम वालों को इन्होंने दिया, मेरे क्षेत्र में हैंडलूम और पावर लूम वाले लोग हैं, लोग तंग आ गये, सूत का दाम बढ़ाया गया, आनमनी लिया गया, इसलिये मेरा सुझाव है कि नैशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन की स्पिनिंग मिल्स को हैंडलूम और पावर लूम वालों को उचित काउन्ट के सूत की स्टेडी सप्लाई करने का जो बड़ा काम, बड़ा दायित्व है उसको लेना चाहिए और निजी मिलों के ऊपर भी उसी तरह का एक नियंत्रण लगाना चाहिए। . . . (व्यवधान) . . . मैं वही कह रहा हूं। जब यहां नहीं करेंगे तो प्राइवेट सैक्टर को मौका मिल जायेगा कि बुद्धिप्रिय मौर्य का कोरपोरेशन ही नहीं कर रहा है तो हम क्या करें? तो आप करिये और प्राइवेट सैक्टर से भी करवाइये।

श्री राम सहाय पांडे : नवीकरण भी करिये।

श्री मधु लिमये : मैं उस पर भी आ रहा हूं। मेरा दूसरा मद्दा तो यही था—आधुनिकीकरण और नवीकरण के बारे में और उसके बारे में मैं बहुत चिन्तित हूं क्योंकि एक विशेषज्ञों की कमेटी ने कहा था कि टैक्सटाइल इंडस्ट्री के आधुनिकीकरण और नवीकरण के लिये 1250 करोड़ की आवश्यकता है। उसमें नैशनलाइज्ड मिलों का जो प्रोपोर्शनेट शेयर है वह कम से कम 250 करोड़ आता है, 250 करोड़ आप को खर्च करना पड़ेगा। तो जो मिलें अच्छा निर्यात का काम कर रही हैं प्राइवेट सैक्टर में उनको आप वरीयता देंगे तो बात समझ में आयगी लेकिन सबसे पहले नवीकरण और आधुनिकीकरण की प्रायोरिटी आप को नैशनलाइज्ड मिलों को देनी चाहिए। उसके लिये आपने कुल कितना प्रोवाइड किया है? आप ने 108 करोड़ की व्यवस्था की है। वह भी होगा या नहीं, मुझे मालूम नहीं। आवश्यकता है 250 करोड़

की और 108 करोड़ भी नहीं होने वाला है। तो फिर क्या होगा उसके बारे में अभी से आप लोग सोचें। पचास प्रतिशत सिर्फ जो आपने किया वह उचित नहीं है।

टैक्सटाइल इंडस्ट्री में आज की राष्ट्रीयकृत मिलों को आधुनिकीकरण, कपड़े की पैदावार बढ़ाना, उत्पादन का खर्चा घटाना, बिक्री के दामों को गिराना, इन सब के बारे में पेसमेटर का काम करना चाहिए और फिर नीजी क्षेत्र में भी इसी तरह का दबाव डाल कर उनसे भी इसी तरह का काम आप को कराना चाहिए। अभी-अभी इंडस्ट्रियल रिसेशन की बात जो थी क्या सरकार इस बात के लिये बहुत जल्दी प्रयास करेगी कि विगत दो तीन वर्षों में बहुत ही अन-रीजनबल ढंग से कपड़े का दाम बढ़ाया गया तो मेरी राय में कम से कम 25 से 30 प्रतिशत तो सभी वैराइटीज के कपड़े का दाम आप घटाने के लिये कहिये। आज मिलों ने कई बहाने बना कर अपना उत्पादन घटाने का काम चलाया है। इसका नतीजा क्या होगा कि आज तो मांग कम हो गई। क्यों हो गई कम? एक तो बहुत सारे लोग फ्लड अफेक्टेड, फेमिन अफेक्टेड हैं, अकाल और भुखमरी आदि के चलते लोगों की क्रय शक्ति कम हो गई। इसलिये हल्ला हो रहा है। इसलिये दाम घटाना बहुत जरूरी है। . . . (व्यवधान) . . .

क्रेडिट की जहां तक बात है मैं भी मानता हूं कि क्रेडिट पालिसी सलेक्टिव होनी चाहिए, अन्धी नहीं होनी चाहिए। इनकी क्रेडिट पालिसी अन्धी पालिसी है। स्पेकुलेटर्स के लिये भी, होर्डर्स के लिये भी एक ही कानून है और जो उत्पादन के काम में लगे हुये हैं उनके लिये भी एक ही कानून है। तो यह मामला इंडस्ट्री मिनिस्टर को फाइनेंस मिनिस्टर के साथ लेना चाहिए। यह क्रेडिट पालिसी अन्धी न हो, उत्पादन उन्मुख हो। और उत्पादन भी रैफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और टेलीविजन आदि का न हो कर जो कन्ज्यूमर गुड्स है, या कैपिटल गुड्स हैं उनका हो। तो यह भी एक इसका पहलू है।

अब नैशनल काटन कारपोरेशन का जो काटन ग्रोअर्स हैं, किसान हैं जो रूई पैदा करते हैं, उनके प्रति कोई दायित्व होगा नहीं? मौर्य जी को पता होगा कि सितम्बर, 1974 से नवम्बर, 1974 तक दो तीन महीनों के अन्दर काटन कारपोरेशन की गलती और अयोग्यता के चलते, व्यापार मंत्रालय की नालायकी के चलते किसानों के साथ भयंकर अन्याय हुआ है। पंजाब, हरियाना, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश में इलाके सारे कपास के इलाके हैं। किसान मर रहा है जूट की कहानी अभी ज्योतिर्मय बसु ने बताई। लेकिन जनता से सीधा जो सम्पर्क रखता है वह तो कपड़े का सवाल है। इसलिये काटन के बारे में आप को ज्यादा सचेत रहना चाहिये। मैं केवल तीन आंकड़े दूंगा। कल्याण जाति का जो काटन है इसका दाम सितम्बर में 4200 रुपये प्रति कैंडी था और नवम्बर में 2500 रु० प्रति कैंडी हो गया। इतनी गिरावट आ गई। इसी तरह दिग्विजय रुई जो है उसका 4600 रूपये था सितम्बर में और नवम्बर में 3150 रुपये हो गया। इसी तरह शंकर 4 जो वैराइटी है उसका दाम था 5800 रुपये सितम्बर में और नवम्बर में

[श्री मधु लिमये]

करीब करीब 4200 रुपये प्रति कैंडी हो गया । इसलिये मैं यह कहूंगा कि नैशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन को भी अब मैदान में उतरना चाहिए । बैंकों को उनको क्रेडिट देनी चाहिए । काटन कारपोरेशन अगर नालायक है तो आप को भी अयोग्यता का प्रमाण नहीं देना चाहिए । कुछ किसानों के प्रति भी आप का अपना जो दायित्व है उसको आप पूरा किजिये । दूसरे मामलों में भी पूरा किजिये ।

अन्तिम बात मैं कहूंगा कि यह एक बहुत बड़ा काम आप करने जा रहे है तो इसके संचालन के जो तरीके हैं उनमें भी आप को कुछ परिवर्तन करना चाहिए । 27 साल का अनुभव है कि जो भी राष्ट्रीयकृत कारपोरेशनस होते हैं उनमें जो अधिकारी होते हैं वे सोचते हैं कि यह अपने आप की जायदाद है तो एय्याशी के ऊपर, फिजूलखर्ची के ऊपर और विलासिता के ऊपर पैसा बहुत सारा खर्च किया जाता है । मजदूरों के वेतन और बड़े लोगों के वेतन और सुविधाओं को आप मिलाइये, इतना बड़ा फर्क आप देखेंगे तो यह समाजवाद का नाम भी लेना और इतनी विषमता और गैर-बराबरी को बढ़ाते जाना, बर्बादी को बढ़ाते जाना यह एक बहुत बड़ा पाप है जो आप लोग कर रहे हैं ।

अन्त में मैं यह कहूंगा कि जो उपभोक्ता है और श्रम करने वाले जो मजदूर हैं क्या इन मिलों के संचालन में इन को भी कोई हिस्सेदारी आप देंगे ? आप के बिल में कोई चीज है इसके बारे में ? इसलिये इतना बड़ा, यानी 22 प्रतिशत टैक्सटाइल इंडस्ट्री जो है उसको आप राष्ट्रीयकरण करने जा रहे हैं, उसमें तकरीबन 22 या 20 प्रतिशत मजदूर काम करते हैं कुल टैक्सटाइल इंडस्ट्री के, फिर भी आप ने उनके लिये कोई प्रावधान नही रखा । तो आप के जो मैनेजमेंट के आज तक के तरीके रहे हैं उनमें आप कुछ बुनियादी परिवर्तन कीजिये, नये प्रयोग कीजिये । युगोस्लाविया में वर्कर्स मैनेजमेंट की बात चल रही है, दूसरे देशों में भी विभिन्न प्रयोग किये जा रहें हैं ।

श्री राम सहाय पांडे : पार्टिसिपेशन इन मैनेजमेंट ।

श्री मधु लिमये : वहीतो मैं कह रहा हूं । उसके बारे में मैं कोई डाग्मेटिक नहीं हूं कि इसी एक फार्म को ले लीजिये । लेकिन आप को यह प्रयोग करना चाहिए ।

रीजनल बोर्ड की बात मैंने इसलिये की कि थोड़ा एक कम्पीटीशन का भी एलीमेंट जरूर होना चाहिए जिससे [illegible] विभिन्न रीजनल बोर्डस में यह होड़ [illegible] कि कौन बढ़िया ढंग से काम कर रहा है ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं संकल्प को औपचारिक ढंग से पेश कर रहा हूं: "यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 21 सितम्बर, 1974 को प्रख्यापित रुग्न कपड़ा उपक्रम (राष्ट्रीयकरण) अध्यादेश, 1974 (1974 का अध्यादेश संख्या 12) का निरनुमोदन करती है ।"

MR. DEPUTY-SPEAKER : Resolution moved :

"This House disapproves of the Sick Textile undertakings (Nationalisation) Ordinance, 1974 (Ordinance

No. 12 of 1974) promulgated by the President on the 21st September, 1974."

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI B. P. MAURYA) : The Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Bill was introduced in the Lok Sabha on the 2nd September, 1974. The hon. member, Shri Limaye raised an objection that in principle he is against the Ordinance.

I would like to reply to this first and then come to other relevant points he raised.

16.30hrs. [SHRI VASANT SATHE *in the Chair*]

Before proceeding further, I would mention in the very beginning that barring the bitterness which the hon. member has got for the Nehru family and its members—I am not going to involve myself in replying that bitterness because whatever bitterness he has shown, that is his personal feeling—regarding rest of the things he has given very sound proposals which will help not only the workers and the industry but also the entire nation. Some of the points he made are already being agreed upon and I would like to mention them during the course of my observations.

Regarding the Ordinance, hon. members are aware that the load of government business awaiting disposal was heavy. The House was considering the Finance Bill introduced in connection with the supplementary budget. The Bill had to be passed so that the relevant provisions could be brought into effect. The import licence case which was not earlier on the agenda became an explosive issue and took up a good deal of time. The Constitution (Thirty Sixth Amendment) Bill relating to Sikkim was also brought up for consideration. Under these circumstances, the Business Advisory Committee of the House could not allot any time for discussion of the Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Bill before the House was prorogued on 9 September, 1974.

As inevitably there was to be a gap of about three moths between the introduction of the Bill in the last session and its consideration in the present one for reasons discussed below, it was considered necessary to promulgate the Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Ordinance on 21 Sept. 1974 Firstly, there were 6 textile undertakings the management of which could not be taken over by Government on account of stay orders passed by courts. The possibility of transfer of assets by the owners of these undertakings could not be ruled out. It was necessary to take over the possession of these mills to obviate such a possibility. Secondly, the owners of these sick undertakings knowing the provisions of the Bill could enter into contracts which would be detrimental to the interest of the undertakings. Thirdly, since the liabilities pertaining to the takeover of the management were not being assumed by the Central Government but were to be paid out of the amounts provided under the First Schedule on the basis of claims to be filed before the Commissioner of Payments, certain creditors had begun to pressuries the managements to discharge these liabilities before the actual nationalisation of the undertakings. In these circumstances, in case the managements succumbed to such pressures, considerable losses could have been caused to the undertakings and the intention of laying down the order of priorities under the Second Schedule for discharge of claims would have been defeated.

At this stage, I may also be permitted to mention that in similar circumstances in the past also it had become necessary for Government to issue Ordinances after introduction of the relevant Bills which could not be enacted into law in time.

I am sure hon. members would appreciate the weighty considerations which impelled Government to promulgate the Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Ordinance, 1974 on 21 September, 1974 when the relevant Bill could not be taken up for consideration in the last session of Parliament. The Sick Textile Undertaking

[Shri B. P. Maurya]

(Nationalisation) Bill 1974 now seeks to replace the Ordinance which has been promulgated.

I would appreciate the feeling of Shri Madhu Limaye who had high appreciation for the step, the Government took of nationalisation. He has said somethings which are already being followed by Government. He said during his speech that 25-30 per cent of the prices should be pulled down. This is already the policy of the National Textile Corporation and it will be implemented in due course.

He has also given valuable suggestions about other things, but he himself has suggested in his speech that the textile industry is controlled by two Ministeries, and the hon. Member took objection to it. One part of it is controlled by the Ministry of Commerce and Foreign Trade and the other part is managed by the Minisrty of Industry. I would like to mention that most of the portion contained in his speech are concerned with the Commerce Ministry. So, I would not like to take the time of the hon. House in replying to those questions because they are mainly concerned with the Commerce Ministry.

Before I move for consideration, I would like to draw the attention of the hon. Members to certain salient features of this Bill. Under clauses 3, 4 and 5, the right, title and interest of the owners stand transferred to and vest in the Central Government free of all encumbrances. We are moving amendments to sub-clause (1) of clause 4 and clause 5 of the Bill to make it clear that besides the assets acquired, certain liabilities, viz.. loans advanced by the Central Government or State Governments or by the National Textile Corporation/State Taxtile Corporations, and wages, salaries and other dues of employees relating to the post-take over of management period shall be the liabilities of the Central Government and the said liabilities will be discharged for and on behalf of the Central Government by the National Textile Corporation. The provisions in Chapter III refer to payment of amount to the owners of the sick textile undertakings for the transfer to and vesting in the Central Government of the right, title and interest of the owner in relation to the sick textile undertaking.

Chapter IV refers to the management of the sick textile undertakings through the National Textile Corporation which is empowered to exercise powers in this behalf. It may be stated that clause 6 empowers the National Textile Corporation to set up subsidiary corporations. Chapter V contains provisions relating to employees of the undertakings. Clause 14 clarifies that all employees of the undertakings shall become employees of the National Textile Corporation on and from the appointed day and continue to draw the same emoluments and have similar rights as they were enjoying previously. Chapter VI deals with the appointent of Commissioners of Payment and the procedure for making payments. Under clause 18, the Central Government has to pay to the Commissioners within 30 days from the specified date the amount indicated in the First Schedule. Under clause 20, every person having a claim against the owner of a sick textile undertaking has to prefer the claim before the Commissioner. The priorities of the claim have been indicated in clause 21, which is to be read with the Second Schedule.

In this Bill, a clear distiction has been made between liabilities of the undertakings for the post-take over if management period and those pertaining to the pre-take over of management period. It was considered necessary has priority should be accorded to liabilities incurred during the period. The management of the undertakings remained with the Central Government since the Government had with the loans and other credits obtained, made investments or modernisation and

rehabilitation of the mills. It was necessary to ensure that the creditors placed in Category I of the Second Shedule who had helped the Government during this period to undertake such rehabilitation and modernisation of mills should have their liabilities fully protected. Therefore, it has been provided under clause 27 that where any liability arising out of any item specified in Category I of the Second Schedule is not discharged fully by the Commissioner out of the amount, the Central Government shall assume the liability to the extent it remains undischarged.

In the case of liabilities pertaining to the pre-take over of management period, these have been placed under Categories III, IV and V of the Second Schedule. The creditors concerned will have to file claims before the Commissioners of Payment for settlement of these liabilities out of the amount paid to the owners under the First Schedule. Under Clause 24, the procedure for payments to claimants and under Clause 25 to the owners of the balance left over after meeting the liabilities as specified in the Second Schedule has been laid down.

Chapter VII deals with miscellaneous provisions. It is pertinent to state that the interest of employees of the mills have always been kept in view by the Government. For the post take over of management period, all employees' dues are being fully protected and they are not required to file any claims for satisfaction of these dues before the Commissioners of Payment.

In regard to the pre-take over of management period also, the employees' dues have been given a priority only next to the secured creditors. It may also be clarified that in respect of employees whose services are transferred to the NTC or its subsidiaries after nationalisation, the entire period of their service will be taken into account for determination of amount of gratuity and pension payable to them.

The future management pattern of these textile undertakings has been worked out keeping in view the requirement of efficient and co-ordinated management on a uniform pattern throughout the country.

One point was raised by an hon. Member. The State Governments have been given the option to participate in the equity to the extent of 49%. The management will be looked after by the National Textile Corporation. Under the National Textile Corporation there will be 9 subsidiary corporations. In these subsidiary corporations the States will have the right to purchase shares up to 49%. 51% will be the share of the Centre.

SHRI RAJA KULKARNI (Bombay-North East) : What will be the right of State in the management.

SHRI B. P. MAURYA : I should like to go into details when we take up clause by clause consideration. This has been done in order to avoid heterogenous organisations and to have one uniform pattern so that the workers could get their dues and the consumers also could get cloth at a fair price. Keeping these factors in mind this decision has been taken so that there can be one uniform pattern of management. No doubt that will be helped by the 9 subsidiary corporations. The States will be given their shares so that the will not lose interest. When the Chairman-cum-Managing Directors are appointed they will definitely be appointed in consultation with the States Governments. When we come to clause by clause discussion we can discuss the detail. At this stage my submission to the hon. Member is that the idea is to organise this industry in such a way that we produce the maximum and we produce such articles which are used for domestic consumption. When we produce articles which are to be used for foreign market, in that case also a uniform system will definitely help.

It is worth mentioning that during the period the sick textile mills have been managed by the Government, they have shown good working results in terms of

[Shri B. P. Maurya]

wiping out past accumulated losses. As per provisional figures available the 96 mills under the management of the Government have generated a net profit of Rs. 9 crores during April-August, 1974. National Textile Corporation has also undertaken a comprehensive programme of modernisation and rehabilitation of these sick textile mills.

Before I conclude I want to refer to the point raised by Shri Madhu Limaye, the price policy has been their main slogan in their political working. We agree that there should be a price policy whereby the NTC could provide good quality cloth to the consumer at the lowest possible price, and it will be the endeavour of the NTC to lower down the prices by 25 to 30%. He referred to priority being given to the wages of the workers and we shall discuss that in details when we come to the clauses.

With these words I beg to move :

"Tnat the Bill to provide for the acquisition and transfer of the right, title and interest of the owners in respect of the sick textile undertakings specified in the First Schedule with a view to re-organising and rehabilitating such sick textile underakings so as to subserve the interests of the general public by the augmentation of the production and distribution, at fair prices, of different varieties of cloth and yarn, and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That the Bill to provide for the acquisition and transfer of the right, title and interest of the owners in respect of the sick textile undertakings specified in the First Schedule with a view to re-organising and rehabilitating such sick textile undertakings so as to subserve the interests of the general public by the augmentation of the production and distribution, at fair prices, of different varities of cloth and yarn, and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): Mr. Chairman, this Bill has been brought forward to nationalise the sick textile mills. I want to point out that merely by taking over or nationalising the sick textile mills, the problem of the textile industry or the problem of supply of cloth in adequate quantities to the people at reasonable prices will not be solved.

The textile industry, as we all know, is one of the largest industries in our country. How is it that 103 mills, which account for 20 to 25 per cent of the total mills, have become sick so that they have to be taken over by the National Textile Corporation ? When the enquiry was conducted by the Government under the Industries (Development and Regulation) Act, how many of these mills were found to be sick because of corruption and mismanagement by the owners and in how many cases action was taken against the management for corruption and mishandling of the money of the shareholders or depriving the workers and employees of their dues by way of wages, provident fund contribution etc. As far as my knowledge goes, not even in one case has any action been taken against any single mill-owner of these sick mills. This Nationalisation Bill is nothing but a rescue operation of the owners for their nefarious activities of defalcating funds. They will be resurrected by the Government, by first taking over and then by nationalisation. They are going to get about Rs. 40 crores as compensation as per the Bill. Even after take-over more than Rs. 67 crores were given as loans by the Government and other financial institutions.

How are they going to take back those amounts ? I do not find anything in the Bill that any such measure is going to be taken

As regards the basis of compensation, I have seen how it is amusing to note that even Rs. 1000 will be given as a token compensation but, just now, the hon. Minister, while replying to Shri Madhu Limaye, said that post-take-over dues will be paid to the workers, if there are any. My question is : What will you do about pre-take-over dues ? You have said that you will pay gratuity to workers in full. What about the provident fund money ? What about their earned wages ? What about their leave wages ? Have you ever taken care to go through the matter as to what are the dues of the workers for the pre-take-over period ? I know, in many cases, the workers who worked, who spent their whole life there, are not getting their provident fund money even after two or three years of the taking over of the mill by the Government.

What is the provision here ? You have given priority to the secured loans which means bank loans. You have given no priority to the dues of the workers. That should be the first charge. Whatever amount may be available, the dues of the workers should be the first charge. You have not said in part B of the Second Schedule that the dues of the workers will be the first charge. You have put it in the fourth category, wages, salaries and other dues to an employee, then, revenue taxes, etc. etc. In the third category, you have put "secured loans" which means liquid money that was taken from some financial institutions by the management.

Why not you put the dues of the workers in the first category ? That should be the first charge.

There are so many cases, hundreds of workers, where the workers did not get their earned wages; they did not get their leave wages and other dues. You say that you have taken care of the cause of workers. I say, you are giving hoax and bluff.

Then, you have mentioned about modernisation and rationalisation. What does modernisation and rationalisation mean You will spend lakhs of rupees on importing machinery from outside. What for I know, in many cases, ordinarily 3 or 4 looms are run by one worker. In the name of modernisation, the machines would be imported so that even to the extent of 25 to 27 looms would be run by one single worker. So, by modernisation and rationalisation, you would reduce the complement of workers in a particular factory or mill. I have given an amendment that in no case, in the name of modernisation, in the name of rationalisation, in the name of making improvement in the factory, you will take any step so that any worker may lose his job. Some years back when this question of rationalisation came in Bombay, the textile workers fought against it. You can see what was the number of workers 15 years back. You go through the statistics and you will find that it has come to half. So, in the name of modernisation and rationalisation, if you dispense with the service of a large number of workers, what is the good of it ?

Then, you say that you are takingit over to supply to the consumers, cloth at a fair price. What is the fair price, I do no know. Mr. Madhu Limaye has spoken enough and given certain figures. I do not want to go into the details. It is also a hollow slogan like "Garibi Hatao."

So far as the functioning of the National Textile Corporation is concerned, we know how much corruption is prevalent ther Two years back one Mr. Tripathi who was the Chairman had to resign because of nepotism and corruption. What is the guarantee that the National Textile Corporation will function properly and there will be no corruption and that the money that will be spent for these mills will be properly utilised for maintenance, etc. ?

Coming to the cost, I may say that no provision has been made here to see that a certain percentage of production is done or allocated only for production of standard cloth which can be sold at fair price to

[Shri Dinen Bhattacharya]

the poor consumers. Uptill now in these mills that have been taken over by the Government—in some cases by the State Governments and in many cases by the Central Government—in how many cases did you produce the cloth which you sold at fair price ? I know. I have personal experience. I have gone to some mills and seen it. Only in a very few cases, just for a show to the public, they open retail shops wherefrom people are supposed to get the cloth at fair price. But how man persons get it ? It is only a show. So my point is that the production should be regulated in such a way that the maximum is produced for the ordinary consumers at fair price. The rich people can manage themselves from the smugglers and other sources. But the ordinary people, the poor people the poor peasants, cannot get it. So, a guarantteed production of standard cloth, to be sold at a fair price, must be made by the Government.....

SHRI S. R. DAMANI (Sholapur) : Do you want smuggling to be allowed ? you say that the rich people may get from the smugglers.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA : Smuggling will continue and you will get your fine cloth from them. Only you have to take the trouble of going to Bombay or Gujarat—the sea-coast-and you will get it.

Enough has been said how the consumption figure has come down from 15 to 16 metres three or four years back to 11 to 12 metres per head now at the present moment. There has been abnormal increase in the cost of the cloth. The idea which you have given is very good—to arrange for the production in such a way that you may sell the clothes at fair prices and so on. But what is required is, you have got to implement it. That is the main thing. A guarantee has to be made here in this regard that a certain percentage of clothes should be given to the ordinary people, to the poor people, to the common people at a reasonably low price. That is our demand, Sir.

17 hrs.

Then I would respectfully submit this: Do not allow the big sharks, the big industrialists and the big monopolists to exploit our scarce foreign exchange resources. That is my main point. They do all these things for importing machiney and chemicals and other things. They use these scarce foreign exchange for the purpose of getting machinery from abroad, getting chemicals from abroad and not even 50 per cent of the foreign exchange spent are being earned. That is to say, we are losing this foreign exchange which is very scarce. We have got to stop all these things. This is my submission.

You have taken over certain spinning mills. They should produce yarn for the handloom sector, for the handloom weavers. Another point I want to mention is that the textile owners are now saying that they will bring down the prices and so on. But is also worth noting that the Government self increased the prices to 30 or 35 per cent, but now the mill owners are announcing to reduce the price of cloth from 10% to 40%. This is a joke, or anything else. Nobody has any reliance on your big promise that you will arrange distribution of the cloth at fair price and so on. So my point is this. You have to bring a check on these exorbitant profits that these textile magnates are reaping. You have to see that the textile industry as a whole is taken over and nationalised. Otherwise this problem will not be solved. The problem will be there and will be accentuated. At their very sweet will they will bring cloth to the market and prices will be controlled by them and as Mr. Madhu Limaye has said, they will dictate the terms for the price of cotton and they will dictate the terms what will be the price of finished goods in the textile mills.

So, you have to take such steps and such measures as are very necessary to see that these textile monopolists do not get further chance to exploit our people.

Before concluding I again want to repeat about corruption in the National Textile Corporation. There was corruption in these mills and these mills were sick. Now, you are handing over or giving the charge of these mills to the National Textile Corporation which is full of corruption. No report has yet been placed as to the functioning of this Corporation. Only from some sources we have learnt there is a serious type of corruption and the Government must try to put an end to this corruption.

श्री राम सिंह भाई (इंदौर) : सभापति महोदय, मैं इस बिल की धारा 5 का सख्त विरोध करते हुए इस बिल का हृदय से समर्थन करता हूं।

प्रमुख बात तो यह है कि जब शासन किसी उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने जाता है, तो उस में श्रमिकों के अधिक से अधिक सहयोग की आवश्यकता होती है। बिना श्रमिकों के सहयोग के राष्ट्रीयकरण सफल नहीं हो सकता क्योंकि श्रमिक ही ऐसी शोषित जमात है, जो राष्ट्रीयकरण के पक्ष में है, बाकी लोग नहीं है। इस बिल से पहले मैंने मंत्री महोदय से श्रमिकों की ग्रेचुइटी, प्राविडेंट फंड और उन की जो दूसरी रकम निकलती है, उस के बारे में चर्चा की थी और उन्होंने सहमति प्रकट की थी। वह भी एक श्रमिक खानदान में से है और श्रमिक के प्रति उन की सहानुभूति है। लेकिन मंत्री महोदय की स्पीच में वह बात नहीं आई, जिस की बात हुई थी और हम आशा रखते थे।

मंत्री महोदय को शायद पता नहीं होगा कि इस सदन में मजदूरों के हित के इतने सुन्दर कानून बने हैं, जो दुनिया के अन्य देशों में देखने को नहीं मिलते हैं। इस सदन और इस सरकार ने हर बात में श्रमिकों की बड़ी सहायता की है और उन को आगे बढ़ाने में भी बड़ी पहल की है। मैं सोलह बरस की उम्र से एक कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा हूं। मैं अपने अनुभव के आधार पर कहता हूं कि इस गवर्नमेंट से अधिक श्रमिक हितैषी गवर्नमेंट मैं ने कोई नहीं देखी। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि इस विधेयक की धारा 5 जैसी श्रमिक विरोधी धारा भी मैं ने अपने जीवन में नहीं देखी है। श्रमिकों के हितों के ऊपर यह एक जबर्दस्त कुठाराघात है।

अभी थोड़े दिन पहले कोलमाइन्ज का राष्ट्रीयकरण किया गया। उन कोलमाइन्ज के श्रमिकों के लगभग 11 करोड़ रुपये प्राविडेंट फंड के बकाया में, जो कोलमाइन्ज के मालिकों ने नहीं भरे थे। लेकिन सरकार जब राष्ट्रीयकरण का बिल लाई, उस में उस ने पिछली ग्रैचुइटी, पिछले प्राविडेंट फंड, लीव विद वेज, पेन्शन और बोनस आदि के सम्बन्ध में जो भी बकाया रकम उन मालिकों के द्वारा जमा नहीं कराई गई, वह सब मन्जूर की और सब दे रही है।

इसी प्रकार सरकार ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और उस के बाद बैंक कर्मचारियों को एक पिछले ड्यूज बराबर मिल रहे हैं। मैं नम्रता के साथ यह पूछना चाहता हूं कि इन टैक्स्टाइल वर्कर्ज ने जो कुल वर्कर्ज का एक चौथाई भाग है, इन 1 लाख 65 हजार परिवारों ने क्या पाप किया है और सरकार से क्या दुश्मनी की है, जो वह 1 अप्रैल, 1974 से पहले के सब ड्यूज उन से छीन रही है। मैं समझता हूं कि कोई भी ईमानदार मजदूर कार्यकर्ता इस धारा का समर्थन नहीं करेगा। हम ने मजदूर आन्दोलन एक धर्म के तौर पर स्वीकार किया है एक

[श्री राम सिंह भाई]

पेशे या एक लीडरी के तौर पर नहीं। हम ने गांधीजी के सामने यह प्रतिज्ञा की है कि सब से पहले हमारा राष्ट्र है और हिन्दू धर्म में जो गौ का दर्जा है, उस के समान हम उद्योग और मजदूरों की रक्षा करेंगे ?

राष्ट्र हित के लिए हम सब कुछ करने को तैयार हैं। हम मजदूरों को यह कहने के लिए भी तैयार हैं कि ये राष्ट्रीयकृत मिलें है, इन में आप ईमानदारी और मेहनत से काम करिए और ऐसा वे कर रहे हैं। मेरे यहां के कन्ट्रोलर यह नहीं कह सकते कि मजदूर ऐसा नहीं कर रहे हैं। 7 मिलें हमारे प्रदेश में है। अच्छे से अच्छा प्रोडेक्शन बढ़ा है। अच्छी एफिशियेन्सी और डिसिप्लिन वगैरह है। लेकिन मुझे दुख यह है कि मजदूरों की पीछे की कमाई क्यों छीनी जा रही है ? एक मजदूर बुड्ढा हो गया है। आप ने स्टेंडिंग आर्डर में यह भी डाल दिया है कि 58 वर्ष की उम्र होने पर श्रमिक को रिटायर कर दिया जाएगा। उस के रिटायरमेंट की उम्र हो गई है। वह जाता है। लेकिन उस का 20 वर्ष का प्राविडेंट फंड जो जमा है उस में से एक पाई उस को नहीं दी गई है और उस से कहते हैं कि वह तुम्हें नहीं मिलेगा। ग्रेच्युटी का जो कानून बनाया है इस सदन ने उन कानून के अन्दर यह कहा गया है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा स्टेट सरकार द्वारा जो भी कारखाने चलाए जाते होंगे, जहां भी कंट्रोलर के द्वारा कारखाने चलते होंगे, उन सब में श्रमिकों को ग्रेच्युटी मिलेगी। यहां यह सब क्या है ? बहुत नाजुक स्थिति है और अगर इसी तरह इस धारा को आप पास कर रहे हैं तो मजदूरों का सहयोग आपने नहीं मिलने वाला है।

मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि जिस दिन यह राष्ट्रीयकरण अध्यादेश निकाला हिन्दुस्तान में मिलों के अन्दर हड़तालें हुई और हड़ताल होने के बाद नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन की तरफ से एक सर्कुलर निकाला गया। वह सर्कुलर 8 तारीख को मिलों के बोर्ड पर लगाया गया और उस में यह कहा गया कि भारत सरकार के एटार्नी जनरल ने अपनी राय दी है कि मजदूरों की ग्रेच्युटी और प्राविडेंट फंड की रकम मिलेगी और हम आप को देंगे. नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन देगा, अध्यादेश लागू हो जाने के बाद नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन की तरफ से उन मिलों के ऊपर यह नोटिस लगाए गए। मजदूर काम पर गए मेरे पास एटार्नी जनरल महोदय की सिफारिश है। उस में उन्होंने कहा है कि आप राष्ट्रीयकरण कर रहे हैं और यह उस के लिए अध्यादेश है, लेकिन ग्रेच्युटी कानून के अनुसार तो [illegible] को ग्रेच्युटी देनी पड़ेगी। ग्रेच्युटी देने का सवाल आज पैदा नहीं होता है। ग्रेच्युटी हर महीने नहीं दी जाती है, हर साल नहीं दी जाती है। ग्रेच्युटी तो तब दी जाती जब मजदूर रिटायर होगा। वह उस वक्त किस मालिक को बदलता फिरेगा। उस मिल के सारे एसेट्स तो आप ले रहे हैं तो एसेट्स के साथ लायबिलिटी की भी आप की जवाबदारी है। दूसरी बात यह है कि आप ने जो भी कानून बना रखे है उन कानूनों के अनुसार कोई मजदूर ग्रेच्युटी के लिए बीच में कोर्ट में नहीं जा सकता। कोई मालिक अगर प्राविडेंट फंड की रकम जमा नहीं करा रहा है तो मजदूर कोर्ट में जा कर दावा नहीं कर सकता, कि आप हमें प्राविडेंट फंड की रकम दिलवाइए। यह सारी जिम्मेदारी

और अधिकार केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों की है कि जो मालिक समय पर जमा नहीं कर रहे हैं उन की वसूली लैंड रेवेन्यू की तरह करें। सारी जिम्मेदारी तो कानून का पालन कराने की आप की है, राज्य सरकार की है।

इस सदन के अंदर हम ने बार बार कहा कि अमुक मिलें है जिन्होंने आप की 20 करोड़ से ज्यादा जो प्राविडेंट फंड की रकम है वह इन मिल मालिकों ने जमा नहीं कराई है और जब यह टेक ओवर का बिल आया तब भी मैंने कहा। मंत्री महोदय ने यह कहा था कि हम इन्हें मुआवजा देंगे। उन में से सारा वसूल कर लेंगे। लेकिन यह जो मुआवजा दिया जा रहा है उस में से तो वह पूरा नहीं होता है? अगर आप प्रथम प्रायरिटी में भी मजदूरों की रकम रखें तो भी नहीं होता है जो रखी भी नहीं गई है इस में हमारा कसूर क्या है? मैं आप को जानकारी देना चाहता हूं कि प्राविडेंट फंड की जो रकम है कानून के अनुसार पांच वर्ष से कम की नौकरी हो या पांच वर्ष से कम का प्राविडेंट फंड जमा हो तो उस के उपर मिल मालिक का हिस्सा नहीं मिलेगा। पांच और दस के बीच हो तो 50 प्रतिशत मिलेगा? 15 साल तक 80 प्रतिशत मिलेगा और 20 से कम पर 75 प्रतिशत 20 वर्ष की पूरी नौकरी हो जाए तो हीमेंट परसेंट उसे मिलेगा। 1952में प्राविडेंट फंड ऐक्ट लागू किया और 1971 में 20 वर्ष हो गए सारी रकम प्राविडेंट फंड की मिलों के हिस्से के साथ मजदूरों को लौटा दी जानी चाहिए थी। यह मांग हमने की भी। लेकिन वह लौटाई नहीं गई। आप ने उसे रखा तो वह जिम्मेदारी देने को आप की है।

इस के बाद मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं, बड़े मजे की बात है, एक मिल है, उस मिल का मालिक उस मिल को बद-इन्जामी से तबाह कर रहा है, बरबाद कर रहा है और वह 1949 में नोटिस लगाता है कि यह मिल मैं बन्द कर रहा हूं। मैं केन्द्रीय सरकार के पास आता हूं, श्रम मंत्री से मिलता हूं, वित्त मंत्री से मिलता हूं, उद्योग मंत्री से मिलता हूं, कोई मदद करने के लिए तैयार नहीं है। आखीर में केन्द्रीय सरकार के आदेश से एक त्रिदलीय समिति बनाई। उस की सिफारिश के अनुसार 1950 में इस मिल के 1200 मजदूरों की छंटनी एक साथ की गई बिना ग्रेच्युइटी के। उस हिसाब से प्रतिमास 1 लाख 8 हजार रूपए की वेतन बचत की जो प्रति साल 12 लाख 96 हजार रूपए हुई। उस के बाद भी इसका इतना बुरा हाल हुआ कि वह मिल ठिकाने नहीं पड़ी। 1957 में जब मैं यहां हाउस में आया उस वक्त 5 लाख 78 हजार रुपए प्राविडेंट फंड के उस में बाकी थे और लगभग 1 लाख रुपए ई एस आई की रकम बाकी है? मैंने इस हाउस में निवेदन किया कि इस के लिए कुछ करना चाहिए। मिल चली जाएगी बन्द हो जाएगी। सरकार ने 1958 में एक कमेटी बनाई अरविंद नरोत्तम लाल भाई की। उन्होंने जांच की। वह जांच रिपोर्ट मेरे पास है उस के बाद भी सरकार ने कुछ नहीं किया? फिर 1959 में एक और कमेटी बनाई जिस के सदस्य पार्लियामेंट के मेम्बर सोमानी साहब थे। उस में भी कुछ नहीं हुआ। फिर 1960 में एक भरकतिया कमेटी बनाई उसी मिल के लिए, फिर भी कुछ नहीं हुआ। 1970 में मोदी कमेटी बनाई जब तक 16 लाख 55 हजार 992 रु० केवल प्राविडेंट फंड के उस बिल पर हो गए। 1971 के बाद 1972 में टेक ओवर करते हैं, उस समय 53 लाख से अधिक बकाया थे? यह मामला 1950 से चल रहा है लेकिन टेक ओवर किया 1972 में। तो इस में मजदूरों का क्या दोष है? अगर आप वसूली के मजदूरों को अधिकार दे दीजिए तो वे उस मिल मालिक को एक दिन में निकाल कर बाहर करेंगे। हम ने तो यह भी कहा कि आप हमें मिल दीजिए, मजदूर चलाने के लिए तैयार है। लेकिन गवर्नमेंट चलाने देने के लिए तैयार नहीं थी? किन्तु 1972 में जब इस का टेक ओवर किया उस समय 33 लाख 42 हजार 296 रुपए मजदूरों के प्राइडेंट फंड के बकाया थे। जब केन्द्रीय या

[श्री राम सिंह भाई]

राज्य लेवर मिनिस्टर जाते हैं मजदूर वसूली के लिए हड़ताल करते हैं, प्रोसेशन निकाल कर उन के पास ले जाते हैं और यह कहते हैं कि यह मिल मालिक प्राविडेंट फंड जमा नहीं करा रहा है, वह इस से वसूल किया जाए। यही नहीं, आप ने टेक ओवर किया। उस के बाद भी क्या हालत है? एक स्वेदेशी मिल है। जिस रोज 1966 में उस मिल को टेक ओवर किया उस रोज 8 लाख 16 हजार 910 रूपए उस पर बकाया थे।... (व्यवधान).... मुझे थोडा ज्यादा टाइम दीजिए। अपनी पार्टी की तरफ से मैं खास वक्ता हूं। कोई ऐसी बात जो माननीय सदस्यों ने कहीं हो वह मैं नहीं कह रहा हूं। और मैं यह मानता हूं कि जो मैं कह रहा हू वह कोई और माननीय सदस्य कहने वाले भी नही हैं।

जब टेक ओवर किया तो 8 लाख 16 हजार तो प्रोविडेंट फंड की रकम बकाया थी? आप 1966 से इस मिल को चला रहे हैं लेकिन 1973 का हिसाब मैं बताता हूं 37 लाख 39 हजार 912 रुपए प्राविडेंट फंड के उस पर हैं और 15 जाख 36 हजार 400 रूपए ई एस आई के है। ये 53 लाख हो गए। जब टेक ओवर किया तब तो कुल 11 लाख थे और अब है 53 लाख तो प्राविडेंट फंड और इ० एम० आई० के और पांच वर्ष के बकाया बोनस के मिला कर हो गए 83 लाख। इस की जवाब दारी किसकी है? अगर उस के मालिक के समय के 8 लाख रुपया निकाल भी दिया जाए तो बाकी रुपया तो आप दीजिये आप उसका मुआवजा क्या देंगे एक हजार रुपया कुछ सदस्य कहते हैं कि उस को प्रथम प्रायेरिटी दी जाये, आप ने उस को एक हजार रूपया दे भी दिया तो जिस मील में 2600 मजदूर काम करते हैं, वहां एक एक रूपया भी मजदूर के हिस्से में नहीं आएगा—सरकार इसे देखना चाहिए।

यहां एक मील के बारे में और बतलाना चाहता हूं —मैंने उस के बारे में इस सदन में बार बार कहा है कि और मंत्री जी को उस की बैलेंस शीट भी दी थी। माननीय श्री इन्द्रजीत गुप्त ने भी इस मामले में मेरा समर्थन किया था इस मील का नाम है—माल्वा यूनाइटेड मिल्स। 1966 में उस मील के ऊपर 8, 40,070 रु० प्राविडेन्ट फण्ड का और 5, 07, 978 रूपया ई० एस० आई० का बकाया था। नियम के अनुसार जब किसी मजदूर की लड़की की शादी होती है तो प्रविडेन्ट फण्ड की रकम में से उस को शादी के लिए रकम निकालने का अधिकार है। इस मिल के मजदूरों की लड़कियां कुंवारी बैठी रहीं। लेकिन उस मजदूर को उस की जमा रकम में से एक पैसा भी नहीं मिला, मैंने इस सदन में अनेकों बार इस सवाल को उठाया, मिल मालिक इस रकम को जमा नहीं करा रहा है और सरकार को वसूल करने की कोई शक्ति नहीं है। सरकार चाहे तो लैंड रेवेन्य की तरह उस रकम को वसूल कर सकती है लेकिन सरकार ने वर्षों तक कोई कार्यवाही नही की? नियम के अनुसार रकम काटने के 15 दिनों के अन्दर उसे सरकारी खजाने में जमा कराना चाहिए। और यदि वह ऐसा नहीं करता है तो उस मिल मालिक को 6 महीने की सजा हो सकती है आप बतलाइये आप ने कौन से मिल मालिक को कठघरे में लाकर खड़ा किया? 1966 में उस की तरफ 18 लाख रुपया बकाया था। 1967 में वह रकम 31 लाख हो गई, 1969 में 50 लाख हो गई, 1970 में 61 लाख हो गई, 1972 में 80 लाख 87 हजार 250 रुपए हो गई। यह तो सिर्फ प्राविडेन्ट फण्ड की रकम थी, ई० एस० आई० में उस की तरफ 31,55,292 रुपए बकाया थे। ई० एस० आई० का रूपया जमा न होने से मजदूर को दवाई भी नहीं मिल सकती, जब कि उस के वेतन में वह रुपया काटा जाता रहा। आज मजदूर काटी हुई रकम से कारखाना चल रहा है और जब मजदूर बुढढा होकर घर जाता है तो उस से कहा जाएगा—खीसे खाली, ऊंचे हाथ करके फाटक से बाहर निकला। इस से बड़ा अन्याय और क्या हो सकता है।

सभापति जी, मंत्री महोदय भी एक श्रमिक परिवार के हैं, और यह सरकार भी नहीं चाहती कि गरीबों के साथ अन्याय हो —तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है ? आप कारखानेदारों को मुआवजा दे रहे हैं, दूसरी तरफ मजदूर को अपने घर के बर्तन बेचने पड़ रहे हैं मजदूर की यह कीमत आज हमारे मुल्क में है। एक मिल की तरफ 83 लाख 26 हजार 312 रुपया प्रावीडेंट बकाया है, लेकिन उस को भी मुआवजे का हजार रुपया मिलेगा।

मैं आप से पूछना चाहता हूं —प्रायोरिटी का क्या मतलब है ? माल्वा मील की तरफ 1972 में मजदूरों का 1,03,20,553 रुपया बकाया था, लेकिन उस को मुआवजा मिलेगा—94 लाख रुपया, जिस में से 1, 12,52,000 रुपया तो आप का मिक्योर्ड लोन है, जो आप मजदूरों की रकम से पहले वसूल कर लेंगे—फिर मजदूर के लिए क्या बचेगा। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस पर फिर से विचार करें। जो आप का राष्ट्रीकरण है उस की सफलता मजदूरों के सहयोग पर निर्भर करती है, अगर मजदूरों को नाराज करेंगे, उन को के तन में से काटी गई रकम उन को नहीं मिलेगी और उन्हें ग्रेच्युटी भी न देंगे तो अन्त में उस को खाली हाथ फाटक से बाहर जाना पड़ेगा, तो इस से बुरी बात क्या हो सकती है ?

मैं माननीय मंत्री जी की जानकारी के लिए निवेदन करना चाहता हूं—1972—73 का वर्ष टैक्सटाइल मिलों के लिए इतने फायदे का गया है, कि शायद टैक्सटाइल मिलों के इतिहास में ऐसा वर्ष नहीं गया 1943 और 1948 के बाद 1972—73 का ही साल ऐसा साल है जिस में टैक्सटाइल मिलों ने काफी कमाया और आप के राष्ट्रीकृत मिलों के मजदूरों ने इस में बड़ा जबरदस्त सहयोग दिया है। मैं आप को यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि जिस समय इन मिलों का टेक ओवर हुआ था, उस समय कुछ जगह मजदूरों ने कहा था कि गवर्नमेंट द्वारा कारखाना चलाने में हम अपना वेतन कटाने के लिए तैयार हैं और उन्होंने अपना वेतन कट करा सहयोग दिया।

सभापति महोदय : आप कितनी देर और चाहते हैं ?

श्री रामसिंह भाई : साढ़े पांच बजे तक।

सभापति महोदय : आप की पार्टी की तरफ से 22 लोग बोलने वाले हैं—अगर सब को मौका दिया जाए तो 7 मिनट हर एक के हिस्से में आते हैं....

श्री रामसिंह भाई : एक मिनट और दे दिजिए।

सभापति महोदय : मैंने 20 मिनट आप को दिए हैं—आप स्वंय सोच सकते हैं कि आप ने कितने साथियों का समय ले लिया है।

श्री रामसिंह भाई : सिर्फ एक मिनट और लूंगा।

मैं एक बात और पूछना चाहता हूं—मिलों को आप जो मुआवजा देना चाहते हैं वह किस हिसाब से दे रहे हैं। मैंने देखा है अहमदाबाद जूपिटर मिल को जिस में केवल 1325 लूम्ज हैं, उस को 2 करोड़ 35 लाख 68 हजार मुआवजा दे रहे हैं, जब कि इण्डिया यूनाइटेड मिल को जिस में 6325 लूम्ज है, केवल 1 हजार मुआवजा दे रहे हैं। इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि मिक-टैक्सटाइल मिल्ज के मालिकों को जो मुआवजा आप देने जा रहे हैं, उस का हिसाब कैलकुलेशन क्या है, उस का तरीका क्या है ?

SHRIMATI ROZA DESHPANDE (BOMBAY CENTRAL) : In the first instance I want to welcome this bill. Goernment have taken quite sometime to arrive at this conclusion that they should nationalise these mills. They did not start with the idea of helping labour. They started with the idea of

[Smt. Roza Deshpande]

ing the mill on lease and helping mill owners who were losing. This very theory has brought about certain great failures in this Bill. For instance a mill in Bombay, Sakseria Mill, was taken on lease for one year because the mill owners w . Then the Government made profits in just one year and they returned it to the mill owners. Again he made losses and again the Government took it up on lease and later on handed over to the mill owner. Then that mill was closed for many years. The General Secretary of the A.I.T.U.C. Shri Dange had to climb the gates of that mill and told the Government that it was high time they took it over and nationalised it. That is why I say they started with the idea of helping the mill owners and not helping the workers.

MR. CHAIRMAN You can continue tomorrow.

17.30 hrs.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

C.B.I. INQUIRY INTO LAND DEAL SCANDAL OF CUTTACK STATION OF A.I.R.

MR. CHAIRMAN : We will now take up half-an-hour discussion. Before we take it up I should like to point out to the House that at least I would wish to go by the rules and I hope you would cooperate.

Rule (55) says :

"There shall be no formal motion before the House nor voting. The member who has given notice may make a short statement and the Minister concerned shall reply shortly. Any member who has previously intimated to the Speaker may be permitted to ask a question for the purpose of further elucidating any matter of fact."

Now, if we have to finish this in half an hour, I would need your cooperation; to be strictly within the rules, to make a short statement I will give you five minutes.

SHRI SURENDRA MOHANTY (KENDRAPARA) : Five minutes would not do.

MR. CHAIRMAN : I would not go beyond half-an hour.

SHRI SURENDRA MOHANTY : I am grateful to you for your guidance But I can show you umpteen instances where.....

MR. CHAIRMAN : I am not concerned with those umpteen instances. I will go by the rules.

SHRI SURENDRA MOHANTY : How much time will I get ?

MR. CHAIRMAN : You will get ten minutes.

SHRI SURENDRA MOHANTY : I would like to preface my observations by the remarks that I have no intention to politicalise the issue, or scandalise any individua , institution or government, as far as this particular matter is concerned. My only intention is to put this All-India Radio land deal in Cuttack in its legal perspective and to urge upon the hon. Minister to lay the copy of the CBI Report on the land deal on the Table of the House so that we all know the facts. What I am interested with, and I am sure what the House is interested with, is to know the facts. I have no intention, I repeat, either to scandalise anybody or to politicalise the issue.

The genesis of the matter is like this. It will be recalled that in the year 1969 the Government of India had acquired about two acres of land in Cuttack for the purpose of constructing staff quarters for the All India Radio employees at

a cost of about Rs. 4 lakhs. I know the hon. Minister can immediately retort that the land was acquired by the Government of Orissa. While conceding that fact that the land was acquired in 1969 by the Government of Orissa, I would point out that the responsibility also devolves on the Central Government in the matter of acquisition and requisitioning of property. Under entry 43 of the Concurrent List of the Seventh Schedule of the Constitution, the Government of India owes concurrent responsibility in the matter of acquisition and requisitioning property for a public purpose. So, the hon. Minister cannot get away with the argument that the land was acquired by the Government of Orissa. It is true the land was acquired by the Government of Orissa, but the Government of India had the primary responsibility, not only under the Constitution but also by the very compulsion of the fact that it was being purchase 1 for a public purpose, and the public purpose was nothing other than the purpose of the Government of India.

